शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2021-2022)

कक्षा : दसवीं

सामाजिक विज्ञान

मार्गदर्शन:

श्री एच. राजेश प्रसाद

सचिव (शिक्षा)

श्री उदित प्रकाश राय

निदेशक (शिक्षा)

डा० रीता शर्मा

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

समन्वयक:

श्री संजय सुभाष कुमार — उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा)

श्रीमती सुनीता दुआ — विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

श्री राज कुमार — विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

श्री कृष्ण कुमार — विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

उत्पादन मंडल

अनिल कुमार शर्मा

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में **प्रभजोत सिंह**, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा **मुद्रक :** सुप्रीम ऑफसेट प्रेस, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

H. RAJESH PRASAD
IAS

सत्यमेव जयते

प्रधान सचिव (शिक्षा)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

Pr Secretary (Education)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187 Telefax : 23890119
e-mail : secyedu@nic.in

MESSAGE

I would like to congratulate the members of Core Academic Unit and the subject experts of the Directorate of Education, who inspite of dire situation due to Corona Pandemic, have provided their valuable contributions and support in preparing the Support Material for classes IX to XII.

The Support Material of different subjects, like previous years, have been reviewed/ updated in accordance with the latest changes made by CBSE so that the students of classes IX to XII can update and equip themselves with these changes. I feel that the consistent use of the Support Material will definitely help the students and teachers to enrich their potential and capabilities.

Department of Education has taken initiative to impart education to all its students through online mode, despite the emergency of Corona Pandemic which has led the world to an unprecedented health crises. This initiative has not only helped the students to overcome their stress and anxiety but also assisted them to continue their education in absence of formal education. The support material will ensure an uninterrupted learning while supplementing the Online Classes.

(H. Rajesh Prasad)

UDIT PRAKASH RAI, IAS
Director, Education & Sports

सत्यमेव जयते

Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi
Room No. 12, Civil Lines
Near Vidhan Sabha,
Delhi-110054
Ph.: 011-23890172
Mob.: 8700603939
E-mail : diredu@nic.in

MESSAGE

The main objective of the Directorate of Education is to provide quality education to all its students. Focusing on this objective, the Directorate is continuously in the endeavor to make available the best education material, for enriching and elevating the educational standard of its students. The expert faculty of various subjects undertook this responsibility and after deep discussions and persistent efforts, came up with Support Material to serve the purpose.

Every year the Support Material is revised/ updated to incorporate the latest changes made by CBSE in the syllabus of classes IX to XII. The contents of each lesson/chapter are explained in such a way that the students can easily comprehend the concept and get their doubts solved.

I am sure, that the continuous and conscientious use of this Support Material will lead to enhancement in the educational standard of the students, which would definitely be reflected in their performance.

I would also like to commend the entire team members for their contributions in the preparation of this incomparable material.

I wish all the students a bright future.

(UDIT PRAKASH RAI)

Dr. RITA SHARMA
Additional Director of Education
(School/Exam)

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Ph. : 23890185

D.O. No. PA/Addl.DE/Sch/21

Dated: 29.06.2021

MESSAGE

It gives me immense pleasure to present the revised edition of the Support Material. This material is the outcome of the tireless efforts of the subject experts, who have prepared it following profound study and extensive deliberations. It has been prepared keeping in mind the diverse educational level of the students and is in accordance with the most recent changes made by the Central Board of Secondary Education.

Each lesson/chapter, in the support material, has been explained in such a manner that students will not only be able to comprehend it on their own but also be able to find solution to their problems. At the end of each lesson / chapter, ample practice exercises have been given. The proper and consistent use of the support material will enable the students to attempt these exercises effectively and confidently. I am sure that students will take full advantage of this support material.

Before concluding my words, I would like to appreciate all the team members for their valuable contributions in preparing this unmatched material and also wish all the students a bright future.

(Rita Sharma)

शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2021-2022)

सामाजिक विज्ञान

कक्षा : दसवीं

(हिन्दी माध्यम)

निःशुल्क वितरण हेतु

दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

भारत का संविधान

भाग 4क

नागरिकों के मूल कर्तव्य

अनुच्छेद 51क

मूल कर्तव्य – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –

1. संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे।
4. देश की रक्षा करे।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका निर्माण करे।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे।
11. माता–पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन)।

CONSTITUTION OF INDIA

Part IV A (Article 51 A)

Fundamental Duties

Fundamental Duties : It shall be the duty of every citizen of India —

1. to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;
2. to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;
3. to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;
4. to defend the country and render national service when called upon to do so;
5. to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;
6. to value and preserve the rich heritage of our composite culture;
7. to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life, and to have compassion for living creatures.
8. to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;
9. to safeguard public property and to adjure violence;
10. to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement.
11. who is a parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

भारत का संविधान

उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **(सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य)** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त करने के लिए,

तथा उन **सब में,**

व्यक्ति की गरिमा और **(राष्ट्र की एकता**

और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता

बढ़ाने के लिए

हम दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं।

THE CONSTITUTION OF INDIA

PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a **(SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC)** and to secure to all its citizens :

JUSTICE, social, economic and political,

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship,

EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all

FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the **(unity an integrity of the Nation)**;

WE DO HEREBY GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

डॉ. निधि शर्मा
समूह प्रमुख
उपप्रधानाचार्य
सर्वोदय कन्या विद्यालय, नूर नगर – 1925035

हेमेन्द्र मोहन खाँ
प्रवक्ता इतिहास
सदस्य (कोर अकादमिक यूनिट)
सर्वोदय बाल विद्यालय,जाफराबाद–1105008

तरूण मिश्रा
टी. जी. टी. सामाजिक विज्ञान
सदस्य (कोर अकादमिक यूनिट)
राजकीय वरिष्ठ बाल विद्यालय मुकुंदपुर –1207236

बबीता झा (प्रवक्ता इतिहास)
सर्वोदय विद्यालय एफ यू ब्लॉक पीतमपुरा

भूपेन्द्र कुमार तिवारी
टीजीटी सामाजिक विज्ञान
राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय 1412291
रोहिणी सेक्टर 21

संजय प्रकाश शर्मा
प्रवक्ता भूगोल
मेंटर अध्यापक
डा. सम्पूर्णानंद सर्वोदय कन्या विद्यालय
सी–ब्लाक यमुना विहार न.1 1104018

नूरुद्दीन
टीजीटी सामाजिक विज्ञान
एंग्लो एरेबिक उ.मा.विद्यालय, अजमेरी गेट

विषय सूची

कक्षा - दसवीं

क्रम सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
	भारत और समकालीन विश्व–2 (इतिहास)	
1.	यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय	1
2.	भारत में राष्ट्रवाद	19
3.	भूमंडलीकृत विश्व का बनना	49
	अथवा	
	केवल आंतरिक मूल्यांकन हेतु	
	औद्योगीकरण का युग	71
4.	मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया	77
	(वर्ष 2021-22 के पाठ्यक्रम में इस अध्याय का मूल्यांकन नही किया जाएगा)	
	समकालीन भारत–II (भूगोल)	
1.	संसाधन एव विकास	89
2.	वन एवं वन्यजीव संसाधन (वर्ष 2021-22 के पाठ्यक्रम में इस अध्याय का मूल्यांकन नही होगा)	110
3.	जल संसाधन (वर्ष 2021-22 के पाठ्यक्रम में इस अध्याय का मूल्यांकन नही होगा)	120
4.	कृषि	135
5.	खनिज और ऊर्जा संसाधन	151

6. विर्निमाण उद्योग 165

7. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ 185

लोकतांत्रिक राजनीति-II (राजनीति-विज्ञान)

1. सत्ता में साझेदारी 202

2. संघवाद 214

3. लोकतंत्र और विविधता (आवधिक परीक्षा हेतु) 230

4. जाति, धर्म और लैंगिक मसले 240

5. जनसंघर्ष और आंदोलन (आवधिक परीक्षा हेतु) 248

6. राजनीतिक दल 256

7. लोकतंत्र के परिणाम 275

8. लोकतंत्र की चुनौतियाँ 286
वर्ष 2021-22 के पाठ्यक्रम में इस अध्याय का मूल्यांकन नही होगा

आर्थिक विकास की समझ (अर्थशास्त्र)

1. विकास 290

2. भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक 305

3. मुद्रा और साख 317

4. वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था 327

5. अभ्यास प्रश्न पत्र-1 334

6. अंक योजना 345

7. अभ्यास प्रश्न पत्र-2 355

8. सेम्पल पेपर-3 366

पाठयक्रम संरचना कक्षा : X (2021-2022)

विषय : सामाजिक विज्ञान

(सी.बी.एस.ई विषय कोड संख्या-087)

सत्र I

क्रम संख्या	इकाई	अंक
I	भारत व समकालीन विश्व-2	10
II	समकालीन भारत-2	10
III	लोकतान्त्रिक राजनीति-2	10
IV	आर्थिक विकास की समझ	10
	कुल	**40**

सत्र II

क्रम संख्या	इकाई	अंक
I	भारत व समकालीन विश्व-2	10
II	समकालीन भारत-2	10
III	लोकतान्त्रिक राजनीति-2	10
IV	आर्थिक विकास की समझ	10
	कुल	**40**

सत्रीय पाठ्यक्रम
<u>प्रथम सत्र</u>

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
भारत एवं समकालीन विश्व - 2	**अध्याय-1** **यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय** • फाँसीसी क्रांति और राष्ट्र का विचार • यूरोप में राष्ट्रवाद का निर्माण • क्रांतियों का युग: 1830-1848 • जर्मनी और इटली का निर्माण • राष्ट्र की दृश्य-कल्पना • राष्ट्रवाद और साम्राज्यवाद	• 1830 के उपरांत यूरोप में विकसित हुई राष्ट्रवाद की अवधारणा की समझ से परिचित हो सकेंगे। उससे उत्पन्न हुए नए राष्ट्रों की पहचान कर सकेंगे। • यूरोपीय राष्ट्रवाद और गैर औपनिवेशिक राष्ट्रवाद के मध्य समानता एवं अंतरों की पहचान कर सकेंगे। • राष्ट्रवाद की अवधारणा के उदय की समझ विकसित हो सकेगी। साथ ही यह भी जान सकेंगे कि इस विचारधारा ने नए राष्ट्र- राज्यों के उदय में किस प्रकार योगदान दिया।
समकालीन भारत 2	**अध्याय-1** **संसाधन एवं विकास** • संसाधनों के प्रकार • संसाधनों का विकास • भारत में संसाधन नियोजन • भू-संसाधन • भू-उपयोग • भारत में भू-उपयोग प्रारूप • भूमि निम्नीकरण और संरक्षण उपाय • मृदा एक संसाधन के रूप में • मृदाओं का वर्गीकरण • मृदा अपरदन और संरक्षण	• संसाधनों के महत्व से परिचित हो सकेंगे। साथ ही संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रयोग और उनके संरक्षण की आवश्यकता को समझ सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
समकालीन भारत 2	**अध्याय-3** **जल संसाधन** • जल दुर्लभता और जल संरक्षण एवं प्रबंधन की आवश्यकता • बहु-उद्देशीय नदी परियोजनाएँ और समन्वित जल संसाधन प्रबंधन • वर्षा जल संग्रहण अध्याय -3 जल संसाधन के सैद्धांतिक पक्ष मूल्याकंन केवल आवधिक परीक्षा में किया जाएगा तथा इसका मूल्याकंन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में नहीं किया जाएगा। परंतु मानचित्र सूची में दिए गए मानचित्र कार्य का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में किया जा सकता है।	• जल के संसाधन के रूप में महत्व की समझ विकसित हो सकेगी साथ ही जल के विवेकपूर्ण प्रयोग और उसके संरक्षण के लिए जागरुक हो सकेंगे।
समकालीन भारत 2	**अध्याय-4** **कृषि** • कृषि के प्रकार • शस्य प्रारूप • मुख्य फसलें प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधार एवं उसका प्रभाव • वैश्वीकरण का कृषि पर प्रभाव	• राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्त्व का वर्णन कर सकेंगे। • कृषि के विभिन्न प्रकारों की पहचान एवं उन पर चर्चा कर सकेंगे। मुख्य फसलों के स्थानिक वितरण व फसल पद्धित और वर्षा की पद्धति के मध्य संबंधों की पहचान कर सकेंगे। • स्वतंत्रता के उपरांत सरकारी नीतियों के माध्यम से हुए संस्थागत व तकनीकी सुधारों का वर्णन कर सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
लोकतांत्रिक राजनीति-2	**अध्याय-1** **सत्ता की साझेदारी** • बेल्जियम एवं श्रीलंका का केस स्टडी (प्रकरण अध्ययन), • सत्ता में साझेदारी क्यों आवश्यक है? • सत्ता में साझेदारी के विभिन्न प्रारूप	• लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी की महत्ता से परिचित हो सकेंगे। • सत्ता में साझेदारी के स्थानिक और सामाजिक तंत्र की कार्यप्रणाली को समझ सकेगे।
लोकतांत्रिक राजनीति-2	**अध्याय-2** **संघवाद** • संघवाद क्या है? • भारत में संघीय व्यवस्था • संघीय व्यवस्था कैसे चलती है? • भारत में विकेद्रीकरण	• संघीय प्रावधानों और संस्थानों का विश्लेषण कर सकेंगे। • शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रेन्द्रीकरण का वर्णन कर सकेंगे।
आर्थिक विकास की समझ	**अध्याय-1** **विकास** • विकास क्या वादा करता है - विभिन्न व्यक्ति, विभिन्न लक्ष्य • आय और अन्य लक्ष्य • राष्ट्रीय विकास विभिन्न देशों या राज्यों की तुलना कैसे की जाए? • आय और अन्य मापदण्ड • सार्वजनिक सुविधाएँ • विकास की धारणीयता	• समष्टि अर्थशस्त्र की अवधारणा से परिचित हो सकेंगे। • भारत में सर्वांगींण मानव विकास की उस अवधारणा को समझ सकेंगे जिसमें आय के अतिरिक्त शिक्षा और स्वास्थय को भी शामिल किया जाता है। • सतत पोषणीय विकास और जीवन की गुणवत्ता के महत्व को समझ सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
आर्थिक विकास की समझ	**अध्याय-2** **भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक** • आर्थिक कार्यों का क्षेत्रक • तीनों क्षेत्रकों की तुलना • भारत में प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रक • संगठित और असंगठित के रूप में क्षेत्रकों का विभाजन • स्वामित्व आधारित क्षेत्रक – सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक	• रोजगार उत्पन्न करने वाले प्रमुख क्षेत्रक की पहचान कर सकेंगे। • अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के निवेश के कारणों को समझ सकेंगे।

प्रथम सत्रीय :
मानचित्र कार्य
कक्षा X (2021-2022)

भूगोल, भारत का राजनीतिक रेखा मानचित्र

अध्याय-1: संसाधन और विकास

मृदा के मुख्य प्रकार

अध्याय-3: जल संसाधनबांध

सलाल, भाखड़ा नांगल, टिहरी, राणा प्रताप सागर, सरदार सरोवर, हीराकुंड, नागार्जुन सागर, तुंगभद्रा।

अध्याय -3 जल संसाधन के सैद्धांतिक पक्ष मूल्याकंन केवल आवधिक परीक्षा में किया जाएगा तथा इसका मूल्याकंन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में नहीं किया जाएगा परंतु उपरोक्त मानचित्र कार्य का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में किया जा सकता है।

अध्याय-4: कृषि

1. चावल और गेहूँ के मुख्य उत्पादक क्षेत्र।
2. मुख्य उत्पादक राज्य : गन्ना, चाय, काफॅी, रबड़, कपास और पटसन।

द्वितीय सत्र

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
भारत एवं समकालीन विश्व - 2	**अध्याय-2** **भारत में राष्ट्रवाद** • प्रथम विश्वयुद्ध, खिलाफत आंदोलन और असहयोग • आंदोलन के भीतर अलग - अलग धाराएँ • सविनय अवज्ञा की ओर • सामूहिक अपनेपन का भाव	• असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन की केस स्टडी के माध्यम से भारतीय राष्ट्रवाद की प्रमुख विशेषताओं की पहचान करना। • उस समय के विभिन्न सामाजिक आंदोलनों की प्रकृति का विश्लेषण कर सकेंगे। • विभिन्न राजनीतिक संगठनों और व्यक्तियों के लेखों और आदर्शों से परिचित हो सकेंगे। • अखिल भारतीयता की अनुभूति को बढ़ावा देने वाले विचारों की प्रशंसा कर सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
भारत एवं समकालीन विश्व - 2	**खण्ड 2: जीविका, अर्थव्यवस्था एवं समाज (निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का अध्ययन कीजिए)** नोट: इस खण्ड में दिए गए अध्याय का मूल्यांकन केवल आवधिक परीक्षा में किया जाएगा। इस अध्याय का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में नहीं किया जाएगा। **अध्याय-3** **भूमंडलीकृत विश्व का बनना** • आधुनिक युग से पहले • उन्नीसवीं शताब्दी(1815-1914) • महायुद्धों के बीच अर्थव्यवस्था • विश्व अर्थव्यवस्था का पुनर्निमाण: युद्धोत्तर काल **अथवा** **अध्याय-4** **औद्योगीकरण का युग** • औद्योगिक क्रान्ति से पहले • हाथ का श्रम और वाष्पशक्ति • उपनिवेज़ों में औद्योगीकरण • फ़ैक्ट्रियों का आना • औद्योगिक विकास का अनूठापन • वस्तुओं के लिए बाजार	• विभिन्न प्रक्रियाओं के माधयम से वैश्वीकरण के दीर्घकालिक इतिहास को प्रदर्शित कर सकेंगे। • वैश्वीकरण के स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पडने वाले प्रभावों का विश्लेषण कर सकेंगे। • वैश्वीकरण के विभिन्न सामाजिक समूहों पर पडने वाले प्रभावों के अनुभवों पर चर्चा कर सकेंगे। **अथवा** • आद्य प्रौद्योगिकी काल एवं आरम्भिक फैक्ट्री प्रणाली से परिचित हो सकेंगे। • औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया एवं उसके मजदूर वर्ग पर पडने वाले प्रभावों से परिचित हो सकेंगे। • वस्त्र उद्योग के संदर्भ में उपनिवेशों में औद्योगिकीकरण की समझ को विकसित किया कर सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
समकालीन भारत 2	**अध्याय-5** **खनिज तथा ऊर्जा संसाधन** • खनिज क्या है? • खनिजों की उपलब्धता • लौह व अलौह खनिज • अधात्विक खनिज • चट्टानी खनिज • खनिजों का संरक्षण • ऊर्जा संसाधन के प्रकार • परंपरागत एवं गैर परंपरागत • ऊर्जा संसाधन • ऊर्जा संसाधानों का संरक्षण। **अध्याय -5 खनिज तथा ऊर्जा संसाधन के सैद्धांतिक पक्ष मूल्याकंन केवल आवधिक परीक्षा में किया जाएगा तथा इसका मूल्याकंन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में नहीं किया जाएगा। परंतु मानचित्र सूची में दिए गए मानचित्र कार्य का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा (बोर्ड परीक्षा) में किया जा सकता है।**	• खनिज एवं ऊर्जा के विभिन्न संसाधनों की पहचान एवं उनकी उपलब्धता के स्थानों से परिचित हो सकेंगे। • संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरुरत को समझ सकेंगे।
समकालीन भारत 2	**अध्याय-6** **विनिर्माण उद्योग** • विनिर्माण का महत्त्व • राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों का योगदान • औद्योगिक अवस्थिति • उद्योगों का वर्गीकरण • स्थानिक वितरण • औद्योगिक प्रदूषण तथा पर्यावरण निम्नीकरण • पर्यावरण निम्नीकरण की रोकथाम	• राष्ट्रीय आय में उद्योगों के महत्व की पहचान कर सकेंगे। साथ ही उन क्षेत्रीय विषमताओं को समझ सकेंगे जिनके कारण उद्योगों का विकास एक क्षेत्र तक सीमित रह जाता है। • नियोजित औद्योगिक विकास की आवश्यकता पर चर्चा कर सकेंगे। सतत पोषणीय विकास में सरकार की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कर सकेंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
समकालीन भारत 2	**अध्याय-7** **राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ** • परिवहन – स्थल परिवहन, रेल परिवहन, पाइपलाइन, जल परिवहन, वायु परिवहन • संचार सेवाएँ • अंतर्राष्ट्रीय व्यापार • पर्यटन–एक व्यापार के रूप में।	• वैश्वीकृत संसार में परिवहन और संचार के महत्व को समझ सकेंगे। • देश के आर्थिक विकास में व्यापार और पर्यटन के महत्त्प को समझ सकेंगे।
लोकतांत्रिक राजनीति-2	**अध्याय-6** **राजनीतिक दल** • राजनीतिक दलों की जरूरत क्यों? • कितने राजनीतिक दल? • राष्ट्रीय दल • क्षेत्रीय दल • राजनैतिक दलों के लिए चुनौतियाँ • दलो को कैसे सुधारा जा सकता है?	• लोकतंत्र में दलगत प्रणाली का विश्लेषण कर सकेंगे। • भारत की मुख्य राजनीतिक दलों उनके सम्मुख चुनौतियों और देश में हुए सुधारों से परिचित हो सकेंगे।
लोकतांत्रिक राजनीति-2	**अध्याय-7** **लोकतंत्र के परिणाम** • लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन कैसे करें ? • उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैधा शासन • आर्थिक सवंद्धि और विकास • असमानता और गरीबी में कमी • सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य • नागरिकों की गरिमा और आजादी।	• सरकार के अन्य रूपों से तुलनात्मक अध्ययन करते हुए लोकतंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर सकेंगें। • भारत में लोकतंत्र के जारी एवं स्फल रहने के कारणों से परिचित हो सकेंगें। • भारतीय लोकतंत्र की उपलब्धियों और कमियों के स्रोतो में विभेद कर पाऐंगे।

पाठ्य पुस्तक	विषयवस्तु	अधिगम उद्देश्य
आर्थिक विकास की समझ	**अध्याय-3** **मुद्रा और साख** • मुद्रा विनिमय का एक माध्यम • मुद्रा के आधुनिक रूप • बैंकों की ऋण संबंधी गतिविधियाँ • साख की दो विभिन्न स्थितियाँ • ऋण की शर्तें • भारत में औपचारिक क्षेत्रक में साख • निर्धनों के लिए स्वयं सहायता समूह	• मुद्रा को आर्थिक अवधारणा के रूप में समझ सकेंगे। • दैनिक जीवन में वित्तीय संस्थानों की भूमिका को समझ सकेंगे।
आर्थिक विकास की समझ	**अध्याय-4** **मुद्रा और साख** • अंतरदेशीय उत्पादन • विश्व – भर के उत्पादन को एक – दूसरे से जोड़ना • विदेश व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण • वैश्वीकरण क्या है? • वैश्वीकरण को संभव बनाने वाले कारक • विश्व व्यापार सगठन • भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव • न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए संघर्ष	• वैश्विक अर्थव्यवस्था की घटनाओं से परिचित हो सकेंगे।

द्वितीय सत्र
मानचित्र कार्य
कक्षा X (2021-2022)

इतिहास -भारत का राजनीतिक रेखा मानचित्र

अध्याय-3 भारत में राष्ट्रवाद - 1918-1930 केवल पहचानने और चिन्हित करने के लिए

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन

1. कलकत्ता (सितम्बर 1920)
2. नागपुर (दिसम्बर 1920)
3. मद्रास (1927)

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महत्वपूर्ण केन्द्रः असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन

1. चम्पारन : बिहार - नील किसानों का आंदोलन
2. खेड़ा (गुजरात) - किसान सत्याग्रह
3. अहमदाबाद : गुजरात - सूती वस्त्र मिल मजदूरों का सत्याग्रह
4. अमृतसर (पंजाब) - जलियाँवाला बाग हत्याकांड
5. चौरी-चौरा (उत्तर-प्रदेश) असहयोग आंदोलन को समाप्त करना।
6. डांडी (गुजरात) - सविनय अवज्ञा आंदोलन

भूगोल

अध्याय-5: खनिज और ऊर्जा संसाधन

ऊर्जा केन्द्र (ढूँढना और चिन्हित करना)

1. तापीय केन्द्र :

a) नामरूप
b) सिंगरौली
c) रामागुडम

2. आणविक केन्द्र :

a) नरोरा

b) कलपक्कम

c) काकरापारा

d) तारापुर

अध्याय-6: विनिर्माण उद्योग (केवला ढूँढना और चिन्हित करना)

1. सूती वस्त्र उद्योग :

a) मुंबई

b) इंदौर

c) सूरत

d) कानपुर

e) कोयंबटूर

2. लौह और इस्पात संयंत्र:

a) दुर्गापुर

b) बोकारो

c) जमशेदपुर

d) भिलाई

e) विजयनगर

f) सेलम

3. सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क :

a) नोएडा

b) गाँधीनगर

c) मुंबई

d) पुणे

e) हैदराबाद

f) बंगलौर

g) चेन्नई

h) तिरूवनंतपुरम

अध्याय-7: राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ (केवला ढूँढना और चिन्हित करना)

मुख्य पतन :

a) कांडला

b) मुंबई

c) मार्मागाओं

d) न्यू मंगलौर

e) कोच्चि

f) तूतीकोरिन

i) चेन्नई

j) विशाखापट्नम्

k) पाराद्वीप

l) हल्दिया

अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन :

a) अमृतसर (राजा सांसी)

b) दिल्ली (इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय)

c) मुंबई (छत्रपति शिवाजी)

d) चेन्नई (मीनाम्बकम)

e) कोलकाता (नेताजी सुभाषचंद्र बोस)

f) हैदराबाद (राजीव गाँधी)

परियोजना कार्य

1. **प्रत्येक विद्यार्थी** को निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर परियोजना कार्य करना होगा।

उपभोक्ता आंदोलन

अथवा

सामाजिक मुद्दे

अथवा

सतत् पोषणीय विकास

2. उद्देश्य: परियोजना कार्य का उद्देज्य विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान की सभी शाखाओं और अंत: विषय परिप्रेक्षेय की व्यवहारवादी अंतदृष्टि की समझ विकसित करना है। यह विद्यार्थियों में जीवन कौशल के विकास में सहायक सिद्ध होगा।

यदि आवश्यक हो तो विद्यार्थी विद्यालय से बाहर जाकर आंकडे इकट्टे कर सकते हैं, और विभिन्न प्राथमिक और द्वितीयक आकंड़ो का संग्रहण कर सकते हैं। यदि संभव हो, तो विभिन्न कला के प्रकारों को प्रोजेक्ट कार्य में सम्मिलित किया जा सकता हैं।

3. **परियोजना कार्य से संबंधित विभिन्न आयामों में अंक विभाजन निम्नलिखित प्रकार से हैं:-**

क्रम संख्या	आयाम	अंक
1.	विषय की सटीकता, मौलिकता तथा विश्लेषण	2
2.	प्रस्तुतीकरण एवं रचनात्मकता	2
3.	साक्षात्कार	1

4. विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर परियोजना कार्य करें तथा उसके उपरांत् विभिन्न अंत: क्रियात्मक सत्रों (जैसे प्रदर्शनी, पैनल चर्चा आदि) के माध्यम से कक्षा के साथ साझा करें।
5. इस गतिविधि के अंतर्गत मूल्यांकन से संबंधित सभी कागजात संबंधित विद्यालय के द्वारा सूक्ष्मतापूर्वक संभाल कर रखा जाना चाहिए।
6. निम्नलिखित को प्रदर्शित करते हुए परियोजना कार्य की संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए:

xxx

- व्यक्तिगत अथवा सामूहिक अन्तर्क्रिया का उद्देश्य
- क्रियाकलाप का कैलेंडर
- इस प्रक्रिया में उत्पन्न नये विचार
- मौखिक अभिव्यक्ति में पूछे गए प्रश्नों की सूची

7. सभी शिक्षक और विद्यार्थी इस बात का ध्यान रखें कि परियोजना कार्य अथवा मॉडल बनाने में पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का इस्तेमाल हो तथा उसका लागत मूल्य कम से कम हो।
8. परियोजना रिर्पोट विद्यार्थियों द्वारा हस्त लिखित होना चाहिए।
9. परियोजना से संबंधित रिकॉर्ड परीक्षा परिणाम की तिथि से कम से कम तीन महीने तक रखा जाएगा ताकि बोर्ड इसकी जाँच कर सके। हालांकि न्यायिक विचाराधीन अथवा सूचना के अधिकार अधिनियम से जुड़े हुए मामलों में यह रिकॉर्ड तीन महीनों से भी अधिक समय तक संभाल कर रखा जा सकता है।

अनुशंसित पुस्तकेः

1. इतिहासः भारत व समकालीन विश्व 2 एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रकाशित
2. भूगोलः समकालीन भारत–2 एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रकाशित
3. राजनीति विज्ञानः लोकतान्त्रिक राजनीति–2 एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रकाशित
4. अर्थशास्त्रः आर्थिक विकास की समझ एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रकाशित
5. आओ मिलकर चले एक सुरक्षित भारत की ओर भाग –3 सीबीएसई द्वारा प्रकाशित
6. माध्यमिक स्तर पर अधिगम उद्देश्य – एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रकाशित

नोट– कृपया एन.सी.ई.आर.टी द्वारा मुद्रित नवीन संस्करण की पाठ्य–पुस्तकों का ही प्रयोग कीजिए।

यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

स्मरणीय तथ्य

राष्ट्रवाद पर फ्रेड्रिक सॉरयू के विचार	1789 फ्रांसीसी क्रांति एवं राष्ट्रवाद
1848 में, एक फ्रांसीसी कलाकार फ्रेड्रिक सॉरयू ने चार चित्रों की एक श्रृंखला बनाई। इनमें उसने सपनों का एक संसार रचा जो उसके शब्दों में जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्रों से मिल कर बना था। इस श्रृंखला के पहले चित्र में यूरोप और अमेरिका के लोग दिखाए गए हैं- सभी उम्र और सामाजिक वर्गों के स्त्री-पुरूष एक लंबी कतार में स्वतंत्रता की प्रतिमा की वंदना करते हुए जा रहे हैं। प्रतिमा के एक हाथ में ज्ञानोदय की मशाल और दूसरे में मनुष्य के अधिकारों का घोषणापत्र। प्रतिमा के सामने जमीन पर निरंकुश संस्थानों के ध्वस्त अवशेष बिखरे हुए हैं।	राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई। फ्रांसीसी क्रांति से जो राजनीतिक और संवैधानिक बदलाव हुए उनसे प्रभुसत्ता राजतंत्र से निकल कर फ्रांसीसी नागरिकों के समूह में हस्तांतरित हो गई। क्रांति ने घोषणा की कि अब लोगों द्वारा राष्ट्र का गठन होगा और वे ही उसकी नियति तय करेंगे। उन्नीसवीं सदी के दौरान राष्ट्रवाद एक ऐसी ताकत बन कर उभरा जिसने यूरोप के राजनीतिक और मानसिक जगत में भारी परिवर्तन ला दिए। इन परिवर्तनों से अंततः यूरोप के बहु-राष्ट्रीय वंशीय साम्राज्यों के स्थान पर राष्ट्र-राज्य का उदय हुआ। राष्ट्र-राज्य में न केवल उसके शासकों बल्कि उसके अधिकांश नागरिकों में एक साझा पहचान का भाव और साझा इतिहास या विरासत की भावना थी।



यूरोप में राष्ट्रवाद का क्रमिक विकास

फ्रांसीसी क्रांति 1789 → नागरिक संहिता 1804 → वियना की संधि 1815 → उदारवादियों की क्रांति 1848 → जर्मनी का एकीकरण 1866–1871 → इटली का एकीकरण 1859–1871

फ्रांसीसी क्रांति के आरंभ से ही फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने ऐसे अनेक कदम उठाए जिनसे फ्रांसीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान (राष्ट्रवाद) की भावना पैदा हो सकती थी। बाद में, नेपोलियन ने प्रशासनिक क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधारों को प्रारंभ किया जिसे 1804 की नागरिक संहिता (नेपोलियन की संहिता) के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा, यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरूआती दशकों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित विचार उदारवाद से करीब से जुड़े थे।

फ्रांसीसी क्रांति एवं राष्ट्रवाद

- संविधान आधारित शासन
- समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे विचार
- नया फ्रांसीसी तिरंगा झंडा
- नेशनल असेंबली का गठन
- आंतरिक आयात-निर्यात शुल्क समाप्त एवं माप-तौल की एक समान व्यवस्था
- फ्रेंच को राष्ट्र की साझा भाषा बनाया गया।

1804 की नागरिक संहिता

- जन्म पर आधारित विशेषाधिकारों की समाप्ति
- कानून के सामने समानता एवं संपत्ति को अधिकार को सुरक्षित किया गया।
- प्रशासनिक विभाजनों को सरल बनाया
- सामंती व्यवस्था को समाप्त किया गया।
- किसानों के भू-दासत्व और जागीरदारी शुल्कों से मुक्ति
- शहरों में कारीगरों के श्रेणी संघों के नियंत्रणों को हटा दिया गया।



1815 के उपरांत यूरोप में रूढ़िवाद

1815 में नेपोलियन की हार के उपरांत यूरोप की सरकारों का झुकाव पुनः रूढ़िवाद की तरफ बढ गया। अपनी राजनीतिक विचारधारा के अनुरूप रूढ़िवादियों ने स्थापित संस्थाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं को मान्यता दी एवं तीव्र परिवर्तन के स्थान पर क्रमिक विकास पर जोर दिया। इस परिप्रेक्ष्य में, एक शिखर सम्मेलन (जिसे कांग्रेस कहा गया) का आयोजन वियना में किया गया। इस कांग्रेस का आयोजन आस्ट्रियन चांसलर ड्युक मैटरनिख ने किया। इस कांग्रेस में वियना संधि पर हस्ताक्षर किए गए।

1815 की वियना संधि की विशेषताएँ

फ्रांस में बुर्बों राजवंश की पुर्नस्थापना	इसका मुख्य उद्देश्य यूरोप में एक नई रूढ़िवादी व्यवस्था कायम करना था।	फ्रांस ने उन इलाकों पर से आधिपत्य खो दिया जो उसने नेपोलियन के समय जीते थे।	फ्रांस के सीमा विस्तार पर रोक के हेतू नए राज्यों की स्थापना

ड्युक मैटरनिख

इनका जन्म 15 मई 1773 को हुआ। वे आस्ट्रिया के चांसलर थे।1814 से 1848 तक के काल में इन्होंने यूरोप की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूरोप के राजनीतिक हालातों पर टिप्पणी करते हुए इन्होनें कहा था कि ''यदि फ्रांस छींकता है तो पूरे यूरोप को जुकाम हो जाता है।'' वियना संधि में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। नेपोलियन यद्ध के उपरांत यूरोप की पुर्नरचना एवं पुराने राजतंत्र (रूढ़िवादी तंत्र) की पुर्नस्थापना में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई।

ज्युसेपी मेत्सिनी

इनका जन्म 1807 में जेनोआ में हुआ था और कुछ समय पश्चात् वह कार्बोनारी में गुप्त संगठन के सदस्य बन गए। चौबीस साल की युवावस्था में लिगुरिया में क्रांति करने के लिए उन्हें 1831 में देश निकाला दे दिया गया। तत्पश्चात् उन्होनें दो और भूमिगत संगठनों की स्थापना की। पहला था मार्सेई मैं यंग इटली और दूसरा बर्न में यंग यूरोप। मेत्सिनी द्वारा राजतंत्र का जोरदार विरोध एवं उसके प्रजातांत्रिक सपनों ने रूढिवादियों के मन में भय भर दिया। "मैटरनिख ने उसे हमारी सामाजिक व्यवस्थाओं का सबसे खतरनाक दुश्मन बताया।"

1848 के बाद यूरोप में राष्ट्रवाद का जनतंत्र एवं क्रांति से अलगाव होने लगा। राज्य की सत्ता को बढ़ाने के लिए रूढ़िवादियों ने अक्सर राष्ट्रवादी भावनाओं का इस्तेमाल किया। यद्यपि, मध्यवर्गीय जर्मन लोगों ने 1848 में जर्मन महासंघ के विभिन्न इलाकों को जोड़कर एक राष्ट्र- राज्य बनाने का प्रयास किया था मगर इसे राजशाही और फौज की ताकत द्वारा मिलकर दबा दिया गया। इसके पश्चात् प्रशा ने राष्ट्रीय एकीकरण के आंदोलन का नेतृत्व संभाल लिया।



इटली का एकीकरण 1859–1870

इटली सात राज्यों में बँटा हुआ था।	1830 के दशक में ज्यूसेपे मेत्सिनी ने इटली के एकीकरण के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किया।	1830 एवं 1848 के क्रांतिकारी विद्रोह असफल हुए।	1859 में फ्रांस से सार्डिनिया–पीडमॉण्ट ने एक चतुर कूटनीतिक संधि की जिसके माध्यम से उसने आस्ट्रियाई बलों को हरा दिया।	1861 में इमेनुएल द्वितीय को एकीकृत इटली का राजा घोषित किया गया।

काउंट कैमिलो दे कावूर

सार्डिनीया–पीडमॉण्ट का प्रमुख मंत्री था। इटली के प्रदेशों को एकीकृत करने वाले आंदोलन का नेतृत्व किया हाँलाकि वह स्वयं न तो एक क्रांतिकारी था और न ही जनतंत्र में विश्वास रखने वाला।

फ्रांस के साथ की गई चतुर संधि के पीछे कावूर का हाथ था जिसके कारण आस्ट्रिया को हराया जा सका एवं इटली का एकीकरण संभव हो सका।



ज्यूसेपे गैरीबॉल्डी

वह नियमित सेना का हिस्सा नहीं था। उसने इटली के एकीकरण के लिए सशस्त्र स्वयंसेवकों का नेतृत्व किया।

1860 में वे दक्षिण इटली और दो सिसिलियों के राज्य में प्रवेश कर गए और स्पेनी शासकों को हटाने के लिए स्थानीय किसानों का समर्थन पाने में सफल रहे।

उसने दक्षिणी इटली एवं सिसली को राजा इमैनुएल द्वितीय को सौंप दी और इस प्रकार इटली का एकीकरण संभव हो सका।

यूनान का स्वतंत्रता संघर्ष

- यूनान ऑटोमन साम्राज्य का हिस्सा 15वीं शताब्दी से था। क्रांतिकारी राष्ट्रवाद (1789 मे फ्रांसीसी क्रांति के उपरांत) के उदय ने यूनानी लोगों के मन में स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित किया।
- 1821 से वहाँ स्वतंत्रता के लिए संघर्ष शुरू हुआ। यूनान के लोगों को निर्वासन में रह रहें यूनानियों के साथ साथ पश्चिमी यूरोप के लोगों का भी समर्थन मिला।
- विभिन्न कवियों और कलाकारों ने भी स्वतंत्रता के लिए जनमत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंग्रेजी के कवि लार्ड बायरन ने धनराशि एकत्र की एवं वह युद्ध के लिए भी गए, जहाँ 1824 में बुखार से उनकी मृत्यु हो गई।
- 1832 में कुस्तुनतुनिया की संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता प्रदान की।

ब्रिटेन में राष्ट्रवाद

- राष्ट्रवाद किसी उथल-पुथल या क्रांति का परिणाम नहीं अपितु एक लम्बी चलने वाली प्रक्रिया का परिणाम था।
- 18वी शताब्दी से पूर्व ब्रिटेन एक राष्ट्र-राज्य नहीं था।
- आंग्ल-राष्ट्र ने अपनी शक्ति में विस्तार के साथ-साथ अन्य राष्ट्रों व द्वीप समूहों पर विस्तार आरंभ किया।
- 1688 में संसद ने राजतंत्र से शक्तियों को ले लिया।
- 1707 में इंग्लैण्ड और स्कॉटलैंड को मिलाकर यूनाइटेड किंगडम ऑफ ब्रिटेन का गठन किया गया।
- 1798 में हुए असफल विद्रोह के बाद 1801 में आयरलैंड को बलपूर्वक यूनाइटेड किंगडम में शामिल कर लिया गया।
- नए ब्रिटेन के प्रतीक - चिह्नों, को खूब बढ़ावा दिया गया ।

राष्ट्रवाद और साम्राज्यवाद (बाल्कन समस्या)

- बाल्कन भौगोलिक एवं नृजातिय रूप से विभिन्नताओं का क्षेत्र था जिसमें आधुनिक रूमानिया, बल्गारिया, अल्बेनिया, ग्रीस, मकदूनिया, क्रोएशिया, स्लोवानिया, सर्बिया आदि शामिल थे।
- इन क्षेत्रों में रहने वाले मूलनिवासियों को स्लाव कहा जाता था। बाल्कन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा ऑटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था।
- बाल्कन राज्य में रूमानी राष्ट्रवाद के फैलने और ऑटोमन साम्राज्य के विघटन से स्थिति काफी विस्फोटक हो गई। एक के बाद एक उसके अधीन यूरोपीय राष्ट्रीयताएँ उसके चंगुल से निकल कर स्वतंत्रता की घोषणा करने लगीं। जैसे -जैसे विभिन्न स्लाव राष्ट्रीय समूहों ने अपनी पहचान और स्वतंत्रता की परिभाषा तय करने की कोशिश की, बाल्कन क्षेत्र गहरे टकराव का क्षेत्र बन गया। हर एक बाल्कन प्रदेश अपने लिए ज्यादा इलाके की चाह रखता था।
- इस समय यूरोपीय शक्तियों के बीच इस क्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए यूरोपीय शक्तियों के मध्य जबरदस्त प्रतिस्पर्धा रहीं। जिससे यह समस्या गहराती चली गई व जिस कारण यहाँ विभिन्न युद्व हुए। जिसकी परिणति प्रथम विश्व युद्ध के रूप में हुई।

राज्य की दृश्य कल्पना

अठाहरवीं एवं उन्नीसवीं शताब्दी में कलाकारों ने राष्ट्र को कुछ यूँ चित्रित किया जैसे वह कोई व्यक्ति हों। राष्ट्रों को नारी भेष में प्रस्तुत किया जाता था। राष्ट्र को व्यक्ति का जामा पहनाते हुए जिस नारी रूप को चुना गया वह असल जीवन में कोई खास महिला नहीं थी। यह तो राष्ट्र के अमूर्त विचार को ठोस रूप प्रदान करने का प्रयास था। यानी नारी की छवि राष्ट्र का रूपक बन गई। फ्रांस में उसे लोकप्रिय ईसाई नाम **मारिआना** दिया गया जिसने जन-राष्ट्र के विचार को रेखांकित किया। इसी प्रकार **जर्मेनिया**, जर्मन राष्ट्र का रूपक बन गई।

फ्रैंकफर्ट संसद

जर्मन इलाकों में बड़ी संख्या में राजनीतिक संगठनों ने फ्रैंकफर्ट शहर में मिल कर एक सर्व-जर्मन नेशनल एसेंबली के पक्ष में मतदान का फैसला लिया। 18 मई 1848 को, 831 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने एक सजे-धजे जुलूस में जा कर फ्रैंकफट संसद में अपना स्थान ग्रहण किया। यह संसद सेंट पॉल चर्च में आयोजित हुई। उन्होंने एक जर्मन राष्ट्र के लिए एक संविधान का प्रारूप तैयार किया। इस राष्ट्र की अध्यक्षता एक ऐसे राजा को सौंपी गई जिसे संसद के आधीन रहना था। जब प्रतिनिधियों ने प्रशा के राजा फैडरीख विल्हेम चतुर्थ को ताज पहनाने की पेशकश की तो उसने उसे अस्वीकार कर उन राजाओं का साथ दिया जो निर्वाचित सभा के विरोधी थे। जहाँ कुलीन वर्ग और सेना का विरोध बढ़ गया, वहीं संसद का सामाजिक आधार कमजोर हो गया। संसद में मध्य वर्गों का प्रभाव अधिक था जिन्होंने मजदूरों और कारीगरों की माँगों का विरोध किया जिससे वे उनका समर्थन खो बैठे। अंत में सैनिकों को बुलाया गया और एसेंबली भंग की गई।

विभिन्न प्रतीक चिन्ह और उनका अर्थ

प्रतीक	महत्त्व
टूटी हुई बेड़िया	आजादी मिलना
बाज छाप वाला कवच	जर्मन समुदाय की प्रतीक शक्ति
बलूत पत्तियों का मुकुट	वीरता
तलवार	मुकाबले की तैयारी
तलवार पर लिपटी जैतून की डाली	शांति की चाह
काला, लाल और सुनहरा तिरंगा	उदारवादी राष्ट्रवादियों का झण्डा
उगते सूर्य की किरणें	एक नए युग की शुरूआत

1850 का डाक टिकट इसमें मारीआना की तस्वीर बनाई गई है जो फ्रांसीसी गणराज्य का प्रतिनिधित्व करती है।

चित्रकार फिलिप वेट ने जर्मेनिया का यह चित्र 1848 में बनाया। इसे सेंट पॉल चर्च की छत से लटकना था जहाँ फ्रैंकफर्ट संसद बुलाई गई।



विभिन्न प्रतीक चिन्ह जिनका उपयोग राष्ट्रवाद के विकास के लिए किया गया।

प्रमुख कथन

जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है। (मैटरनिख)

मेत्सिनी हमारी सामाजिक व्यवस्था सबसे खतरनाक दुश्मन है। (मैटरनिख)

नए शब्द

निरंकुशवादः ऐसी सरकार या शासन व्यवस्था जिसकी सत्ता पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं होता।

कल्पनादर्श (यूटोपिया): एक ऐसे समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है कि उसका साकार होना लगभग असंभव होता है।

जनमत संग्रहः एक प्रत्यक्ष मतदान जिसके जरिए एक क्षेत्र के सभी लोगों से एक प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए पूछा जाता है।

रूढ़िवादः ऐसा राजनीतिक दर्शन जो परंपरा, स्थापित संस्थानों और रिवाजों पर जोर देता है और तेज बदलावों की बजाए क्रमिक और धीरे धीरे विकास को प्राथमिकता देता है।

विचारधाराः एक खास प्रकार की सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि को इंगित करने वाली विचारों का समूह।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)

प्र.1 फ्रेडरिक सारयू कौन थे?
प्र.2 डयूक मैटरनिख कौन थे?
प्र.3 मांटेस्क्यू ने किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया था?
प्र.4 जॉलवेराइन क्या था वह किस प्रकार जर्मनी के आर्थिक एकीकरण का प्रतीक था?
प्र.5 उस क्षेत्र का नाम बताइए जिसके निवासियों को स्लाव कहा जाता था?
प्र.6 किस संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी?
प्र.7 आयरलैंड में प्रोटेस्टेन्ट के विरूद्ध आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
प्र.8 रेखांकित शब्दों को सही करके वाक्य को लिखिए।
i कावूर को जर्मनी का बिस्मार्क समझा जाता है।
ii. वर्साय में हुए एक समारोह में जनवरी 1871 में प्रशिया के राजा विलियम I ने स्वयं को इटली का राजा घोषित किया।
iii वियना कांग्रेस का आयोजन 1817 में हुआ।
iv रूसो ने कहा था कि "जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है।"
प्र.9 सही मिलान की पहचान कीजिए।
a. बिस्मार्क - इटली
b. मेत्सिनी - जर्मनी
c. कावूर - ब्रिटेन
d. मैटरनिख - आस्ट्रिया
प्र.10 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इटली के एकीकरण के विषय में संबंधित नहीं है।
A. ज्यूसेपे मेत्सिनी ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए खुफिया संगठन की स्थापना की।
B. प्रधानमंत्री कावूर ने इटली संघ की स्थापना के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया।
C. 1861 में विक्टर इमैनुल द्वितीय ने स्वयं को संयुक्त इटली का राजा घोषित किया।
D. ऑटोवन बिस्मार्क, इटली के एकीकरण का सूत्रधार था।
प्र.11 निम्नलिखित चित्र की पहचान कीजिए। (एक शब्द में उत्तर दीजिए)

प्र.12 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

.....ने जर्मनी के एकीकरण के लिए 'रक्त तथा लौह' की नीति अपनाई।

प्र.13 सत्य व असत्य बताइए।

गैरीबाल्डी ने 'लाल कुर्ती' नामक सेना तैयार की।

प्र.14 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स) 1848 के बाद यूरोप में राष्ट्रवाद का जनतंत्र और क्रांति का अलगाव होने लगा।

कारण (क) राष्ट्रवादी भावनाएँ मध्य वर्ग में काफी तीव्र गति से विकसित हो रही थी।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकलपना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हे परन्तु कारण, संकलपना की सही व्याख्या नहीं है।
C. संकलपना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

प्र.15 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स) फ्रांसीसी क्रांति के दौरान हटाए गए बूर्बो वंश को सत्ता में बहाल किया गया।

कारण (क) 1815 में वियना संधि की गई।

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकलपना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हे परन्तु कारण, संकलपना की सही व्याख्या नहीं हें
C. संकलपना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

प्र.1 फ्रांसीसी क्रांन्तिकारियों ने फ्रांसीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना किस प्रकार पैदा की ?

प्र.2 नेपोलियन ने प्रशासनिक क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्धांतो का समावेश किया

जिसने पूरी व्यवस्था को अधिक कुशल व तर्कसंगत बना दिया। समीक्षा कीजिए।

प्र.3 यूरोप में राष्ट्र के विचार के निर्माण में संस्कृति ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

प्र.4 जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

प्र.5 इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन करें। इसके मार्ग में आने वाली मुख्य बाधाएँ क्या थीं?

प्र.6 ब्रिटेन में राष्ट्र राज्य का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था। चर्चा कीजिए।

प्र.7 यूरोप में राष्ट्रवाद के उत्थान के लिए कौन से कारण उत्तरदायी थे?

प्र.8 फ्रांसीसी क्रांति का न केवल फ्रांस पर अपितु पूरे विश्व पर गहरा प्रभाव पड़ा। समीक्षा कीजिए।

प्र.9 1804 की नागरिक संहिता के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

प्र.10 यूरोप के कुलीन वर्ग की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.11 1815 की वियना संधि के प्रमुख उद्देश्यों बताइए। इसके प्रमुख प्रस्तावों व व्यवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

प्र.12 यूरोप में उदारवादियों द्वारा समर्थित राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक आदर्श क्या थे?

प्र.13 औद्योगीकरण की वृद्धि ने किस प्रकार यूरोप के सामाजिक और राजनैतिक समीकरण बदल दिए?

प्र.14 यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की क्या भूमिका थी?

प्र.15 उन्नीसवीं शताब्दी में महिलाओं के चित्र किस प्रकार राष्ट्रवाद के रूपक में परिवर्तित हो गए। उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। फ्रांसीसी दार्शनिक अर्न्स्ट रेनन (1823–92) ने 1882 में सॉबॉन (Sorbonne) विश्वविद्यालय में दिए एक व्याख्यान में राष्ट्र की अपनी समझ को प्रस्तुत किया। बाद में यह व्याख्यान एक प्रसिद्ध निबंध के रूप में छपा जिसका शीर्षक था (Qu'est-ce qu' une nation राष्ट्र क्या हैं) इस निबंध में रेनन अन्य लोगों द्वारा प्रस्तावित इस विचार की आलोचना करता है कि राष्ट्र समान भाषा, नस्ल, या क्षेत्र से बनता है। एक राष्ट्र लंबे प्रयासों, त्याग और निष्ठा का चरम बिंदु होता है। शौर्य-वीरता से युक्त अतीत, महान पुरुषों के नाम और गौरव यह वह सामाजिक पूंजी है जिस पर एक राष्ट्रीय विचार आधारित किया जाता है। अतीत में समान गौरव का होना, वर्तमान में एक समान इच्छा, संकल्प का होना, साथ मिल कर

महान काम करना और आगे, ऐसे काम और करने की इच्छा - एक जनसमूह होने की यह सबसे जरूरी शर्ते हैं। अतः राष्ट्रएक बड़ी और व्यापक एकता (Large-Scale Solidarity) है.. उसका अस्तित्व रोज होने वाला जनमत संग्रह है...। प्रांत उसके निवासी हैं अगर सलाह लिए जाने का किसी का अधिकार है तो वह निवासी ही है, किसी देश का विलय करने या किसी देश पर उसकी इच्छा के विरूद्ध कब्जा जमाए रखने में एक राष्ट्र की वास्तव में कोई दिलचस्पी होती नहीं है। राष्ट्र का अस्तित्व में होना एक अच्छी बात है, बल्कि यह एक जरूरत भी है। उनका होना स्वतंत्रता की गारंटी है और अगर दुनिया में केवल एक कानून और उसका केवल एक मालिक होता तो स्वतंत्रता का लोप हो जाएगा।

a. अन्र्स्ट रेनन कौन था?
b. अन्र्स्ट रेनन के अनुसार राष्ट्र के मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?
c. स्वतंत्रता के अस्तित्व के लिए राष्ट्र की क्या भूमिका है?
c. राष्ट्र को अपने शब्दों में परिभाषित कीजिए।

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अर्थशास्त्री राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की शब्दावली में सोचने लगे। वे चर्चा करने लगे कि राष्ट्र कैसे विकास कर सकता है और कौन से आर्थिक कदम राष्ट्र को निर्मित करने में मदद दे सकते हैं? जर्मनी के टूबिंजन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर फ्रइडरीख लिस्ट (Friedrich List) ने 1834 में लिखाः जॉल्वेराइन का लक्ष्य जर्मन लोगों को आर्थिक रूप में एक राष्ट्र में बाँध देना है। वह राष्ट्र की आर्थिक हालत जितना बाहरी तरह से उसके हितों की रक्षा करके मजबूत बनाएगा, उतना ही आंतरिक उत्पादकता को बढ़ा कर भी। उसे प्रांतीय हितों को आपस में जोड़ कर राष्टीय भावना को जगाना और उठाना चाहिए। जर्मन लोग यह समझ गए हैं कि एक मुक्त आर्थिक व्यवस्था ही राष्ट्रीय भावनाओं के उत्पन्न होने का एकमात्रा जरिया है।

a. जॉल्वेराइन का क्या उद्देश्य था?
b. फ्रइडरीख लिस्ट कौन थे?
c. मुक्त आर्थिक व्यवस्था के महत्व का बताइए।
d. राष्ट्र के एकीकरण में अर्थव्यवस्था की क्ताइसका महत्व बताइए।

3. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। लुइजे ऑटो-पीटर्स (1819-95) एक राजनैतिक कार्यकर्ता थी जिसने महिलाओं की पत्रिका और तत्पश्चात एक नारीवादी राजनीतिक संगठन की स्थापना की। उसके अख़बार (21 अप्रैल, 1849) के प्रथम अंक में निम्नलिखित संपादकीय छपाः

आइए हम यह पूछे कि कितने पुरुष जो स्वतंत्रता के लिए जीने-मरने के विचारों से ओत-प्रोत हैं, सभी लोगों, सभी इंसानों की आजादी के लिए तैयार होंगे जब उनसे यह प्रश्न पूछा जाएगा, वे बड़ी आसानी से जवाब देंगे। हाँ हालाँकि उनके अथक प्रयास केवल आम मानवजाति के फायदे के लिए हैं यानी पुरुष । मगर स्वतंत्रता तो अविभाज्य है। अतः स्वतंत्र पुरुषों को परतंत्रता से घिरे रहना मंजूर नहीं होना चाहिए... ।

उसी अखबार के एक अनाम पाठक ने 25 जून, 1850 को संपादक को निम्नलिखित पत्र भेजा- महिलाओं को राजनैतिक अधिकारों से वंचित रखना वाकई बेतुका और अविवेकपूर्ण है जबकि उन्हें संपत्ति का अधिकार है जिसका वे इस्तेमाल करती हैं और जिम्मेदारियाँ भी उठाती हैं हालाँकि उन्हें वे लाभ नहीं मिलते जो उसी के लिए पुरुषों को मिलते हैं.. यह अन्याय क्यों क्या यह लज्जा की बात नहीं कि सबसे मूर्ख मवेशी-पालक को मत देने का अधिकार सिर्फ इसलिए है क्योंकि वह एक पुरुष है जबकि अत्यंत काबिल महिलाओं को, जो काफी संपत्ति की मालकिन होती हैं, इसी हक से वंचित रखा जाता है यद्यपि वे राज्य के रख-रखाव में इतना ज्यादा योगदान देती हैं।

a. लुइजे ऑटो-पीटर्स कौन थे?
b. लुइजे ऑटो-पीटर्स के महिला स्वतंत्रता पर क्या विचार थे?
c. महिला स्वतंत्रता पर अपने विचारों को लिखिए।

उत्तरमाला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. फ्रांसीसी चित्रकार
2. आस्ट्रिया का चांसलर
3. शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत या अधिकार विभाजन
4. एक जर्मन शुल्क संघ। इसमें अधिकांश जर्मन राज्य शामिल थे। 1834ई. में स्थापित इस संघ ने विभिन्न जर्मन राज्यों के बीच शुल्क अवरोधों को समाप्त किया व मुद्राओं की संख्या तीस से दो कर दी। इस प्रकार यह आर्थिक एकीकरण का प्रतीक थी।
5. बाल्कन
6. कस्तुनतुनिया की संधि
7. वोल्फटोन
8. (i) इटली
   (ii) जर्मनी
   (iii) 1815
   (iv) मैटरनिख

9. मैटरनिख – आस्ट्रिया
10. ऑटो वन बिस्मार्क, इटली के एकीकरण का सूत्रधार था।
11. जर्मेनिया
12. बिस्मार्क
13. सत्य
14. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।
15. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

लघु दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

1. सामूहिक पहचान का भाव निम्न प्रकार से विकसित हुआ।
   • पितृभक्ति और नागरिकता के विचार
   • नए राष्ट्र चिन्ह
   • केन्द्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था
   • राष्ट्रीय भाषा
   • एक समान भार व मान की व्यवस्था।
2. नेपोलियन की संहिता
   • ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार
   • शहरी क्षेत्र में सुधार
   • व्यापार में सुधार
3. राष्ट्र निर्माण में संस्कृति का योग्यदान
   • कला, काव्य, कहानियों, संगीत ने राष्ट्रवादी भावनाओं को विकसित किया।
   • लोकगीत, जन- काव्य व लोक नृत्य
   • स्थानीय बोलियों व लोक साहित्य पर बल
   • भाषा
   • जनश्रुतियों पर आधारित संस्कृति का निर्माण
4. देखें स्मरणीय तथ्य।
5. देखें स्मरणीय तथ्य।
6. देखें स्मरणीय तथ्य।
7. राष्ट्रवाद के उदय के उत्तरदायी कारक।
   • राष्ट्र- राज्यों का उदय
   • लोकतंत्रीय सिद्धांत को बढावा।
   • सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक समानता पर बल।
   • अन्य राष्ट्रों में मानवीय अधिकारों की मांग ।
   • निरंकुश राजतंत्रों में क्रांतिकारी प्रतिक्रियाएँ।

8. फ्रांसीसी क्रांति का प्रभाव
   - लोकतांत्रिक शासन की स्थापना।
   - समानता, स्वतंत्रता, भ्रातृत्व से भरे नए समाज की नींव।
   - नवीन कानून संहिता।
   - मध्यम वर्ग का उदय।
   - उदारवादी विचारधारा का प्रारंभ।
9. देखें स्मरणीय तथ्य ।
10. देखें स्मरणीय तथ्य।
11. देखें स्मरणीय तथ्य।
12. देखें स्मरणीय तथ्य।
13. देखें स्मरणीय तथ्य।
14. देखें स्मरणीय तथ्य।
15. देखें स्मरणीय तथ्य।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. a. फ्रांसीसी दार्शनिक
   b. समान भाषा, नस्ल, धर्म
   c. राष्ट्र का होना स्वतंत्रता की गारंटी है।
   d. विद्यार्थी स्वंय परिभाषित करेंगे।
2. a. जर्मन लोगों की आर्थिक रूप से एक करना।
   b. अर्थशास्त्र के प्रोफेसर
   c. राष्ट्रीय भावनाओं की उत्प्रेरक
   d. विद्यार्थी स्वयं हल करेंगे।
3. इन अनुच्छेद का अध्ययन करके विद्यार्थी स्वंय हल करेंगे।

2. भारत में राष्ट्रवाद




1918 में प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति।
ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों की स्वशासन की माँग को ठुकरा दिया।
ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों पर 1919 में रॉलट एक्ट जैसा काला कानून दिया।
13 अप्रैल 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ।
1919 में खिलाफत आंदोलन की शुरूआत मुहम्मद अली व शौकत अली ने की।
महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन की शुरूआत की।
1922 में चौरी–चौरा में हुई हिंसक घटना के बाद महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया।
9 अगस्त 1925 को काकोरी में क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी खजाना ले जा रही ट्रेन को लूट लिया।
1928 में साइमन कमीशन भारत आया जिसका विरोध करते हुए लाला लाजपत राय की मृत्यु हुई।
8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह व बटुकेश्वर दत्त ने असेम्बली पर बम फेंका।
12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने साबरमती से दाण्डी यात्रा आरम्भ की।
6 अप्रैल 1930 को दाण्डी पहुँच कर महात्मा गाँधी नमक कानून तोडा। व सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की।
1930 में डॉ. अम्बेडकर ने अनुसूचित जातियों को दमित वर्ग एसोसिएशन में संगठित किया।
23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू को फांसी दे दी गई।
1931 गांधी–इरविन समझौता व सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस ले लिया।
1931 में महात्मा गाँधी ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। परंतु उन्हे वहाँ अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी।
1932 मे महात्मा गांधी एवं अम्बेडकर के मध्य पूना पैक्ट हुआ।
1933 में चौधरी रहमत अली ने सर्वप्रथम पाकिस्तान का विचार सामने रखा।



15 अगस्त 1947 को भारत आज़ाद हुआ।

कुछ रोचक तथ्य

- जब भारत आजाद हुआ तब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लाइमेंट एटली थे।
- सुभाष चंद्र बोस ने- 'दिल्ली चलो' एवं 'तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा दिया।
- बाल गंगाधर तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मै इसे लेकर रहूंगा' का नारा दिया।
- रामप्रसाद बिस्मिल ने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुएं कातिल में है का नारा दिया।
- भगत सिंह ने 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा दिया।

राष्ट्रवाद का अर्थः- अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना एकता की भावना तथा एक समान चेतना राष्ट्रवाद कहलाती है। यह लोग समान ऐतिहासिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक विरासत साझा करते है। कई बार लोग विभिन्न भाषाई समूह के हो सकते है (जैसे भारत) लेकिन राष्ट्र के प्रति प्रेम उन्हें एक सूत्र में बांधे रखता है।



प्रथम विश्व युद्ध, खिलाफत तथा असहयोग

प्रथम विश्वयुद्ध का भारत पर प्रभाव तथा युद्ध पश्चात परिस्थितयाँ

- एक नई आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का जन्म
- रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी जिसकी भरपाई कर्जा लेकर व करो में वृद्धि करके।
- सीमा शुल्क बढ़ा दिया गया तथा आयकर शुरू किया गया।
- ब्रिटिश सेना के लिए सिपाहियों की जबरन भर्ती।
- फसल नष्ट हो जाने की वजह से खाद्यान्न की भारी कमी।

फलू की महामारी तथा अकाल की वजह से लाखों लोगों की मृत्यु।

सत्याग्रह का विचार

अर्थः- यह सत्य तथा अहिंसा पर आधारित एक नए तरह का जन आंदोलन करने का रास्ता था।

सत्याग्रह के मुख्य बिंदुः-

- अगर आपका उद्देश्य सच्चा है, यदि आपका संघर्ष अन्याय के खिलाफ है तो उत्पीड़क से लड़ने के लिए किसी शारिरिक बल की आवश्यकता नहीं है।
- सत्याग्रही केवल अहिंसा के सहारे बिना किसी प्रतिशोध की भावना या आक्रमकता का सहारा लिए बिना भी सफल हो सकता है।
- उत्पीड़क की चेतना को झिझोड़कर उसे सच्चाई को स्वीकार करने तथा दमन का अंत करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

महात्मा गाँधी द्वारा भारत में किए गए सत्याग्रह के आरंभिक प्रयोग।

चंपारण (बिहार) 1917 में दमनकारी बागान व्यवस्था के खिलाफ नील की खेती करने वाले किसानों को प्रेरित किया।	1917 में खेड़ा (गुजरात किसानों को कर में छूट दिलवाने के लिए उनके संघर्ष में समर्थन दिया। फसल खराब हो जाने व प्लेग महामारी के कारण किसान लगान चुकाने की हालत में नहीं थे।)	अहमदाबाद (गुजरात) 1918 में कपड़ा कारखाने में काम करने वाले मजदूरों के समर्थन में सत्याग्रह आंदोलन



जलियाँवाला बाग हत्याकांड

- **मुख्य घटनाएँः**– 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में घटित हुआ। कानून का विरोध प्रकट करने के लिए एकत्रित हुए थे।
- शहर से बाहर के होने के कारण वहाँ जुटे लोगों को ये पता नहीं था कि इलाके में मार्शल लॉ लागू किया जा चुका था।
- जनरल डायर वहाँ पहुँचा, मैदान से बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिये तथा भीड़ पर अंधाधुंध गोलियाँ चला दी।
- सैकड़ो लोग मारे गए।

जलियावाला बाग हत्याकांड का प्रभावः–

- भारत के बहुत सारे शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए।
- हड़ताले होने लगी, लोग पुलिस से मोर्चा लेने लगे और सरकारी इमारतों पर हमला करने लगे।
- सरकार ने निर्ममतापूर्ण रवैया अपनाया तथा लोगों को अपमानित और आतंकित किया।
- सत्याग्रहियो को जमीन पर नाक रगड़ने के लिए, सड़क पर घिसटकर चलने और सारे 'साहिबों' (अंग्रेजों) को सलाम करने के लिए मजबूर किया गया।
- लोगों को कोड़े मारे गए तथा गुजरांवालां (पंजाब) के गांवों पर बम बरसाये गए।

हिंसा फैलते देख महात्मा गांधी ने रॉलट सत्याग्रह वापस ले लिया।

खिलाफत का मुद्दाः– खिलाफत शब्द 'खलीफा' से निकला हुआ है जो ऑटोमन तुर्की का सम्राट होने के साथ-साथ इस्लामिक विश्व का आध्यात्मिक नेता भी था। प्रथम विश्व युद्ध में तुर्की की हार हुई थी यह अफवाह फैल गई थी कि तुर्की पर एक अपमानजनक संधि थोपी जाएगी। इसलिए खलीफा की तात्कालिक शक्तियों की रक्षा के लिए मार्च 1919 में अली बंधुओं द्वारा बम्बई में एक खिलाफत समिति का गठन किया गया।

महात्मा गांधी ने क्यों खिलाफत का मुद्दा उठायाः– रॉलट सत्याग्रह की असफलता के बाद से ही महात्मा गांधी पूरे भारत में और भी ज्यादा जनाधार वाला आंदालन खड़ा करना चाहते थे।

उन्हे विश्वास था कि बिना हिंदू और मुस्लिम को एक दूसरे के समीप लाए ऐसा कोई अखिल भारतीय आंदोलन खड़ा नही किया जा सकता इसलिए उन्होने खिलाफत का मुद्दा उठाया।

असहयोग आंदोलन

असहयोग आंदोलन
जनवरी 1921– फरवरी 1922

असहयोग क्यों ?
भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना भारतीयों के सहयोग से हुई थी।
यदि भारतीय अपना सहयोग वापस ले ले तो ब्रिटिश शासन रह जाएगा।

असहयोग आंदोलन के चरण
सरकार द्वारा दी गई पदवियाँ लौटाना सरकारी नौकरी, सेना पुलिस, अदालत तथा विदेशाी वस्तुओं का बहिष्कार
व्यापक सविनय अवज्ञा आंदोलन।

असहयोग आंदोल से संबंधित कांग्रेसी अधिवेशन
सितंबर 1920– असहयोग पर स्वीकृति अन्य नेताओ द्वारा
दिसंबर 1920– स्वीकृति पर मोहर तथा इसकी शुरूआत पर सहमति।

विभिन्न सामाजिक समूह जिन्होने भाग लिया शहरो में– मध्
यवर्ग-विद्यार्थी, शिक्षक, वकील
ग्रामीण इलाकों में– किसान व आदिवासी
बागानों में– मजदूर

आंदोलन के दोहरे लक्ष्य
स्वराज की प्राप्ति
खिलाफत के मुद्दे को समर्थन ताकि हिंदु मुस्लिम एकता लाई जा सके।

आंदोलन की समाप्ति – फरवरी 1922 में महात्मा गांधी ने आंदोलन वापस ले लिया क्योंकि चौरी चौरा में हिंसक घटना हो गई थी।

आंदोलन के भीतर अलग-अलग धाराएँ-

- विभिन्न सामाजिक समूहों ने आंदोलन में हिस्सा लिया परंतु प्रत्येक वर्ग की अपनी अपनी आकांक्षाएँ थी।
- सभी के लिए 'स्वराज' का अर्थ भिन्न था।

प्रत्येक सामाजिक समूह ने आंदोलन में भाग लेते हुए 'स्वराज' का मतलब एक ऐसा युग लिया जिसमें उनके सभी कष्ट और सारी मुसीबते खत्म हो जाएंगी।

सविनय अवज्ञा आंदोलन की ओर

असहयोग आंदोलन की समाप्ति से लेकर सविनय अवज्ञा आंदोलन के शुरू होने तक की मुख्य घटनाएँ

- फरवरी 1922- गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस लेना।
- प्रांतीय परिषद चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर कांग्रेस के नेताओं मे आपसी मतभेद।
- सी. आर दास तथा मोती लाल नेहरू द्वारा 'स्वराज पार्टी' (जनवरी 1923) का गठन ताकि प्रांतीय परिषद के चुना में हिस्सा ले सकें।
- विश्वव्यापी आर्थिक मंदी की वजह से कृषि उत्पाद की कीमतों में भारी गिरावट।
- ग्रामीण इलाकों में भारी उथल पुथल।
- 1927 में ब्रिटेन में साइमन कमिशन का गठन ताकि भारत में सवैधानिक व्यवस्था की कार्यशैली का अध्ययन किया जा सके।
- 1928- साइमन कमीशन का भारत आना- पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन।
- 1929- लॉर्ड इरविन द्वारा 'डोमिनियन स्टेटस' का ऐलान।
- कांग्रेस के भीतर जवाहर लाल नेहरू तथा सुभाष चंद्र बोस जेसे तेज तर्रार व आक्रामक तेवर वाले नेताओं का उदय।
- 1929 लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की मांग।

गोलमेज सम्मेलन



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा सिर्फ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया गया।

नमक यात्रा और असहयोग आंदोलन (1930)

<u>पृष्ठभूमि</u>–

- जनवरी 1930 में महात्मा गांधी ने लार्ड इरविन के समक्ष अपनी 11 मांगे रखी।
- ये मांगे उद्योगपतियो से लेकर किसान तक विभिन्न तबके से जुड़ी हुई थी।
- इनमें सबसे महत्वपूर्ण मांग नमक कर को खत्म करने की थी।
- लार्ड इरविन इनमें से किसी भी माँग को मानने के लिए तैयार नही थे।
- 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी द्वारा नमक यात्रा की शुरूआत।
- 6 अप्रैल 1930 को नमक बनाकर नमक कानून का उल्लंघन।
- यह घटना सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत थी।

सविनय अवज्ञा आंदोलन

6 अप्रैल 1930 – मार्च–1931 (गांधी इरविन समझौते की वजह से स्थगित)

1932 दुबारा शुरूआत

1934 स्वतः समाप्त

मुख्य घटनाएँः–

★ देश के विभिन्न हिस्से में नमक कानून का उल्लंघन
★ विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार
★ शराब की दुकानो की पिकेटिंग
★ वन कानूनों का उल्लंघन

ब्रिटिश सरकार की प्रतिक्रियाः–

★ कांग्रेस नेताओं का हिरासत में लिया गया।
★ निर्मम दमन
★ शांतिपूर्ण सत्याग्रहियों पर आक्रमण।
★ महिलाओं व बच्चों की पिटाई
★ लगभग 1,00,000 गिरफ्तार

आंदोलन में भाग लेने वालेः–

★ अमीर किसान– ऊँचे लगान के विरोध में
★ गरीब किसान– ऊँचा भाड़ा तथा ऊँचा लगान
★ व्यवसायी वर्ग– औपनिवेशिक सरकार की व्यवसायिक नीतियों के खिलाफ
★ महिलाएं– महात्मा गांधी से प्रेरित होकर
★ कुछ स्थानों पर मजदूर

यह कैसे असहयोग आंदोलन से अलग थाः–

★ असहयोग आंदोलन में लक्ष्य 'स्वराज' इस बार 'पूर्ण स्वराज'
★ असहयोग में कानून का उल्लंघन शामिल नही था जबकि इस आंदोलन में कानून तोड़ना शामिल था।

सविनय अवज्ञा आंदोलन की सीमाएँः-

★ अनुसूचित की भागीदारी नहीं थी क्योंकि लंबे समय से कांग्रेस इनके हितों की अनदेखी कर रही थी।
★ मुस्लिम संगठनो द्वारा सविनय अवज्ञा के प्रति कोई खास उत्साह नही था क्योंकि 1920 के दशक के मध्य से कांग्रेस 'हिंदू महासभा' जैसे हिंदू धार्मिक संगठनों के करीब आने लगी थी।
★ दोनो समुदायो के बीच संदेह और अविश्वास का माहौल बना हुआ था।

सामूहिक अपनेपन का भाव

वे कारक जिन्होने भारतीय लोगों में सामूहिक अपनेपन की भावना को जगाया तथा सभी भारतीय लोगों को एक किया।
चित्र व प्रतीकः- भारत माता की प्रथम छवि बंकिम चन्द्र द्वारा बनाई गई। इस छवि के माध्यम से राष्ट्र को पहचानने में मदद मिली।

- लोक कथाएँः- राष्ट्रवादी घूम घूम कर इन लोक कथाओं का संकलन करने लगे ये कथाएँ परंपरागत संस्कृति की सही तस्वीर पेश करती थी तथा अपनी राष्ट्रीय पहचान को ढूढने तथा अतीत में गौरव का भाव पैदा करती थी।
- चिन्हः- उदाहरण झंडा- बंगाल में 1905 में स्वदेशी आंदोलन के दौरान सर्वप्रथम एक तिरंगा (हरा, पीला, लाल) जिसमें 8 कमल थे। 1921 तक आते आते महात्मा गांधी ने भी सफेद, हरा और लाल रंग का तिरंगा तैयार कर लिया था।
- इतिहास की पुर्नव्याख्याः- बहुत से भारतीय महसूस करने लगे थे कि राष्ट्र के प्रति गर्व का भाव जगाने के लिए भारतीय इतिहास को अलग ढंग से पढ़ाना चाहिए बाकि भारतीय गर्व का अनुभव कर सकें।
- गीत जैसे वंदे मातरमः- 1870 के दशक में बंकिम चन्द्र ने यह गीत लिखा मातृभूमि की स्तूति के रूप में। यह गीत बंगाल के स्वदेशी आंदोलन में खूब गाया गया।

1. मिलान कीजिए।

(क)	(ख)
1) हिन्द स्वराज	1) असहयोग आंदोलन का स्थगन
2) चौरी चौरा	2) सी. आर दास एवं मोतीलाल नेहरू
3) स्वराज पार्टी	3) महात्मा गांधी
4) रॉलट एक्ट	4) प्रथम विश्व युद्ध के बाद

2. पेशावर में सविनय अवज्ञा आंदोलन की अगुवाई _____ ने की थी।

3. पूना समझौता _____ और _____ के मध्य हुआ।

4. 1930 में मुस्लिम लीग के अध्यक्ष _____ थे।

5. मिलान कीजिए।

(क)	(ख)
1) बाबा रामचंद्र	1) गुदेम की पहाड़ियों में विद्रोह
2) बंकिम चन्द्र	2) जमीदारों व तालुकदोरा के खिलाफ आंदोलन
3) अल्लूरी सीताराम राजू	3) जवाहर लाल नेहरू
4) अवध किसान सभा	4) आनन्द मठ

6. 1921 में भारतीय तिरंगे झंडे का डिजाईन किसने तैयार किया था?

(क) महात्मा गांधी

(ख) जे. एल नेहरू

(ग) मोतीलाल नेहरू

(घ) राम प्रसाद बिस्मिल

7. पिकेटिंग का अर्थ क्या है?

(क) कपड़ों और वस्तुओं का बहिष्कार

(ख) दुकान से चोरी

(ग) वस्तुओं का आयात

(घ) दुकान के आने जाने के रास्ते को अवरूद्ध करके विरोध करना

8. भिन्न समुदायों, क्षेत्रो एवं भाषायी समूह के लोगो ने निम्न के माध्यम से सामूहिक अपनेपन की भावना विकसित की।

(क) इतिहास और उपन्यास लोककथा, गीत, चिन्ह

(ख) बहुत सारी सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ

(ग) संयुक्त संघर्ष का अनुभव

(घ) उपरोक्त सभी।

9. किसने कहा "अस्पृश्यता को खत्म किए बिना अगले सौ साल तक भी स्वराज की स्थापना नहीं की जा सकती"

(क) मोतीलाल नेहरू

(ख) सुभाष चंद्र बोस

(ग) महात्मा गांधी

(घ) बी. आर अम्बेडकर

10. नीचे दिए गए कथन को सही करके दुबारा लिखें।

"महात्मा गांधी का यह विचार था कि भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना ब्रिटिश लोगों के सहयोग से हुई थी।"

कथन और कारक पर आधरित प्रश्न

(क) कथन और कारक दोनो सत्य है तथा कारक कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन और कारक दोनों सत्य है लेकिन कारक कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन सही है लेकिन कारक गलत है।

(घ) कथन गलत है लेकिन कारक सही है।

11. कथनः-1917 में महात्मा गांधी ने गुजरात के खेड़ा जिले में किसानों

के समर्थन में सत्याग्रह का आयोजन किया।

कारकः- किसान फसल नष्ट हो जाने तथा प्लेग की महामारी से बुरी तरह प्रभावित थे तथा लगान देने की स्थिति में नहीं थे इसलिए लगान वसूली में ढील चाहते थे।

12. कथनः अपनी राष्ट्रीय पहचान को ढूँढने और अपने अतीत में गौरव का भाव पैदा करने के लिए इस लोक परंपरा को बचाकर रखना जरूरी था।

कारकः जवाहर लाल नेहरू ने लोक-गाथा, गीत, बाल गीत और मिथको को इकट्ठा करना शुरू कर दिया।

सत्य / असत्य

13. असहयोग आंदोलन की अगुवाई बाबा रामचंद्र ने की।

14. अल्लूरी सीताराम राजू गुदेम की पहाड़ियों में चलने वाले गुरिल्ला युद्ध के नेता थे।

15. किस महाद्वीप में आधुनिक राष्ट्रवाद का उदय राष्ट्र राज्यों के निर्माण से जुड़ा है?

(क) ऑस्ट्रेलिया

(ख) यूरोप

(ग) अफ्रीका

(घ) उत्तर अमेरिका

16. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत कब लौटे?

17. किस प्रांत ने प्रांतीय असेंबली के चुनाव का बहिष्कार नहीं किया।

18. रॉलट एक्ट में निम्न में से किसका प्रावधान था?

(क) राजनीति बंदियों को बिना अदालती कार्यवाही के जेल

(ख) सेना में जबरन भर्ती

(ग) जबरन बेगार

(घ) समान काम के लिए समान वेतन

19. नीचे लिखे कथन को सही करके दुबारा लिखें।

कथनः रॉलट एक्ट ने ब्रिटिश सरकार को भारत में सामाजिक आर्थिक क्रियाओं के दमन का अधिकार दिया।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. नीचे दिए गए स्त्रोत को ध्यान से पढ़े व दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इस कामयाबी से उत्साहित गांधी जी ने 1919 में प्रस्तावित रॉलट एक्ट के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आंदोलन चलाने का फैसला किया। भारतीय सदस्यों के भारी विरोध के बावजूद इस कानून को इम्पीरियल काउंसिल ने बहुत जल्दबाजी में पारित कर दिया था। इस कानून सरकार को राजनीति गतिविधियों को कुचलने और राजनीतिक को दो साल तक बिना मुकदमा चलाए जेल में बंद रखने का अधिकार था। महात्मा गांधी ऐसे अन्यायपूर्ण कानूनों के खिलाफ अहिंसक ढंग अवज्ञा चाहते थे। इसे 6 अप्रैल को एक हड़ताल से शुरू होना था।

शहरों में रैली-जुलूसों का आयोजन किया गया। रेलवे वर्कशॉप्स में हड़ताल पर चले गए। दुकानें बंद हो गई। इस व्यापर जन-उभार से तथा रेलवे व टेलीग्राफ जैसी संचार सुविधओं के भंग हो जाने की से भयभीत अंग्रेजों ने राष्ट्रवादियों पर दमन शुरू कर दिया। अमृतसर में शांतिपूर्ण जुलूस पर गोली चला दी। इसके बाद लेाग बैकों, डाकखानों रेलवे स्टशनो पर हमले करने लगे। मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और ने कमान सँभाल ली।

1) महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया क्योंकिः

(क) वे ब्रिटिश सरकार को सबक सिखाना चाहते थे।

(ख) वे भारत के स्वंतत्रता आंदोलन में उदारवादी विचारधारा लाना चाहते थे।

(ग) उन्हे हिदू और मुस्लिम को साथ लाने का एक अवसर दिखा

(घ) दोनों (क) और (ख)

2) महात्मा गांधी ने एक व्यापक स्तर के आंदोलन को चलाने का फैसला क्यों किया ?

(क) रॉलट सत्याग्रह बड़े कस्बो और शहरों तक ही सीमित था।

(ख) रॉलट सत्याग्रह में सिर्फ पढ़े लिखे लोगों ने भाग लिया।

(ग) रॉलट सत्याग्रह में सिर्फ ग्रामीणों ने भाग लिया।

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

3) मार्च 1919 में खिलाफत समिति का गठन क्यों किया गया ?

(क) मुस्लिमों का कोई राजनीतिक संगठन नहीं था।

(ख) पहली बार मुस्लिम नेतृत्व उभरा था।

(ग) मुस्लिमों के लिए एक अगल राज्य की मांग।

(घ) खलीफा की तात्कालिक शक्तियों की रक्षा के लिए।

4) असहयोग आंदोलन के मुख्य लक्ष्य क्या थे ?

(क) खलीफा का सहयोग तथा स्वराज

(ख) हिन्दू और मुस्लिम को पास लाना

(ग) भारत की स्वतंत्रता पाना

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़िए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (Inalienable) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें। हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार

को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है। भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एव आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है। इसलिए हमार विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधो को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए।'

1) यह शपथ किसके नेतृत्व में ली गई ?

(क) सुभाष चंद्र बोस

(ख) महात्मा गांधी

(ग) जवाहर लाल नेहरू

(घ) मोतीलाल नेहरू

2) ब्रिटिश शासन किन अर्थो में दमनकारी था ?

3) इस शपथ का भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन पर तात्कालिक प्रभाव क्या पड़ा ?

4) 26 जनवरी 1930 को लेकर क्या फैसला लिया गया ?

(क) एकता दिवस के रूप में मनाना

(ख) स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाना

(ग) सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

3. 6 जनवरी 1921 को संयुक्त प्रांत में रायबरेली के पास पुलिस ने किसानों पर गोली चलाई। जवाहरलाल नेहरू घटनास्थल का दौरा करना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। गुस्से में नेहरू ने अपने आसपास खड़े किसानों को ही संबोधित कया। बाद में इस सभा के बारे में उन्होंने बताया था-

इसका आचरण खतरे के सामने होते हुए भी बहादुर, शांत और निश्चित लोगों जेसे था। पता नहीं उन्हें क्या महसूस हो रहा था लेकिन मुझे पता है कि क्या महसूस कर रहा था। एक पल के लिए मेरा भी खून खौल उठा था, अहिंसा तो न जाने कहाँ छूट गई थी- लेकिन सिर्फ एक पल के लिए। जिसे ईश्वर की कृपा से हमें विजयद्वार पर ले जाने के लिए भेजा गया है उस महान नेता के विचार मुझे याद आ गए और मैंने देखा कि मेरे आसपास बैठे और खड़े किसान मेरे से कम उत्तेजित, मेरे से ज्यादा शांत थे। मेरी दुर्बलता का यह क्षण बीत गया। मैंने पूरी विनम्रता के साथ अहिंसा पर उनसे बात की - यह सबक उनसे ज्यादा मुझे सीखना था- उन्होंने मेंरी बात समझी और शांति से चले गए।

1) जवाहर लाल नेहरू द्वारा किस किसान संस्था की स्थापना की गई।

(क) अखिल भारतीय किसान सभा

(ख) किसान सभा

(ग) अवध किसान सभा

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2) उपरोक्त गद्यांश में 'महान नेता' किसको कहा गया है ?

(क) बाबा रामचंद्र

(ख) महात्मा गांधी

(ग) अल्लूरी सीताराम राजू

(घ) सुभाष चंद्र बोस

3) असहयोग आंदोलन में किसानों की क्या मांग थी ?

(क) भारी किराया कम करना

(ख) विविध कर में छूट

(ग) बेगार का अंत

(घ) सभी

4) किसानों का आंदोलन किसे खिलाफ था ?

(क) पुलिस

(ख) तालुकदार और जमींदार

(ग) ब्रिटिश सेना

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर

1) (क - 3) (ख - 1) (ग - 2) (घ - 4)

2) खान अब्दुल गफ्फार खान

3) महात्मा गांधी और लॉर्ड इरविन

4) मुहम्मद इकबाल

5) (क - 2) (ख - 4) (ग - 2) (घ - 3)

6) महात्मा गांधी

7) घ

8) घ

9) ग

10) .....भारतियों के सहयोग से

11) क

12) ग

13) असत्य

14) सत्य

15) यूरोप

16) 1915

17) मद्रास

18) क

19) राजनीतिक गतिविधियों को कमजोर करने के लिए।

स्त्रोत आधरित प्रश्न (हल)

उत्तर 3 (1) ग

3 (2) ख

3 (3) घ

3 (4) ख

लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. असहयोग आंदोलन आरंभ किए जाने के क्या कारण थे? इस आंदोलन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी पर प्रकाश डालिए। इसके कार्यक्रम/ कार्य पद्धति, प्रगति एवं अंततः समाप्ति को समझाइए।
2. खिलाफत आंदोलन को प्रारम्भ करने के मुख्य कारण कौन से थे? भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उसका क्या योगदान था?
3. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति लोगों और औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार प्रतिक्रिया व्यक्त की? किन परिस्थितियों में गाँधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया।
4. ''प्रथम विश्वयुद्ध' ने एक नई आर्थिक व राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी। समीक्षा कीजिए।
5. गाँधीजी की नमक यात्रा कई कारणों से उल्लेखनीय थी। समीक्षा कीजिए। सविनय अवज्ञा आंदोलन की सीमाएँ क्या थीं? इसके महत्व का वर्णन कीजिए।
6. भारत में राष्ट्रवाद की भावना पनपने में किन कारकों का योगदान था? राष्ट्रवाद के विकास का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा?
7. असम में बागान मज़दूरों के लिए स्वराज की अवधारणा क्या थी?
8. भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया?
9. भारत के लोग रॉलट एक्ट के विरोध में क्यों थे?
10. गाँधी-इर्विन समझौते की विशेषताएँ क्या थीं?
11. सविनय अवज्ञा आंदोलन असहयोग आंदोलन के मुकाबले किस तरह अलग था? सविनय अवज्ञा आंदोलन की विशेषताएँ लिखिए।
12. 1916 के लखनऊ समझौते का इतिहास में क्या महत्व था?
13. अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? असहयोग आंदोलन में उनका योगदान बताइए।
14. सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।

लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. **आंदोलन के कारण :-**

-- प्रथम महायुद्ध की समाप्ति पर अंग्रेजों द्वारा भारतीय जनता का शोषण।

-- अंग्रेजों द्वारा स्वराज प्रदान करने से मुकर जाना।

-- रॉलेट एक्ट का पारित होना

-- जलियाँवाला बाग हत्याकांड

-- कलकत्ता अधिवेशन में 1920 में कांग्रेस द्वारा असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव बहुमत से पारित।

विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी :-

1. शहरों में आन्दोलन
2. ग्रामीण इलाकों में विद्रोह
3. आदिवासी क्षेत्रों में विद्रोह
4. बागानों में स्वराज

कार्यपद्धति, प्रगति -

1. चरणबद्ध योजना प्रक्रिया।
2. प्रथम चरण - सरकारी पदवियों, नौकरियों, सेना, पुलिस, स्कूलों, विद्यार्थी परिषदों व विदेशी वस्तुओं का त्याग।
3. **दूसरा चरण** - व्यापक स्तर पर सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ होना शामिल था।

समाप्ति - गाँधी जी द्वारा चौरी-चौरा में हुई हिंसक घटना के फलस्वरूप आंदोलन वापस ले लिया गया।

2. ★ तुर्की साम्राज्य (खलीफा) का अंग्रेजों द्वारा अपमान।
   ★ लखनऊ समझौते (1916) के बाद कांग्रेस के साथ मुस्लिम

लीग का समझौता।

★ असहयोग आंदोलन कांग्रेस द्वारा आरंभ होना तथा मुसलमानों को मिलाकार खिलाफत आंदोलन के साथ करना।

योगदान :–

1) हिंदुओं और मुसलमानों में एकता का बीजारोपण।

2) राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला।

3. लोगों ने सरकारी कानूनों को भंग करना शुरू कर दिया। आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने कठोरता से काम लिया। हजारों जेल गए। गाँधीजी को कैद कर लिया गया। अब जनता इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने लगी। गाँधी इरविन समझौते के कारण।

4. -- प्रथम विश्व युद्ध के उपरांत स्वराज देने का वचन नकार दिया गया।

-- आर्थिक स्थिति दयनीय- बेरोज़गारी व बेकारी से मज़दूर, शिल्पकार आदि सभी ग्रसित थे।

-- युद्ध ने राष्ट्रीयता के भाव जागृत किए। लोग दमनकारी सरकार के विरूद्ध एकजुट हुए।

5. -- नमक कर ब्रिटिश सरकार का सबसे दमनात्मक पहलू बताया गया।

-- गाँधीजी द्वारा विश्वस्त वालंटियरों के साथ नमक यात्रा शुरू।

-- राष्ट्रीय आंदोलन से आम आदमी के मुद्दे को जोड़ना।

-- कानून का उल्लंघन। प्रदर्शन व विदेशी चीजों का बहिष्कार

-- शराब की दुकानों पर पिकेटिंग।

-- सभी लोग स्वराज की अमूर्त अवधारणा से प्रभावित नहीं थे।

-- समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा नहीं लिया।

-- समाज के वर्ग एक दूसरे की तरफ संशकित थे।

6. 1) साहित्य, लोक कथाओं, गीतों व चित्रों के माध्यम से राष्ट्रवाद का प्रसार।

2) भारत माता की छवि रूप लेने लगी।
3) लोक कथाओं द्वारा राष्ट्रीय पहचान।
4) चिह्नों और प्रतीकों के प्रति जागरूकता। उदाहरण झंडा।
5) इतिहास की पुनर्व्याख्या।

7. 1) अनुबंध के नियमों का उल्लंघन।
2) चाय बगानों से बाहर निकलना।
3) असहयोग आंदोलन में सम्मिलित होना।
4) कृषि भूमि तथा सुख सुविधाओं को प्राप्त करना।

8. 1) समय से पहले गठन।
2) शासन में सुधार जैसी कोई बात नहीं।
3) एक भी भारतीय शामिल नहीं किया गया।

9. 1) यह एक काला कानून था।
2) इस कानून के अंतर्गत किसी को लंबे समय तक जेल में डाला जा सकता था।
3) विश्व युद्ध के बाद इसे खत्म करना था पर सरकार ने इसे बनाए रखा। इसका विरोध आम जनता ने किया।

10. 1) 5 मई 1931 ई. को गाँधी इरविन समझौता।
2) सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर दिया जाये।
3) पुलिस द्वारा किए अत्याचारों की निष्पक्ष जाँच की जाये।
4) नमक पर लगाए गए सभी कर हटाए जाएँ।

11. 1) इस बार लोगों को न केवल अंग्रेजों का सहयोग न करने के लिए बल्कि औपनिवेशिक कानूनों का उल्लंघन करने के लिए

आह्वान किया जाने लगा।

2) देश के विभिन्न भागों में हजारों लोगों ने नमक कानून तोड़ा तथा सरकारी नमक कारखानों के सामने प्रदर्शन किए।

3) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया जाने लगा।

4) किसानों ने लगान और चौकीदारों ने कर चुकाने से इन्कार कर दिया।

5) वनों में रहने वाले लोगों ने वन कानूनों का उल्लंघन करना आरंभ कर दिया।

12. हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए महत्वपूर्ण।

1) नरम दल व गरम दल के संबधों में सुधार।

2) भारतीय समाज और अंग्रेजो के मध्य रिश्ते बेहतर हुए।

13. अल्लूरी सीताराम राजू ने आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों के आदिवासी किसानों का नेतृत्व किया।

1) वह एक रोचक व्यक्ति थे। इन्हें खगोलीय ज्ञान प्राप्त था।

2) लोगों का मानना था कि उनके पास विशेष शक्तियाँ हैं जिससे वह लोगों को स्वस्थ कर सकते हैं।

3) वह गाँधी जी के प्रशंसक थे।

14. 1) औरतों ने बहुत बड़ी संख्या में गाँधी के नमक सत्याग्रह में भाग लिया। हजारों औरतें उनकी बात सुनने के लिए यात्रा के दौरान घरों से बहार आ जाती थीं।

2) उन्होंने जलूसों में भाग लिया, नमक बनाया, विदेशी कपड़ों और शराब की दुकानों की पिकेटिंग की।

3) कई महिलाएँ जेल भी गईं।

4) ग्रामीण क्षेत्रों की औरतों ने राष्ट्र की सेवा को अपना पवित्र दायित्व माना।

3/5 अंकों के प्रश्न

प्र. 1. महात्मा गांधी के राष्ट्रवाद को लेकर बागान श्रमिकों के अपने अलग विचार थे। उन्होंने इसमें किसी प्रकार की भूमिका अदा की।

प्र. 2. विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आंदोलनों ने भारत में राष्ट्रवाद के निर्माण में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

प्र. 3. स्वराज की अमूर्त अवधारणा से समाज के सभी लोग समान रूप से प्रभावित नहीं थे।

सविनय अवज्ञा आंदोलन के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।

उत्तरमाला

1. स्वराज को लेकर बागान श्रमिकों की अपनी अलग धारणा थी।
   - बागान में स्वतंत्र घूमना।
   - अपने मूल स्थान जाने की स्वतंत्रता
   - उन्होंने बागान मालिकों के आदेशों को मानने से इंकार कर दिया।
   - सबको जमीन पर मालिकाना हक मिलेगा।
2.
   - सामूहिक संघर्ष से सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित होता है।
   - विभिन्न सांस्कृतिक क्रियाकलापों से राष्ट्रवाद का निर्माण होता है।
   - विभिन्न ऐतिहासिक किताबें, कहानियां, लोक-कथाओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना बलवती होती है।
   - अधिकांशतः कोई चित्र राष्ट्रवाद की भावना को आकार प्रदान करता है।
   - चित्रों के माध्यम से राष्ट्र की भावना बलवती होती है।
3.
   - विभिन्न अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग दमित वर्ग एसोसिएशन से जुड रहे थे।
   - विभिन्न राजनैतिक नेता इन लोगों के लिए आरक्षण आधारित प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे थे।

- विभिन्न मुस्लिम नेता पहले ही अपनी चिंता व्यक्त कर चुके थे।
- उनके मन में अपने विचारों के कुचले जाने का भय था।

अभ्यास प्रश्न

प्र.1 विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोग किस प्रकार के सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित करते हैं?

प्र.2 आर्थिक स्तर पर असहयोग आंदोलन के क्या प्रभाव पड़े?

प्र.3 शहरी क्षेत्रों में असहयोग आंदोलन धीमा क्यों पड़ता चला गया?

प्र.4 भारत के विभिन्न आंदोलनों में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्र.5 पूना पैक्ट पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख केंद्र





भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्र

अध्याय 3

भूमंडलीकृत विश्व का बनना

परिचय- वैश्विक दुनिया के निर्माण का एक लंबा इतिहास है - व्यापार का, प्रवास का, काम की तलाश में लोगों का, पूंजी की आवाजाही का, और बहत कछ। जैसा कि हम आज हमारे जीवन में वैश्विक अंतर्संबंध के नाटकीय और दृश्य संकेतों के बारे में सोचते हैं, हमें उन चरणों को समझने की आवश्यकता है जिनके माध्यम से यह दुनिया जिसमें हम रहते हैं, उभरा है।

चरण विशेषताएँ

प्राचीन काल
1- यात्रियों, व्यापारियों, पुजारियों और तीर्थयात्रियों ने जान, अवसर और आध्यात्मिक पूर्ति के लिए या उत्पीड़न से बचने के लिए विशाल दूरी तय की। 2- वे अपने साथ सामान, पैसा, मूल्य, कौशल, विचार, आविष्कार और यहां तक कि रोगाणु और बीमारियां भी ले गए। 3- 3000 ईसा पूर्व , एक सक्रिय तटीय व्यापार ने सिंधु घाटी की सभ्यताओं को वर्तमान पश्चिम एशिया के साथ जोड़ा 4- रेशम मार्ग ने चीन को पश्चिम से जोड़ा 5- भोजन ने अमेरिका से यूरोप और एशिया की यात्रा की 6- नूडल्स चीन से इटली की यात्रा करते हुए स्पेगेटी बन गया 7- यूरोपीय विजेता अमेरिका में चेचक के रोगाणु ले गए। एक बार प्रस्तुत किए जाने के बाद, यह महादवीप में गहरे फैल गया

19वीं शताब्दी (1815–1914)
– वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था का विकास हुआ। 2– ब्रिटिश मांग को पूरा करने के लिए रूस, अमेरिका, आस्ट्रेलिया में खाद्य उत्पादन का विस्तार। 3– ब्रिटेन में कॉर्न लॉ लागू, उदयोगपतियों और शहरी निवासियों ने सरकार को कॉर्न लॉ को खत्म करने के लिए मजबूर किया 4– टेकनोलॉजी जैसे रेलवे, स्टीम शिप, टेलीग्राफ ने वैश्वीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई 5– यूरोप ने अफ्रीका और एशिया को उपनिवेश के रूप मैं जीत लिया 6– भारत से गिरमिटिया श्रमिकों का पत्रायन

अंतर युद्ध अर्थव्यवस्था (दो विश्व युद्धों के बीच)
1–प्रथम विश्व युद्ध ने अमेरिका को कर्जदार की बजाय कर्जदाता मैं बदल दिया 2–यूरोप में गेहूं का उत्पादन कम हुआ लेकिन कनाडा, अमेरिका और में बढ़ा 3– बड़े पैमाने पर उत्पादन और खपत का उदय 4– संयुक्त राज्य अमेरिका में 1929 की आर्थिक महामंदी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया 5– भारत का निर्यात और आयात गिर गया, किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ 6–शहरी क्षेत्र में औद्योगिक निवेश बढ़ा

युद्ध के बाद का युग (द्वितीय विश्व युद्ध के बाद)
1- सयुक्त राष्ट्र अमेरिका और सोवियत संघ विश्व शक्ति के रूप में उभरे
2- ब्रेटन वुड्स सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक की स्थापना की।
3- एशियाई और अफ्रीकी देशों का अनौपनिवेशीकरण और स्वतंत्रता
4- जी -77 का गठन, जिसने नए आर्थिक विश्व व्यवस्था की मांग की
5- ब्रेटन वुड्स प्रणाली का अंत और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की शुरुआत और वैश्वीकरण।

स्मरणीय तथ्य----

1) **भूमंडलीकरण**- दुनिया भर में आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक प्रणालियों का एकीकरण। इसका मतलब यह है कि वस्तुओं और सेवाओं, पूंजी और श्रम का व्यापार दुनिया भर में किया जाता है, देशों के बीच सूचना और शोध के परिणाम आसानी से प्रवाहित होते हैं।

2) **रेशम मार्ग** - सिल्क रूट (रेशम मार्ग) एक ऐतिहासिक व्यापार मार्ग था जो कि दूसरी शताब्दी ई.पू. 14 वीं शताब्दी तक, यह चीन, भारत, फारस, अरब, ग्रीस और इटली को पीछे छोड़ते हुए एशिया से भूमध्यसागरीय तक फैला था। उस दौरान हुए भारी रेशम व्यापार के कारण इसे सिल्क रूट करार दिया गया था।

3) **कॉर्न लॉ** - सरकार (यू.के.) को मक्के के आयात को प्रतिबंधित करने की अनुमति देने वाले कानूनों को आमतौर पर कॉर्न लॉ के रूप में जाना जाता था।

4) रिंडरपेस्ट प्लेग - रिंडरपेस्ट एक तेजी से फैलने वाला पशु प्लेग है जो अफ्रीका में ।880 के दशक के अंत में फैला था।

5) ब्रेटन वुड्स संस्थान - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), और विश्व

बैंक को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में विश्व अर्थव्यवस्था के क्रमिक विकास के लिए बनाया गया था।

6) गिरमिटिया (अनुबंधित) श्रमिक- अनुबंध के तहत एक बंधुआ मजदूर जो अपने नियोक्ता या मालिक के पास एक निश्चित समय काम करने के बाद अपने देश लौटने को आजाद होता है।

7) श्रम का प्रवाह - काम की तलाश में नए क्षेत्रों में लोगों का प्रवासन।

8) होसे - त्रिनिदाद वार्षिक मुहर्रम के जुलूस को 'होसे' (इमाम हुसैन के लिए) नामक एक विशाल उत्सवी मेले में बदल दिया गया, जिसमें सभी जातियों और धर्मों के कार्यकर्ता शामित्र हुए।

3) G-77- G77 विकासशील देशों द्वारा एक नए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक आदेश (NIEO) की मांग करने वाला एक समूह था जो इन देशों को उनके राष्ट्रीय संसाधनों, कच्चे माल, निर्मित वस्तुओं और उनके बाजारों पर वास्तविक नियंत्रण प्रदान करेगा।

10) वीटो- एक कानून या निकाय द्वारा किए गए प्रस्ताव को अस्वीकार करने का संवैधानिक अधिकार।

11) टैरिफ - एक देश के आयात या निर्यात पर दूसरे देश द्वारा लगाया जानेवाल कर। प्रवेश के बिंदु पर शुल्क लगाया जाता है, अर्थात, सीमा या हवाई अड्डे पर।

12) विनिमय दरें - वे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रयोजनों के ल्लिए राष्ट्रीय मुद्राओं को जोड़ती हैं। मोटे तौर पर दो प्रकार की विनिमय दरें हैंः निश्चित विनिमय दर और अस्थायी विनिमय दर।

लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न (1 अंक)

1. 19 वीं सदी की शुरुआत में भारत से ब्रिटेन को कपास के वस्त्र निर्यात में गिरावट का कारणः

(क) ब्रिटेन में कपास आयात पर टैरिफ लागू करना।

(ख) सूती कपड़े की गुणवत्ता खराब थी।

(ग) भारत में कच्चे कपास की कमी।

(घ) कपास उत्पादकों को अन्य खरीदार मिल्रे थे।

2. यूरोप में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान महिलाओं ने नौकरियों में कदम रखा जो पहले पुरुषों से करने की उम्मीद की जाती थी। क्या कारण था ?

(क) क्योंकि पुरुष लड़ाई पर गए थे।

(ख) क्योंकि पुरुष नौकरी की तलाश में दूसरे देशों में गए थे।

(ग) समाज में महिलाओं के उदारीकरण के कारण।

(घ) क्योंकि पुरुषों ने घरेलू काम का प्रभार लेने का फैसला किया।

3. प्रथम विश्व युद्ध में निम्नलिखित में से किसने भाग नहीं लिया था ?

(क) डेनमार्क

(ख) जर्मनी

(ग) फ्रांस

(घ) इंग्लैंड

4. ऑटोमोबाइल निर्माण के लिए किसने 'असेंबली लाइन' की अवधारणा को अपनाया ?

(क) टी. कुपोला

(ख) हेनरी फोर्ड

(ग) सैमुअल मोर्स

(घ) क्रिस्टोफर कोलंबस

5. 19 वीं सदी में हजारों लोग अमेरिका के लिए यूरोप से भाग गए। इसका कारण था–

(क) गरीबी और व्यापक घातक बीमारियाँ

(ख) प्राकृतिक आपदा

(ग) राष्ट्रों के बीच युद्ध का प्रकोप

(घ) प्लेग का प्रकोप

6. वी.एस. नायपॉल कोन थे?

7. प्राचीन समय में मानव समाज किस तरह आपस में जुड़े हुए थे?

8. दुनिया के सुदूर हिस्सों के बीच जीवंत, पूर्व-आधुनिक व्यापार और सांस्कृतिक लिंक का एक उदाहरण दीजिये।

9. लैटिन अमेरिका में अल-डोरैडो क्या है?

10. कोई भी दो कारक बताएं जिससे वैश्विक दुनिया बनाने में मदद मिले?

रिक्त स्थान भरें:

11. ..... एक तेजी से फैलने वाला पशु प्लेग है जो 880 के दशक के अंत में अफ्रीका से टकराया था।

12. प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) मुख्य रूप से ..... महाद्वीप के देशों के बीच लड़ा गया था।

13. अमेरिका की खोज ..... ने की थी।

निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत-

14. एशिया के लोगों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था रिंडरपेस्ट नाम की बीमारी से बुरी तरह प्रभावित थी।

15. कैरिबियन द्वीप गिरमिटिया प्रवासियों के ब्रिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य था।

16. यूरोपीय लोग प्राकृतिक संदरता के कारण अफ्रीका के प्रति आकर्षित हुए।

17. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण (R) के रूप में दो कथन दिए गए हैं। नीचे दिए गए कोड के अनुसार अपना उत्तर दें:
(A) त्रिनिदाद और गुयाना में लोकप्रिय चटनी संगीत, गिरमिटिया-अनुभव के बाद की एक और रचनात्मक समकालीन अभिव्यक्ति है।
(R) नायपॉल के कुछ शुरुआती उपन्यास नुकसान और अलगाव की भावना को पकड़ते हैं।
विकल्प:
(1) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सही है।

18. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण (R) के रूप में दो कथन दिए गए हैं। नीचे दिए गए कोड के अनुसार अपना उत्तर दें:

(A) 19वीं सदी पश्चात ब्रिटिश उत्पादकों ने भारतीय बाजार को पाट दिया था।

(R) ब्रिटेन को भारतीय निर्यात का मूल्य भारत को ब्रिटिश आयात के मूल्य से बहुत अधिक था।

विकल्प:

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सही है।

19. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण (R) के रूप में दो कथन दिए गए हैं। नीचे दिए गए कोड के अनुसार अपना उत्तर दें:

(A) सोलहवीं शताब्दी के मध्य तक पुर्तगाली और स्पैनिश विजय और अमेरिका का उपनिवेश निर्णायक रूप से चल रहा था।

(R) स्पैनिश विजेताओं का सबसे शक्तिशाली हथियार परमाणु बम था।

विकल्प:

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सही है।

उत्तर कुंजी

उ0 1. (क) ब्रिटेन में कपास आयात पर टैरिफ लगाना था।
उ0 2. (क) क्योंकि पुरुष लड़ाई में गए थे।
उ0 3. (क) डेनमार्क
उ0 4. (ख) हेनरी फोर्ड
उ0 5. (क) गरीबी और व्यापक घातक बीमारियां
उ0 6. एक लेखक, जिसके पूर्वज ने गिरमिटिया कार्यकर्ता के रूप में प्रवास किया।
उ0 7. ज्ञान, अवसर और आध्यात्मिक पूर्ति के लिए यात्रियों, व्यापारियों, पुजारियों और तीर्थयात्रियों द्वारा जो कि बड़ी दूरी की यात्रा करते हैं
उ0 8. रेशम मार्ग एक अच्छा उदाहरण हैं
उ0 9. सोने का शहर।
उ010. 1) व्यापार 2) काम की तलाश में 3) पैसा
उ011. रिंडरपेस्ट
उ012. यूरोप।
उ013. क्रिस्टोफर कोलंबस
उ014. गलत
उ015. सही
उ016. गलत
उ017. (2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं।
उ018. (3) A सही है लेकिन R गलत है।
उ019. (3) A सही है लेकिन R गलत है।

लघु/दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न (3/5 अंक)

प्र1. नहर बस्ती (कैनाल कॉलोनी) क्या हैं ?
प्र2. ऐसा क्यों कहा जाता है कि पहले विश्व युद्ध जैसा कोई दूसरा युद्ध नहीं था ? तीन बिंदुओं में बताएं।
प्र3. 19वीं शताब्दी में यूरोपीय लोग अमेरिका क्यों भाग गए ? तीन कारण बताइए।
प्र4. बहुत आर्थिक महामंदी के चरण के दौरान की अमेरिकी गणो कि वापसी में दुनिया के बाकी हिस्सों को किस प्रकार प्रभावित किया। किन्ही तीन बिन्दुओं में समझाइए।
प्र5. रिंडरपेस्ट ने अफ्रीकियों को अधीन करने में किस प्रकार अहम भूमिका अदा की ?

प्र6. उन्नीसवीं सदी के अंत में दुनिया भर में खाद्य उपलब्धता की कठिनाई को हल करने में तकनीक ने कैसे मदद की? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्र7. ब्रिटिश अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

प्र8. कॉर्न लॉ को खत्म करने के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

प्र9. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन कब आयोजित किया गया था? सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बताएं।

प्र10. 1929 की महामंदी ने भारत में किसानों और मध्यम वर्गों को अलग-अलग तरीकों से कैसे प्रभावित किया?

प्र11. पूर्व-आधुनिक दुनिया में बीमारी के वैश्विक हस्तांतरण ने अमेरिका के उपनिवेशीकरण में कैसे मदद की?

प्र12. अधिशेष व्यापार से आपका क्या अभिप्राय है? भारत के संदर्भ में व्यापार संतुलन हमेशा ब्रिटेन के लिए अनुकूल क्यों है?

प्र13. वैश्वीकरण क्या है? अंतरराष्ट्रीय आर्थिक विनिमय के भीतर तीन प्रकार के आंदोलनों या प्रवाह की व्याख्या करें।

प्र14. आर्थिक मंदी के क्या कारण थे?

फैक्ट्रियों का आनाः–

- विश्व में सबसे पहले कारखाने 1730 के दशक में इंग्लैड में खुले।
- इस नए युग का पहला प्रतीक कपास था।
- कारक जिन्होंने इसे संभव बनाया – कई अविष्कार तथा बदलावों की श्रृंखला से उत्पादन प्रक्रिया में सुधार
- उत्पादन की सारी प्रक्रियाओं तथा प्रबंधन का एक छत के नीचे आना।

औद्योगिक परिवर्तन की रफ्तार

- औद्योगीरण का मतलब सिर्फ फैक्ट्री उद्योग का विकास नहीं था।
- कपास तथा सूती वस्त्र उद्योग एवं लोहा व स्टील उद्योग में बदलाव काफी तेजी से हुए और ये ब्रिटेन के सबसे फलते फूलते उद्योग थे।
  कपास 1840 के दशक में इंग्लैड में रेलवे के विस्तार से
- लोहा एवं इस्पात उद्योग का तेजी से विकास हुआ 1840 के दशक में इंग्लैंड में रेलवे के विस्तार से तथा 1860 के दशक में उपनिवेशों में रेलवे के विस्तार से।
- नए उद्योग परंपरागत उद्योग को आसानी से हाथियों पर ढकेल नहीं सकें। 19वीं सदी के आखिर मं भी तकनीकी रूप से विकसित औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरां की संख्या 20 प्रतिशत से कम थी।
- परंपरागत उद्योग भाप से चलने वाले या लोहा एवं इस्पात उद्योग से प्रभावित नहीं थे परंतु ये पूरी तरह से ठहराव की अवस्था में भी नहीं थे। बहुत सारे साधारण और छोटे-छोटे अविस्कार इन गैर-मशीनी उद्योगों का आधार थी।



इंग्लैंड में मजदूरों का जीवनः–

- कुल मिलाकर मजदूरों का जीवन दयनीय था।
- श्रम की बहुतायत की वजह से नौकरियों की भारी कमी।
- नौकरी मिलने की संभावन यारी-दोस्ती कुनबे-कुटुंब के जरिए जान पहचान पर निर्भर करती थी।
- बहुत सारे उद्योगों में मौसमी काम की वजह से कामगारों को बीच-बीच में बहुत समय तक खाली बैठना पड़ता था।
- मजदूरों की आय के वास्तविक मूल्य में भारी कमी इसलिए गरीबी।
- बेरोजगारी की आशंका की वजह से मजदूर नई प्रौद्योगिकी से चिढ़ने लगे तथा मशीनों पर हमला करने लगे।
- 1840 के दशक के बाद रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई क्यों कि सड़कों को चौड़ा किया गया, नए रेलवे स्टेशन बनें, रेलवे लाइनों का विस्तार किया गया।

उपनिवेशों में औद्योगिकरण

भारतीय कपड़े का युग

मशीन उद्योग से पहले का युग	मशीन उद्योग के बाद का युग (1780 के बाद)
• अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाजार में भारत के रेशमी और सूती उत्पादों का दबदबा • उच्च किस्म का कपड़ा भारत से आर्मीनियन और फारसी सौदागर पंजाब से अफगानिस्तान, पूर्वी फारस और मध्य एशिया लेकर जाते थे। • सूरत, हुगली और मसूली पट्नम प्रमुख बंदरगाह • विभिन्न प्रकार के भारतीय	• 1750 के दशक तक भारतीय सौदागरों के नियंत्रण वाला नेटवर्क टूटने लगा। • यूरोपीय कंपनियों की ताकत बढ़ने लगी। • सूरत तथा हुगली जैसे पुराने बंदरगाह कमजोर पड़ गए। • बंबई (मुंबई) तथा कलकता (कलकत्ता)एक नए बंदरगाह के रूप में उभरे • व्यापार यूरोपीय कंपनियों द्वारा नियंत्रित होता था तथा यूरोपीय

व्यापारी तथा बैंकर इस व्यापार नेटवर्क में शामिल थे। • दो प्रकार के व्यापारीः- आपूर्ति सौदागर तथा निर्यात सौदागर • बंदरगाहों पर बड़े जहाज मालिक तथा निर्यात व्यापारी दलाल के साथ कीमत पर मोल भाव करते थे और आपूर्ति सौदागर से माल खरीद लेते थे।	जहाजों के जरिए होता था। • शुरूआत में भारत के कपड़ा व्यापार में कोई कमी नहीं। • 18 वीं सदी यूरोप में भी भारतीय कपड़े की भारी मांग

<u>बुनकारों का क्या हुआ (यूरोपीय कंपनियों के आने से)</u>

- <u>ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा सत्ता स्थापित करेन से पहले</u> बुनकर बेहतर स्थिति में थे क्यों कि उनका उत्पाद खरीदने वाले बहुत खरीदार थे तथा वे मोल भाव करके सबसे अधिक कीमत देने वाले को अपना सामान बेच सकते थे।

ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा राजनीतिक सत्ता स्थापित करने के बाद बुनकरों की स्थिति (1760 के बाद)

- भारतीय व्यापार पर ईस्ट इंडिया कम्पनी का एकाधिकार
- कपड़ा व्यापार में सक्रिय व्यापारियों तथा दलालों को खत्म करके बुनकरो पर प्रत्यक्ष नियंत्रण।
- बुनकरों को अन्य खरीदारों के साथ कारोबार करने पर पाबंदी।
- बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए गुमाश्ता नाम के वेतनभोगी कर्मचारी की नियुक्ति। बुनकरो व गुमाश्ता के बीच अक्सर टकराव।
- बुनकरों को कंपनी से मिलने वाली कीमत बहुत ही कम।

मेनचेस्टर (ब्रिटिश कपड़े) का भारत आना

⇓

19वीं सदी के आते आते बुनकरों के सामने नई समस्याओं का जन्म

⇓

19वीं सदी के शुरूआत में - भारत से सूती वस्त्र के निर्यात में भारी कमी।

⇓

ब्रिटेन में कपड़ा उद्योग का विकास आयातित कपड़े पर आयात शुल्क का लगना तथा भारतीय बाजार में ब्रिटिश कपड़े की ब्रिक्री

भारतीय बुनकरों की समस्याएँः- नियति बाजार का ढह जाना, स्थानीय बाजार का संकुचित हो जाना, अच्छी कपास का ना मिल पाना तथा ऊँची कीमत पर कपास खरीदने के लिए मजबूर होना।

⇓

19वीं सदी के अंत तक भारत में फैक्ट्रियों द्वारा उत्पादन शुरू तथा भारतीय बाजार में मशीनी उत्पाद की बाढ़

आरंभिक फैक्ट्रीयां

★ पहली सूती कपड़ा मिल बम्बई - 1854

★ पहली जूट मिल - बंगाल - 1855

★ 1860 - कानपुर में एल्गिन मिल की स्थापना

★ 1874 - मद्रास में प्रथम कताई और बनाई मिल

भारत में फैक्ट्रियों का आना (19वीं सदी)

<u>भारतीय मजदूरों की दशा</u>

★ ज्यादातर मजदूर अस्थायी तौर पर रखे जाते थे।

★ फसलों की कटाई के समय गाँव लोट जाते थे

★ नौकरी मिलना कठिन था।

★ जॉबर मजदूरों की जिंदगी को पूरी तरह से नियंत्रित करते थे।

<u>प्रारंभिक उद्यमी</u>

★ ये सभी चीन के साथ व्यापार में शामिल थे। उदाहरण के लिए बंगाल में द्वारकानाथ टैगोर। इन्होने 6 संयुक्त उद्यम कंपनियाँ लगाई।

★ बम्बई में डिनशॉ पेटिट और जे. एन टाटा।

★ सेठ हुकुमचंद ने कलकता में पहली जूट मिल लगाई।

★ जी. डी बिड़ला ने भी यही किया।

★ मद्रास के कुछ सौदागर जो वर्मा मध्य पूर्व तथा पूर्वो अफ्रीका से व्यापार करते थे।

★ कुछ वाणिज्यिक समूह जो भारत के भीतर ही व्यापार करते थे।

प्रारंभिक मजदूर

★ ज्यादातर मजदूर आसपास के जिलो से आते थे।
★ अधिकांशतः वे किसान तथा कारीगर जिन्हे गाँव में काम नहीं मिलता था।
★ उदाहरण के लिए बंबई के सूती कपड़ा मिल मूं काम करने वाले ज्यादा मजदूर पास के रत्नागिरी जिले से आते थे।

औद्योगिक विकास का अनूठापनः-

★ भारत में औद्योगिक उत्पादन पर वर्चस्व रखने वाले यूरोपीय प्रबंधकीय एजेंसियों की कुछ खास तरह के उत्पादन में ही दिलचस्पी थी खासतौर पर उन चीजों में जो निर्यात की जा सकें, भारत में बेचने के लिउ लहीं जैसे- चाय, कॉफी, नील, जूट, खनन उत्पाद।
★ भारतीय व्यवसायियों ने वे उद्योग लगाए (19वीं सदी के आखिर में) जो मेनचैस्टर उत्पाद से प्रतिस्पर्धा नहीं करते थे। उदाहरण के लिए धागाा- जो कि आयात नहीं किया जाता था तो कपड़े की बजाय धागे का उत्पादन किया गया।
★ 20वीं सदी के पहले दशक में भारत में औद्योगिकरण का ढर्रा बदल गया। स्वदेशी आंदोलन लोगों को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए प्रेरित किया। इस वजह से भारत में कपड़ा उत्पादन शुरू हुआ। आगे चलकर चीन को धागे का निर्यात घट गया इस वजह से भी धागा उत्पादक कपड़ा बनाने लगे। 1900-1912 के बीच सूती कपड़े का उत्पादन दुगुना हो गया।
★ प्रथम विश्व युद्ध ने भारत में औद्योगिक उत्पादन को तेजी से बढ़ाया। नई फैक्ट्रियों की स्थापना की गई क्योंकि ब्रिटिश मिले युद्ध के लिए उत्पादन में व्यस्त थी।

लघु उद्योगों की बहुतायत

- ★ फैक्ट्रियों के विकास के बावजूद, बहुत कम औद्योगिक केंद्र मुख्यतः बंगाल और बंबई में।
- ★ श्रमिकों का बहुत छोटा प्रतिशत फैक्ट्रियों में काम करता था। 1911 में 5 प्रतिशत, 1931 में 10 प्रतिशत केवल।
- ★ ज्यादातर श्रमिक अभी भी गली, मौहल्लों में स्थित छोटी-छोटी वर्कशॉप और घरेलू इकाई में काम करते थे।
- ★ कई अविष्कारों की वजह से हथकरघा उद्योग की तकनीक में सुधार तथा हथकरघा वस्त्र के उत्पादन में लगातार वृद्धि। ऐसा ही एक अविष्कार था- फ्लाई शटल।
- ★ कुछ बुनकर मिलों के साथ प्रतिस्पर्धा का मुकाबला बेहतर तरीके से कार पाए उदाहरण के लए महीन किस्म का कपड़ा बनाने वाले क्योंकि इस किस्म के कपड़े की माँग में खराब फसल की स्थिति में भी उतार चढ़ाव नहीं आते है।



महत्वपूर्ण घटनाक्रम

1600	ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत आगमन ।
1730	इंग्लैंड में फैक्ट्रियों की शुरुआत।
1760	ब्रिटेन ने अपनी सूती मिलो की खपत के लिए कपास का आयात प्रारंभ किया।
1764	स्पिनिंग जेनी का आविष्कार (जेम्स हरग्रीव्स)।
1767	रिचार्ज आर्कराइट द्वारा सूती कपड़ा मिल की रूपरेखा।
1781	जेम्स वाट द्वारा स्टीम इंजन का आविष्कार एवं पेटेंट होना।
1785	कार्ट राइट ने बिजली से चलने वाले करघों का आविष्कार किया जो भाप का इस्तेमाल कातने और बुनने के लिए करते थे।
1830-40	द्वारकानाथ टैगोर द्वारा बंगाल में 6 संयुक्त उद्यम कंपनियों की शुरूआत।
1840	औद्योगिकरण के पिछले चरण में ब्रिटेन अग्रणी उत्पादक बना।
1850	लंदन में रेलवे स्टेशनों का विकास
1854	मुंबई में पहली कपास मिल (कपड़ा मिल) की स्थापना।
1855	बंगाल में पहली जूट मिल का खुलना।
1860	अमेरिकी गृहयुद्ध से कपास की आमद बंद और कानपुर में एल्गिन मिल खुली।
1861	अहमदाबाद में पहली कपड़ा मिल की स्थापना।
1863	लंदन में भूमिगत रेलवे की शुरुआत।
1873	ब्रिटेन से लौह इस्पात का निर्यात प्रारंभ।
1874	मद्रास में पहली करघा मशीन द्वारा उत्पादन प्रारंभ।
1900	ई. टी. पॉल म्यूजिक कंपनी ने किताब प्रकाशित की थी जिसकी जिल्द पर तस्वीर में नयी सदी के उदय (Dawn of Centuary) का ऐलान था

1912	पहली लोहा इस्पात कंपनी के शुरुआत जे.एन. टाटा द्वारा (जमशेदपुर में)।
1917	कोलकाता में पहली जूट मिल लगाने वाले मारवाड़ी सेठ हुकुमचंद ने चीन से व्यापार किया।
1941	35 प्रतिशत से ज्यादा हथकरघा में फ्लाई शटल का प्रयोग।

याद रखने की बातें

1 प्राच्य-यह शब्द उन देशों के लिए प्रयोग किया जाता है जो यूरोप के पूर्व में स्थित हैं।

2 पूंजी - यह मुद्रा की बड़ी मात्रा है जिसका निवेश किया जाता है या व्यापार या उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है।

3 समाजवादी- जिसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति का समान हिस्सा होता है तथा मुख्य उद्योगों का स्वामित्व और नियंत्रण सरकार का होता है।

4 स्पिनिंग जैनी - एक सूत काटने की मशीन जो जेम्स हर गीवजलीवर्स द्वारा 1764 में बनाई गई थी।

5 स्टेपल - एक व्यक्ति का एक व्यक्ति जो देशों के हिसाब से उनको स्टेपल करता है उसे छांटता है ।

6 फुलर्ज - चुन्नटों के सहारे कपड़े को समेटता है।

7 कार्डिंग- वह प्रकिया जिसमें कपास या ऊन आदि के रेशों को कताई के लिए तैयार किया जाता है।

8 फ्लाई शटल - रस्सी और पुलियो के के जरिए चलने वाला एक यांत्रिक औजार है जिसका बुनाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

9 भारत - में सबसे पहले आने वाले यूरोपीय पुतगाली थे।

नए आविष्कार	आविष्कारक
1. फ्लाई शटल	1. जॉन के
2. भाप इंजन	2. न्यूकॉमेन और जेम्स वाट
3. स्पिनिंग जेनी	3. जेम्स हरग्रीव्ज़

3/5 अंक वाले प्रश्न

1. मैनचेस्टर के आगमन से भारतीय बुनकरों के सामने क्या समस्या थी ?
2. प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत के औद्योगिक उत्पादन बढ़ने के क्या कारण थे ?
3. 1930 की महामन्दी के कारण लिखिए।
4. नए सौदागरों का शहरों में व्यापार स्थापित करना कठिन क्यों था ?
5. नए उद्योगपति परंपरागत उद्योगों की जगह क्यों नहीं ले सके ?
6. भारतीय सौदागरों के नियंत्रण वाला नेटवर्क क्यों टूटने लगा था ?
7. ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए गुमाश्तों को नियुक्त क्यों किया था ?
8. जॉबर कौन थे ? नई कारखाना प्रणाली में उनकी क्या स्थिति थी ?
9. ब्रिटिश निर्माताओं ने विज्ञापनों की मदद से भारतीय व्यापार पर किस प्रकार कब्जा किया ?
10. बाजार से श्रम की बहुतायत से श्रमिकों का जीवन कैसे प्रभावित हुआ ?
11. 19वीं शताब्दी में यूरोप के उद्योगपति मशीनों की अपेक्षा हाथ के श्रम को अधिक पसंद क्यों करते थे ?

3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–

1. (1) भारत के कपड़ा निर्यात में कमी
   (2) ईस्ट इंडिया कंपनी पर कपड़ा बेचने का दबाव।
   (3) कम लागत
   (4) स्थानीय बाजार सिकुड़ने लगे।
   (5) अच्छी कपास न मिलना।

2. (1) अंग्रेजों की युद्ध सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई फैक्ट्रियाँ स्थापित की गईं।
   (2) वर्दी के कपड़े, टैंट और चमड़े के जूते आदि सामान बनाने के लिए।
   (3) नए मजदूर काम पर लगा दिए गए और काम करने का समय बढ़ा दिया गया।

3. (1) प्रथम विश्व युद्ध के बाद निर्यात घटा।
   (2) अमेरिकी पूंजीपतियों द्वारा यूरोपीय देशों के लिए कर्जे बन्द।
   (3) कृषि में अति उत्पादन।
   (4) उद्योगों में मशीनीकरण।

4. (1) शहरों में उत्पादकों के संगठन और गिल्ड काफी शक्तिशाली थे।
   (2) कारीगरों को प्रशिक्षण देते थे।
   (3) उत्पादकों पर नियंत्रण रखते थे।
   (4) नए लोगों को अपने व्यवसाय में आने से रोकते थे।

5. (1) औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की संख्या कम थी।
   (2) प्रौद्योगिकीय बदलाव की गति धीमी थी।
   (3) कपड़ा उद्योग एक गतिशील उद्योग था।
   (4) प्रौद्योगिकी काफी महँगी थी।

(5) उत्पादन का एक बड़ा भाग कारखानों की बजाय गृह उद्योग से पूरा होता था।

6. (1) यूरोपीय कम्पनियों ने धीरे-धीरे स्थानीय अदालतों से विभिन्न प्रकार की रियायतें प्राप्त करके व्यापार पर अधिकार प्राप्त कर लिया था।

(2) बाद में व्यापार पर एकाधिकार प्राप्त कर लिया।

(3) सूरत और हुगली के बंदरगाहों पर व्यापार घटने लगा।

7. (1) वे बुनकरों को कर्ज देते थे।

(2) ताकि वे किसी और व्यापारी को अपना माल तैयार करके न दे सके।

(3) वे खुद कपड़ों की गुणवत्ता की जाँच करते थे।

8. (1) उद्योगपतियों ने मजदूरों की भर्ती के लिए जॉबर रखा था।

(2) जॉबर कोई पुराना विश्वस्त कर्मचारी होता था।

(3) वह गाँव से लोगों को लाता था।

(4) काम का भरोसा देता तथा शहर में बसने के लिए मदद देता।

(5) जॉबर मदद के बदले पैसे व तोहफों की मांग करने लगा।

9. (1) उत्पादों को बेचने के लिए कैलेण्डर अखबारों व मैग्जीन का प्रयोग।

(2) लेबलों पर भारतीय देवी देवताओं की तस्वीर लगी होती थी।

(3) विदेश में बनी चीज भी भारतीयों को जानी पहचानी लगती थी।

10. (1) शहर में नौकरी की संभावनाओं की खबर सुनते ही श्रमिक शहरों की तरफ दौड़ पड़े।

(2) जिनके सगे-सम्बन्धी शहरों में पहले से ही कार्यरत थे उनके जरिए नए लोगों को नौकरी मिल सकती थी।

(3) जिनका शहरों में कोई नहीं था वे हफ्तों भर प्रतीक्षा करते थे तथा पुलों के नीचे या रैन बसेरों में रात गुजारते थे।

11. (1) ब्रिटेन में उद्योगपतियों को मानव श्रम की कोई कमी नहीं थी।

(2) वे मशीन इसलिए लगाना नहीं चाहते थे क्योंकि मशीनों के लिए अधिक पूँजी निवेश करनी पड़ती थी।

(3) कुछ मौसमी उद्योगों के लिए वे उद्योगों में श्रमिकों द्वारा हाथ से काम करवाना अच्छा समझते थे।

(4) बाजार में अक्सर बारीक डिजाइन और खास आकारों वाली चीजों की माँग रहती थी जो हस्त कौशल पर निर्भर थी।

औद्योगीकरण का युग

1 अंक वाले प्रश्न

(क) रिक्त स्थान भरें।

1. ईस्ट इंडिया कंपनी के वेतन भोगी कर्मचारी जिन्हें बुनकरों पर निगरानी के लिए रखा गया था _____
2. पूर्वी देशों को खासतौर पर पूर्वी एशिया के देशों को कहते _____ थे।
3. _____और _____ ब्रिटेन के दो मुख्य आंरभिक उद्योग थे।
4. ऐसी मशीन जिसमे कताई की प्रक्रिया को तेज कर दिया तथा श्रम की मांग घटा दी _____।
5. कोश्ती _____ थे।

(ख) बहुविकल्पीय प्रश्नः

6. निम्न में से कौन सी एक युरोपीय प्रबंधक एजेंसी नही थी जो प्रथम विश्व युद्व के दौरान भारतीय उद्योग के एक बड़े भाग को नियंत्रित करती थी।

(i) बर्ड हीगलर्स एण्ड कम्पनी

(ii) एंड्रयू यूल

(iii) जार्डीन स्किनर

(iv) ईस्ट इंडिया कंपनी

7. 18वीं सदी भारत में निम्न में से किन बंदरगाह शहरों का पतन हुआ ?

(क) सूरत

(ख) बम्बई

(ग) कलकता

(घ) मद्रास

8. निम्न में से किस शहर को आदि औद्योगीकरण युग में फिनिशिंग सेंटर के नाम ये जाना जाता था ?

(क) लंदन

(ख) बर्लिन

(ग) पेरिस

(घ) रोम

9. फ्लाई शटल का प्रयोग निम्न में से किस लिए होता था ?

(क) धुलाई

(ख) बुनाई

(ग) सुखाने के लिए

(घ) सिलाई के लिए

10. निम्न में से कौन नए मजदूर लाने के लिए उद्योगपति की मदद करते थे ?

(क) जॉबर

(ख) बुनकर

(ग) कोश्ती

(घ) निर्यातक

11. एल्गिन मिल की स्थापना मद्रास में हुई।

12. फुलर का काम कपड़े को समेटना था।

13. भारतीय उद्योगपतियों द्वारा विज्ञापन में धार्मिक संदेश दिए गए।

14. भगवान श्रीकृष्ण की छवि का प्रयोग मुख्यतः बाल उत्पादों के प्रचार में किया जाता था।

15. औपनिवेशिक शासन काल में बम्बई तथा कलकता दो नए व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरे।

<u>कथन और कारक संबंधित प्रश्न</u>

निर्देशः- (क) यदि कथन (A) कारक (R) दोनों सत्य हैं तथा कारक कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख) यदि कथन (A) कारक (R) दोनों सत्य हैं परन्तु कारक कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) यदि कथन (A) सही है परन्तु कारक (R) गलत है।

(घ) यदि कथन (A) गलत है परन्तु कारक (R) सही है।

16. कथनः- जब मेनचैस्टर उद्योगपतियों ने भारत में कपड़ा बेचना शुरू किया तब उन्होने कपड़े के बंडल पर लेबल लगाना शुरू किया।

कारकः- लेबल गुणवता का प्रतीक थी क्योंकि जब खरीददार 'मेड इन मेनचैस्टर' मोटे अक्षरों में लिखा देखते थे तो खरीददारों को कपड़ा खरीदने में किसी तरह का डर नही रहता था।

17. कथनः- नए युग का पहला प्रतीक कपास था।

कारकः- विक्टोरियाई ब्रिटेन में उद्योगपति मशीन नहीं लगाना चाहते थे जो उन्हे मानव श्रम से निजात दिला दे तथा जिनमे बहुत पूँजी लगती थी।

18. कथनः- 1760 के दशक के बाद ईस्ट इंडिया कम्पनी की सता के सुदृढीकरण की शुरूआत में भारत के निर्यात में गिरावट नहीं आई।

कारकः- ब्रिटिश कपड़ा उद्योग अभी फैलना शुरू हुआ था और यूरोप में बरीक भारतीय कपड़े की भारी माँग थी।

19. कथनः- भारतीय बुनकर मेनचैस्टर उत्पाद के आने से फलने फूलने लगे।

कारकः- अमेरिका गृह युद्ध की वजह से अमेरिका से होने वाली कपास की आपूर्ति बाधित हुई।

20. कथनः- भारत के ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूर आस पास के जिलों से आते थे।

कारकः- किसान और कारीगर जिन्हें गाँवों में कोई काम नहीं मिलता था वे काम की तलाश में पास के औद्योगिक क्षेत्र में चले जाते थे।

उत्तरः-

1.	गोमाश्ता	11.	असत्य
2.	प्राच्य	12.	सत्य
3.	कपास, लोहा एवं इस्पात	13.	असत्य
4.	स्पिनिंग जेनी	14.	सत्य
5.	बुनकर समुदाय	15.	सत्य
6.	ईस्ट इंडिया कम्पनी	16.	(a)
7.	सूरत	17.	(c)
8.	लंदन	18.	(a)
9.	बुनाई	19.	(d)
10.	जॉवर	20.	(a)

प्रश्न 2. सेंसस रिपोर्ट ऑफ सेन्ट्रल प्रेविंसेज में बुनकरों के कोष्टि समुदाय के बारे में कहा गया था–

'भारत के अन्य भागों में महीन कपड़ा बनाने वाले बुनकरों की तरह कोष्टियों का भी बुरा समय चल रहा है। वे मैनचेस्टर से इतनी भारी तादाद में आने वाली आकर्षक चीजों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। हाल के सालों में वे बड़ी संख्या में यहाँ से जाने लगे हैं। वे मुख्य रूप से बिहार का रूख कर रहें हैं जहाँ दिहाड़ी मजदूर के तौर पर उन्हें रोजी–रोटी मिल जाती है.....''

सेंसस रिपोर्ट ऑफ सेन्ट्रल प्रोविंसेज, 1872, सुमित गुहा 'द हैंडलूम इंडस्ट्री इन सेंट्रल इंडिया, 1825–19509', दि इंडियन इकोनॉमिक एंड सोशल हिस्ट्री रिव्यू, 1989, में उद्धत।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

1. कोष्टि कौन थे ?
2. उन पर क्यों बुरा समय आ गया था ?
3. अंत में उन्हें किस प्रकार का कार्य करना पड़ा ?
4. वे क्यों मेनचैस्टर में बनी चीजों से प्रतिस्पर्धा करने में असक्षम थे।

प्रश्न 3. बंबई के एक मिल मजदूर वसंत पारकर ने कहा–

'मजदूर अपने बेटों को मिल में काम पर रखवाने के लिए जॉबर को पैसा देते थे...। मिल मजदूर शारीरिक और भावनात्मक रूप से उसके गाँव से गहरे तौर पर जुड़े होते थे। वह गाँव जाकर फसलों की कटाई करता था। कोंकणी लोग धान काटने और घाटी यानी गन्ना काटने गाँव में जाते थे। यह एक स्वीकृत व्यवस्था थी जिसके लिए मिल वाले छुट्टी दे देते थे।'

मीना मेनन एवं नीरा अदरकर, वन हंड्रेड इयर्स : वन हंड्रेड वॉइसेज, 2004

1. जॉबर कौन थे,
2. कामगार क्यों जॉबर को पैसे देते थे ?
3. जॉबर की सामाजिक स्थिति क्या थी ?
4. आरंभिक उद्योगों में मजदूर कहाँ से आते थे।

प्रश्न 4. विल थोर्न मौसमी काम की तलाश में निकलने वाले मजदूरों में से एक थे। उन्होनें ईंटें ढोई और अन्य छोटे-मोटे काम किए। वह बताते हैं कि नौकरी के इच्छुक किस तरह पैदल लंदन जाते थे-

'मैं हमेशा लंदन जाना चाहता था। मेरी इच्छा हमेशा एक पुराने दोस्त के खतों को पढ़कर और मजबूत हो जाती थी... वह ओल्ड केंट रोड गैस वर्क्स में काम करता है... आखिरकार मैंने जाने का मन बना लिया... नवंबर 1881 में। दो दोस्तों के साथ मैं सफ़र पर निकल पडा। हम इस आशा से भरे हुए थे कि वहाँ पहुँचते ही अपने दोस्त की मदद से हमें रोजगार मिल जाएगा।... जब हम निकले तो हमारे पास खास कोई पैसा नहीं था। लंदन तक के रास्ते के लिए खाने और रात को ठहरने का पैसा भी नहीं था। कई दिन हम 20 मील और कई बार उससे कम पैदल चलते थे... तीसरे दिन हमारे पैसे खत्म हो गए... दो रातें हमने बाहर ही सोते हुए गुजारीं... एक बार भूसे के ढेर तले और एक बार खेत में बने एक शेड में... लंदन पहुँचने पर मैंने अपने दोस्त को ढूढँने का प्रयास किया।... लेकिन नाकामयाब रहे। पैसा तो जा ही चुका था। इसलिए अब हमारे पास देर रात तक यहाँ-वहाँ भटकते रहने के अलावा और कोई चारा नहीं था। शाम को हम सोने का कोई ठिकाना ढूढँते थे। हमने एक पुरानी इमारत ढूँढी और एक रात उसी में बिताई। अगले दिन इतवार था। दोपहर बाद हम ओल्ड केंट गैस वर्क्स पहुँचे। वहाँ हमने काम के लिए अर्जी दे दी। यह देखकर मेरे अचरज की सीमा न रही कि हम जिसे ढूँढ रहे थे वह वहीं काम कर रहा था। उसने फोरमैन से बात की और मुझे नौकरी पर रख लिया गया।'

एच.जे. ड्योस एवं माइकल वुल्फ (सं.) द विक्टोरियन सिटी : इमेजेज एंड रियेलिटीज, 1973 में रेफेल के लेख 'कमर्स एडं गोअर्स' में उद्धत।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

1. काम की तलाश में लंदन जाने वाले मजदूरों को मुख्यतः कैसा काम दिया जाता था ?
2. मजदूरों को काम दिलवाने में सबसे बडा कारक क्या था ?
3. मजदूर लंदन में अपनी रातें कैसे बिताते थे ?
4. आंरभ में उद्योगपति क्यों मशीनें न लाकर हाथ के श्रम को प्राथमिकता देते थे ?

उत्तर स्त्रोत आधारित प्रश्न

उत्तर 2 (i) बुनकरों का एक समुदाय

2(ii) मैनचेस्टर से आने वाले महीन कपड़े की वजह से उनके उत्पाद के लिए बाजार खत्म हो गए थे।

2(iii) दिहाड़ी मजदूर के तौर पर।

2(iv) क्योंकि मैनचेस्टर से आने वाला कपडा महीन किस्म का था तथा अपेक्षाकृत सस्ता था।

उत्तर 3(i) जॉबर एक पुराना तथा विश्वस्त कर्मचारी होता था।

3(ii) कामगार फैक्ट्री में काम पाने के बदले जॉबर को पैसे देते थे।

3(iii) जॉबर समाज में एक ताकतवर और मजबूत व्यक्ति माना जाता था।

3(iv) आरंभिक उद्योगों में मजदूर आस पास के गाँवों से आते थे।

अध्याय-7

मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

शुरूआत में छपी पुस्तकें

- चीन, जापान एवं कोरिया में मुद्रण की सबसे पहली तकनीक विकसित हुई।
- 594 ई. से चीन में स्याही लगे काठ के ब्लाक या तख्ती पर कागज को रगडकर किताबें छापी जानें लगी थी। प्रारम्भिक चीनी किताबें एकॉर्डियन शैली में बनाई जाती थी।
- सिविल सेवा में नियुक्ति हेतू आवश्यक पुस्तक की पूर्ति के लिए चीन मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक रहा।
- व्यापारी अपने रोजमर्रा के कारोबार की जानकारी के लिए मुद्रित सामग्री का इस्तेमाल करने लगे।
- शंघाई मुद्रण - संस्कृति का नया केन्द्र बन गया।
- चीनी बौद्ध प्रचारक अपने साथ 768-770 ई. में अपने साथ छपाई की तकनीक लेकर जापान गए।
- जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ई. में छपी।

मुद्रण का युरोप जाना

↓

सिल्क रूट के माध्यम से ग्याहरवीं शताब्दी में चीनी कागज़ यूरोप पहुँचा।

↓

1925 में मार्को पोलो चीन से मुद्रण का ज्ञान लेकर इटली गया।

↓

किताबों की बढती माँग को पूरा करने के लिए अब पुस्तक विक्रेता सुलेखक या कातिब को रोजगार देने लगे।

↓

हस्तलिखित पांडुलिपियों के माध्यम से पुस्तकों की भारी माँग को पूर्ण कर पाना अंसभव था।

योहान गुटेन्बर्ग

योहान गुटेन्बर्ग के पिता व्यापारी थे और वह खेती की एक बड़ी रियासत में पल - बढ़कर बड़ा हुआ। वह बचपन से ही तेल और जैतून पेरने की मशीनें देखता आया था। बाद में उसने पत्थर पर पॉलिश करने की कला सीखी, फिर सुनारी और अंत उसने शीशे की इच्छित आकृतियों में गढ़ने में महारत हासिल कर ली। अपने ज्ञान और अनुभव का इस्तेमाल उसने अपने नए अविष्कार में किया। जैतून प्रेस ही प्रिटिंग प्रेस का आदर्श बनी और साँचे का उपयोग अक्षरों की धातुई आकृतियों को गढ़ने के लिए किया गया। गुटेनबर्ग ने 1448 तक अपना यह यंत्र मुकम्मल कर लिया और इससे सबसे पहली जो पुस्तक छपी वह थी बाइबिल। शुरू-शुरू में छपी किताबें अपने रंग रूप में और साज-सज्जा में हस्तलिखित जैसी ही थी। 1440-1550 के मध्य यूरोप के ज्यादातर देशों में छापेखाने लग गए थे।

मुद्रण क्रांति और उसका असर

- छापेखाने के आने से एक नया पाठक वर्ग पैदा हुआ।
- छपाई में लगने वाली लागत व श्रम कम हो गया।
- छपाई से किताबों की कीमत गिरी।
- बाजार किताबों से पट गई, पाठक वर्ग भी बृहत्तर होता गया।
- मुद्रण क्रांति के कारण पहले जो जनता श्रोता थी वह अब पाठक में बदल गई।
- अब किताबें समाज के व्यापक तबकों तक पहुँच चुकी थी।

पढ़ने का जुनून

- अलग-अलग संप्रदायों के चर्चों ने गाँवों में स्कूल स्थापित किए और किसानों-कारीगरों को शिक्षित करने लगे।
- यूरोप के कुछ हिस्सों में तो साक्षरता 60 से 80 प्रतिशत तक हो गई।
- इंग्लैंड में पेनी चैपबुक्स या एकपैसिया किताबें बेचनेवालों को चैपमैन कहा जाता था।
- फ्रांस में बिब्लियोथीक ब्ल्यू का चलन था, जो सस्ते कागज़ पर छपी और नीली जिल्द में बँधी छोटी किताबें हुआ करती थीं।
- फ्रांस में 1857 में सिर्फ बाल-पुस्तकों को छापने के लिए एक मुद्रणालय की स्थापना की गई।
- जर्मनी के गिम्र बंधुओं ने बरसों लगाकर किसानों के बीच से लोक कथाओं को एकत्र कर 1812 में उन्हें छापा।
- सत्रहवीं शताब्दी में ही किराए पर पुस्तक देने वाले कई पुस्तकालय अस्तित्व में आ चुके थे। उन्नीसवीं शताब्दी में इंग्लैंड में ऐसे पुस्तकालयों के उपयोग मजदूरों आदि को शिक्षित करने के लिए किए जाने लगा।
- अठाहरवीं शताब्दी में पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू हुआ, जिनमें समसामायिक घटनाओं की खबर के साथ मनोरंजन भी परोसा जाने लगा।
- टॉमस पेन, वॉल्तेयर और ज्या ज़ाक रुसो जैसे दार्शनिकों की किताबें भी भारी मात्रा में छपीं व पढी जाने लगी जिससे विज्ञान, तर्क और विवेकवाद के उनके विचार लोकप्रिय साहित्य में जगह पाने लगे।
- इंग्लैंड में 1920 के दशक में लोकप्रिय किताबें एक सस्ती श्रृंखला-शिलिंग श्रृंखला के तहत छापी गई।
- 1930 की आर्थिक मंदी के आने से प्रकाशकों को बिक्री गिरने का भय हुआ इसलिए उन्होंने सस्ते पेपरबैक संस्करण छापे।

भारत का मुद्रण संसार

- भारत में संस्कृत, अरबी, फारसी और विभिन्न श्रेत्रीय भाषाओं में हस्त-लिखित पांडुलिपियों की पुरानी और समृद्ध परंपरा थी।

- पांडुलिपियाँ ताड़ के पत्तों या हाथ से बने कागज पर नकल कर बनाई जाती थी
- उनकी उम्र बढाने के विचार से उन्हें जिल्द या तख्तियों में बाँध दिया जाता था।
- पूर्व औपनिवेशक काल में बंगाल में ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक पाठशालाओं का बड़ा जाल था, लेकिन विद्यार्थी आमतौर पर किताबे नहीं पढते थे। गुरू अपनी याद्दाश्त से किताबें सुनाते थे, और विद्यार्थी उन्हें लिख लेते थे। इस तरह कई सारे लोग बिना कोई किताब पढ़े साक्षर बन जाते थे।

मुद्रण संस्कृति का भारत आना

↓

प्रिटिंग प्रेस पहले- पहल सोलहवीं सदी में भारत के गोवा में पुर्तगाली धर्म-प्रचारक के साथ आया।

↓

1674 ई. तक कोकंणी एवं कन्नड़ भाषाओं में लगभग 50 पुस्तकें छापी जा चुकी थी।

↓

कैथोलिक पुजारियों ने 1579 में कोचीन में पहली तमिल किताब छापी और 1713 में उन्होंने ही पहली मलयालम पुस्तक छापी।

↓

जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने 1780 से बंगाल गज़ट नामक एक साप्ताहिक पत्रिका का संपादन आरम्भ किया।

↓

गंगाधर भट्टाचार्य ने बंगाल गजट का प्रकाशन आरंभ किया।

- जेन ऑस्टिन, ब्राण्ट बहनें, जार्ज इलियट आदि के लेखन से नयी नारी की परिभाषा उभरीः जिसका व्यक्तित्व सुदृढ़ था, जिसमें गहरी सुझ-बुझ थी, और जिसका अपना दिमाग था, अपनी इच्छाशक्ति थी।
- महिलाओं की जिंदगी और उनकी भावनाएँ बड़ी साफगोई और गहनता से लिखी जाने लगी। इसलिए मध्यवर्गीय घरों में महिलाओं का पढना भी पहले से बहुत ज्यादा हो गया।
- राजा राममोहन राय ने 1821 से संवाद कौमुदी प्रकाशित किया और रूढिवादियों ने उनके विचारों से टक्कर लेने के लिए समाचार चंद्रिका सहारा लिया।
- दो फारसी अखबार-जाम-ए-जहाँ नामा और शम्सुल अखबार-1882 में प्रकाशित हुए।
- 1867 में स्थापित देवबंद सेमिनरी ने मुसलमान पाठकों को रोजमर्रा का जीवन जीने का सलीका और इस्लामी सिद्धांतों के मायने समझाते हुए हजारों फतवे जारी किए।
- 1876 में रशसुन्दरी देबी की आत्मकथा आमार जीबन प्रकाशित हुई।
- 1880 में ताराबाई शिंदे और पंडित रमाबाई ने उच्च जाति की नारियों की दयनीय हालत पर रोष जाहिर किया।
- राम चड्ढा ने औरतों को आज्ञाकारी बीवियाँ बनने की सीख देने से उद्देश्य से अपनी बेस्ट सेलिंग कृति स्त्री धर्म विचार लिखी।
- 1871 ज्योतिबा फूले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी में जाति प्रथा के अत्याचारों पर लिखा।
- कानपुर के मिल मजदूर काशीबाबा ने 1938 में छोटे और बड़े का सवाल लिख और छाप कर जातीय एवं वर्गीय शोषण के बीच का रिश्ता समझाने की कोशिश की।
- आइरिश प्रेस एक्ट की तर्ज पर 1878 में भारत मे वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू हुआ।

प्रमुख कथन

'मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा।'

(मार्टिन लूथर किंग)

'छापाखाना प्रगति का सबसे ताकतवर औजार है, इसमें बन रही जनमत की आँधी में निरंकुशवाद उड़ जाएगा।'

(लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए)

'हे निरंकुशवादी शासकों, अब तुम्हारे काँपने का वक्त आ गया है। आभासी लेखक की कलम के जोर के आगे तुम हिल उठोगे।'

(लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए)

नए शब्द

खुशनवीसीः सुलेखन

वेलम : चर्म- पत्र या जानवरों के चमड़े से बनी लेखन की सतह।

प्लाटेन : लेटरप्रेस छपाई में प्लाटेन बोर्ड होता है, जिसे कागज के पीछे दबाकर टाइप की छाप ली जाती थी। पहले सह बोर्ड काठ का होता था, बाद में इस्पात का बनने लगा।

कम्पोजीटरः छपाई के लिए इबारत कम्पोज़ करने वाले व्यक्ति।

गैली : धातुई फ्रेम, जिसमें टाइप इबारत बनाई जाती थी।

गाथा-गीत : लोकगीत का ऐतिहासिक आख्यान जिसे गाया या सुनाया जाता है।

इन्क्वीजीशन : विधर्मियों की शिनाख्त करने और सजा देने वाली रोमन कैथोलिक संस्था

धर्म-विरोधी : इंसान या विचार जो चर्च की मान्यताओं से असहमत हो।

संप्रदाय : किसी धर्म का एक उप समूह।

चैपबुक : पॉकेट बुक के आकार की किताबों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द। इन्हें आमतौर पर फेरीवाले बेचते थे।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

प्र.1 यूरोप में पहली प्रिटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया ?

(a) मार्टिन लूथर किंग (b) योहान गुटेन्बर्ग

(c) लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र. 2 रेखाकिंत शब्दों को सही करके वाक्य को लिखिए।

मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि 'छापाखाना प्रगति का सबसे ताकतवर औजार है, इसमें बन रही जनमत की आँधी में निंरकुशवाद उड जाएगा।'

प्र.3 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

इंग्लैंड में पेनी चैपबुक्स या एकपैसिया किताबें बेचनेवालों को.....कहा जाता था।

प्र.4 सत्य व असत्य बताइए।

आइरिश प्रेस एक्ट की तर्ज पर 1878 में भारत में वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू हुआ।

प्र.5 सही मिलान की पहचान कीजिए।

a) मार्टिन लूथर किंग - जापान

b) मार्को पोलो - इटली

c) लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए - ब्रिटेन

d) राजा राममोहन राय - फ्रांस

प्र.6 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण(क)। कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): मुद्रण क्रांति के कारण पहले जो जनता श्रोता थी वह अब पाठक में बदल गई।

कारण (क): अब किताबें समाज के व्यापक तबकों तक पहुँच चुकी थी।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नही है।

C. संकल्पना (स) सही हैं एवं कारण (क) गलत है।

D. संकल्पना (स) गलत है पंरतु कारण (क) सही है।

प्र.7 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ई. में छपी।

कारण (क): चीनी बौद्ध प्रचारक अपने साथ 768-770 ई. में छपाई की तकनीक लेकर जापान गए।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नही है।

C. संकल्पना (स) सही हैं एवं कारण (क) गलत है।

D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

प्र.8 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स)ः पांडुलिपियों की उम्र बढाने के विचार से उन्हें जिल्द या तख्तियों में बाँध दिया जाता था।

कारण (क)ः पांडुलिपियाँ ताड़ के पत्तों या हाथ से बने कागज पर नकल कर बनाई जाती थी।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नही है।

C. संकल्पना (स) सही हैं एवं कारण (क) गलत है।

D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

प्र.9 योहान गुटेन्बर्ग द्वारा छापी गई पहली पुस्तक कौन सी थी ?

प्र.10 गुलामगिरी पुस्तक में किस विषय का वर्णन किया गया है ?

प्र.11 वुडब्लॉक प्रिटिंग की तकनीक यूरोप में कौन लाया ?

प्र.12 किस देश में मुद्रण तकनीक सबसे पहले विकसित हुई ?

प्र.13 महामंदी के दौर से निपटने के लिए पुस्तकों के किस प्रकार के संस्करण पर विशेष बल दिया गया ?

प्र.14 वुडब्लॉक प्रिटिंग से आप क्या समझते हैं ?

प्र.15 फतवा शब्द को परिभाषित कीजिए।

प्र.16 उलेमा शब्द को परिभाषित कीजिए।

प्र.17 दो फारसी अखबारों के नाम लिखिए जो 1882 ई. प्रकाशित हुए ?

प्र.18 भारत में छपाई की तकनीक कब और कौन लाया ?

प्र.19 रीफोर्मेशन से क्या अभिप्राय है ?

प्र.20 भारत का पहला समाचार पत्र कौन – सा था ?

लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

प्र.1 मुद्रण क्रांति के प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

प्र.2 कुछ लोगों को आसानी से उपलब्ध मुद्रित पुस्तकों के प्रभाव का डर क्यों लगा ? यूरोप से एक और भारत से एक उदाहरण को चुनिए।

प्र.3 मुद्रित सामग्रियों की तुलना में हस्तलिखित पांडुलिपियों की कमियों को वर्णन कीजिए।

प्र.4 हस्तलिखित पांडुलिपियों का उत्पादन पुस्तकों की बढती मांग को पूरा क्यों नहीं कर सका ? कारण बताइए।

प्र.5 यूरोप में मुद्रण संस्कृति के उदय में मदद करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए

प्र.6 भारत में प्रेस स्वतंत्रता को रोकने के लिए ब्रिटिश द्वारा क्या – क्या कदम उठाए गए।

प्र.7 भारतीय महिलाओं पर मुद्रण संस्कृति का प्रभाव क्या था ? उदाहरण के साथ बताइए।

प्र.8 मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद को बढावा देने के लिए किस प्रकार योगदान दिया ?

प्र.9 पाण्डुलिपियाँ क्या है ? इनके प्रयोग की सीमाओं का वर्णन कीजिए।

प्र.10 मुद्रण क्रांति ने किस प्रकार पढने के जुनून को बढावा दिया ?

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढिए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। मुद्रण की सबसे पहली तकनीक चीन, जापान और कोरिया में विकसित हुई। यह छपाई हाथ से होती थी। तकरीबन 594 ई. से चीन में स्याही लगे काठ के ब्लॉक या तख्ती पर कागज़ को रगड़कर किताबें छापी जाने लगी थीं। चूँकि पतले, छिद्रित कागज़ के दोनों तरफ छपाई संभव नहीं थीं, इसलिए पारंपरिक

चीनी किताब 'एकॉर्डियन' शैली में, किनारों को मोडने के बाद सिल कर बनाई जाती थी। किताबों का सुलेखन या खुशनवीसी करनेवाले लोग दक्ष सुलेखक या खुशखत होते थे, जो हाथ से बड़े सुदर-सुडौल अक्षरों में सही-सही कलात्मक लिखाई करते थे। एक लंबे अरसे तक मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक चीनी राजतंत्र था। सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त चीन की नौकरशाही भी विशालकाय थी, तो चीनी राजतंत्र इन परीक्षाओं के लिए बड़ी तादाद में किताबें छपवाता था। सोलहवीं सदी में परीक्षा देने वालों की तादाद बढ़ी, लिहाजा, छपी किताबों की मात्रा भी उसी अनुपात में बढ़ गई।

(i) निम्नलिखित में से किस देश में मुद्रण की तकनीक आरंभ में विकसित नहीं हुई थी।

a) भारत

b) चीन

c) जापान

d) कोरिया

(ii) एकॉर्डियन शैली से आप क्या समझते हैं ?

(iii) चीन बड़ी मात्रा में मुद्रित सामग्री का उत्पादन क्यों करता था ?

(iv) खुशनीवीसी क्या कार्य करते थे ?

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पूरे सत्रहवीं और अठारहवीं सदी के दौरान यूरोप के ज्यादातर हिस्सों में साक्षरता बढती रही। अलग-अलग संप्रदाय के चर्चों ने गाँवों में स्कूल स्थापित किए गए और किसानों-कारीगरों को शिक्षित करने लगे। अठारहवीं सदी के अंत तक यूरोप के कुछ हिस्सों में तो साक्षरता दर 60 से 80 प्रतिशत तक हो गई थी। यूरोपीय देशों में साक्षरता और स्कूलों के प्रसार के साथ लोगों में पढ़ने का जैसे जुनुन पैदा हो गया। लोगों को किताबें चाहिए थीं, इसलिए मुद्रक ज्यादा से ज्यादा किताबें छापने लगे। नए पाठकों की रुचि कस ध्यान रखते हुए किस्म-किस्म का साहित्य छपने लगा। पुस्तक विक्रेताओं ने गाँव-गाँव जाकर छोटी-छोटी किताबें बेचने वाले फेरीवालों को काम पर लगाया। ये किताबें मुख्यतः पंचांग के अलावा लोक-गाथाएँ और लोकगीतों की हुआ करती थीं।

लेकिन जल्द ही मनोरंजन-प्रधान सामग्री भी आम पाठकों तक पहुँचने लगी। इंग्लैंड में पेनी चैपबुक्स या एकपैसिया किताबें बेचनेवालों को चैपमैन कहा जाता था। इन किताबों को गरीब़ तबके भी खरीदकर पढ़ सकते थे। फ्रांस में बिब्लियोथीक ब्ल्यू का चलन था, जो सस्ते कागज पर छपी और नीली जिल्द में बँधी छोटी किताबें हुआ करती थीं। इसके अलावा चार-पाँच पन्ने की प्रेम-कहानियाँ थीं, और अतीत की थोडी गाथाएँ थीं, जिन्हें 'इतिहास' कहते थे। आप देख सकते हैं कि अलग-अलग उद्देश्य और दिलचस्पी के हिसाब से किताबों के कई आकार-प्रकार थे।

(i) यूरोप के ज्यादातर हिस्सों में साक्षरता बढने के क्या कारण थे ?

(ii) साक्षरता एवं स्कूलों के प्रसार से मुद्रण संस्कृति पर क्या प्रभाव पडा ?

(iii) चैपबुक्स क्या थी ?

(iv) बिब्लियोथीक ब्ल्यू क्या थी ?

उत्तरमाला

1. योहान गुटेन्बर्ग
2. लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए
3. चैपमैन
4. सत्य
5. मार्को पोलो - इटली
6. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनो सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
7. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनो सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
8. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनो सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
9. बाईबिल
10. जातिप्रथा के विरूद्ध
11. मार्को पोलो
12. चीन
13. पेपरबैक संस्करण छापे
14. स्याही लगे काठ के ब्लॉक या तख्ती पर कागज का रगडकर किताबें छापना।

15. इस्लामी कानून और शरिया के विद्वान

16. अनिश्चय या असंमजस की स्थिति में इस्लामी कानून जानने वाले विद्वान, सामान्यतः मुफ्ती, के द्वारा की जानेवाली वैधानिक घोषणा।

17. जामा-ए-जहाँनामा, शम्सूल अखबार

18. 16वी शताब्दी, पूर्तगाली

19. कैथोलिक धर्म सुधार आंदोलन

20. बंगाल गजट

लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

6. 1857 के विद्रोह के बाद, क्रुद्ध अंग्रेजों ने देशी प्रेस पर शिंकजा कसने की मांग की।

- 1878 में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट पारित किया।
- रिर्पोटों को सेंसर करने का प्रयास किया गया।
- सरकार नियमित रूप से समाचार पत्रों पर नजर रखने लगी।
- प्रेस की संपत्ति को जब्त करने का प्रयास।

7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1.A भारत

B. किनारों को मोड़कर, सिलकर बनाई जाती है।

C. सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवश्यक परीक्षा सामग्री हेतु।

D. दक्ष सुलेखक होते थे ये सुन्दर अक्षरों में सामग्री प्रकाशित करवाते थे।

2. विधार्थी अनुच्छेद को पढकर स्वयं हल करेंगें।

भूगोल कक्षा 10वीं

1. संसाधन एवं विकास

स्मरणीय तथ्य :–

1. हमारे पर्यावरण में उपलब्ध प्रत्येक वस्तु जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयुक्त की जा सकती है और जिसको बनाने के लिए प्रौद्योगिकी उपलब्ध है जो आर्थिक रूप से संभाव्य और सांस्कृतिक रूप से मान्य है संसाधन कहलाती है।

संसाधनों के प्रकार



2. संसाधनों का ऐसा विवेकपूर्ण प्रयोग ताकि न केवल वर्तमान पीढ़ी की अपितु भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएं भी पूरी होती रहें, सतत् पोषणीय विकास कहलाता है।

3. ऐसे उपाय अथवा तकनीक जिसके द्वारा संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है संसाधन नियोजन कहलाता है।

4. 1992 में ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरो में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन के **तत्वाधान** में राष्ट्राध्यक्षों ने एजेंडा 21 पारित किया जिसका उद्देश्य समान हितों, पारस्परिक आवश्यकताओं एवं सम्मिलित जिम्मेदारियों के अनुसार विश्व सहयोग के द्वारा **पर्यावणीय** क्षति, गरीबी और रोगों से निपटना है।

5. महात्मा गाँधी ने कहा था कि - हमारे पास व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत कुछ है, लेकिन किसी के लालच की संतुष्टि के लिए नहीं। अर्थात् हमारे पास पेट भरने के लिए बहुत कुछ है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं।

भू-उपयोग

1. वन
2. कृषि के लिए अनुपलब्ध भूमि
3. परती भूमि
4. परती भूमि के अतिरिक्त अन्य कृषि योग्य भूमि
5. शुद्ध बोया गया क्षेत्र




भूमि संरक्षण के उपाय
वनारोपण
पशुचारण नियंत्रण
रक्षक मेखला
खनन नियंत्रण
औद्योगिक जल का परिष्करण


लाल एवं पीली मृदा
वन मृदा
जलोढ़ मृदा
मृदा के प्रकार
काली मृदा
मरूस्थलीय मृदा
लेटराइट मृदा

मृदा का वर्गीकरण

(रंग, मोटाई, बनावट, उम्र, रासायनिक व भौतिक गुण के आधार)

क्र. सं.	मृदा के प्रकार	निर्माण प्रक्रिया	वितरण	मुख्य लक्षण	मुख्य फसलें
1	जलोढ खादर बांगर	हिमालय की तीन महत्वपूर्ण नदी तंत्रों सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा लाए गए निक्षेप से बनी है।	समूचा उत्तरी मैदान तथा राजस्थान गुजरात का कुछ भाग और पूर्वी तटीय मैदान	बहुत उपजाऊ तथा सबसे अधिक विस्तृत	गेहूं, धान, गन्ना दालें व अन्य अनाज
2	काली मृदा (रेगर भी कहते हैं)	जलवायु दशा तथा जनक शैलों का महत्वपूर्ण योगदान	महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, मालवा, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के पठार	बहुत महीन कण, नमी, धारण करने की क्षमता बहुत अधिक फासफोरस की कम मात्रा/गर्म और शुष्क मौसम में दरार	कपास, तंबाकू, तिलहन तथा गन्ना
3	लाल और पीली मृदा	रवेदार आग्नेय शेल के अपरदन से	उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के कुछ भाग तथा मध्य गंगा मैदान का दक्षिणी भाग	लौह धातु के प्रसार के कारण लाल रंग। जलयोजन के बाद पीला रंग। रवेदार	उचित खाद व सिंचाई के बाद कपास, दालें, मोटा अनाज, तंबाकू
4	लेटराइट मृदा	भारी वर्षा से अधिक निक्षालन का परिणाम। अत्यधिक वर्षा तथा तापमान के क्षेत्र में	कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश तथा असम का पर्वतीय प्रदेश।	ह्युमस की मात्रा कम उचित तकनीक से खाद व उर्वरक का प्रयोग करके खेती योग्य	चाय, कॉफी,काजू
5	शुष्क मृदा या मरूस्थली मृदा	रेत के द्वारा शैल के अपरदन से	उत्तर पश्चिमी भाग राजस्थान तथा उत्तरी गुजरात।	लाल से भूरे रंग की रेतीली व लवणीय सही तरीके से सिंचित करके कृषि योग्य	मोटा अनाज, मक्का जौ।
6	वन मृदा या पर्वतीय मृदा	वन विकास की प्रक्रिया में प्राप्त जैव पदार्थ के निक्षेपण से	हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र में तथा उत्तराखंड, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश।	दोमट और सिल्टदार घाटियों में ऊपरी ढाल पर मोटे कणों वाली।	फल, मसाले व लकड़ी देने वाले पेड़।


मृदा अपरदन तथा इसके कारण
मृदा के कटाव और उसके बहाव की प्रतिक्रिया को अपरदन कहा जाता है।
कारण
वनोन्मूलन।
अति पशुचारण।
निर्माण व खनन प्रक्रिया।
प्राकृतिक तत्व जैसे, पतन, हिमनदी और जल
कृषि के गलत तरीकें (जुताई के तरीके)।
पवन द्वारा मैदान अथवा ढालू क्षेत्र में मृदा को उड़ा ले जाना।
समाधान
ढाल वाली भूमि पर समोच्च रेखाओं के समानंतर हल चलाने से।
ढाल वाली भूमि पर सीढी बना कर खेती करने से ।
बड़े खेतों को पट्टियों में बांट कर फसलों के बीच में धास की पट्टी उगाकर।
खेत के चारों तरफ पेड़ों को कतार में लगातार एक मेखला बनाना।
वनोरोपण।
अति पशुचारण को नियंत्रित करके।


भू– उपयोग
भौगोलिक प्रक्रिया जिसे अनुसार भूमि का प्रयोग
विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए किया जाता है।
वन
पेड़ों से आच्छदित एक विशाल क्षेत्र।
कृषि के लिए अनुपलब्ध भूमि
बंजर तथा कृषि अयोग्य भूमि गैर कृषि प्रयोजनों में लगाई गई भूमि - इमारतें, सड़कें उद्योग
अन्य कृषि अयोग्य भूमि
स्थाई चरागाहें तथा अन्य गदोचर भूमि विविध वृक्षों, वृक्ष फसलों तथा उपवन के अधिन भूमि।
कृषि योग्य बंजर भूमि जो 5 वर्षे या अधिक से खाली।
परती भूमि
वर्तमान परती–जहां कृषि एक वर्ष या उससे कम समय से खेती ना की गई हो।
अन्य परती जहां 1–5 वर्ष से खेती न की गई हो।
शुद्ध बोया गया क्षेत्र
एक कृषि वर्ष में एक बार से अधिक बोए गए क्षेत्र को शुद्ध बोया गया क्षेत्र कहते हैं।

अध्ययन मुख्य बिन्दु

1. **पहाड़ी पद (पीडमाऊँट जोन)**:– किसी पर्वत या पर्वत श्रृंखला के तल पर पाया जाने वाला क्षेत्र। उदाहरण के लिए पश्चिमी घाट का पहाड़ी पद अर्थात पश्चिमी घाट के तल पर पाया जाने वाला क्षेत्र
2. **दक्कन ट्रैप**:– प्रायद्वीपीय पठार का काली मृदावाला क्षेत्र। इसका निर्माण लावा मिट्टी के द्वारा हुआ है। बहुत ही उपजाऊ क्षेत्र तथा कपास की खेती के लिए उपयुक्त।
3. **द्वार चो और तराई**:–

   द्वार:– पूर्वी हिमालय के क्षेत्र में उत्तरपूर्वी भारत में भूटान क आसपास स्थित मैदान व पहाड़ की तलहटी का क्षेत्र।

   चो:– पंजाब तथा हिमाचल के शिवालिक की श्रृंखला का दक्षिणी ढाल जो वनस्पति विहीन है, बहुत ही कटा हुआ है तथा जहाँ मौसमी धार बहती है जिसे चो कहते हैं।

   तराई:– पहाड़ के नीचे की भूमि जो तर रहती है। तथा दलदली होती है। मुख्यतः उत्तर भारत के हिमालय क्षेत्र में ।
4. **सतत पोषणीय आर्थिक विकास**:– ऐसा विकास जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुँचाए तथा भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं से समझौता किए बगैर विकास करना।
5. **संसाधन नियोजन**:– संसाधनों के उचित उपयोग के लिए अपनाई गई तकनीक या कौशल, संसाधन नियोजन कहलाता है।
6. **संसाधन संरक्षण**:– संसाधनों का उचित प्रबंधन ताकि जल, भूमि तथा वनस्पति एवं मृदा का इस प्रकार से प्रयोग करना कि भावी पीढ़ी की जरूरतों का भी ख्याल रखा जाए।
7. **वनरोपण**:– किसी क्षेत्र में पेड़ लगाकर उसे वन में परिवर्तित करना।
8. **जलोढ़ मैदान**:– एक समतल भूमि जो नदियों द्वारा बहाकर लाई गई जलोढ़ या महीन मृदा से बनी होती है।
9. **कृषि योग्य भूमि**:– वर्तमान में जोती व फसलों से बोई हुई खेती योग्य जमीन।
10. **बांगर**:– पुरानी जलोढ़ जो ज्यादा उपजाऊ नहीं होती।

11. **खादरः**– नई जलोढ़ जो बाढ़ के समय लाई गई मृदा से बनती है। बहुत ही उपजाऊ होती है।
12. **मृदा अपरदनः**– मृदा की उपरी परत का एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्राकृतिक कारकों के द्वारा या मानवीय क्रियाओं के द्वारा चले जाना मृदा अपरदन कहलाता है।
13. **शुद्ध बोया हुआ क्षेत्रः**– वह भूमि जो वास्तविक तौर पर कृषि के लिए प्रयोग में आई है। जिस पर कम से कम एक बार खेती की गई हैं।
14. **सकल बोया गया क्षेत्रः**– शुद्ध बोये गए क्षेत्र में जब एक से अधिक बार बोए गए क्षेत्र को जोड़ दिया जाता है।
15. **मरूस्थलीकरणः**– वह प्रक्रिया जिसके द्वारा कोई क्षेत्र मरूस्थल में तब्दील हो जाता है।

कुछ रोचक तथ्य :-

भारत में सामाजिक व राजनीतिक आंदोलनों के साथ ही विभिन्न पर्यावरणीय आंदोलन भी चलाए गए। जैसे-

1. **खेजड़ी** आंदोलन 1700 में राजस्थान में चलाया गया।
2. चिपको आंदोलन 1973 में टिहरी गढ़वाल में चलाया गया।
3. साइलेंट वैली आंदोलन 1978 में केरल में चलाया गया।
4. अपिप्को आंदोलन 1983 में कर्नाटक में चलाया गया।
5. नर्मदा बचाओ आंदोलन 1985 में गुजरात में चलाया गया।

भारत में मृदा का वर्गीकरण



1 अंक वाले प्रश्न :-

1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अजैव संसाधन है ?
   1) प्राणीजात
   2) मानव
   3) धातुएं
   4) पशु
2. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन कहां हुआ ?
   1) ब्राजील
   2) अमेरीका
   3) भारत
   4) रूस
3. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ ?
   1) 1900
   2) 1992
   3) 1990
   4) 1991
4. स्माल इज ब्युटीफुल के लेखक कौन थे ?
   1) महात्मा गांधी
   2) शूमेसर
   3) सचिन
   4) जवाहर लाल नेहरू
5. किसने कहा था कि हमारे पास पेट भरने के लिए संसाधन हैं पेटी भरने के लिए नहीं ?
   1) महात्मा गांधी
   2) भीमराव अम्बेडकर
   3) नरेन्द्र मोदी
   4) जवाहर लाल नेहरू

संसाधन एवं विकास

1 अंक वाले प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. समाप्यता के आधर पर संसाधनों को निम्न में से किस वर्ग में बाँटा जा सकता हैः-
   (a) जैव तथा अजैव
   (b) नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय
   (c) व्यक्तिगत तथा सामुदायिक
   (d) संभावी तथा विकसित
2. निम्न में से किस उत्तर पूर्वी राज्य का भू-उपयोग की दृष्टि से पूरी तरह सर्वेक्षण किया जा चुका है ?
   (a) अरूणाचल प्रदेश (b) मणिपुर
   (c) त्रिपुरा (d) असम
3. वातावरण में मौजूद हर वह वस्तु जो हमारी जरूरत को पूरा करती है उसे कहा जाता हैः-
   (a) तकनीक (b) संसाधन
   (c) प्राकृतिक वनस्पति (d) कोई भी नहीं
4. विकास के स्तर के आधार पर निम्न में से कौन सा संसाधन का एक प्रकार नहीं हैं ?
   (a) संभावी संसाधन
   (b) विकसित भंडार
   (c) संचित कोष
   (d) नवीकरणीय संसाधन
5. बहता जल मृतिकायुक्त मृदा को काटते हुए गहरी वाहिकाएं बनाता है जिसे कहते हैः-
   (a) उत्खात भूमि (b) अवनालिकाएँ
   (c) डेल्टा (d) कोई भी नहीं

रिक्त स्थान भरें।

6. संसाधन ..... रूप से उपलब्ध, आर्थिक रूप से संभाव्य और ..... रूप से मान्य होते हैं।
7. ..... मृदा को रेगर भी कहा जाता है तथा यह ..... को उगाने के लिए उपयुक्त है।
8. आयु के आधार पर जलोढ़ मृदा को दो भागों में बांटा गया है..... और ..... .
9. ..... का उद्देश्य है सत्तत पोषणीय विकास।
10. ..... पंजाब में भू- निम्नीकरण का मुख्य कारण है।

निम्नलिखित वाक्यांशों को पढ़कर सही करके लिखें।

11. एजेन्डा - 21 पर विश्व शांति के लिए 1992 में हस्ताक्षर किए गए थे।
12. अयोग्य भूमि में शामिल है- जंगल, चारागाह तथा अन्य गोचर भूमि।
13. जम्मू और कश्मीर में जल संसाधन की तो बहुतायत है लेकिन संरचनागत विकास की कमी है।
14. खादर मृदा बांगर से ज्यादा उपजाऊ है तथा इसमें कंकड़ के कण पाए जाते है।
15. बहता जल मृतिकायुक्त मृदाओं को कटाते हुए गहरी वाहिकाएं बनाता है जिसे खड्ड कहा जाता हैं।

कथन और कारक संबंधित प्रश्न

निर्देशः- निम्नलिखित प्रश्नों में एक कथन तथा कारक दिया गया है। निम्नलिखित विकल्पों में से चुने।

(क) यदि कथन (A) तथा कारक (R) दोनों सत्य है तथा कारक कथन की सही व्याख्या कर रहा है।

(ख) यदि कथन तथा कारक दोनों सत्य है परंतु कारक कथन की सही व्याख्या नहीं कर रहा हैं।

(ग) यदि कथन (A) सत्य है लेकिन कारक (R) असत्य है।

(घ) यदि कथन (A) असत्य है तथा कारक (R) सत्य है।

16. **कथन** :– जलोढ़ मृदा धान, गेहूँ, अनाज तथा दालों के लिए आदर्श होती है।
कारकः– जलोढ़ मृदा नमी धारण करने की क्षमता के लिए जानी जाती है।

17. **कथनः**– किसी क्षेत्र के विकास के लिए संसाधनों की उपलब्धता ही एकमात्र जरूरी दशा नहीं होती है।
कारकः– संसाधनों का होना ही नहीं बल्कि उसके विकास के लिए समुचित तकनीक का उपलब्ध होना किसी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक होता है।

18. **कथनः**– संसाधन प्रकृति का मुफ्त उपहार हैं।
कारकः– मृदा, वायु, जल जैसे संसाधन प्रकृति में आसानी से उपलब्ध हैं।

19. **कथनः**– सीढ़ीनुमा खेती मृदा अपरदन को बिल्कुल नहीं रोकती है।
कारकः–बहता जल, मृतिका युक्त मृदा को काटते हुए गहरी अवनालिकाएँ बनाता है।

20. **कथनः**– भूमि एक बहुत ही उपयोगी प्राकृतिक संसाधन है।
कारकः– भूमि का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता हैं।

उत्तर (1 अंक वाले प्रश्नों के)

1. (ख)
2. (घ)
3. (ख)
4. (घ)
5. (ख)
6. तकनीकी रूप से, सांस्कृतिक
7. काली, कपास
8. खादर, बांगर
9. एजेन्डा – 21
10. अति सिंचाई
11. विश्व शांति की जगह वैश्विक सतत पोषणीय विकास

12. अयोग्य भूमि में पथरीली, सूखी तथा मरूस्थलीय भूमि
13. जम्मू कश्मीर नहीं अरूणाचल प्रदेश।
14. कंकड़ कण की जगह महीन कण
15. खड्ड की जगह अवनालिकाएं
16. (ग)
17. (क)
18. (ग)
19. (घ)
20. (क)

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

भूमि एक ऐसा संसाधन है जिसका उपयोग हमारे पूर्वज करते आए हैं तथा भावी पीढ़ी भी इसी भूमि का उपयोग करेगी। हम भोजन, मकान और कपड़े की अपनी मूल आवश्यकताओं का 95 प्रतिशत भाग भूमि से प्राप्त करते हैं। मानव कार्यकलापों के कारण न केवल भूमि का निम्नीकरण हो रहा है बल्कि भूमि को नुकसान पहुँचाने वाली प्राकृतिक ताकतों को भी बल मिला है।

इस समय भारत में लगभग 13 करोड़ हेक्टेयर भूमि निम्नीकृत है। इसमें से लगभग 28 प्रतिशत भूमि निम्नीकृत वनों कें अंतर्गत है, 56 प्रतिशत क्षेत्र जल अपरदित है और शेष क्षेत्र लवणीय और क्षारीय है। कुछ मानव क्रियाओं जैसे वनोन्मूलन, अति पशुचारण, खनन ने भी भूमि के निम्नीकरण में मुख्य भूमिका निभाई है।

खनन के उपरांत खदानों वाले स्थानों को गहरी खाइयों और मलबे के साथ खुला छोड़ दिया जाता है। खनन के कारण झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों में वनोन्मूलन भूमि निम्नीकरण का कारण बना है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अति पशुचारण भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है। अति सिंचन से उत्पन्न जलाक्रांतता भी भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है

जिससे मृदा में लवणीयता और क्षारीयता बढ़ जाती है। खनिज प्रक्रियाएँ जैसे सीमेंट उद्योग में चूना पत्थर को पीसना और मृदा बर्तन उद्योग में चूने (खड़िया मृदा) और सेलखड़ी के प्रयोग से बहुत अधिक मात्रा में वायुमंडल में धूल विसर्जित होती है। जब इसकी परत भूमि पर जम जाती है तो मृदा की जल सोखने की प्रक्रिया अवरूद्ध हो जाती है

प्रः1

(क) मानवीय क्रियाओं जैसे वनोन्मूलन, अतिचरण, खनन तथा उत्खनन में निम्नलिखित में योगदान दिया गया है

(a) जल निम्नीकरण (b) वायु निम्नीकरण

(c) भू- निम्नीकरण (d) मृदा निम्नीकरण

(ख) खनन की वजह से निम्न राज्यों में भूमि का निम्नीकरण हुआ है।

(a) झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिसा, छत्तीसगढ़

(b) छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिसा

(c) ओडिसा, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश

(d) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और असम।

(ग) नीचे दी गई जानकारी का अध्ययन करे तथा निम्न में से सही विकल्प चुनें।

(क) सम्मोच्च जुताई (ख) सीढ़ीनुमा खेती

(ग) पट्टी कृषि (घ) वनरोपण

विकल्पः-

(a) जुताई के तरीके

(b) मृदा संरक्षण के तरीके

(c) सीढ़ीदार खेती के तरीके

(d) प्रदूषण कम करने के तरीके

(घ) अति सिंचाई से भू निम्नीकरण कैसे होता हैं?

(a) मृदा की लवणता तथा क्षारीयता बढ़ा देता है।

(b) यह मृदा की जल शोधन क्षमता को अवरूद्ध करता है।

(c) यह इसको अयोग्य भूमि बना देता है।

(d) उपरोक्त मे से कोई नहीं।

प्रश्न (2) हम भूमि पर रहते हैं, इसी पर अनेकों आर्थिक क्रियाकलाप करते है और विभिन्न रूपों में इसका उपयोग करते है। अतः भूमि एक बहुत महत्वपूर्ण प्राकृतिक वनस्पति, वन्य जीवन, मानव जीवन, आर्थिक क्रियाएँ, परिवहन तथा संचार व्यवस्थाएँ भूमि पर ही आधारित हैं। परन्तु भूमि एक सीमित संसाधन है, इसलिए उपलब्ध भूमि का विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग सावधानी और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए।

भारत में भूमि पर विभिन्न प्रकार की भू- आकृतियाँ जैसे पर्वत, पठार, मैदान और द्वीप पाए जाते हैं। लगभग 43 प्रतिशत भू-क्षेत्र मैदान हैं जो कृषि और उद्योग के विकास के लिए सुविधाजनक हैं। पर्वत पूरे भू-क्षेत्र के 30 प्रतिशत भाग पर विस्तृत है। वे कुछ बारहमासी नदियों के प्रवाह को सुनिश्चित करते हैं, पर्यटन विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करता है और पारिस्थितिकी के लिए महत्वपूर्ण है। देश के क्षेत्रफल का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा पठारी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में खनिजों, जीवाश्म ईंधन और वनों का अपार संचय कोष है।

प्र.2

(क) भूमि का प्रयोग क्यों ध्यानपूर्वक नियोजन से किया जाना चाहिए।

(a) यह बहुत महंगा है

(b) यह एक सीमित संसाधन है

(c) इसका निम्नीकरण हो चुका है।

(d) इसका अधिकांश हिस्सा बंजर हो चुका है।

(ख) निम्न में से क्या पर्वतों के विषय में सत्य नहीं हैं?

(a) वे बारहमासी नदियों के प्रवाह को सुनिश्चित करते हैं।

(b) पर्यटन विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करते है।

(c) फसलों के उत्पादन के लिए सबसे अनुकूल हैं।

(d) पारिस्थितकी के लिए महत्वपूर्ण हैं।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों को शुद्ध करें।

समतल भूमि में खनिजों, जीवाश्म ईंधन ओर वनों का अपार संचय कोष है।

(घ) भूमि एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। क्यों किः-

(a) यह प्राकृतिक वनस्पति को आधार प्रदान करता है।

(b) यह वन्य जीवन तथा मानव जीवन को समर्थन देता है।

(c) कई आर्थिक क्रियाएँ, यातायात व संचार व्यवस्थाएँ भूमि पर आधारित है।

(d) उपरोक्त सभी

(3) संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है। इसलिए भारत जैसे देश में जहाँ संसाधनों की उपलब्धता में बहुत अधिक विविधता है, यह और भी महत्वपूर्ण है। यहाँ ऐसे प्रदेश भी हैं जहाँ एक तरह के संसाधनों की प्रचुरता है, परंतु दूसरे तरह के संसाधनों की कमी है। कुछ ऐसे प्रदेश भी हैं जो संसाधनों की उपलब्धता के संदर्भ में आत्मनिर्भर हैं। और कुछ ऐसे भी प्रदेश है। जहाँ महत्वपूर्ण संसाधनों की आत्यधिक कमी है। उदाहरणार्थ, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों में खनिजों और कोयले के प्रचुर भंडार हैं। अरूणाचल प्रदेश में जल संसाधन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, परंतु मूल विकास की कमी है। राजस्थान में पवन और सौर ऊर्जा संसाधनों की बहुतायत है, लेकिन जल संसाधनों की कमी है। लद्दाख का शीत मरूस्थल देश के अन्य भागों से अलग-थलग पड़ता है। यह प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का धनी है परंतु यहाँ जल, आधारभूत अवसंरचना तथा कुछ महत्वपूर्ण खनिजों की कमी है। इसलिए राष्ट्रीय, प्रांतीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन की आवश्यकता है।

प्र.(3)

(क) संसाधनों की उपलब्धता के अतिरिक्त किसी क्षेत्र के विकास के लिए निम्न में से क्या जरूरी दशा हैं?

(a) अच्छा रोड नेटवर्क

(b) स्कूल ओर अस्पताल का होना

(c) प्रौद्योगिकी तथा संस्था में तदनरूपी परिवर्तन।

(d) मॉल व सिनेमाघर का होना।

(ख) भारत में संसाधन विकास में निम्न में क्या शामिल हैं?

(a) संसाधन की उपलब्धता

(b) मानव संसाधन की गुणवता

(c) लोगों का एतिहासिक अनुभव

(d) उपरोक्त सभी।

(ग) नीचे दिया गया कथन सत्य है कि असत्य? यदि असत्य है तो सही करें। कथनः- उच्च कोटि का तकनीकी विकास विदेशी आक्रमणकारियों के लिए मुख्य आकर्षण था।

(घ) 'बहुत सारे क्षेत्र देश में ऐसे हैं जो संसाधन सम्पन्न होते हुए भी आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्र में आते है' क्या आप ऐसे दो क्षेत्र के नाम बता सकते हैं।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (हल)

उत्तर (3)

(क) c

(ख) d

(ग) असत्य/ संसाधन संपन्न प्रदेश विदेशी आक्रमणकारियों के लिए मुख्य आकर्षण था।

(घ) ओड़िसा, छत्तीसगढ़

3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. संसाधन क्या हैं? इनके वर्गीकरण पर एक नोट लिखिए
2. भूमि निम्नीकरण के क्या कारण हैं?
3. भूमि संरक्षण के कुछ उपाय बताइए?
4. 'हमारे पास पेट भरने के संसाधन है, पेटी भरने के नहीं'। इस कथन के आलोक में सतत पोषणीय विकास का महत्व बताइए।
5. एजेंडा 21 क्या है?
6. मृदा निर्माण में कौन कौन से कारक उत्तरदायी हैं? स्पष्ट कीजिए।
7. खादर एवं बांगर में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तरमाला :–

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. मृदा निर्माण में निम्नलिखित तत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
   1) शैल
   2) जलवायु
   3) पेड़-पौधे
   4) अति चारण
   5) वर्षा
7. खादर एवं बांगर में निम्नलिखित अंतर हैं।

खादर	**बांगर**
नवीन जलोढ़ मृदा	प्राचीन जलोढ़ मृदा
अधिक बारीक व रेतीली	कंकड़ व कैल्शियम कार्बोनेट
बार-बार नवीकरण संभव	बार-बार नवीकरण नहीं।
नदी के पास डेल्टा तथा बाढ़ निर्मित मैदानों में पाई जाती है।	नदी से दूर ऊँचे स्तर पर पाई जाती है।

8. संसाधनों के अति उपभोग से निम्नलिखित समस्या उत्पन्न हो सकती है।
   1) मृदा अपरदन
   2) वैश्विक तापन
   3) प्रदूषण
   4) जलवायु परिवर्तन
   5) मरूस्थलीकरण
   6) जैव-विविधता का अभाव
9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

अभ्यास प्रश्न :-

1. नवीकरणीय व अनवीकरणीय संसाधनों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. काली मृदा की विभिन्न विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. 'भारत जैसे देश में संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रयोग के लिए योजना एक व्यापक रूप से स्वीकृत रणनीति है।' कथन की व्याख्या कीजिए।
4. 'पर्यावरणीय क्षति से होने वाले नुकसान कभी भी राज्यीय एवं राष्ट्रीय सीमाओं का ध्यान नहीं करते हैं।' कथन की व्याख्या कीजिए।
5. भू-संरक्षण की समस्या को हल करने के लिए उपाय बताइए।

अध्याय – 2
वन और वन्य जीव संसाधन

1. **वन और वन्य जीवन संसाधनों के प्रकार और वितरण**
   - आरक्षित वन
   - रक्षित वन
   - अवर्गीकृत वन
2. **भारत में वन और वन्य जीवन का संरक्षण**

संरक्षण परियोजनाएँः–

(राष्ट्रीय पार्क, वन्य)
जीव पशु-विहार, बाघ
रिजर्व बाघ परियोजना पेड़ आदि

समुदाय और वन संरक्षणः–

(पवित्र पेड़ आदि)

3. **पारितंत्र**
   - वनस्पतिजात
   - उपयोग और दोहन
   - प्राणिजात
4. **पौधों और प्राणियों की प्रमुख श्रेणियाँ**
   - सामान्य
   - संकट
   - ग्रस्त
   - सुभेध
   - दुर्लभ
   - स्थानिक
   - लुप्त

तथ्य बिन्दुः–

1. **वन्यजीवन**– वन जीव जो कि अपने प्राकृतिक पर्यावरण में रहते हैं।
2. **फ्लोरा**– किसी क्षेत्र या काल विशेष के पादप,
3. **फौना**– जंतुओं की प्रजातियां।

4. **परितंत्र**– किसी क्षेत्र के पादप ओर जंतु अपने भौतिक पर्यावरण में एक-दूसरे पर निर्भर व परस्पर जुड़े हुए होते है।

5. **प्राकृतिक वनस्पति**– आकृतिक वनस्पति का अर्थ है प्राकृतिक रूप से स्वयं उगाने व पनपने वाले पादप समूह। वन, घास, भूमि आदि इसे प्रकार हैं।

6. **स्थानिक पादपः**– प्राकृतिक वनस्पति जो कि विशुद्ध रूप में भारतीय है। इसे स्वदेशी वनस्पति प्रजातियां भी कहते हैं।

7. **राष्ट्रीय प्राणी उद्यान**– वन्य जंतुओं व पक्षियों के लिए आरक्षित स्थान।

8. **वन्य जीवन अभयारण्य**– राष्ट्रीय वन जहाँ वन्य जीवों (पशु-पक्षियों) के अवैध शिकार पर प्रतिबन्ध हैं।

9. **जैव- विविधताः**– जैव विविधता का अर्थ है आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए तथा परस्पर निर्भर पादपों ओर जंतुओं के विविध प्रकार।

10. **लुप्त जातियाँः**– ये वे जातियाँ हैं जो इनके रहने के आवासों में खोज करने पर अनुपस्थित पाई गई है। जैसेः- एशियाई चीता, गुलाबी सिरवाली

11. **सुभेध जातियाँ**– ये वे जातियाँ हैं, जिनकी संख्या घनी रही है। जिन विषम परिस्थितियों के कारण इनकी संख्या यदि इनकी संख्या पर विपरीत प्रभाव डालने वाली परिस्थितियों नहीं बदली जाती और इनकी संख्या घटती रहती है तो यह संकटग्रस्त जातियों की श्रेणी में शामिल हो जाएगी।

    जैसेः- नीली भेड़, एशियाई हाथी, गंगा नदी आदि।

12. **संकटग्रस्त जातियाँः**– ये वे जातियाँ है जिनके लुप्त होने का खतरा है। जिन विषम परिस्थितियों के कारण इनकी संख्या कम हुई है, यदि वे जारी रहती हैं तो इन जातियों का जीवित रहना कठिन है।

    जैसेः- काला हिरण, मगरमच्छ, संगाई आदि

स्मरणीय तथ्यः–

- भारत अपने फ्लोरा में अति समृद्ध है। भारत में लगभग 47000 पादप प्रजातियाँ तथा लगभग 15,000 पुष्प प्रजातियाँ स्थानिक है।

- भारत अपने प्राणिजात (फौना) में भी अति समृद्ध है यहाँ 81000 से अधिक प्राणि प्रजातियां हैं। यहां पक्षियों की 1200 से अधिक और मछलियों की 2500 से अधिक प्रजातियाँ है।
- **भारत में पांच प्रकार के वन पाये जाते हैं।**
  1. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
  2. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती
  3. कंटीले वन
  4. पर्वतीय वन और
  5. मैग्रोव वन
- 'प्रोजेक्ट टाईगर' विश्व की बेहतरीन वन्य जीवन परियोजनाओं में से एक है। इसकी शुरूआत 1973 में हुई।
- भारतीय वन्यजीवन (रक्षण) अधिनियम 1972 में लागू किया गया और बाद में 1980, 1986 और 1991 में इसमें कुछ नए प्रावधान शामिल किए गये।
- वनों और वन्य जीवन का विनाश मात्र जीवन विज्ञान का विषय ही नहीं है।
- भारत में बड़े प्राणियों में से स्तनधरियों की 79 जातियाँ, पक्षियों की 44 जातियाँ, सरीसृपों की 15 जातियाँ और जलस्थलचरों की 3 जातियां लुप्त होने का खतरा झेल रही है।
- लगभग 1500 पादप जातियों के भी लुप्त होने का खतरा बना हुआ है।
- टकसोल नामक रयासन जो कि हिमालन यव से निकाला जाता है, विश्व में सबसे अध्कि बिकने वाली कैंसर औषधि है।
- निकोबारी मेगापोड़ एक संकटग्रस्त पक्षी प्रजाति है। एक अमेरिकी नागरिक का औसत संसाधन उपभोग एक सोमाली नागारिक के औसत उपभोग से 40 गुना ज्यादा है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति केवल 28 वृक्ष हैं। जबकि कनाडा में यह संख्या 8953, रूस में 4461, अमेरिका में 716

और चीन में 102 हैं।

- प्रत्येक पाँच वर्ष में हमारा पर्यावरण 1 सेल्सियस अधिक गर्म हो जाता हैं।

अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक)

1. I.U.C.N क्या हैं ?
2. भारत में पाई जाने वाली कोई एक सुभेद्य जीव प्रजाति का नाम लिखिए।
3. भारत में पाए जाने वाले किसी एक औषधीय पौधे का नाम लिखिए।
4. वनीकरण क्या है।
5. हाल के वर्षो में दिल्ली में लुप्त किसी एक पक्षी का नाम लिखिए।
6. आपके क्षेत्र के नजदीक कौन सी नदी बहती है ? क्या यह स्वच्छ है ? यदि नहीं तो यह स्वच्छ क्यों नहीं हैं ?
7. औपनिवेशिक काल में भारतीय वनों को होने वाले नुकसान का कोई एक कारण लिखिए ?
8. किस खनिज अयस्क के खनन के कारण पश्चिम बंगाल में बक्सा टाईगर रिजर्व गंभीर खतरे में हैं ?
9. वनों और वन्य जीवन का हमारे लिये कोई एक उपयोग लिखिए ?
10. उपनिवेश काल में किए पौधे या वृक्ष को समृद्ध हिमालयन ओक की जगह लगाया गया ?

<u>अति संक्षिप्त प्रश्न (उत्तरमाला)</u>

1. अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संघ।
2. नीली भेड़/ एशियाई हाथी/ गंगा नदी की डॉल्पिन इत्यादि।
3. तुलसी, नीम, अर्जुन, जामुन, बबूल, कचनाट इत्यदि (कोई एक)
4. वृक्षारोपण
5. गौरैया

6. यमुना प्रदूषण के कारण (कोई एक)

7. उपनिवेश काल में रेललाइन, कृषि, व्यवसाय, वैज्ञानिक वानिकी और खनन क्रियाओं में वृद्धि। (कोई एक)

8. डोलोमाइट (एक अयस्क)

9. लकड़ी , छाल, पत्ते, रबड़, दवाईयां, भोजन, ईंधन, चारा, खाद आदि। (कोई एक)

10. चीड पाईन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. रिक्त स्थान भरिए।

   (i) किसी क्षेत्र या काल विशेष के पादपों हेतु ..... शब्द उपयोग किया जाता हैं।

   (ii) ..... जातियां हैं, जिनकी संख्या जीवित रहने के लिए सामान्य मानी जाती है।

2. सही मिलान कीजिए।

(i) राजस्थान का बिश्नोई समुदाय	(a) बीज बचाओ
(ii) ओड़िशा और बिहार की जनजातियां	(b) चिंकारा
(iii) टिहरी के किसान और नागरिक समूह	(c) इमली और आम
(iv) एशियाई चीता	(d) 112 किमी. प्रति घंटा

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तरमाला)

1 (i). वनस्पति जात (फ्लोरा)

(ii). सामान्य

2 (i) - (b), (ii) - (c), (iii) - (c), (iv) - (d)

3/5 लघु/ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. वन विभाग द्वारा कौन से तीन प्रकारों में वन एवं वन्य जीव संसाधनों को वर्गीकृत किया गया हैं ?
2. चिपको आंदोलन पर टिप्पणी लिखो।
3. लुप्त जातियों और संकटग्रस्त जातियों में अंतर लिखो।
4. मानव किसी क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र को किस प्रकार प्रभावित करता हैं ?
5. भारत की जैवविविधता/ पर्यावरणीय विनाश/ निम्नीकरण हेतु कौन से तत्व उत्तरदायी हैं ?
6. जैव विविधता क्या हैं ? यह मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं ?
7. पौधों और प्राणियों की प्रमुख श्रेणियों को समझाएँ।
8. चीता किसी तेंदुए से कैसे भिन्न होता हैं।
9. ऐसे कुछ उपाय सुझाइए जिनसे हमारे वन्य जीवन को होने वाले अविवेकी ह्रास पर नियन्त्रण पाया जा सके ?
10. हिमालयन यव (yew) क्या हैं ? टिप्पणी करें।

3/5 लघु/ दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तरः–

1. (i) आरक्षित वन

   (ii) रक्षित वन

   (iii) अवर्गीकृत वन

2. चिपको आन्दोलन एक पर्यावरण– रक्षा का आन्दोलन था। यह भारत के उत्तराखण्ड राज्य में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए किया था। यह आन्दोलन तत्कालीन उत्तर प्रदेश के चमोली जिले में सन 1970 में प्रारम्भ हुआ।

3. लुप्त जातियाँ और संकटग्रस्त जातियाँ

लुप्त जातियाँ	संकटग्रस्त जातियाँ
(i) ये वे जातियाँ हैं, जो इनके रहन के आवासों में खोज करने पर अनुपस्थित पाई गई है।	(i) ये वे जातियाँ है, जिनके लुप्त होने का खतरा है, जिन विषम परिस्थितियों के कारण इनकी संख्या कम हुई हैं। यदि वे जारी रहती हैं तो इन जातियों का जीवित रहना कठिन हैं।
(ii) जैसेः- एशियाई चीता, गुलाबी सिरवाली	(ii) जैसेः- काला हिरण, मगरमच्छ संगाई आदि।

4. (i) वनस्पति व वन्यजीवन का उपयोग करके।

(ii) मानव के लालच के कारण इन संसाधनों का अति उपयोग होने लगा है।

(iii) पेड़ काटकर और जानवरों के शिकार द्वारा उन्हें मारकर वे पर्यावरणीय असंतुलन पैदा करते हैं।

(iv) परिणामस्वरूप कुछ पादप और जंतु लुप्त होने के कगार पर हैं।

5. (i) खनन, नदी घटी परियोजनाएं

(ii) स्वतंत्रता पश्चात् कृषि विस्तार

(iii) अधिक जनसंख्या

(iv) संसाधनों तक असमान पहुँच व अन्यायपूर्ण उपभोग

(v) पर्यावरण क्षति, अवैध शिकार, अति शोषण व वन अग्नि (दावानल)

6. जैव विविधता का अर्थ है आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए तथा परस्पर निर्भर पादपों ओर जंतुओं के विविध प्रकार।

7. (i) सामान्य

(ii) संकटग्रस्त

(iii) सुभेघ

(iv) दुर्लभ

(v) स्थानिक

(vi) लुप्त

8. चीते की विशेष पहचान उसकी आंख के कोनो से मुंह तक नाक के दोनों और फैली आंसुओं की लकीरनुमा निशान है।

9. (i) सरकार द्वारा प्रभावी, वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम।

(ii) सन् 1992 से भारत सरकार द्वारा कई वनस्पति उद्यानों को वित्तीय एंव तकनीकी सहायता दी गई है।

(iii) बाघ परियोजना, गैड़ा परियोजना, ग्रेट इंडियन बर्स्टड परियोजना तथा कई अन्य ईको- विकासीय परियोजनाओं शुरू की गई हैं।

(iv) 89 राष्ट्रीय उद्यान 490 वन्य जीव अभयारण्य तथा प्राणी उद्यान बनाये गये हैं।

10. हिमालयन यव (चीड़ की प्रकार सदाबहार वृक्ष) एक औषधीय पौधा है जो हिमाचल प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में पाया गया है।

- पेड़ की छाल, पत्तियों, टहनियों और जड़ों से टकसोल नामक रसायन निकाला जाता है।
- कैंसर रोगों के उपचार के लिए प्रयोग किया जाता है।
- हिमाचल प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में यव के हजारों पेड़ सूख गए हैं।

(क) भूमि पर रहने वालो दुनिया का सबसे तेज स्तनधानी प्राणी, चीता, बिल्ली परिवार का एक अजूबा और विशिष्ट सदस्य है, जो 112 किमी. प्रति. घंटा की गति से दौड़ सकता है, लोगों को आमतौर पर भ्रम रहता है कि चीता एक तेंदुआ होता है। चीते की विशेष पहचान उसकी आँख के कोने से मुँह तक नाक के दोनों ओर आँसुओं के लकीरनुमा निशान है। 20वीं शताब्दी से पहले चीते

अफ्रीका और एशिया में दूर-दूर तक फैले हुए थे। भारत में तो यह जाति बहुत पहले, 1952 में लुप्त घोषित कर दी गई।

प्रश्नः–

1) चीता किसी तेंदुए से कैसे भिन्न होता हैं ?

2) दुनिया का सबसे तेज स्तनधारी प्राणी कौन हैं ?

3) एशियाई चीता कितनी गति से दौड़ सकता हैं ?

4) भारत में एशियाई चीता कब लुप्त घोषित किया गया ?

उत्तरः–

1) चीते को विशेष पहचान उसकी आंख के कोने से मुंह तक नाक के दोनों ओर फैली आंसुओं की लकीरनुमा निशान है।

2) एशिया चीता

3) 112 किमी. प्रति घंटा

4) 1952

(ख) हिमालयन यव एक औषधीय पौधा है जो हिमाचल प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में पाया जाता है। पेड़ की छाल, पत्तियों, टहनियों और जड़ों से टकसोल नामक रयासन निकाला जाता है तथा इसे कुछ कैंसर रोगों के उपचार के लिए प्रयोग किया जाता है, इससे बनाई गई दवाई विश्व में सबसे अधिक बिकने वाली कैंसर औषधि है। इसके अत्याधिक निष्कासन से इस वनस्पति जाति को खतरा पैदा हो गया है।

प्रश्नः–

1) हिमालयन यव कहाँ पाया जाता है ?

2) विश्व में सबसे अधिक बिकने वाल कैंसर औषधि का क्या नाम हैं।

3) हिमालयन यव किस चीज से खतरा है।

4) हिमालयन यव का क्या प्रयोग हैं।

उत्तरः–

1) हिमाचल प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश

2) टकसोल

3) अत्याधिक निष्कासन

4) हिमालयन यव औषधीय के रूप में प्रयोग किया जाता हैं।

अध्याय – 3
जल संसाधन

मुख्य बिन्दु और परिभाषाएँ–

(1) दुनिया में पानी की कुल मात्रा का 96.5 प्रतिशत समुद्र के रूप में मौजूद है ओर केवल 2.5 प्रतिशत मीठे पानी के रूप में अनुमानित है।

(2) भारत को वैश्विक वर्षा का लगभग 4 प्रतिशत प्राप्त होता है और पानी की प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष उपलब्धता के मामले में दुनिया में 133 वें स्थान पर है।

(3) ऐसी आशंका व्यक्त की जाती है कि 2025 तक, भारत के बड़े हिस्से पानी की कमी वाले देशों या क्षेत्रों में शमिल हो जाएंगे।

(4) ज्यादातर मामलों में पानी की कमी अति-शोषण, अत्याधिक उपयोग और पानी तक विभिन्न सामाजिक समूहों की असमान पहुंच के कारण होती है।

(5) सिंचित क्षेत्रों और शुष्क-ऋतु में कृषि का विस्तार करने के लिए जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है।

(6) गहन औद्योगीकरण और शहरीकरण ने मौजूदा मीठे पानी के संसाधन पर दबाव बढ़ाकर मामलों को बदतर बना दिया है।

(7) जल निकायों में प्रदूषण, घरेलू और औद्योगिक कचरे, रसायनों, कीटानाशकों और कृषि में प्रयुक्त होने वाले उर्वरकों द्वारा हो रहा है।

(8) पहली शताब्दी ईसा पूर्व में, इलाहाबाद के पास श्रृंगवेरपुरा में गंगा नदी के बाढ़ के पानी को संरक्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट जल संग्रहण तंत्रा बनाया गया था।

(9) 11 वीं शताब्दी में, भोपाल झील, अपने समय की सबसे बड़ी कृत्रिम झीलों में से एक थी।

(10) डैम बहते पानी के बीच एक अवरोध है जो प्रवाह को बाधित निर्देशित या पीछे करता है, अक्सर एक जलाशय, झील का निर्माण करता है।

(11) जवाहरलाल नेहरू ने बांधों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहा।

(12) नर्मदा बचाओं आंदोलन और टिहरी बांध अंदोलन बड़े बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के खिलाफ शुरू किए गए थे।

(13) बहु-उद्देशीय नदी परियोजनाओं के लाभ




INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनीतिक और पड़ोसी देश
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

प्रमुख बाँध





लघु - उत्तर प्रकार के प्रश्न (1 अंक)

प्र. 1निम्न में से कौन जल की दुर्लभता का कारण नहीं हैं?

(क) बढ़ती जनसंख्या

(ख) सिंचाई सुविधाओं का विस्तार

(ग) उद्योग

(घ) जल संरक्षण तकनीक

2. भाखड़ा नांगल नदी घाटी परियोजना किस नदी पर बनाई गई है:

(क) सतलज- ब्याज (ख) रावी चिनाब

(ग) गंगा (घ) सोन

3. हीराकुंड बांध किस नदी पर बना हैं:

(क) गंगा (ख) मंजीरा

(ग) मानस (घ) महानदी

4. पश्चिमी हिमालय में देखे जाने वाली वाहिकाओं को कहा जाता है:

(क) गुल अथवा कुल (ख) खादीन

(ग) जोहड (घ) रिचार्ज पिट्स

5. 11 वीं शताब्दी में निर्मित प्राचीन भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील कौन सी थी ?

6. गंगा नदी के बाढ़ के पानी को संचयन करने वाले सबसे पुराने जल संचयन प्रणाली का नाम बताइए ?

7. झारखंड और पश्चिम बंगाल में किस नदी को 'शोक की नदी' के रूप में जाना जाता है ?

8. कुछ लोग बांधों का विरोध क्यों करते हैं ?

9. सही मैच चुनें-

(क) टाँका ..... बीकानेर

(ख) बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली ..... मध्य प्रदेश

(ग) गंगा ..... हीराकुंड बांध

निम्नलिखित कथन सत्य है या गलत–

10. उत्तर प्रदेश में बॉस ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जाता हैं।

11. नर्मदा बचाओ आंदोलन 'बड़ी बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के खिलाफ शुरू किया गया था।

12. भारत को वैश्विक वर्षा का लगभग 9 प्रतिशत प्राप्त होता है।

रिक्त स्थान भरें:–

13. भाखड़ा नांगल परियोजना के पानी का उपयोग मुख्य रूप से ..... के लिए किया जा रहा है।

14. आज पश्चिमी राजस्थान में बहुत सारा पानी ..... के कारण उपलब्ध है।

15. ..... आंदोलन बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं का प्रतिरोध हैं?

16. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण के रूप में दो कथन दिए गए हैं (R) नीचे दिए कोड के अनुसार अपना जवाब दें:

(A) स्थानीय समुदाय बांधों का विरोध करते हैं।

(R) बांधों से कृषि-भूमि जलमग्न हो सकती है और विस्थापितों का जीवन बाधित हो सकता है।

विकल्प:

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

17. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण के रूप में दो कथन दिए गए हैं (R) नीचे दिए गए कोड के अनुसार, अपना जवाब दें:

(A) भारत की नदियों, विशेष रूप से छोटी, सभी जहरीली धाराओं में बदल गई है।

(R) बांध परम्परागत रूप से नदियों और वर्षा जल को बचाने के लिए बनाए गए थे जिनका उपयोग बाद में कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए किया जा सकता था।

विकल्पः

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

उत्तर कुंजी.....

1. (घ) जल संरक्षण तकनीक
2. (क) सतलज व्यास
3. (घ) महानदी
4. (क) गुल अथवा कुल
5. भोपाल झील
6. इलाहाबाद के पास श्रृंगवेरपुरा
7. दामोदर नदी
8. बांध खेती की भूमि को जलमग्न कर सकते है और विस्थापितों के जीवन को बाधित कर सकते हैं।
9. (क) टॉका ..... बीकानेर
10. गलत
11. सत्य
12. गलत
13. पनबिजली और सिंचाई

14. बारहमासी राजस्थान नहर

15. नर्मदा बचाओ आंदोलन

16. (1)

17. (2)

लघु/ दीर्घ उत्तर प्रकार प्रश्न (3/5 अंक)

1. ताजे पानी के तीन स्त्रोत लिखें।

2. जल दुर्लभता क्या हैं? जल दुर्लभता के मुख्य कारण लिखिए।

3. जल प्रदूषण का मुख्य कारण लिखिए।

4. जल संसाधनों के संरक्षण की क्या आवश्यकता हैं?

5. जल संसाधनों के संरक्षण के लिए अपनाए गए कुछ उपायों को लिखें।

6. प्राचीन भारत में जल संरक्षण कैसे हुआ था? अपने उत्तर के समर्थन में कोई चार उदाहरण कीजिए।

7. भारत में बहुउद्देशीय परियोजनाओं पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

8. पानी के चार प्रमुख उपयोग बताएं।

9. पालर पानी क्या है? राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में इसका क्या महत्व हैं?

10. भारत में प्रचलित किन्हीं तीन अलग -अलग वर्षा जल संचयन प्रणालियों का वर्णन करें।

11. बांधों को अब बहुउद्देशीय परियोजना क्यों कहा जाता हैं?

12. अत्यधिक सिंचाई के नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख करें?

उत्तर कुंजी.....

उ. 1 (1) वर्षा से।

(2) सतह - जल- नदियों, झीलों आदि में।

(3) भूजल- भूमि में संग्रहित जल, जो बारिश से रिचार्ज हो जाता है।

उ. 2 जल दुर्लभता का अर्थ है- पानी की कमी।

जल दुर्लभता के कारण.....

(1) बड़ी आबादी

(2) सिंचित क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है

(3) बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के साथ पानी की अधिक माँग।

(4) विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच पानी की असमान पहुंच

(5) उद्योगों द्वारा पानी का अत्यधिक उपयोग

(6) शहरी क्षेत्रों में पानी का अधिक दोहन

उ. 3 (1) घरेलू अपशिष्ट,

(2) औद्योगिक कचरे को उचित उपचयार के बिना पानी में बहा दिया जाता हैं।

(3) उद्योगों और कृषि क्षेत्र से रासायनिक अपशिष्ट।

(4) कृषि में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक और उर्वरक।

(5) कई मानवीय गतिविधियों, जैसे, धार्मिक अनुष्ठान और मूर्तियों का विसर्जन, आदि भी पानी को प्रदूषित करता है।

उ. 4(1) जल संसाधन सीमित है और हमारी आवश्यकताएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

(2) हमारे अधिकांश संसाधन पीने और अन्य उद्देश्यों के लिए प्रदूषित और अनुपयुक्त हैं।

(3) स्वास्थ्य खतरों से स्वयं को सुरक्षित रखना।

(4) खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और हमारी आजीविका को जारी रखना।

(5) हमारे जलस्त्रोतों के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण को रोकना।

उ. 5 (1) भूजल को अति-दोहन न करें, भूजल को रिचार्ज करें।

(2) हर स्तर पर पानी की बर्बादी से बचें।

(3) पानी को प्रदूषित न करें।

(4) अलाशयों, वाटरशेड विकास कार्यक्रमों, आदि में वर्षा जल का दोहन।

(5) विशेष रूप से शुष्क क्षेत्रों में सिंचाई और छिड़काव आदि।

उ. 6(1) पहली शताब्दी ईसा पूर्व में, इलाहाबाद में परिष्कृत जल संचयन प्रणाली थी।

(2) चंद्रगुप्त मौर्य के समय में बाँध, झीलें और सिंचाई प्रणालियों बड़े पैमाने पर बनायी गयी थीं।

(3) ओडिशा के कलिंग, नागार्जुनकोंडा में परिष्कृत सिंचाई कार्य पाए गए हैं, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में बेन्नूर और महाराष्ट्र में कोल्हापुर।

(4) 11 वीं शताब्दी में बनी भोपाल झील अपने समय की सबसे बड़ी कृत्रिम झीलों में से एक थी।

(5) 14वीं शताब्दी में, इल्तुतमिश ने पानी की आपूर्ति के लिए दिल्ली के हौज खास में एक टैंक का निर्माण किया सिरी किला क्षेत्र में।

उ. 7(1) स्वतंत्रता के बाद उनके एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन दृष्टिकोण के साथ लॉन्च किया गया।

(2) जवाहरलाल नेहरू ने बांधों को गर्व से आधुनिक भारत के मंदिरों के रूप में घोषित किया।

(3) यह कृषि और ग्राम अर्थव्यवस्था के विकास को तेजी से औद्योगिकीकरण और शहरी अर्थव्यवस्था के विकास के साथ एकीकृत करेगा।

उ. 8(1) पेयजल और घरेलू खपत जैसे कपड़े धोना।

(2) खेत की सिंचाई।

(3) जल - विद्युत का उत्पादन।

(4) औद्योगिक प्रतिष्ठानों में उपयोग।

उ. 9 वर्षा का पानी जो भूमिगत टैंकों में जमा होता है पीने योग्य पानी हैं। इसे पालर पानी कहा जाता है।

राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में, यह निम्नलिखित तरीकों से महत्वपूर्ण हैं।

1. यह पेयजल का मुख्य स्त्रोत है, जब अन्य सभी स्त्रोत सूख गए हों।
2. इसे पेयजल का शुद्धतम रूप माना जाता हैं।
3. गर्मियों में, ये टैंक भूमिगत कमरों और उनसे जुड़े कमरों को ठंडा, साफ रखते हैं।

उ.10(1) पहाड़ी क्षेत्रों में, लोगों ने कृषि के लिए गुल और कुल जैसी वाहिकाएं बनायीं है।

(2) बंगाल के बाढ़ क्षेत्रों में बाढ़ जल वाहिकाएं बनायीं गयी।

(3) राजस्थान के शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में, कृषि क्षेत्रों को बरसाती भंडारण संरचनाओं में परिवर्तित किया गया।

उ.11(1) बाँध से एकत्र जल का उपयोग एक दूसरे पर निर्भर हैं।

(2) बांधों का निर्माण बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, बिजली उत्पादन ओर वितरण के लिए किया जाता हैं।

(3) जल, वनस्पति और मिट्टी के सरंक्षण के लिए बांधों का निर्माण किया जाता हैं।

(4) यह पर्यटन को बढ़वा देने में भी मदद करता हैं।

उ. 12(1) इससे मिट्टी के लवणीकरण जैसे बड़े पारिस्थितिक परिणाम हो सकते हैं।

(2) इससे मिट्टी की उर्वरता में कमी।

(3) इससे पानी की कमी हो जाती हैं।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

बहु- उद्देशीय परियोजनाएं और बड़े बांध नए पर्यावरणीय आन्दोलनों जैसे

'नर्मदा बचाओं आंदोलन' और 'टिहरी बांध आंदोलन' के कारण भी बन गए हैं। इन परियोजनाओं का विरोध मुख्य रूप से स्थानीय समुदायों के वृहद् स्तर पर विस्थापना के कारण है। आमतौर पर स्थानीय लोगों को उनकी जमीन आजीविका और संसाधनों से लगाव एवं नियंत्रण देश की बेहतरी के लिए कुर्बान करना पड़ता है। इसलिए, अगर स्थानीय लोगों को इन परियोजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तो किसको मिल रहा हैं? शायद जमींदारों और बड़े किसानों को या उद्योगपतियों और कुछ नगरीय केंद्रों को। गाँव के भूमिहीनों को लीजिये, क्या वे वास्तव में ऐसी परियोजनाओं से लाभ उठाते हैं।

(क) नर्मदा बचाओं आंदोलन के पीछे क्या कारण था?

(ख) बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं से किसे लाभ होता हैं?

(ग) स्थानीय लोगों से बड़े बांध के खिलाफ प्रतिरोंध पर आपकी क्या राय हैं। अपने शब्दों में लिखो।

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

सिंचाई ने कई क्षेत्रों में फसल प्रारूप परिवर्तित कर दिया है जहाँ किसान जलगहन और वाणिज्य फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इससे मृदाओं के लवणीकरण जैसे गंभीर पारिस्थितिकीय परिणाम हो सकते है। इसी दौरान इसने अमीर भूमिमालिकों ओर गरीब भूमिहीनों में सामाजिक दूरी बढ़ाकर सामाजिक परिदृश्य बदल दिया है। जैसा कि हम देख सकते हैं। कि बांध उसी जल के अलग-अलग उपयोग और लाभ चाहने वाले लोगों के बीच संघर्ष पैदा करते हैं। गुजरात में साबरमती बेसिन में सूखे के दौरान नगरीय क्षेत्रों में अधिक जल आपूर्ति देने पर परेशान किसान उपद्रव पर उतारू हो गए। बहु-उद्देशीय परियोजनाओं के लागत ओर लाभ के बंटवारे को लेकर अन्तर्राज्यीय झगड़े आम होते जा रहे हैं।

(क) सिंचाई से शस्य प्रारूप कैसे बदल गया।

(ख) 'बांधों ने लोगों के बीच संघर्ष पैदा किया।' कथन का विश्लेषण करें।

(ग) मिट्टी और सामाजिक परिद्श्य पर सिंचाई के परिणाम क्या हैं?

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

राजस्थानों के अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों विशेषकर बीकानेर, फलोदी और बाइमेर, में लगभग हर घर में पीने का पानी संग्रहित करने के लिए भूमिगत टैंक अथवा 'टाँका' हुआ करते थे। इसका आकार एक बड़े कमरे जितना हो सकता है। फलोदी में एक घर में 6.1 मीटर गहरा, 4.27 मीटर लम्बा और 2.44 मीटर चौड़ा टाँका था। टांका यहाँ सुविकसित छत वर्षाजल संग्रहण तंत्रा का अभिन्न हिस्सा होता है। जिसे मुख्य घर या आँगन में बनाया जाता था। वे घरों की ढलवां छतों से पाइप द्वारा जुड़े हुए थे। छत से वर्षा का पानी इन नलों से होकर भूमिगत टाँका तक पहुंचता था जहाँ इसे एकत्रित किया जाता था। वर्षा का पहला जल छत और नलों का साफ करने में प्रयोग होता था। और उसे संग्रहित नहीं किया जाता था। इसके बाद होने वाली वर्षा का जल संग्रह किया जाता था।

(क) राजस्थान के किन क्षेत्रों में 'टाँका' पाए जाते हैं?

(ख) छत पर जल संचयन प्रणाली से आप क्या समझते हैं?

(ग) 'टाँका' मे वर्षा का पहला जल संग्रहित क्यों नहीं करते हैं?

स्त्रोत आधारित प्रश्नों की उत्तर कुंजी

उ.1 (क) वृहद् पैमाने पर स्थानीय लोागों का विस्थापन

(ख) जमींदारों और बड़े किसानों को या उद्योगपतियों और कुछ नगरीय केन्द्रों को

(ग) सरकार को विस्थापित लोगों को क्षतिपूर्ति देना चाहिए। और लाभ के बँटवारे में हिस्सेदारी बनाना चाहिए।

उ. 2(क) नोटों का संदर्भ लें।

(ख) नोटों का संदर्भ लें।

(ग) नोटों का संदर्भ लें।

उ.3 (क) नोटों का संदर्भ लें।

(ख) नोटों का संदर्भ लें।

(ग) नोटों का संदर्भ लें।

मानचित्र आधरित प्रश्न

प्र. 1दिए गए नक्शे पर निम्नलिखित वस्तुओं को उपयुक्त चिन्हों के साथ लगाएँ और लेबल करें।

1. टिहरी बांध
2. भाखड़ा नांगल बांध
3. राणा प्रताप सागर बांध
4. सलाल बांध

प्र. 2 भारत के दिए गये मानचित्र में निम्नलिखित बांधों को दर्शायें।

1. तुंगभद्रा
2. हीराकुंड
3. नागार्जुन सागर बांध
4. सरदार सरोवर बांध


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
© Government of India Copyright, 2015
Published :
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

अध्याय 4

कृषि



- जमींन के छोटे से टुकडे पर कृषि
- आदिम उपकरण जैसे कुदाल, दाओ और खुदाई की छड़े
- इस प्रकार की खेती मानसून और मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता पर निर्भर करती है
- कर्तन एवं दहन कृषि उदा. झूमिंग

- जनसंख्या के उच्च दबाव चाले क्षेत्रों में कृषि
- श्रम प्रधान कृषि
- उच्च उत्पादन के लिए जैव रासायनिक और सिंचाई की उच्च खुराक का उपयोग किया जाता है।
- भूमि धारण का आकार अलाभकर है

- HYV बीज, उर्वरक कीटनाशक और कीटनाशक जैसे आधुनिक इनपुट की उच्च खुराक का उपयोग
- रोपण एक प्रकार की व्यावसायिक खेती है।
- चाय, कॉफी, गन्ना और केले का बागान व्यावसायिक खेती के उदाहरण हैं।


UNDERSTANDING CROPING SEASONS IN INDIA
रबी
बुवाई–अक्टूबर से दिसम्बर
कंटाई–अप्रैल से जून
उदाहरण–गेहूँ, जी, मटर, सरसों
प्रमुख उत्पादक– उ. प्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड
खरीफ
बुवाई मई से जुलाई
कटाई–सितंबर से अक्टूबर तक।
उदाहरण–धान, बाजरा, अरहर, मक्का गन्ना
प्रमुख उत्पादक– उ. प्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल
जायद
बुवाई अप्रैल से जून
उदाहरण तरबूज ,खरबूजे ककड़ी


प्रमुख फसलें
खाद्य फसलें
नकदी फसलें
बागवानी फसलें
गेहूं, चावल, मक्का, दलहन, तिलहन
चाय, कॉफी, रबड़, जूट, कपास,
फल, फूल, सब्जियां

प्रमुख फसलें और जलवायु परिस्थितियां ------

फसलें	बुआई	कटाई	तापमान	वार्षिक- वर्षा	उत्पादक राज्य
1-चावल	जून - जुलाई	सितंबर-अक्टूबर	25 ° C से ऊपर	100 सेमी से ऊपर	पश्चिम बंगाल, यू.पी. पंजाब
2-गेहूं	नवंबर-दिसंबर	अप्रैल- मई	21 ° C - 24 ° C	50 से 75 से.मी.	पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार
3-मक्का	जून - जुलाई	सितम्बर-अक्टूबर	21 ° C से 27 ° C	50-100 सेमी	कर्नाटक, यू.पी., बिहार, आंध्र प्रदेश
4-गन्ना	जनवरी - मार्च	दिसंबर - मार्च	21 ° C से 27 ° C	75 - 100 सेमी।	यू. पी।, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु
5-चाय	अप्रैल-जून और अक्टूबर-दिसंबर	हर 7 -12 दिन	21 ° C से 29 ° C	150-200 से.मी.	असम और पश्चिम बंगाल
6- कपास	देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न है	देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न है	21 ° C से 30 ° C	50-120 सें.मी.	महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक
7-जूट	फरवरी में निम्न भूमि में और मार्च-मई में उच्च भूमि में बोया जाता है	जुलाई - अक्टूबर।	25 ° C से ऊपर	160-200 से.मी.	पश्चिम बंगाल, असम और बिहार

कृषि प्रक्रिया



प्रमुख बिन्दुः-

1. चावल हरियाणा और पंजाब में एक वाणिज्यिक फसल है, लेकिन ओडिशा में, यह एक जीविका फसल है।
2. रोपण एक प्रकार की वणिज्यिक कृषि है। इस प्रकार की खेती में एक बड़े क्षेत्र में एक ही फसल उगाई जाती हैं।
3. भारत में महत्वपूर्ण रोपण फसलें - चाय, कॉफी, रबर, गन्ना, केला आदि।
4. चावल भारत के अधिकांश लोगों की मुख्य फसल है। हमारा देश दुनिया में चीन के बाद चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
5. असम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में एक साल में धान की तीन फसलें उगाई जाती हैं। ये हैं- आस, अमन और बोरो।
6. गेहूं दूसरी सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसल है। यह उत्तर में और देश के उत्तर पश्चिमी भाग में मुख्य खाद्य फसल हैं।
7. मक्का एक ऐसी फसल है जिसका उपयोग भोजन ओर चारे दोनों के रूप में किया जाता है।
8. ज्वार, बाजरा और रागी भारत में उगाए जाने वाले महत्वपूर्ण मोटे अनाज हैं। हालांकि, इनको अनाज के रूप में जाना जाता हैं। किन्तु इनमें पोषक तत्वों की

मात्रा बहुत अधिक हैं।

9. ज्वार, क्षेत्र और उत्पादन के संबंध में तीसरी सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसल है।

10. भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है।

11. ब्राजील के बाद भारत गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

12. दुनिया में मूंगफली का उत्पादन-चीन (प्रथम), भारत (दूसरा) और रेपसीड उत्पादन में कनाडा, प्रथम, चीन, दूसरा और भारत- दुनिया में तीसरा।

13. दुनिया में चाय उत्पादन में 2020 में चीन-प्रथम और भारत - दूसरा।

14. 2013 में, भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक था।

15. **फसल चक्रः**- फसल की उत्पादकता और भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए भूमि के एक टुकड़े पर विभिन्न फसलों को उगाना।

16. **कर्तन दहन प्रणाली/स्थानांतरित कृषिः**- किसान जंगल की भूमि के टुकड़े को साफ करके अर्थात् पेड़ काटकर जलाते है, परिवार के जीविका निर्वाह के लिए खेती करते हैं और उस जमीन की उर्वरता कम होने के बाद किसी और जमीन के टुकड़े को साफ करके खेती करते हैं।

17. श्वेत क्रांतिः- दूध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं की नस्लों में सुधर करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग। इसे ऑपरेशन फ्लड भी कहा जाता हैं।

18. **हरित क्रांतिः**- उत्पादन बढ़ाने, विशेष रूप से गेंहूँ का उत्पादन बढ़ाने के लिए HYV बीजों के उपयोग, आधुनिक प्रौद्योगिकी, उर्वरक तथा कीटनाशकों का प्रयोग।

19. जूट को गोल्डन फाइबर के रूप में जाना जाता है।

लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न (1 अंक)

1. भारत के तीन प्रमुख फसल सीजन हैंः

(क) आस, अमन और बोरो

(ख) रबी, खरीफ और जायद

(ग) बैसाख, पौष और चैत

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. खरीफ की फसल उगाई जाती हैः

(क) मानसून की शुरूआत के साथ और सितम्बर - अक्टूबर में कटाई

(ख) सदियों की शुरूआत और गर्मियों में कटाई के साथ

(ग) शरद ऋतु की शुरूआत और गर्मियों में कटाई के साथ

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. रबी और खरीफ के मौसम के बीच का छोटा मॉसम इस प्रकार हैः

(क) ओंस (ख) बोरो

(ग) जायद (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से किसे गोल्डन फाइबर के रूप में जाना जाता है ?

(क) कपास (ख) जूट

(ग) गांजा (घ) रेशम

5. भारत की दो महत्वपूर्ण पेय फसलें कौन सी हैं ?

6. स्थानांतरण कृषि को परिभाषित करें ?

7. भारत का प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य कौन सा हैं ?

8. भारत के दो प्रमुख चाय उत्पादक राज्यों के नाम बताएं।

निम्नलिखित कथन सत्य है या गलत

9. कृषि की एक प्रणाली जहां एक बड़े क्षेत्र पर एक ही फसल उगाई जाती है उसे स्थानांतरण कृषि कहा जाता है।

10. पंजाब भारत में मक्का का प्रमुख उत्पादक है।

11. भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीडीएस प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को रियायती मूल्य पर खाद्यान्न सुनिश्चित करती हैं।

रिक्त स्थान भरें:–

12. भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का ..... के बाद दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक हैं।

13. ..... विश्व में दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और साथ ही साथ सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है।

14. ..... फसलों को सर्दियों में बोया जाता है और गर्मियों में काटा जाता हैं।

15. सही मैच चुनें–

(क) खरीफ की फसल ..... धान और मक्का

(ख) रबी की फसल ..... कस्तूरी और ककड़ी

(ग) जायद की फसल ..... चना और सरसों

16. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण के रूप में दो कथन दिए गए हैं (R) नीचे दिए कोड के अनुसार अपना जवाब दें:

(A) जैव रासायनिक आगतों और सिंचाई का उपयोग उच्च उत्पादन प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

(R) जैव रासायनिक आगतों की खुराफ का उपयोग फसलों को तेजी से विकसित करने के लिए किया जाता हैं।

विकल्प:

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

17. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण के रूप में दो कथन दिए गए

हैं (R) नीचे दिए कोड के अनुसार अपना जवाब दें:

(A) चाय की खेती एक श्रम प्रधान उद्योग हैं।

(R) खेती वर्षा भर की जा सकती है। चाय की झाड़ियों को गर्म और नम और पाला मुक्त जलवायु की आवश्यकता होती हैं।

विकल्पः

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

उत्तर कुंजीः–

1) (ख) रबी, खरीफ और जायद

2) (क) मानसून की शुरूआत के साथ और सितम्बर-अक्टूबर में कटाई

3) (ग) जायद

4) (ख) जूट

5) कॉफी और चाय

6) एक व्यक्ति भूमि के एक टुकड़े का उपयोग करता है, केवल कुछ समय बाद प्रारंभिक उपयोग को छोड़ने या बदलने के लिए।

7) उत्तर प्रदेश

8) असम और पश्चिम बंगाल।

9) गलत

10) गलत

11) सत्य

12) चीन

13) भारत

14) रबी

15) (क) खरीफ की फसल ..... धान और मक्का

16) (1) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

17) (2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

लघु/दीर्घ उत्तर प्रकाश के प्रश्न (3/5 अंक)

1. चाय के विकास के लिए आवश्यक अनुकूल तापमान, वर्षा और मिट्टी की स्थिति के बारे में बताएं। प्रमुख चाय उत्पादक राज्यों का नाम बताइए।
2. चावल की वृद्धि के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियाँ क्या हैं। इसके उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों का नाम बताइए।
3. दूसरी सबसे महत्वपूर्ण अनाज की फसल कौन सी है? इसके विकास के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों क्या हैं। इसके उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों का नाम बताइए।
4. गन्ने के विकास के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियाँ क्या है। इसके उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों का नाम बताइए।
5. क्यों कृषि में विकास दर दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। कारण बतायें।
6. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व हैं?
7. भारतीय कृषि की तीन विशेषताएं बताएं।
8. रोपण कृषि क्या हैं?
9. रबी और खरीफ फसलों के बीच अंतर बताएं।
10. भारत में कृषि सुधारों के पांच तरीके लिखें?
11. भारतीय कृषि पर हरित क्रांति के चार नकारात्मक प्रभावों का वर्णन करें।
12. गहन निर्वाह खेती और वाणिज्यिक खेती के बीच अंतर करें।

13. भारतीय कृषि पर भूमंडलीय के प्रभाव का वर्णन करें।

उत्तर कुंजीः–

1. (a) जलवायुः उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय (गर्म और आर्द्र) जलवायु में अच्छी तरह से विकसित होती हैं।

   (b) मृदा प्रकारः गहरी उपजाऊ अच्छी तरह से सूखी मिट्टी जो ह्यूमस और कार्बनिक पदार्थो में समृद्ध हैं।

   (c) वर्षाः 150 से 300 सेमी वार्षिक। उच्च आर्द्रता और लगाकर वर्षा पूरे वर्ष समान रूप से वितरित हो।

   (d) असम और पश्चिम बंगाल

2. (a) जलवायुः धान एक उष्णकटिबंधीय फसल है और गीले मानसून में अच्छी तरह से बढ़ता है।

   (b) तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर, भारी आर्द्रता अपेक्षित।

   (c) वर्षाः 100 सेमी. से ऊपर। इसे गर्मियों में भारी वर्षा और कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सिंचाई की आवश्यकता होती है।

   (d) खेती के क्षेत्रः उत्तर और उत्तर पूर्वी भारत के मैदान, तटीय क्षेत्र और डेल्टा क्षेत्र। सिंचाई की मदद से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से।

3. (a) गेहूं दूसरी सबसे महत्वपूर्ण अनाज की फसल हैं।

   (b) मृदा प्रकारः जलोढ़ मिट्टी और काली मिट्टी।

   (c) तापमानः वृद्धि के समय ठंडा मौसम तथा कटाई के समय तेज धूप।

   (d) वर्षाः 50 से 75 से.मी. वार्षिक वर्षा

   (e) खेती के क्षेत्र दक्कनः के उत्तर पश्चिम और काली मिट्टी के क्षेत्र में गंगा सतलुज का मैदान।

   गेंहू उत्पादक राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान हैं।

4. (a) भारत ब्राजील के बाद दुनिया में गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

(b) जलवायुः यह गर्म और आर्द्र जलवायु में अच्छी तरह से बढ़ता है।

(c) मृदा प्रकारः यह विभिन्न प्रकार की मिट्टी पर अच्छी तरह से उगाया जा सकता है।

(d) तापमानः तापमान की आवश्यकता 21°C से 27°C होती हैं।

(e) वर्षाः 75 सेमी और 100 सेमी के बीच वार्षिक वर्षा।

(f) प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु हैं

5. (a) भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चुनौती मिल रही है।

(b) उत्पादन आगतों (Inputs) की लागत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।

(c) कृषि क्षेत्र विशेषकर सिंचाई शक्ति, ग्रामीण, सड़क, बाजार आदि में सार्वजनिक निवेश में कमी।

(d) किसानों को दी जाने वाली सब्जिडी को हटाने के लिए भारत सरकार पर विश्व व्यापार संगठन का दबाव।

(e) कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कमी।

6. (a) भारत कृषि प्रधान देश है।

(b) लगभग दो-तिहाई आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर सीधे निर्भर करती है।

(c) कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य भाग है।

(d) यह सकल घरेलू उत्पाद का 26% है।

(e) यह देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है और उद्योगों के लिए कई कच्चे माल का उत्पादन करता है।

7. (a) किसानों के पास जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा होता है और मुख्य रूप से अपने स्वयं के उपभोग के लिए फसलें उगाते हैं।

(b) विभिन्न प्रकार की कृषि गतिविधियेां में पशु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(c) किसान मुख्य रूप से मानसून की बारिश पर निर्भर रहते हैं।

8. (a) रबर, चाय, कॉफी, कोको, मसाले, नारियल और फलों की फसल हैं।

(b) यह पूंजी गहन है और अच्छी प्रबंधकीय क्षमता, तकनीकी जानकारी, परिष्कृत मशीनरी, उर्वरक, सिंचाई और परिवहन सुविधाओं की मांग करता है।

(c) क्षेत्रः- उत्तर पूर्वी भारत, उप-हिमालयी, पश्चिमी बंगाल के पहाड़ी इलाकों में विकसित और नीलगिरि, प्रायद्वीपीय भारत में अनामलाई।

9.

रबी	खरीफ
1. अक्टूबर में मानसून की वापसी के साथ खेती शुरू होती है।	1. मई में मानसून की शुरूआत के साथ खेती शुरू होती है।
2. बीजों की बुवाई अक्टूबर नवम्बर में की जाती है।	2. बीज की बुवाई जून या या जुलाई की शुरूआत में की जाती है।
3. फसल की कटाई अप्रैल-मई में की जाती है।	3. फसल की कटाई सितम्बर अक्टूबर में की जाती है।
4. फसलें उप-मिट्टी की नमी पर निर्भर करती हैं।	4. फसलें मानसून पर निर्भर करती हैं।
5. प्रकारः गेहूं, चना और तेल बीज जैसे, सरसों और रेपसीड्स	5. प्रकारः चावल, बाजरा, मक्का, मूंगफली, जूट, कपास और विभिन्न दालें।

10. (a) किसानों को सीधी मदद करता हैं, खाते में सब्सिडी

(b) किसानों को आसान और सस्ता ऋण

(c) पानी और बिजली की आसान पहुँ

(d) बाढ़, सूखा, चक्रवात और आग से बचाने के लिए फसल बीमा

(e) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), ग्रामीण बैंक, किसान क्रेडिट कार्ड

(f) विशेष मौसम बुलेटिन

(g) भूमि सुधार के कानून लागू

11. (a) रसायनों के अति प्रयोग के कारण भूमि क्षरण

(b) अधिक सिंचाई के कारण भूजल स्तर कम होना

(c) लुप्त हो रही जैव-विविधता

(d) अमीर और गरीब किसानों के बीच अंतर बढ़ रहा हैं।

12.

प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि	वाणिज्यिक कृषि
1. छोटी भूमि जोत और सीमित भूमि	1. बड़ी भूमि जोत
2. पारंपरिक तकनीक और उपकरण उदाहरण- कुदाल, डाओ, खुदाई करने वाली छड़ी	2. आधुनिक तकनीक और उपकरण
3. स्थानीय बाजार के लिए उत्पादन	3. निर्यात के लिए उत्पादन
4. एक वर्ष में दो या तीन फसलें	4. एक ही फसल पर ध्यान
5. मुख्य रूप से आजीविका और खाद्य फसलों का उत्पादन, उदाहरण-धान, गेहूं	5. मुख्य रूप से व्यापार के लिए चिंता। उदाहरण- गन्ना चाय, कॉफी

13.

(a) भारतीय किसानेां को इन उत्पादों के लिए अस्थिर कीमतों के लिए मजबूर होना पड़ सकता हैं, जिसमें साल-दर-साल बड़े पैमान पर उतार-चढ़ाव आते हैं।

(b) अंतर्राष्ट्रीय स्तर और घरेलू स्तर पर कृषि उत्पादों की कीमतों पर व्यापार उदारीकरण का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है। कि अन्य देश किन नीतियों का पालन करते हैं।

(c) प्रमुख कृषि वस्तुओं के निर्यात को उदार बनाया गया है।

(d) फसलों की उच्च उपज देने वाली किस्मो की शुरूआत के साथ बड़ा परिवर्तन हुआ।

(e) इस नवाचार, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्रेडिट विपणन और प्रसंस्करण सुविधाओं के विस्तार के साथ आधुनिक आदानों के उपयोग में उल्लेखित वृद्धि हुई।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

पैकेज टेक्नोलॉजी पर आधारित हरित क्रांति तथा श्वेत क्रांति (ऑपरेशन फ्लड) जैसी कृषि सुधार के लिए कुछ रणनीतियां आरम्भ की गयी थी। परंतु इसके कारण विकास कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रह गया। इसलिए 1980 तथा 1990 के दशकों में व्यापक भूमि विकास कार्यक्रम शुरू किया गया जो संस्थागत और तकनीकी सुधारों पर आधारित था। इस दिशा में उठाये गए कुछ महत्वपूर्ण कदमों में सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग तथा बीमारी के लिए फसल बीमा के प्रावधान और किसानों को कम दर पर ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए ग्रामीण बैंकों, सहकारी समिति और बैंकों की स्थापना सम्मिलित थे।

(क) भारतीय कृषि को बेहतर बनाने में किन आंदोलनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(ख) हरित क्रांति का नकारात्मक प्रभाव क्या था ?

(ग) भारतीय कृषि में सुधार के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

खरीफ फसलें देश के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं और सितम्बर- अक्टूबर में काट ली जाती हैं। इस ऋतु में बोई जाने वाली मुख्य फसलों में चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, तुर(अरहर), मूंग, उड़द, कपास, जूट, मूंगफली और सोयाबीन शामिल है। चावल की खेती मुख्य रूप से असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र विशेषकर कोंकण तटीय क्षेत्रों, उत्तर प्रदेश और बिहार में की जाती है। पिछले कुछ वर्षो में चावल पंजाब और हरियाणा में बोई जाने वाली महत्वपूर्ण फसल बन गयी है। असम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में धान की तीन फसलें- आस, अमन और बोरो बोई जाती हैं।

(क) खरीफ की फसल कब बोई जाती हैं ?

(ख) मुख्य खरीफ फसलें क्या हैं ?

(ग) भारत के किन राज्यों में एक वर्ष में धान की तीन फसलें बोई जाती हैं ?

(घ) भारत में प्रमुख चावल उत्पादक क्षेत्र कौन से हैं ?

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़े और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

इस प्रकार की कृषि भारत के कुछ भागों में अभी भी की जाती है। प्रारम्भिक जीवन निर्वाह कृषि भूमि के छोटे टुकड़ों पर आदिम कृषि औजारों जैसे लकड़ी के हल, डाओ (Dao) और खुदाई करने वाली छड़ी तथा परिवार अथवा समुदाय श्रम की मदद से की जाती है। इस प्रकार की कृषि प्रायः मानसून, मृदा की प्राकृतिक उर्वरता और फसल उगाने के लिए अन्य पर्यावरणीय परिस्थितियाँ की उपयुक्तता पर निर्भर करती है। यह कर्तन दहन प्रणाली (Slash and burn) कृषि है। किसान जमीन के टुकड़त्रे साफ करके उनपर अपने परिवार के भरण- पोषण के लिए अनाज व अन्य खाद्य फसलें उगाते हैं। जब मृदा

की उर्वरता कम हो जाती है। तो किसान उस भूमि के टुकड़ें से स्थानांतरित हो जाते है और कृषि के लिए भूमि का दूसरा टुकड़ा साफ करते हैं।

(क) प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि में किस तरह के औजारो का उपयोग किया जाता है।

(ख) प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि किन कारकों पर निर्भर हैं ?

(ग) 'कर्तन एवं दहन' कृषि से आप क्या समझते हैं ?

स्त्रोत आधारित प्रश्नों की उत्तर कुंजी.....

उ.1

(क) हरित क्रांति और श्वेत क्रांति ने कृषि को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

(ख) हरित क्रांति का प्रभाव कुछ क्षेत्रों में केंद्रित था।

(ग) सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग और बीमारी के खिलाफ फसल बीमा, ग्रामीण बैंकों की स्थापना, सहकारी समितियां आदि।

उ.2 (क) मानसून की शुरूआत के साथ

(ख) धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द आदि।

(ग) असम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा

उ.3 (क) नोटों संदर्भ लें।

(ख) नोटों का संदर्भ लें।

(ग) नोटों का संदर्भ लें।

अध्याय – 5
खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

स्मरणीय तथ्यः–

खनिज़– प्राकृतिक रूप से विद्ध्यमान समरूप तत्व जिसकी एक निश्चित संरचना होती है।

अयस्क– प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जैसे शैल जिनसे पर्याप्त मात्रा में खनिज़ लाभपूर्वक प्राप्त किए जा सकते हों।

खनिजों का वर्गीकरण:-



खनिजों के प्राप्ति स्थल:-



- **खनन**– पृथ्वी के गर्भ से धातुओं, अयस्कों तथा अन्य उपयोगी खनिजों को बाहर निकालना खनन कहलाता है
- **यह एक जोखिम वाला उद्योग है क्योंकि इसमें संसधानों को बाहर निकालने के लिए पृथ्वी के अंदर सुरंग बनाकर जाना पड़ता है। इस दौरान खानों में जहरीली गैसों के रिसाव, आग लगना, खदान में पानी भरने या खदान की छत के धँसने के कारण जान माल के हानी की आंशका बनी रहती है। इसके अलावा यहाँ काम करने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।**

क्रम सं.	खनिज़	प्रमुख उत्पादक राज्य	उपयोग
1	लोहा	ओडिशा (52%), छतीसगढ(16%) कर्नाटक (14%), झारखंड (11%) 1. ओडिशा-झारखंड पेटी 2. दुर्ग-बस्तर-चंद्रपुर पेटी 3. बल्लारि-चित्रगुप्त, चिकमंगलुरु-तुमकुरु पेटी 4. महाराष्ट्र-गोवा पेटी	1. आधारभूत खनिज, 2. विकास की रीढ, 3. मेग्नेटाइट अयस्क(70% लोहांश)- सर्वोत्तम चुम्बकीय गुण, विद्युत उद्योग में उपयोग 4. हेमेटाइट अयस्क (50-60% लोहांश) सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क।
2	मैगनीज़	मध्य प्रदेश(27%), महाराष्ट्र(25%) ओडिशा(25%) कर्नाटक(11%) आंध्र प्रदेश (10%)	1. इस्पात निर्माण में प्रयोग 2. ब्लीचिंग पाउडर, कीटनाशक दवाइयाँ, व पेंट बनाने में प्रयोग
3	तांबा	मध्य प्रदेश (बालाघाट), झारखंड (सिंघभूम), राजस्थान (खेतड़ी)	1. घातवर्ध्य, तन्य और ताप सुचालक होने के कारण बिजली के तार बनाने में, 2. इलैट्रोनिक्स व रसायन उद्योग में
4	एलुमिनियम	ओडिशा(49%), गुजरात(24%) झारखंड(9%), छतीसगढ(8%)	1. अयस्क-बाक्साइट 2. लौहे जैसा शक्तिशाली परंतु अत्यधिक हल्का एवं सुचालक 3. अत्यधिक धातवर्ध्य
5	अभक	बिहार-झारखंउ की कोडरमा-गया हजारीबाग पेटी, राजस्थान का अजमेर, आंध्र प्रदेश का नेल्लोर	1. सर्वोच्च परावैदयुत शक्ति, उर्जा हास का निम्न गुणांक 2. विसंवाहन गुण, उच्च वोल्टेज की प्रतिरोधिता के कारण विद्युत व इलेक्ट्रोनिक उद्योग में प्रयोग
6	चूना पत्थर	राजस्थान (21%) मध्यप्रदेश (11%) छतीसगढ (11%) कर्नाटक(10%)	1. अधिकांशतः अवसादी चट्टानों से प्राप्त 2. सीमेंट उद्योग का आधारभूत कच्चा माल 3. लौह प्रगलन में
		उर्जा खनिज	
1	कोयला	गोंडवाना कोयला (आयु-200 लाख वर्ष से अधिक)-पश्चिम बंगाल झारखंड, टरशियरी कोयला(आयु-55 लाख वर्ष)- मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड	1. जीवाश्म ईधन 2. लिग्नाइट कोयला का प्रयोग विद्युत उत्पादन में होता है 3. बिटुमिनस कोयला वाणिज्यिक प्रयोग में सबसे अधिक लोकप्रिय है 4. एंथ्रेसाइट कोयला सर्वोत्तम गुण वाला कठोर कोयला है।
2	पेट्रोलियम	मुंबई हाई, गुजरात(अंकेलेश्वर), असम(डिगबोई, नहरकटिया, मोरन-हुगरिजन)	1. मशीनों के स्नेहक और अनेक विनिर्माण उद्योगों का कच्चा माल 2. संश्लेषित वस्त्र 3. उर्वरक, तथा अनेक रसायन उद्योगों में प्रयोग
3	प्राकृतिक गैस	कृष्ण-गोदावरी नदी बेसिन, मुंबई	1. स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत

		हाई–खभात की खाड़ी, अंडमान– निकोबार	2.पेट्रो रसायन में कच्चे माल के रूप में प्रयोग, 3– वाहनों में ईंधन के रूप में 4– प्रमुख गैस पाइपलाइन (गैस पाइपलाइन की धमनी)– 1700 कि.मी हाजीरा – विजयपुर –जगदीशपुर (HVJ) जो मुंबई हाई और बेसिन को पश्चिम व उत्तर भारत के उर्वरक, विद्युत, व अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ती है।
4	विद्युत ऊर्जा		
	ताप विद्युत	दिल्ली (बदरपुर, इंद्रप्रस्थ), उत्तर प्रदेश (पनकी), तमिलनाडू(नेवेली) आदि।	1–इसमें कोयला, पेट्रोलियम या गैस की शक्ति (ताप से) से पानी को भाप बनाकर टरबाइन चलाया जाता है जिससे विद्युत ऊर्जा उत्पन्न होती है। 2–विद्युत ऊर्जा के सभी उपयोग
	जल विद्युत	भाखरा नांगल, दामोदर घाटी परियोजना, कोपिली हाइडल परियोजना	1.–इसमें नदियों के ऊपर बाँध बनाकर ऊंचाई से गिरते हुए। पानी की शक्ति से टरबाइन चलकर विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है। 2– विद्युत ऊर्जा के सभी उपयोग

ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोत

1	1. आणिवक ऊर्जा	उत्तर प्रदेश(नरोरा), गुजरात काकरापार), महाराष्ट्र (तारापुर), कर्नाटक (कैगा). तमिलनाडू (कलपक्कम)	1–इसमें यूरेनियम या थोरियम जैसे पदार्थों के अणुओं की सरचना को रसायनिक रूप से बदल कर उच्च मात्र में ऊष्मा प्राप्त की जाती है जिससे टरबाइन को चलकर विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है।
2	सौर ऊर्जा		1–फोटोवोल्टाइक प्रोद्योगिकी के द्वारा सूर्य की किरणों को विद्युत में परिवर्तित किया जाताहै। 2– ऊर्जा का स्वच्छ साधन, 3– विदयुत ऊर्जा के सभी उपयोग
3	पवन ऊर्जा	तमिलनाडु (नागरकोइल से मदुरै राजस्थान (जैसलमेर), आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, केरल, लक्ष्द्वीप	1–पवन की शक्ति से पवनचक्की को चलाकर जिससे टरबाइन जुड़े हुए होते हैं विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है। 2–ऊर्जा का स्वच्छ साधन 3– विद्युत ऊर्जा के सभी उपयोग
4	बायो गैस		1–जैविक पदार्थों के अपघटन के द्वारा गैस उत्पन्न की जाती है जिसकी तापीय क्षमता उपर्ला, चारकोल या मिट्टी के तेल से अधिक होती है, 2– ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक तरदान 3–इसके अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग उर्वरक के रूप 4– गैस लैम्प के द्वारा रोशनी के रूप में
5	ज्वारीय ऊर्जा	खंभात की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी, पश्चिम बंगाल के सुंदरवन डेल्टा के क्षेत्र,	1– महासागरीय तरंगों का उपयोग विद्युत उदपादन में, 2– ऊर्जा का स्वच्छ साधन, 3–विद्युत ऊर्जा के सभी उपयोग
6	भूतापीय ऊर्जा	हिमाचल प्रदेश (मणिकरण), लद्दाख (पुगा घाटी)	1. पृथ्वी के आंतरिक भाग के ताप का प्रयोग कर विद्युत उत्पादन 2– ऊर्जा का स्वच्छ साधन, 3– विद्युत ऊर्जा के सभी उपयोग

संसाधनों/ खनिजों के संरक्षण की आवश्यकता–

- उपभोग की अत्यधिक दर
- सीमित भंडार
- पुनर्भरण की निम्न दर
- पर्यावरण पर दुष्प्रभाव

संसाधनों / खनिजों के संरक्षण की विधियाँ

- कम उपयोग करना
- पुनः उपभोग करना
- पुनर्चक्रण
- स्थापन्न (एक के स्थान पर दूसरा) का प्रयोग

रोचक तथ्यः–

कुद्रेमुख– कन्नड भाषा में कुदरे शब्द का अर्थ होता है 'घोड़ा'। कर्नाटक के पश्चिमी घाट की सबसे ऊंची चोटी के मुख से मिलती जुलती है। इसी तरह छत्तीसगढ़ स्थित **'बेलाडीला'** की पहाड़ियाँ बैल के डील (हम्प) से मिलती-जुलती है जिसके कारण इसका यह नाम पड़ा।	**रैट होल खननः** भारत के उत्तर पूर्व के जोवाई और चेरापूँजी में कोयला खनन परिवार के सदस्य द्वारा एक लंबी संकीर्ण सुरंग के रूप में किया जाता है, तो इसे नेशनल ग्रीन ट्रिव्यूनल ने अवैध घोषित कर दिया है।	एलुमिनियम की खोज के बाद सम्राट **नेपोलियन तृतीय** अपने कपड़ो पर एलुमिलियम के बने हुए हुक व बटन पहलता था तथा खास मेहमानों को एलुमिनियम से बने बर्तनों में खाना खिलाता था, जबकि तीस वर्ष बाद पेरिस में भिखारियों के पास एलुमिनियम के बर्तन एक आम बात थी।

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

प्रश्न संख्या 1 ओर 2 में सही विकल्प को चुनिए–

प्र.1. निम्नलिखित में से कौन सा कोयला सर्वोत्तम गुण वाला कठोर कोयला है ?

(a) बिटुमिनस (b) एन्थ्रेसाइट

(c) लिग्नाइट (d) इनमें से कोई नहीं

प्र.2. सीमेंट उद्योग में कच्चे माल के रूप में क्या प्रयोग में आता है ?

(a) चूना पत्थर (b) कोयला

(c) अभ्रक (d) एलुमिनियम

प्रश्न संख्या 3 और 4 में कथन के रेखाकिंत शब्द को सही करके पुनः लिखिए–

प्र.3. हिमाचल प्रदेश का मणिकरण कोयले की खान के लिए प्रसिद्ध है।

प्र.4. कर्नाटक के कैग में भूतापीय ऊर्जा केंद्र स्थित है।

प्रश्न संख्या 5 से 8 में दो कथन संकल्पना (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं। उन्हें पढ़कर नीचे दिये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए–

(a) संकल्पना (A) और कारण (R) दोनों सहीं है और कारण (R) संकल्पना (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) संकल्पना (A) औरण (R) दोनों सही है परंतु कारण (R) संकल्पना (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) संकल्पना (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।

(d) संकल्पना (A) गलत है और कारण (R) सही है।

प्र.5. संकल्पना (A): अभ्रक एक आधात्विक खनिज़ है।
कारण (R): अभ्रक में धातुओं के गुण नहीं होते है।

प्र.6. संकल्पना (A): तांबे का प्रयोग बिजली के तार बनाने में किया जाता है
कारण (R): तांबा विद्युत का कुचालक होता है।

प्र.7. संकल्पना (A): सोना, चांदी प्लेसर निक्षेप के रूप में प्राप्त होते हैं।
कारण (R): ये कम क्रियाशील धातु है

प्र.8. संकल्पना (A): सौर ऊर्जा परंपरागत ऊर्जा का एक उदाहरण है।
कारण (R): सौर ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा का एक उदाहरण है।

प्रश्न संख्या 9 और 10 में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–

प्र.9. ..... आण्विक ऊर्जा का एक स्रोत है।

प्र.10 लोहे का ..... अयस्क सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क है

प्र.11 अयस्क किसे कहते है ?

प्र.12 धात्विक खनिज़ का क्या अर्थ है ?

प्र.13 संसाधनों के संरक्षण का एक उपाय लिखिए।

प्र.14 ज्वारीय ऊर्जा, ऊर्जा का एक स्वच्छ साधन क्यों कहलाता है ?

प्र.15 कोयला एक जीवाश्म ईंधन क्यों कहलाता है ?

लघु/ दीर्घ उत्तरीय (3/5 अंक)

प्र.1 खनिज़ हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है ? उदाहरण देकर समझाइए।

प्र.2 आग्नेय तथा कायांतरित चट्टानो में खनिजों का निर्माण किस प्रकार होता है।

प्र.3 लौह और अलौह खनिजों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र.4 ताप विद्युत और जलविद्युत ऊर्जा में क्या अंतर है ?

प्र.5 खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

प्र.6 खनिजों के संरक्षण की विभिन्न विधियों के बारे में संक्षेप में लिखिए।

प्र.7 भारत में कोयले के वितरण पर एक सक्षिप्त नोट लिखिए।

प्र.8 भारत में लौह खनिज़ के वितरण की प्रमुख पेटियों का सक्षिप्त विविरण दीजिए।

प्र.9 भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्जवल है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

प्र.10खनन उद्योग एक जोखिम (खतरे) वाला उद्योग है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्र.11 किस गैस पाइपलादन को गैस यातायात की धमनी कहा जाता है और क्यों ?

प्र.12 'बायोगैस ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान है' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

स्रोत आधरित प्रश्न (4 अंक)

1. **अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   हम अपनी रोज़मर्रा की जिंदगी में धातु से बनी विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग करते है। हमने पढ़ा है कि भू-पर्पटी (पृथ्वी की ऊपरी परत) विभिन्न खनिजों के योग से बनी चट्टानों से निर्मित है। इन खनिजों का उपयुक्त शोधन करके

ही ये धातुएँ निकाली जाती है। खनिज़ हमारे जीवन के अति अनिवार्य भाग है। लगभग हर चीज़ जो हम इस्तेमाल करते हैं एक छोटी सूई से लेकर एक बड़ी इमारत तक, या फिर एक बड़ा जहाज आदि सभी खनिजों से बने हैं। रेलवे लाइन और सड़क के पत्थर, हमारे औजार तथा मशीनें सभी खनिजों से बने हैं। कारें, बसें, रेलगाडियाँ, हवाई जहाज सभी खनिजों से निर्मित है और धरती से प्राप्त ऊर्जा के साधनों द्वारा चालित होते हें। यहाँ तक कि भोजन में भी खनिज होते है जिसे हम खाते है। मनुष्य ने विकास की सभी अवस्थाओं में अपनी जीविका तथा सजावट त्योहारों व धार्मिक अनष्ठान के लिए खनिजों का प्रयोग किया है।

(i) धातु हमें कहाँ से प्राप्त होते है ?

(ii) अपने दैनिक जीवन में खनिजों के दो उपयोग लिखिए।

(iii) खनिजों ने मनुष्यों के विकास की अवस्थाओं पर किस प्रकार प्रभाव डाला है

(iv) धरती से प्राप्त किन्हीं दो ऊर्जा के साधनों के नााम लिखिए।

2. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हम सभी को उद्देश्य और कृषि की खनिज निक्षपों और उनसे विनिर्मित पदार्थो पर भारी निर्भतर सुप्रेक्षित है। खनन योग्य निक्षेप की कुल राशि असार्थक अंश है, अर्थात् भू-पर्पटी का एक प्रतिशत। जिन खनिज संसाधनों के निर्माण व सांद्रण में लाखों वर्ष लगे हैं, हम उनका शीघ्रता से उपभोग कर रहे हैं। खनिज निर्माण की भूगर्भिक प्रक्रियाएँ इतनी धीमी है कि उनके वर्तमान उपभोग की दर की तुलना में उनके पुनर्भरण की दर अपरिमित रूप से थोड़ी है। इसीलिए खनिज संसाधन सीमित तथा अनवीकरण योग्य है। समृद्ध खनिज निक्षेप हमारे देश की अत्यध्कि मूल्यवान संपत्ति हैं, लेकिन ये अल्पजीवी हैं। अयस्कों के सतत् उत्खनन से लागत बढ़ती है क्योंकि खनिजों के उत्खनन की गहराई बढ़ने के साथ उनकी गुणवत्ता घटती जाती है। अपने खनिज संसाधनों को सुनियोजित एवं सतत् पोषणीय ढंग से प्रयोग करने के लिए एक तालमेल युक्त प्रयास करना होगा। निम्न कोटि के अयस्कों का कम लागतों पर प्रयोग करने के लिए

एक उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग भविष्य में हमारे खनिज संसाधनों के संरक्षण के उपाय हैं।

(i) सतत पोषणीय विकास से आप क्या समझते है ?

(ii) पुनः चक्रण विधि का उपयोग हम खनिजों के संरक्षण में किस प्रकार कर सकते हैं।

(iii) खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? कोई एक कारण दीजिए।

(iv) खनिज निर्माण की पुनर्भरण दर कम क्यों है ?

उत्तरमाला

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

1. (b)
2. (a)
3. भूतापीय ऊर्जा
4. आण्विक ऊर्जा
5. (a)
6. (c)
7. (a)
8. (d)
9. यूरेनियम/ थोरियम
10. हेमटाइट
11. प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले शैल जिनसे पर्याप्त मात्रा में खनिज़ लाभपर्वूक प्राप्त किए जा सकते हों।
12. वैसे खनिज जिनमें धातुओं के अंश मौजूद हो धात्विक खनिज कहलाते हैं।
13. कम प्रयोग करना / पुनः उपयोग करना/ पुनर्चक्रण/ स्थापनों का प्रयोग या कोई अन्य
14. पर्यावरण का नुकसान नहीं होता हैं।
15. क्योंकि इसका निर्माण करोड़ों वर्ष पूर्व भूगर्भ कें अंदर पादप पदार्थो के अवशेषों के संपीडन के कारण हुआ है।

लघु/ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3/5 अंक)

1. देखें स्मरणीय तथ्य
2. आग्नेय तथा कायांतरित चट्टानों में खनिज दरारों, जोड़ो, भ्रंशों व विदरो में मिलते हैं। छोटे जमाव शिराओं के रूप में और बृहत् जमाव परत के रूप में पाए जाते हैं। इनका निर्माण भी अधिकतर उस समय होता है जब ये तरल अथवा गैसीय अवस्था में दरारों के सहारे भू-पृष्ठ की ओर धकेले जाते हैं। ऊपर आते हुए ये ठंडे होकर जम जाते हैं। मुख्य धात्विक खनिज जैसे जस्ता, ताँबा, जिंक और सीसा आदि इसी तरह शिराओं व जमाओं के रूप में प्राप्त होते हैं।
3. देखें स्मरणीय तथ्य
4. देंखें स्मरणीय तथ्य
5. देंखें स्मरणीय तथ्य
6. देंखें स्मरणीय तथ्य
7. देंखें स्मरणीय तथ्य
8. देंखें स्मरणीय तथ्य
9. देंखें स्मरणीय तथ्य
10. देंखें स्मरणीय तथ्य
11. देंखें स्मरणीय तथ्य
12. देंखें स्मरणीय तथ्य

स्रोत आधरित प्रश्न (4 अंक)

A.

1. रोजमर्रा के जीवन से।
2. विद्यार्थी अपने जीवन के खनिजों के उपयोग लिखें
3. सजावट त्यौहार व धार्मिक अनुष्ठान
4. कोयला व पेट्रोलियम आदि।

B. विद्यार्थी अनुच्छेद को पढ़कर स्वयं हल करेंगें।

उर्जा संयंत्र (तापीय)


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
किंगरौली
रामागुंडम
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

परंपरागत ऊर्जा स्त्रोत (कोयला खानें)



उर्जा संयंत्र (आणविक)



परंपरागत उर्जा स्त्रोत (तेल क्षेत्र)




INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनैतिक और पड़ोसी देश
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

लौह अयस्क खानें

विनिर्माण उद्योग

स्मरणीय तथ्य

मशीनों द्वारा बड़ी मात्रा में कच्चे माल से अधिक मूल्यदान वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण कहते है। विनिर्माण का विस्तृत रूप उद्योग कहलाता है।

है।








उद्योगों का वर्गीकरण
स्वामित्व के आधार पर
प्रमुख भूमिका के आधार पर
पूँजी निवेश के आधार पर
कच्चे माल के स्त्रोत के आधार पर
भार के आधार पर
सार्वजनिक क्षेत्रक
निजी क्षेत्रक
संयुक्त क्षेत्रक
सहकारी उद्योग
आधारभूत उद्योग
उपभोक्ता उद्योग
लघु उद्योग
वृहत उद्योग
कृषि आधारित
खनिज आधारित
भारी उद्योग
हल्के उद्योग


स्वामित्व के आधार पर
सार्वजनिक उद्योग
निजी उद्योग
संयुक्त उद्योग
सहकारी उद्योग
सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रबंधित तथा सरकार द्वारा संचालित उद्योग
जैसे- भारत हैवी इलैक्ट्रिकल लिमिटेड, स्टील , अथॉरिटी ऑफ इंडिया आदि।
किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा नियंत्रित उद्योग
टिस्को, बजाज आदि।
वैसे उद्योग जो राज्य सरकार और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयास से चलाए जाते हैं।
ऑयल इंडिया लिमिटेड आदि।
जिनका स्वामित्व करने वाले उत्पादकों, श्रमिकों या दोनों के हाथ में होता हैं।
चीनी उद्योग आदि।


स्वामित्व के आधार पर
लघु उद्योग
निवेश की सीमा एक करोड अधिकतम
वृहत्त उद्योग
निवेश की सीमा न्यूनतम एक करोड़ से अधिक
प्रमुख भूमिका के आधार पर
आधारभूत उद्योग
जिनके उत्पादन या कच्चे माल पर दूसरे उद्योग निर्भर हैं जैसे – लोहा इस्पात, ताँबा प्रगलन
उपभोक्ता उद्योग
जो उत्पादन उपभोक्ताओं के सीधे उपयोग हेतु करते है जैसे – दंतमंजन, कागज, पखे आदि
भार के आधार पर
भारी उद्योग
अधिक भार वाले तैयार माल का उत्पादन करते है जैसे लौह और इस्पात आदि।
हल्के उद्योग
कम भार वाले हल्के तैयार माल का उत्पादन करते है जैसे विद्युतीय उद्योग।



सूती कपड़ा उद्योग

- पहला सूती वस्त्र उद्योग 1854 में मुम्बई में स्थापित की गई।
- महात्मा गांधी ने चरखा काटने और खादी के पहनावे पर जोर दिया जिससे बुनकरों को रोजगार मिल सकें।
- आरंभिक वर्षों में सूती वस्त्र उद्योग महाराष्ट्र तथा गुजरात के कपास केन्द्रों तक ही सीमित थे। कपास की उपलब्धता, बाज़ार, परिवहन, पत्तनों की समीपता, श्रम, नमीयुक्त जलवायु आदि कारकों ने इसके स्थानीयकरण को बढ़ावा दिया।
- कताई कार्य महाराष्ट्र, गुजरात तथा तमिलनाडु में केंद्रित है लेकिन सूती, रेशम, ज़री, कशीदाकारी आदि में बुनाई के परंपरागत कौशल और डिजाइन देने के लिए बुनाई अत्यधिक विकेंद्रीकृत हो गई।

पटसन उद्योग

- भारत पटसन व पटसन निर्मित समान का सबसे बड़ा उत्पादक है तथा बांग्लादेश दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है।
- भारत में पटसन उद्योग अधिकांशतः हुगली नदी के तट पर संकेद्रित है जिसके निम्न कारण है–

(a) पटसन उत्पादक क्षेत्रों की निकटता

(a) सस्ता परिवहन

(a) सस्ते श्रमिक

(a) जल की अधिकता

(a) कोलकत्ता का एक बड़े नगरीय केन्द्र के रूप में बैकिंग बीमा और जूट के निर्यात के लिए पत्तन की सुविधाएँ प्रदान करता है।

- कृत्रिम वस्त्रों की बढ़ती माँग के कारण पटसन उद्योग को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यद्यपि पटसन पर सरकार की राष्ट्रीय नीति ने किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित किया है।

चीनी उद्योग

- भारत का चीनी उत्पादन में विश्व में दूसरा स्थान है व गुड़ व खांडसारी के उत्पादन में इसका प्रथम स्थान है।
- चीनी मिलें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र, प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा तथा मध्य प्रदेश राज्यों में फैली है।
- पिछले कुछ वर्षों से इन मिलों की संख्या दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में विशेषकर महाराष्ट्र में बढ़ी है। इसके कारण निम्नलिखित हैं–

(a) गन्ने में सूक्रोस की अत्यधिक मात्रा हैं।

(b) ठंडी जलवायु

(c) सहकारी समितियाँ अधिक सफल हुई।

समस्याः

- अल्पकालिक उत्पादन
- पुरानी व असमक्षम तकनीक
- परिवहन की असक्षमता

<u>लौह तथा इस्पात उद्योग</u>

- लौह तथा इस्पात एक आधारभूत उद्योग है क्योंकि अन्य सभी भारी, हल्के और मध्य उद्योग इनसे बनी मशीनरी पर निर्भर है।
- इस उद्योग के लिए लौह- अयस्क, कोकिंग कोल तथा चूना पत्थर का अनुपात लगभग 4:2:1 का है।
- वर्ष 2016 में भारत 956 लाख टल इस्पात का विनिर्माण कर संसार में कच्चा इस्पात उत्पादकों में तीसरे स्थान पर था। यह स्पंज लौह का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के लगभग सभी उपक्रम अपने इस्पात को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से बेचते है।
- भारत के छोटा नागपूर के पठारी क्षेत्र में अधिकांश लोहा तथा इस्पात उद्योग संकेन्द्रित है। इसके निम्नलिखित कारण है-
  - (a) लौह अयस्क की कम लागत
  - (b) उच्च कोटि के कच्चे माल की निकटता
  - (c) सस्ते श्रमिक
  - (d) स्थानीय बाजार

भारत में इसके पूर्ण विकास न हो पाने के कारणः

- उच्च लागत तथा कोकिंग कोयलें की सीमित उपलब्धता
- कम श्रमिक उत्पादकता
- ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति
- अविकसित अवसंरचना

एल्यूमिनियम प्रगलन

- भारत में एल्यूमिनियम प्रगलन दूसरा सर्वाधिक महत्वपूर्ण धातु शोधन उद्योग है।
- यह हल्का, जंग अवरोधी, ऊष्मा का सूचालक, लचीला तथा अन्य धातुओं के मिश्रण से अधिक कठोर बनाया जा सकता है।
- भारत में एल्यूमिनियम प्रगलन संयंत्र ओडिशा, पश्चिम बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व तमिलनाडु राज्यों में स्थित है।

इस उद्योग की स्थापना की दो महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैः

- नियमित ऊर्जा की पूर्ति
- कम कीमत पर कच्चे माल की उपलब्धता

<u>रसायन उद्योग</u>

- भारत में कार्बनिक व अकाबर्निक दोनो प्रकार के रसायनों का उत्पादन होता है।
- कार्ननिक रसायन में पेट्रो रसायन शामिल है जो कृत्रिम वस्त्र, रबर, प्लास्टिक, दवाईयाँ आदि बनाने में काम आता है।
- अकार्बनिक रसायन में सलफ्यूरिक अम्ल, नाइट्रिक अम्ल, क्षार आदि शामिल है।
- भारत के सकल घरेलू उत्पाद में रसायन उद्योग की भागीदारी लगभग 3 प्रतिशत है।
- यह उद्योग एशिया में तीसरा सबसे बड़ा व विश्व में आकार की दृष्टि से 12 वे स्थान पर है।

उर्वरक उद्योग

- उर्वरक उद्योग नाइट्रोजनी उर्वरक (मुख्यतः यूरिया), फास्फेटिक उर्वरक तथा अमोनिया फास्फेट और मिश्रित उर्वरक के इर्द-गिर्द केन्द्रित है।

- हमारे देश में पोटेशियम यौगिकों के भंडार नहीं है। इसलिए हम पोटाश, का आयात करते हैं।
- हरित क्रांति के बाद इस उद्योग का विस्तार देश के कई भागों में हुआ है।

सीमेंट उद्योग

- इस उद्योग को भारी व स्थूल कच्चे माल जैसे-चूना पत्थर, सिलिका और जिप्सम की आवश्यकता होती है।
- रेल परिवहन, कोयला व विद्युत आवश्यक।
- इसका उपयोग निर्माण कार्यों में होता है।
- इस उद्योग की इकाइयाँ गुजरात में लगाई गई है क्योंकि यहाँ से खाडी के देशों में व्यापार की उपलब्धता है।

मोटरगाड़ी उद्योग

- मोटरगाड़ी यात्रियों तथा सामान के तीव्र परिवहन के साधन हैं।
- उदारीकरण के पश्चात् नए और आधुनिक मॉडल के वाहनों का बाजार तथा वाहनों की माँग बड़ी हैं।
- यह उद्योग दिल्ली, गुड़गाँव मुंबई, पूणे, चेन्नई आदि शहरों के आस-पास स्थापित है।

सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलैक्ट्रोनिक उद्योग

- इलैक्ट्रोनिक उद्योग के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में ट्रांजिस्टर से लेकर टेलीविजन, टेलीफोन एक्सचेंज, राडार, कंप्यूटर तथा दूरसंचार उद्योग के लिए उपयोगी अनेक उपकरण तक बनाए जाते हैं।
- भारत की इलैक्ट्रोनिक राजधानी के रूप में बेंगलूरू का विकास हुआ।
- भारत में सूचना और प्रौद्योगिकी उद्योग के सफल होने के कारण हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर का निरंतर विकास हुआ है।



प्रदूषण रोकने के उपाय

- तीन आर का उपयोग (Reduce, Reuse, Recycle) (कम प्रयोग, पुनः प्रयोग, पुनः चक्रण)
- वर्षा जल का संग्रहण
- औद्योगिक कचरे का सही निस्तारण
- ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग
- ऐसी तकनीक का विकास जो टिकाऊ हो व कम प्रदूषण करे

अत्तिलघु उत्तरीय प्रश्न

1. विनिर्माण किसे कहते है ?
2. विनिर्माण उद्योग का क्या महत्त्व है ?
3. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से हैं
4. आधारभूत उद्योग किन्हें कहते है ?
5. सार्वजनिक क्षेत्र के लगभग सभी उपक्रम अपने इस्पात को किस संस्था के माध्यम से बेचते है ?

6. भिलाई इस्पात कारखाना किस राज्य में है ?

7. निम्नलिखित में से कौन-सा लोहा इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से स्थापित किया गया है ?

   (a) राउरकेला (उडीसा)

   (b) अहमदाबाद (गुजरात)

   (c) भिलाई (छतीसगढ़)

   (d) कानपुर (उत्तर प्रदेश)

9. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

   भारत में ..... का विकास इलैक्ट्रॉनिक राजधानी के रूप में हुआ।

10 सही व गलत बताइए।

   भारत में सबसे पहले सफल सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना 1854 में मुंबई में हुई।

11. रेंखाकित शब्दों को सही करके वाक्य का पुनः लिखिए।

12. गलत मिलान की पहचान कीजिए।

   (a) साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क- पुणे

   (b) लौह एवं इस्पात संयंत्रा - दुर्गापुर

   (c) सूती कपड़ा वस्त्र उद्योग - कानपूर

   (d) सीमेंट उद्योग - कश्मीर

13. नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक **संकल्पना (स)** और दूसरा **कारण (क)**। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

   संकल्पना (स): लौह तथा इस्पात एक आधारभूत उद्योग है।

   कारण (क): अन्य सभी भारी, हल्के और मध्यम उद्योग इनसे बनी मशीनरी पर निर्भर है।

विकल्प

(a) **संकल्पना (स)** एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

(b) **संकल्पना (स)** एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्ना की सही व्याख्या नहीं है।

(c) **संकल्पना (स)** सही हैं एवं कारण (क) गलत है।

(d) **संकल्पना (स)** गलत है परंतु कारण (क) सही है।

14. नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): पिछले कुछ वर्षों से चीनी मिलों की संख्या दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में विशेषकर महाराष्ट्र में बढ़ी है।

कारण (क): वहाँ के गन्नों में सूक्रोस की मात्रा अधिक होती है।

विकल्प

(a) **संकल्पना (स):** एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

(b) **संकल्पना (स):** एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

(c) **संकल्पना (स):** सही है एवं कारण (क) गलत है।

(d) **संकल्पना (स):** गलत है परंतु कारण (क) सही है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 3/5 अंक

1. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारक बताइए।
2. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन मानवीय कारक बताइए।
3. सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के उद्योगों अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. भारत में अधिकांश जूट मिलें पश्चिम बंगाल में क्यों स्थित हैं ?

5. विनिर्माण उद्योग को भारत के आर्थिक विकास की रीढ़ की हड्डी क्यों कहा जाता है ?

6. भारत में चीनी उद्योग के सम्मुख कौन- कौन सी चुनौतियाँ हैं ?

7. 'कृषि और उद्योग एक दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं'। स्पष्ट कीजिए।

8. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के सामने कौन-कौन सी समस्याएँ हैं ?

9. हमारे देश के लिए सीमेंट उद्योग का विकास अति महत्त्वपूर्ण है, क्यों ?

10. भारत में उदारीकरण एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने किस प्रकार मोटरगाड़ी उद्योग में अत्यधिक वृद्धि की है ? स्पष्ट कीजिए।

11. भारत का जूट उद्योग किन चुनौतियों का सामना कर रहा है ?

12. उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।

13. भारत के सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आर्थिक विकास में क्या योगदान हैं ? वर्णन कीजिए।

14. औद्योगिकीकरण और शहरीकरण साथ-साथ चलते हैं। कथन की व्याख्या कीजिए।

15. भारत में लौह और इस्पात क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन नहीं कर रहा है। कारणों की व्याख्या कीजिए।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इस उद्योग की चुनौतियों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कृत्रिम वस्त्रों से और बांग्लादेश, ब्राजील फिलीपीन्स, मिश्र तथा थाईलैंड जैसे अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा शामिल है। यद्यपि पटसन पैंकिंग की अनिवार्य प्रयोग की सरकारी नीति के कारण इसकी घरेलू माँग बढ़ी है तथापि माँग बढ़ाने हेतु उत्पाद में विविधता भी आवश्यक है। पटसन के प्रमुख खरीद्दार-अमेरिका, कनाडा, घाना, सऊदी अरब, यूनाइटेड

किंगडम और आस्ट्रेलिया हैं। बढ़ते वैश्विक पर्यावरण अनुकूलन, जैवनिम्नीकरणीय - पदार्थों के लिए विश्व की बढ़ती आवश्यकता ने पुनः जूट उत्पादों के लिए अवसर प्रदान किया है।

(i) इस अनुच्छेद में किस उद्योग के बारे में चर्चा है ?

(a) सूती वस्त्र (b) चीनी

(c) जूट (d) रेशमी वस्त्र

(ii) अनुच्छेद में दिये गए उद्योग के सामने क्या चुनौतियाँ है ?

(a) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा (b) कृत्रिम वस्त्र

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

(iii) राष्ट्रीय जूट नीति किस वर्ष बनाइ गई ?

(a) 2004 (b) 2005

(c) 2006 (d) 2001

(iv) उत्पाद की बढ़ती मांग का क्या कारण है ?

(a) अनिवार्य प्रयोग की सरकारी नीति के कारण

(b) उत्पाद में विविधता

(c) वैश्विक पर्यावरण अनुकूलन

(d) उपरोक्त सभी

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उद्योगों की स्थापना स्वभावतः जटिल है। इनकी स्थापना कच्चे माल की उपलब्धता, श्रमिक, पूँजी, शक्ति के साधन तथा बाजार आदि की उपलब्धता से प्रभावित होती है। इन सभी कारकों का एक स्थान पर पाया जाना लगभग असंभव है। फलस्वरूप विनिर्माण उद्योग की स्थापना के लिए वही स्थान उपयुक्त हैं जहाँ ये कारक उपलब्ध हों अथवा जहाँ इन्हें कम कीमत पर उपलब्ध कराया जा सकता है। औद्योगिक प्रक्रिया के प्रारंभ होने के साथ-साथ नगरीकरण प्रारंभ होता है।

कभी-कभी उद्योग शहरों में या उनके निकट लगाए जाते हैं। इस प्रकार औद्योगीकरण तथा नगरीकरण साथ-साथ चलते हैं। नगर उद्योगों को बाजार तथा सेवाएँ जैसे-बैंकिंग, बीमा, परिवहन, श्रमिक तथा वित्तीय सलाह आदि उपलब्ध कराते हैं। नगर केंद्रों द्वारा दी गई सुविधाओं से लाभांवित, कई बार बहुत से उद्योग नगरों के आस पास ही केंद्रित हो जाते हैं जिसे 'समूहन बचत' (Agglomeration economies) कहा जाता है। ऐसे स्थानों पर धीरे-धीरे बड़ा औद्योगिक समूहन स्थापित हो जाता है।

(i) उद्योग की अवस्थिति प्रभावित होती है-

(a) कच्चे माल की उपलब्धता (b) श्रमिक

(c) पूँजी (d) उपरोक्त सभी

(ii) शहर उद्योगों को प्रदान करते हैं-

(a) बाजार (b) श्रमिक

(c) बैंकिंग (d) उपरोक्त सभी

(iii) इनमें से सही कथन चुनिए-

(a) औद्योगीकरण, नगरीकरण को बढ़ावा देता है।

(b) नगरीकरण, औद्योगीकरण को बढ़ावा देता है।

(c) दोनों सही हैं।

(d) इनमें से कोई नहीं

(iv) ऊपर दिये गए अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तरमाला

1. कच्चे माल को मूल्यवान उत्पाद में परिवर्तित कर अधिक मात्रा में वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण कहते है।
2. न्यूनतम उत्पादन लागत
3. विनिर्माण उद्योगों के विकास तथा स्पर्धा से कृषि उत्पादन और वाणिज्य व्यापार को बढ़ावा मिलता है।

4. कच्चे माल की उपलब्धता, श्रमिक, पूँजी, बाजार, शक्ति के साधन, वित्तीय संस्थाएँ दिए।
5. ऐसे उद्योग जिनके उत्पादन व कच्चे माल पर दूसरे उद्योग निर्भर हैं जैसे लोहा-इस्पात उद्योग, एल्यूमीनीयम उद्योग, प्रगलन उद्योग आदि।
6. स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया
7. छत्तीसगढ़
8. राउरकेला (उड़ीसा)
9. बैंगलूरू
10. सत्य
11. बांग्लादेश
12. सीमेंट उद्योग - कश्मीर
13. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
14. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 3/5 अंक

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. जिस प्रकार शरीर को आकार रीढ़ की हड्डी से मिलता है उसी प्रकार एक देश की अर्थव्यवस्था के अर्थिक विकास का मुख्य आधार विनिर्माण उद्योग हैं।

- कृषि के आधुनिकीकरण में सहायक हैं।
- द्वितीयक तथा तृतीयक सेवाओं में रोजगार उपलब्ध करवाता है।

- विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।
- बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने में सहायक हैं।
- राष्ट्रीय धन में वृद्धि होती है।
- दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
8. सूती उद्योग के सम्मुख निम्न चुनौतियाँ हैं।
   - पुरानी और परंपरागत तकनीक
   - लंबे रेशे वाली कपास की पैदावार का कम होना।
   - नई मशीनरी का अभाव।
   - कृत्रिम वस्त्र उद्योग से प्रतिस्पर्धा।
   - अनियमित बिजली की आपूर्ति।
9. सीमेंट उद्योग का विकास महत्वपूर्ण है क्योंकि–
   - भवन, फैक्ट्ररियों आदि के निर्माण में सहायक
   - सीमेंट उद्योग उत्तम गुणवत्ता वाले सीमेंट का उत्पादन करता है।
   - अफ्रीका के देशों में मांग।
10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
11. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
12. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
13. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
14. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
15. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. (i) (c) जूट
(ii) (c) दोनों
(iii) (b) 2005
(iv) (d) उपरोक्त सभी।
2. विद्यार्थी स्वयं करेंगे।


INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनैतिक और पड़ोसी देश
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

सूती वस्त्र उद्योग


INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनीतिक और पड़ोसी देश
दिल्ली
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)


INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनैतिक और पड़ोसी देश
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

स्मरणीय तथ्य



- भारत विश्व के सर्वाधिक सड़क जाल वाले देशों में से एक है, यह सड़क जाल लगभग 54.7 लाख किमी. है।



स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग

- दिल्ली–कोलकत्ता, चेन्नई–मुंबई व दिल्ली को जोड़ने वाला 6 लेन वाला महाराजमार्ग।
- उत्तर–दक्षिण गलियारा जो श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ता है।
- पूर्व–पश्चिम गतियारा जो सिलचर तथा पोरबंदर को जोड़ता है।
- इस महाराजमार्ग का प्रमुख उद्देश्य भारत के महानगरों को आपस में जोड़ना है।
- यह राजमार्ग परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकार क्षेत्र में हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग

- राष्ट्रीय राजमार्ग देश के दूरस्थ भागों को जोड़ता है।
- ये प्राथमिक सड़क तंत्र है।
- इनका रखरखाव केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) के अधिकार क्षेत्र में है।

राज्य राजमार्ग

- राज्यों की राजधानियों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने वाली सड़के राज्य राजमार्ग कहलाती है।
- राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी व्यवस्था तथा निर्माण की जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) का होता है।

जिला मार्ग

- ये सड़के जिले के विभिन्न प्रशासनिक केंद्रो को जिला मुख्यालय से जोड़ती है। इन सड़कों की उत्तरदायित्व जिला जिला परिषद् का है

अन्य सड़के

- ये सड़के ग्रामीण को शहरों को जोड़ती है।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के तहत इन सड़कों के विकास को विशेष प्रोत्साहन मिला है। उद्देश्य उत्तर तथा करना है।

सीमांत सड़क

- भारत सरकार प्राधिकरण के अधीन सड़कों की देख-रेख करता है
- यह संगठन 1960 में बनाया गया जिसका उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में सामरिक महत्त्व की सड़कों का निर्माण इन सड़को के विकास से दुर्गम क्षेत्रों में आवाजाही सरल हुई हैं।

रेल परिवहन

- रेल परिवहन, वस्तुओं तथा यात्रियों के परिवहन का प्रमुख साधन है।

- रेल परिवहन अनेक कार्यों में सहायक है जैसे-व्यापार, भ्रमण, तीर्थ यात्राएँ व लम्बी दूरी तक सामान का परिवहन आदि।
- देश के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़कर राष्ट्रीय एकीकरण में सहायक व उद्योग व कृषि के तीव्र गति से विकास के लिए उत्तदायी है।
- भारतीय रेल परिवहन को 16 रेल प्रखंडों में पुनः संकलित किया है।

समस्या

- बिना टिकट यात्रा करना।
- चोरी व रेल संपत्ति को नुकसान।
- बिना वजह चेन खींचकर रेल रोकना।
- रेलों का समय से न चलना।



पाइपलाइन

- पहले शहरों में उद्योगों तथा घरों में पानी पहुँचाने के लिए।
- अब कच्चा तेल, पेट्रोल व प्राकृतिक गैस को शोधनशालाओं उर्वरक कारखानों तथा ताप विद्युत गृह तक पहुँचाना।
- ठोस पदार्थ को तरल अवस्था में परिवर्तित करके पहुँचाना।

महत्वपूर्ण पाइपलाइन के जाल

- असम से कानपुर

- गुजरात (सलाया) से जालंधर तक
- गुजरात के हजीरा से विजयपुर होते हुए जगदीशपुर तक





भारत के पश्चिम घाट के प्रमुख पत्तन

पत्तन का नाम	राज्य	महत्त्व
कांडला (दीनदयाल पत्तन)	गुजरात	स्वतंत्रता के बाद
		विकसित पहला पत्तन यह एक ज्वारीय पत्तन है।
मुम्बई	महाराष्ट	सबसे बड़ा पत्तन
जवाहर लाल नेहरू पत्तन	महाराष्ट्र	इसका विकास मुम्बई पत्तन

(मुम्बई)		से काम काज के भार को कम करने के लिए किया गया।
मारमागाओं पत्तन	गोवा	लौह अयस्क के 50 प्रतिशत का निर्यात यहाँ से किया जाता है।
न्यू मंगलौर	कर्नाटक	कुद्रेमुख की खान से लौह निर्यात
कोची	केरल	लैगून के मुहाने पर स्थित प्राकृतिक पत्तन

भारत के पूर्वी घाट के प्रमुख पत्तन

पत्तन का नाम	राज्य	महत्त्व
तुतीकोरन	तमिलनाडू	प्राकृतिक पत्तन
चेन्नई	तमिलनाडू	सबसे पुराना कृत्रिम पत्तन
विशाखापट्टनम	आंध्र प्रदेश	सबसे गहरा
पारादीप	ओडिशा	लौह अयस्क का निर्यात
कोलकत्ता	पश्चिम बंगाल	अंतः स्थलीय नदीय पत्तन
		ज्वारीय पत्तन होने के कारण हुगली के तलछट जमाव से इसे नियमित रूप से साफ करना पड़ता है।
हल्दिया	पश्चिम बंगाल	कोलकत्ता पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए

वायु परिवहन

- तीव्रतम, आरामदायक व प्रतिष्ठित परिवहन के साधन
- अति दुर्गम स्थानों जैसें ऊँचे पर्वत, मरूस्थलों, घने जंगलों व लम्बे समुद्री रास्तों को पार करने के लिए।
- देश के उत्तरी पूर्वी राज्यों के लिए काफी सहायक हैं।
- सन् 1953 में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण किया गया। एयर इंडिया अंतर्राष्ट्रीय वायु सेवाएँ जबकि इंडियन एयरलाइन्स घरेलू वायु सेवाएँ प्रदान करती है।
- प्राकृतिक आपदा के समय राहत पहुँचाने के लिए।

समस्या

- महँगा साधन
- मौसमी परिस्थितियों पर निर्भर



अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

- राज्यों व देशों में व्यक्तियों के बीच वस्तुओं का आदान-प्रदान व्यापार कहलाता है।
- दो विभिन्न देशों के बीच व्यापार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कहलाता है।
- सभी देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर निर्भर है क्योंकि संसाधनों की उपलब्धता क्षेत्रीय है अर्थात इनका वितरण असमान है।
- आयात व निर्यात व्यापार के घटक है।
- आयात व निर्यात का अंतर ही देश के व्यापार संतुलन को निर्धारित करता है।
- अगर निर्यात मूल्य आयात मूल्य से अधिक हो तो अनूकूल व्यापार संतुलन कहते है। इसके विपरीत निर्यात की अपेक्षा अधिक आयात असंतुलित व्यापार कहलाता है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार	स्थानीय व्यापार
दो देशों के मध्य होता है।	गाँव, कस्बों या शहरों के बीच होता है।
बड़े पैमाने पर	छोटे पैमाने पर
विदेशी मुद्रा का आदान-प्रदान	व्यापार एक ही मुद्रा में
पूरे देश की आवश्यकताओं को	क्षेत्र विशेष के लोगों की
पूरा करता है।	आवश्यकताओं की पूर्ति
	करता है।

परिवहन व संचार एक दूसरे के संपूरक है

- परिवहन की सक्षमता ने दुनिया को एक वैश्विक गाँव में परिवर्तित कर लिया है।
- व्यापार के स्थानीय व अंतर्राष्ट्रीय जुडाव ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को विकास की गति प्रदान की है।
- लोगों का जीवन अधिक सुविधाजनक बना है।

पर्यटन एक व्यापार के रूप में

- लगभग 150 लाख लोग पर्यटन व्यवसाय में लगे हुए है।
- पर्यटन उद्योग राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है व स्थानीय हस्तकला व सांस्कृतिक उद्यमों का विकास करता है।
- भारत की कला संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों से विदेशी लोगों को परिचित करवाता है।
- एक व्यापार के रूप में काम करता हैं।
- दुनियाभर से विदेशी नागरिक भारत आते है भारत के विरासत पर्यटन, पारि पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन व व्यापारिक पर्यटन के लिए।

भारत के प्रमुख हवाई पत्तन	
राजा सांसी (श्री गुरू रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन)	अमृतसर (पंजाब)
इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन	नई दिल्ली
छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन	मुंबई (महाराष्ट्र)
मीनाबक्कम (सी.एन.अन्नादुरई अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन)	चेन्नई (तमिलनाडू)
नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
हवाई पत्तन	
राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन	हैदराबाद (तेलंगाना)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)

प्र.1 भारत की पहली रेलगाड़ी कब और कहाँ चलाई गई ?

प्र.2 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के घटक कौन से है ?

प्र.3 कौन सा समुद्री पत्तन लौह-अयस्क के निर्यात के संदर्भ में प्रमुख पत्तन है ?

प्र.4 स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् पहला विकसित पत्तन कौन सा हैं ?

प्र.5 भारत की तट रेखा की लंबाई कितनी हैं ?

प्र.6 उत्तर भारत का सबसे व्यस्त रेलवे जंक्शन कौन सा है ?

प्र.7 प्रथम श्रेणी की डाक के उदाहरण दीजिए।

प्र.8 सबसे लंबी गैस पाइपलाइन कौन सी है ?

प्र.9 रेखांकित शब्दों को सही करके वाक्य को लिखिए।

i. दो देशों के मध्य व्यापार **स्थानीय व्यापार** कहलाता है।

प्र.10 गलत मिलान की पहचान कीजिए।

(a) मीनबक्कम - हवाई पत्तन

(b) कांडला - समुद्री पत्तन

(c) सिलचर से पोरबंदर - पूर्वी - पश्चिम गलियारा

(d) दिल्ली से हल्दिया - राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1

प्र.11 निम्नलिखित में से परिवहन का कौन-सा साधन अधिक तीव्र व सुविधाजनक हैं।

(a) सड़क परिवहन

(b) वायु परिवहन

(c) जल परिवहन

(d) रेल परिवहन

प्र.12 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 ..... को ..... से जोड़ती है।

प्र.13 सत्य व असत्य बताइए।

उत्तर रेलवे का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है।

प्र.14 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए है एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): एक देश के शेयर बाजारों में आई कमी विश्व के कई देशों को प्रभावित करती है।

कारण (क): अंतर्राष्ट्रीय व्यापार ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को एक दूसरे जोड़ दिया है।

विकल्प

(a) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

(b) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

(c) संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।

(d) संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

प्र.15 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए है एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): रेल की अपेक्षा सड़क परिवहन अधिक लाभदायक है।

कारण (क): इसकी निर्माण लागत कम हैं।

विकल्प

(a) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

(b) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परंतु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

(c) संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।

(d) संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. जनसंचार के साधनों से होने वाले किन्हीं तीन लाभों को लिखिए।
2. पाइपलाइन परिवहन को परिभाषित करते हुए उसके लाभ बताइए।
3. स्वर्णिम चतुभुर्ज महाराजमार्ग की तीन विशेषताएँ बताइए।
4. तीन रेलवे क्षेत्रों व उनके मुख्यालयों के नाम लिखिए।
5. सड़क परिवहन रेल परिवहन से अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों हैं ?
6. वायु परिवहन के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
7. सड़क परिवहन किन-किन समस्याओं का सामना कर रहा हैं ?
8. रेलों के असमान वितरण के कारण लिखिए।
9. पर्यटन एक उद्योग या व्यापार के रूप में अर्थव्यवस्था के विकास में किस प्रकार सहायक है ?
10. भारत की सड़कों का उनकी क्षमता के आधार पर वर्गीकरण कीजिए ?
11. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व स्थानीय व्यापार में अंतर स्पष्ट कीजिए।
12. परिवहन व संचार के विभिन्न साधनों को अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ क्यों कहा जाता हैं ?
13. भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों में अधिकतर परिवहन के किस साधन का इस्तेमाल किया जाता है ? उन राज्यों में परिवहन के उस साधन के इस्तेमाल के चार कारण बताइए।
14. 'एक देश के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव की सूचक है'। कथन की व्याख्या कीजिए।
15. परिवहन व संचार एक दूसरे के संपूरक है ? व्याख्या कीजिए।

<u>स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)</u>

1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बहुत समय तक व्यापार तथा परिवहन सुविधा एक सीमित क्षेत्र तक ही किया

जाता था। विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी के विकास के साथ व्यापार और परिवहन के प्रभाव क्षेत्र में विस्तृत वृद्धि हुई है। सक्षम व तीव्र गति वाले परिवहन से आज संसार 'एक बड़े गाँव' में परिवर्तित हो गया है। परिवहन का यह विकास संचार साधनों के विकास की सहायता से ही संभव हो सका है। इसीलिए परिवहन, संचार व व्यापार एक दूसरे से पूरक हैं। आज भारत अपने विशाल आकार, विविधताओं, भाषाई तथा सामाजिक व सांस्कृतिक बहुलताओं के बावजूद संसार के सभी क्षेत्रों से सुचारू रूप से जुड़ा हुआ है। रेल, समाचारपत्र, परिवहन जल एवं वायु, रेडियो सिनेम, दूरदर्शन, तथा इंटरनेट आदि इसके सामाजिक आर्थिक विकास में अनेक प्रकार से सहायक है। स्थानिक से अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय व्यापार ने अर्थव्यवस्था को जीवन शक्ति दी है। इसने हमारे जीवन को समृद्ध किया है तथा आरामदायक जीवन के लिए सुविधाओं व साधनों में बढ़ोतरी की है।

(i) इनमें से कौन व्यापार और परिवहन के प्रभाव क्षेत्र में विस्तृत वृद्धि का कारण है ?

(a) विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी का विकास

(b) संचार साधनों का विकास

(c) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

(ii) इनमें से कौन भारत के सामाजिक विकास आर्थिक का कारण नहीं है ?

(a) जनसंख्या

(b) रेल

(c) रेडियो

(d) इंटरनेट

(iii) अनुच्छेद में दिये गए शब्द 'एक बड़े गाँव' से आप क्या समझते हैं ?

(iv) दिये गए अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रति सौ वर्ग किमी में क्षेत्र सड़कों की लंबाई को सड़क घनत्व कहा जाता है। देश में सड़कों का वितरण एकसमान नहीं है। इनका घनत्व जम्मू और कश्मीर में 12. 14 किमी. प्रति सौ वर्ग किमी से केरल में 517.77 किमी. प्रति सौ वर्ग किमी तक है। (31 मार्च 2011); जबकि वर्ष 31 मार्च 2011 के अनुसार सड़कों का औसत राष्ट्रीय घनत्व 142.68 किमी. प्रति सौ वर्ग किमी था। भारत में सड़क परिवहन अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। यातायात व यात्रियों की संख्या को देखते हुए सड़कों का जाल अपर्याप्त है। लगभग आधी सड़कें कच्ची हैं तथा वर्षा ऋतु के दौरान इनका उपयोग सीमित हो जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग भी अपर्याप्त हैं। इसके साथ ही शहरों में भी सड़कों अत्यंत तंग तथा भीड़ भरी हैं तथा इन पर बने पुल व पुलिया पुराने तथा तंग हैं। परंतु हाल के वर्षों में देश के विभिन्न भागों में सड़क मार्गों का तेजी से विकास हुआ है।

(i) देश में सड़कों के वितरण एकसमान नहीं होने का कारण है–

(a) असमान उच्चावच (b) अधिक जनसंख्या

(c) ..... (d) इनमें से कोई नहीं

(ii) इनमें से भारत के किस राज्य में सड़क घनत्व सबसे ज्यादा है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम

(c) मेघालय (d) केरल

(iii) लगभग आधी सड़कों का उपयोग वर्षा ऋतु में क्यों सीमित हो जाता है ?

(iv) दिये गए अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तरमाला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)

1. 16 अप्रैल 1853 को मुम्बई और थाणे के बीच
2. आयात व निर्यात
3. मारमगाओ
4. कांडला

5. 7516.6 किमी.
6. मुगलसराय (पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन)
7. कार्ड
8. हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर
9. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
10. दिल्ली से हल्दिया - राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1
11. वायु परिवहन
12. प्रयागराज (इलाहाबाद) से हल्दिया
13. सत्य
14. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
15. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. उत्तरी रेलवे क्षेत्र - दिल्ली, पश्चिमी रेलवे क्षेत्र - मुंबई, दक्षिणी रेलवे क्षेत्र - चेन्नई
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

11. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

12. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

13. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

14. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

15. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

1. (i) (c) दोनों

   (ii) (a) जनसंख्या

   (iii) सक्षम व तीव्र गति वाले परिवहन से आज संसार के सभी देश एक दूसरे से जुड़ गए हैं और एक बड़े गाँव में परिवर्तित हो गए है।

   (iv) विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

2. विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

प्रमुख पत्तन


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
कांडला
मुंबई
मार्मागाओ
न्यू मंगलौर
कोचिन
चेन्नई
विशाखापत्तनम
Publisher
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

अंतराष्ट्रीय हवाई पत्तन



सत्ता में साझेदारी

स्मरणीय तथ्यः

बेल्जियम की कहानी

- सत्ता में साझेदारी का विचार स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है।
- संसार के बहुधा समाज विभिन्न जाति, रंग, भाषा आदि के आधर पर बँटे हुए है इसलिए इन सामाजिक समूहों को सम्मान प्रदान करना अति आवश्यक है।
- सत्ता में साझेदारी के परिणामों को जानने के लिए हम बेल्जियम के उदाहरण की सहायता लेंगें.

  बेल्जियम यूरोप का एक छोटा-सा देश है।
- इसकी आबादी एक करोड़ से थोड़ी अधिक है। इस छोटे से देश के समाज में जातीय बुनावट बहुत जटिल है।
- यहाँ की 59% आबादी फ्लेमिश क्षेत्र में रहती है और डच भाषा बोलती है। लगभग 40% आबादी वेलोनिया क्षेत्र में रहती है और फ्रेंच भाषा बोलती है।
- राजधानी ब्रुसेल्स में 80% आबादी फ्रेंच भाषी हैं जबकि 20% डच भाषी। अल्पसंख्यक फ्रेंच-भाषी लोग तुलनात्मक रूप से ज्यादा समृद्ध और ताकतवर रहे हैं।
- बहुत बाद में जाकर आर्थिक विकास और शिक्षा का लाभ पाने वाले डच-भाषी लोगों को इस स्थिति से नाराजगी थी। इसके चलते 1950 से 1960 के दशक में फ्रेंच और डच बोलने वाले समूहों के बीच तनाव बढ़ने लगा। डच भाषी लोग देश में बहुमत में थे परंतु राजधानी ब्रुसेल्स में अल्पमत में थे।





- 1970 से 1993 के बीच बेल्जियम ने अपने संविधान में चार संशोधन सिर्फ इसलिए किए ताकि देश में किसी को बेगानेपन का अहसास न हो एवं सभी मिल–जुलकर रह सकें।



श्रीलंका की कहानी

- श्रीलंका एक द्वीपीय देश है जो भारत के दक्षिणी तट से कुछ किलोमीटर की

दूरी पर स्थित है।

- इसकी आबादी करीब दो करोड़ है। दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तरह श्रीलंका की आबादी में भी कई जातीय समूह के लोग है।
- 1948 में श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- सिंहली समुदाय के नेताओं ने अपनी बहुसंख्या के बल पर शासन पर प्रभुत्व जमाना चाहा।
- इस वजह से लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार ने सिंहली समुदाय की प्रभुता कायम करने के लिए अपनी बहुसंख्यक-परस्ती के तहत कई कदम उठाए।







- श्रीलंका में लागू किए गए इस प्रकार के कानून ने दो समुदायों के मध्य आपसी मनमुटाव को बढ़ावा दिया जिसकी परिणति श्रीलंका में गृहयुद्ध के रूप में हुई।
- बेल्जियम एवं श्रीलंका के उदाहरणों के द्वारा हमने सत्ता में साझेदारी के दो भिन्न रूपों को देखा। बेल्जियम ने संविधान संशोधन के माध्यम से विभिन्न समुदायों को सत्ता में साझेदार बनाया ताकि वहाँ होने वाले आपसी टकराहट को रोका जा सके।
- श्रीलंका में 1956 के कानून द्वारा बहुसंख्यकवाद को बढ़ावा दिया जिस कारण वहाँ तमिल बेगानापन महसूस करने लगे और वहाँ गृहयुद्ध छिड गया।
- इसलिए सत्ता में साझेदारी आवश्यक है। सत्ता की साझेदारी के पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए जा सकते है।









गृहयुद्धः किसी मुल्क में सरकार विरोधी समूहों की हिंसक लड़ाई ऐसा रूप ले ले कि वह युद्ध सा लगे तो उसे गृहयुद्ध कहते है।

बहुसंख्यकवादः यह मान्यता कि अगर कोई समुदाय बहुसंख्यक है तो वह अपने मनचाहे ढंग से देश का शासन कर सकता है और इसके लिए वह अल्पसंख्यक समुदाय की जरूरत या इच्छाओं की अवहेलना कर सकता है।

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

Q.1 विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी का कोई एक उदाहरण दीजिए ?

Q.2 बेल्जियम के फ्लेमिश क्षेत्र में मुख्य रूप से कौन सी भाषा बोली जाती है ?

Q.3 बेल्जियम में कौन सा समुदाय अपेक्षाकृत अधिक समृद्ध और शक्तिशाली है ?

Q.4 कौन सी सरकार बेल्जियम में शिक्षा और संस्कृति से संबंधित मुद्दों को देखती है ?

Q.5 श्रीलंका में अधिकांश सिंहला भाषी लोग किस धर्म को मानते हैं ?

Q.6 1970 और 1993 के बीच बेल्जियम के संविधान में कितने संशोधन किए गए ?

Q.7 सिंहली समुदाय के प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए श्रीलंका में किस प्रकार की सरकार को अपनाया गया ?

Q.8 बेल्जियम में कौन सी दो मुख्य भाषाएँ बोली जाती हैं ?

Q.9 श्रीलंका की जनसंख्या में सबसे बड़ा हिस्सा किस प्रमुख सामाजिक समूह का है ?

Q.10 उन दो देशों के नाम बताइए, जिनकी सीमाएँ बेल्जियम के साथ मिलती हैं।

Q.11 श्रीलंका का अधिकारिक धर्म कौन सा है ?

Q.12 श्रीलंका के हजारों लोगों की हत्या और उनकी आजीविका के नुकसान का मुख्य कारण क्या था ?

Q.13 यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहाँ है ?

Q.14 बेल्जियम के वेलोनिया क्षेत्र के लोगों द्वारा कौन सी भाषा बोली जाती है ?

Q.15 ब्रुसेल्स में 80% लोगों द्वारा कौन सी भाषा बोली जाती है ?

Q.16 **रेखांकित वाक्यांश** को सही करने के बाद वाक्य फिर से लिखिए–

1956 में, श्रीलंका में **तमिल** को एकमात्र आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए एक अधिनियम पारित किया गया था।

Q.17 श्रीलंका में तमिलों को अलग-थलग महसूस हुआ क्योंकि-

(a) सिंहली को एकमात्र आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए एक अधिनियम पारित किया गया था।

(b) सरकार ने विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों के लिए सिंहली आवेदकों को प्राथमिकता देने की नीति अपनाई।

(c) एक नए संविधान में यह निर्धारित किया गया कि राज्य बौद्ध धर्म की रक्षा और उसे बढ़ावा देगा।

(d) उपरोक्त सभी।

18. रिक्त स्थान भरिए-

एक देश के भीतर विरोधी समूहों के बीच एक हिसंक संघर्ष जो इतना तीव्र हो जाता है कि यह एक युद्ध की तरह प्रतीत होता है ..... कहा जाता है।

Q.19 नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

अभिकथन (A): सिंहलियों और तमिलों के बीच अविश्वास व्यापक संघर्षों में बदल गया।

कारण (R): एक नए संविधान में यह निर्धारित किया गया कि राज्य श्रीलंका में बौद्ध धर्म की रक्षा और बढ़ावा देगा।

विकल्प

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन (A) सही है। लेकिन कथन (R) गलत है।

(d) कारण (R) गलत है। लेकिन कथन (A) सही है।

Q.20 नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए–

अभिकथन (A): श्रीलंका में तमिल अलगाव महसूस करने लगे थे।

कारण (R): श्रीलंका में तमिल भाषा को राष्ट्रभाषा घोषित किया गया था।

विकल्प

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन (A) सही है। लेकिन कथन (R) गलत है।

(d) कारण (R) गलत है। लेकिन कथन (A) सही है।

Q.21 कार्टुन को अपने शब्दों में समझाइए।

3/5 अंक वाले प्रश्न

Q.1 सत्ता की साझेदारी वांछनीय क्यों है? आधुनिक लोकतंत्रों में सत्ता की साझेदारी के तीन रूपों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

Q.2 बेल्जियम में फ्रांसीसी भाषी अल्पसंख्यक समुदाय अपेक्षाकृत समृद्ध और शक्तिशाली क्यों थे?

Q.3 श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद ने किस प्रकार सामाजिक तनाव को जन्म दिया?

Q.4 "शक्तियों का बंटवारा एक देश को अधिक शक्तिशाली और एकजुट बनाता है" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

Q.5 क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधताओं को समायोजित करने के लिए बेल्जियम सरकार द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन उपायों की चर्चा कीजिए।

Q.6 श्रीलंका के तमिलों की किन्हीं तीन मांगों का वर्णन कीजिए। उन्होंने अपनी मांगों के लिए कैसे संघर्ष किया?

Q.7 सत्ता की साझेदारी के बुनियादी सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए।

Q.8 बेल्जियम और श्रीलंका के सत्ता की साझेदारी के उदाहरणों से हम क्या सीखते हैं?

Q.9 दबाव समूह और हित समूह लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी कैसे करते हैं?

Q.10 लोकतंत्र में 'सत्ता के संतुलन' की प्रणाली से आपका क्या तात्पर्य है?

Q.11 'बहुसंख्यकवाद ने श्रीलंकाई तमिलों के बीच अलगाव की भावना को बढ़ा दिया।' व्याख्या कीजिए।

Q.12 उन तरीकों की तुलना कीजिए जिनके द्वारा बेल्जियम और श्रीलंका ने सांस्कृतिक विविधता से निपटा।

Q.13 "विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी की जाती है।" इस कथन पर टिप्पणी करें।

Q.14 "सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की भावना है।" चार उपयुक्त तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए।

Q.15 बेल्जियम सरकार ने अपनी जातीय समस्या का समाधान कैसे किया?

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

राजनीतिक सत्ता का बँटवारा नहीं किया जा सकता इसी धारण के विरुद्ध सत्ता की साझेदारी का विचार सामने आया था। लंबे समय से यही मान्यता चली आ रही थी कि सरकार की सारी शक्तियाँ एक व्यक्ति या किसी खास स्थान पर रहने वाले व्यक्ति-समूह के हाथ में रहनी चाहिए। अगर फैसले लेने की शक्ति बिखर गई तो तुरंत फैसले लेना और उन्हें लागू करना संभव नहीं होगा। लेकिन, लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत है। इसमें लोग स्व-शासन की संस्थाओं के माध्यम से अपना शासन चलाते हैं। एक अच्छे लोकतांत्रिक शासन में समाज के विभिन्न समूहों और उनके विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है।

(a) लोकतंत्र का मूल सिद्धान्त क्या है?

(b) सत्ता की साझेदारी का विचार क्यों उभरा?

(c) 'त्वरित निर्णय लेना और उन्हें लागू करना लोकतंत्र से संभव नहीं होगा।' क्या आप कथन से सहमत हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(d) ऊपर दिए गए अनुच्छेद का एक संक्षिप्त विवरण अपने शब्दों में लिखिए।

2. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''सन् 1948 में श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र बना। सिंहली समुदाय के नेताओं ने अपनी बहुसंख्या के बल पर शासन पर प्रभुत्व जमाना चाहा। इस वजह से लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार ने सिंहली समुदाय की प्रभुता कायम

करने के लिए अपनी बहुसंख्यक-परस्ती के तहत कई कदम उठाए। 1956 में एक कानून बनाया गया जिसके तहत तमिल को दरकिनार करके सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित कर दिया गया। विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों में सिंहलियों को प्राथमिकता देने की नीति भी चली। नए संविधान में यह प्रावधान भी किया गया कि सरकार बौद्ध मत को संरक्षण और बढ़ावा देगी।''

(a) श्रीलंका कब स्वतंत्र हुआ।

(b) श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद को थोपने के लिए श्रीलंका सरकार द्वार उठाए गए किसी एक का उल्लेख कीजिए।

(c) बहुसंख्यकवाद को परिभाषित कीजिए।

(d) क्या भारत में भी श्रीलंका की तरह भाषा नीति को अपनाया गया ?

उत्तरमाला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. बेल्जियम की सामुदायिक सरकार
2. डच
3. फ्रेंच बोलने वाले
4. सामुदायिक सरकार
5. बौद्ध धर्म
6. चार
7. बहुसंख्यकवाद
8. डच और फ्रेंच
9. सिंहली
10. फ्रांस तथा लक्जमबर्ग
11. बौद्ध धर्म
12. गृह युद्ध
13. ब्रूसेल्स
14. फ्रेंच
15. फ्रेंच
16. सिंहली
17. उपरोक्त सभी
18. गृहयुद्ध

19.(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

20.(c) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

21. विद्यार्थी स्वयं से हल करेंगें।

3/5 अंकों वाले प्रश्न

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
11. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
12. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
13. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
14. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
15. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

स्रोत आधारित प्रश्न

1.

(a) जनता ही सारी शक्तियों के केंद्र में है।

(b) राजनीतिक शक्तियों का बँटवारा नहीं किया जा सकता है।

(c) नहीं, लोकतंत्र में त्वरित निर्णय भी संभव है।

(d) विद्यार्थी स्वयं से हल करेंगें।

2. इस अनुच्छेद को विद्यार्थी स्वयं पढ़कर हल करेंगें।

संघवाद

स्मरणीय तथ्यः

- पिछले अध्याय में हमने बेल्जियम व श्रीलंका के उदाहरणों के माध्यम से सत्ता की साझेदारी के विषय में अध्ययन किया जहाँ हमने देखा कि बेल्जियम में 1993 में संविधान संशोधनों के माध्यम से लोगों को सत्ता में साझेदारी प्रदान की गई एवं विभिन्न टकरावों को सुलझा लिया गया जबकि श्रीलंका ने इसके विपरीत कार्य किया जिसके कारण श्रीलंका को गृहयुद्ध जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा।
- संघीय शासन व्यवस्था में सत्ता का वितरण दो या दो से अधिक स्तर पर किया जाता है। संघीय शासन व्यवस्था में सर्वोच्च सत्ता केंद्रीय सरकार व उसके विभिन्न छोटी इकाइयों के मध्य बँटी होती है। आमतौर पर इसमें एक सरकार पूरे देश के लिए होती है जिसके जिम्मे राष्ट्रीय महत्व के विषय होते हैं। फिर, राज्य या प्रांतों के स्तर की सरकारें होती हैं जो शासन के दैनदिन कामकाज को देखती हैं। सत्ता के इन दोनों स्तर की सरकारें अपने-अपने स्तर पर स्वतंत्र होकर अपना काम करती हैं।



संघात्मक सरकार	एकात्मक सरकार
दो या दो से अधिक स्तर पर सरकार	शासन का एक ही स्तर होता है बाकि इकाइयाँ उसके अधीन होकर कार्य करती है।
केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार को कुछ विशेष प्रकार के आदेश नहीं दे सकती।	केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार को विशेष आदेश नहीं दे सकती है।
राज्य सरकारों के पास अपनी शक्तियाँ होती है और वह इसके लिए वह जनता के प्रति उत्तरदायी होती है।	राज्य सरकारें केंद्र सरकार के प्रति जवाबदेह होती है।
उदाहरणः भारत, कनाडा, जर्मनी	उदाहरणः फ्रांस, चीन,जापान।

संघवाद के प्रकार

साथ आकर संघ बनाना (coming Together Federation)

दो या अधिक स्वतंत्र इकाइयों को साथ लेकर एक बड़ी इकाई का गठन। सभी स्वतंत्र राज्यों की सत्ता एक समान होती है। जैसेः- ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका।

साथ लेकर संघ बनाना (Holding together federation)

एक बड़े देश द्वारा अपनी आंतरिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राज्यों का गठन। केन्द्र अधिक शक्तिशाली होता है। जैसेः-भारत, जापान।

•. एक बहुत ही दुखद और रक्तरंजित विभाजन के बाद भारत आजाद हुआ। आजादी के कुछ समय बाद ही अनेक स्वतंत्र रजवाड़ों का भारत में विलय हुआ। संविधान में स्पष्ट रूप से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच विधायी अधिकारों को तीन हिस्से में बाँटा गया है। ये तीन सूचियाँ इस प्रकार हैंः

संघ सूची	राज्य सूची	समवर्ती सूची
संघ सूची में प्रतिरक्षा, विदेशी मामले, बैंकिंग, संचार और मुद्रा जैस राष्ट्रीय महत्व के विषय है। पूरे देश के लिए इन मामलों एक तरह की नीतियों की जरूरत है। इसी कारण इन विषयों को संघ सूची में डाला गया है। संघ सूची में वर्णित विषयों के बारे में कानून बनाने का अधिकार सिर्फ केन्द्र सरकार को है। पहले इसमें 97 विषय थे परन्तु वर्तमान में इसमे 100 विषय हैं।	राज्य सूची में पुलिस, व्यापार, वाणिज्य, कृषि और सिंचाई जैसे प्रांतीय और स्थानीय महत्व के विषय है। राज्य सूची में वर्णित विषयों के बारे में सिर्फ राज्य सरकार ही कानून बना सकती है। पहले इसमें 66 विषय थे परन्तु वर्तमान में इसमें 61 विषय है।	समवर्ती सूची में शिक्षा, वन, मजदूर-संघ, विवाह, गोद लेना और उत्तराधिकार जैसे वे विषय हैं जो केन्द्र के साथ राज्य सरकारों की साझी दिलचस्पी में आते हैं। इन विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार , दोनों को ही है। लेकिन जब दोनों के कानूनों में टकराव हो तो केन्द्र सरकार द्वारा बनाया कानून ही मान्य होता है। पहले इसमें 47 विषय थे परंतु वर्तमान में इसमें 52 विषय हैं।

- यहाँ एक सवाल यह उठता है कि जो विषय इनमें से किसी सूची में नहीं आते उनका क्या होता है? फिर कंप्यूटर साफ्टवेयर जैसे विषय किसके अधिकार-क्षेत्र में रहें क्योंकि ये संविधान बनने के बाद आए है? हमारे संविधान के अनुसार 'बाकी बचे' विषय केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में चले जाते है।
- केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का यह बँटवारा हमारे संविधान की बुनियादी बात है। अधिकारों के इस बँटवारे में बदलाव करना आसान नहीं है। अकेले संसद इस व्यवस्था में बदलाव नहीं कर सकती है। ऐसे किसी भी

बदलाव को पहले संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से मंजूर किया जाना होता है। फिर कम से कम आधे राज्यों की विधान सभाओं से उसे मंजूर करवाना होता है।

- शक्तियों के बँटवारे के संबंध में कोई विवाद होने की हालत में फैसला उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में ही होता है। सरकार चलाने और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए जरूरी राजस्व की उगाही के संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों को कर लगाने और संसाधन जमा करने के अधिकार हैं।

भाषायी राज्य

- भाषा के आधार पर प्रांतों का गठन हमारे देश की पहली और एक कठिन परीक्षा थी।
- नए राज्यों को बनाने के लिए कई पुराने राज्यों की सीमाओं को बदला गया।
- जब एक भाषा के आधार पर राज्यों के निर्माण की मांग उठी तो राष्ट्रीय नेताओं को डर था कि इससे देश टूट जाएगा।
- केंद्र सरकार ने कुछ समय के लिए राज्यों के पुर्नगठन को टाला परंतु हमारा अनुभव बताता है कि देश ज्यादातर मजबूत और एकीकृत हुआ।
- प्रशासन भी पहले की अपेक्षा सुविधाजनक हुआ है।
- कुछ राज्यों का गठन भाषा के आधार पर ही नहीं बल्कि संस्कृति, भूगोल व नृजातीयता (Ethnicity) की विविधता को रेखांकित एवं महत्त्व देने के लिए किया गया।

भाषा नीति

- भारत के संघीय ढाँचे की दूसरी परीक्षा भाषा-नीति को लेकर हुई।
- हमारे संविधान में किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया।

हिंदी को राजभाषा माना गया पर हिंदी सिर्फ 40 फीसदी (लगभग) भारतीयों की मातृभाषा है इसलिए अन्य भाषाओं के संरक्षण के अनेक दूसरे उपाय किए गए।

- संविधान में हिंदी के अलावा अन्य 21 भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है।
- केंद्र सरकार के किसी पद का उम्मीदवार इनमें से किसी भी भाषा में परीक्षा दे सकता है बशर्ते उम्मीदवार इसको विकल्प के रूप में चुने।
- राज्यों की भी अपनी राजभाषाएँ हैं। राज्यों का अपना अधिकांश काम अपनी राजभाषा में ही होता है।
- संविधान के अनुसार सरकारी कामकाज की भाषा के तौर पर अंग्रेजी का प्रयोग 1965 में बंद हो जाना चाहिए था पर अनेक गैर-हिंदी भाषी प्रदेशों ने मांग की कि अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखा जाए।
- तमिलनाडु में तो इस माँग ने उग्र रूप भी ले लिया था। केंद्र सरकार ने हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी को राजकीय कामों में प्रयोग की अनुमति देकर इस विवाद को सुलझाया।
- अनेक लोगों का मानना था कि इस समाधान से अंग्रेजी-भाषी अभिजन को लाभ पहुँचेगा।
- राजभाषा के रूप में हिंदी को बढ़ावा देने की भारत सरकार की नीति बनी हुई है पर बढ़ावा देने का मतलब यह नहीं कि केंद्र सरकार उन राज्यों पर भी हिंदी को थोप सकती है जहाँ लोग कोई और भाषा बोलते हैं।
- भारतीय राजनेताओं ने इस मामले में जो लचीला रुख अपनाया उसी से हम श्रीलंका जैसी स्थिति में पहुँचने से बच गए।

केंद्र-राज्य संबंध

- सत्ता की साझेदारी की संवैधानिक व्यवस्था वास्तविकता में कैसा रूप लेगी यह ज्यादातर इस बात पर निर्भर करता है कि शासक दल और नेता किस तरह इस व्यवस्था का अनुसरण करते हैं।
- काफी समय तक हमारे यहाँ एक ही पार्टी का केंद्र और अधिकांश राज्यों में शासन रहा। इसका व्यावहारिक मतलब यह हुआ कि राज्य सरकारों ने स्वायत्त संघीय इकाई के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं किया।
- जब केंद्र और राज्य में अलग-अलग दलों की सरकारें रहीं तो केंद्र सरकार ने राज्यों के अधिकारों की अनदेखी करने की कोशिश की। उन दिनों केंद्र सरकार अक्सर संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग करके विपक्षी दलों की राज्य सरकारों को भंग कर देती थी।
- यह संघवाद की भावना के प्रतिकूल काम था। 1990 के बाद से यह स्थिति काफी बदल गई। इस अवधि में देश के अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। यही दौर केंद्र में गठबंधन सरकार की शुरुआत का भी था। चूँकि किसी एक दल को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत नहीं मिला इसलिए प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों को क्षेत्रीय दलों समेत अनेक पार्टियों का गठबंधन बनाकर सरकार बनानी पड़ी।
- इससे सत्ता में साझेदारी और राज्य सरकारों की स्वायत्तता का आदर करने की नई संस्कृति पनपी।
- इस प्रवृत्ति को सुप्रीम कोर्ट के एक बड़े फैसले से भी बल मिला। इस फैसले के कारण राज्य सरकार को मनमाने ढंग से भंग करना केंद्र सरकार के लिए मुश्किल हो गया। इस प्रकार आज संघीय व्यवस्था के तहत सत्ता की साझेदारी संविधान लागू होने के तत्काल बाद वाले दौर की तुलना में ज्यादा प्रभावी है।

दिसम्बर 1992 में भारतीय संसद ने संविधान के 73वें एवं 74वें संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत भारत में स्थानीय स्वशासन निकायों को संवैधानिक

दर्जा प्रदान किया गया एवं भारत में पंचायती राज व्यवस्था मजबूत बनाया गया।

ग्राम पंचायत





- गाँवों के स्तर पर मौजूद स्थानीय शासन व्यवस्था को पंचायती राज के नाम से जाना जाता है।

- ग्राम पंचायत प्रत्येक गाँव में, और कुछ राज्यों में ग्राम-समूह की एक ग्राम पंचायत होती है।
- यह एक तरह की परिषद् है जिसमें कई सदस्य और एक अध्यक्ष होती है। सदस्य वार्डों से चुने जाते हैं और उन्हें सामान्यतः पंच कहा जाता है।
- अध्यक्ष को प्रधान या सरपंच कहा जाता है। इनका चुनाव गाँव अथवा वार्ड में रहने वाले सभी वयस्क लोग मतदान के जरिए करते हैं।
- यह पूरे पंचायत के लिए फैसला लेने वाली संस्था है। पंचायतों का काम ग्राम-सभा की देखरेख में चलता है। गाँव के सभी मतदाता इसके सदस्य होते हैं। इसे ग्राम-पंचायत का बजट पास करने और इसके कामकाज की समीक्षा के लिए साल में कम से कम दो या तीन बार बैठक करनी होती है।

पंचायत समिति – स्थानीय शासन का ढाँचा जिला स्तर तक का है। कई ग्राम पंचायतों को मिलाकर पंचायत समिति का गठन होता है। इसे मंडल या प्रखंड स्तरीय पंचायत भी कह सकते हैं।

जिला परिषद – किसी जिले की सभी पंचायत समितियों को मिलाकर जिला परिषद् का गठन होता है। जिला परिषद के अधिकांश सदस्यों का चुनाव होता है। जिला परिषद् में उसे जिले से लोक सभा और विधान सभा के लिए चुने गए सांसद और विधायक तथा जिला स्तर की संस्थाओं के कुछ अधिकारी भी सदस्य के रूप में होते हैं। जिला परिषद् का प्रमुख इस परिषद् का राजनीतिक प्रधान होता है।

नगर निगम – इस प्रकार स्थानीय शासन वाली संस्थाएँ शहरों में भी काम करती है। छोटे शहरों में नगर पालिका होती है। बड़े शहरों में नगरनिगम का गठन होता है। नगरपालिका और नगरनिगम, दोनों का कामकाज निर्वाचित प्रतिनिधि करते है। नगरपालिका प्रमुख नगरपालिका के राजनीतिक प्रधान होते है। नगरनिगम के ऐसे पदाधिकारी को मेयर कहते हैं।

1 अंक वाले प्रश्न

Q.1. सत्ता का विकेंद्रीकरण क्या है ?

Q.2. संवैधानिक प्रावधानों और प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की देख-रेख में कौन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

Q.3. हमारे संविधान के अनुसार, 'अवशिष्ट विषयों' (बाकी विषय) पर कानून बनाने की शक्ति किसके पास है ?

Q.4. शहरी क्षेत्रों में स्थानीय सरकार के संस्थानों के नाम बताइए।

Q.5. 'पंचायत समिति' का गठन कैसे किया जाता है ?

Q.6. 'नगर निगम' के प्रमुख को क्या कहा जाता है ?

Q.7. जिला परिषद् का राजनीतिक प्रमुख कौन होता है ?

Q.8. एक ऐसे देश का उदाहरण दीजिए जो साथ आकर महासंघ बनाने का उदाहरण है।

Q.9. समवर्ती सूची में उल्लिखित विषयों से संबंधित कानून कौन बना सकता है ?

Q.10. हमें स्थानीय सरकारों की आवश्यकता क्यों है ?

Q.11. 'जिला परिषद्' क्या है ?

Q.12. रेखांकित वाक्यांश को सही करने के बाद वाक्य फिर से लिखिए-

<u>कार्यपालिका</u> के पास कानून बनाने की शक्ति है।

Q.13. रिक्त स्थान भरिए-

हिंदी के अलावा, संविधान द्वारा ..... अन्य भाषाएँ संविधान द्वारा अनुसूचित की गयी हैं। (संख्या)

Q.14. निम्नलिखित में से कौन-सा महासंघ एक साथ आने का उदाहरण नहीं हैं ?

(a) यूएसए (b) स्विटजरलैंड

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) स्पेन

Q.15. नीचे अभिकथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए–

अभिकथन (A): सिंहलियों और तमिलों के बीच अविश्वास व्यापक संघर्षों में बदल गया।

कारण (R): एक नए संविधान में यह प्रावधान किया गया कि सरकार श्रीलंका में बौद्ध धर्म की रक्षा करेगा और बढ़ावा देगा।

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

(d) कारण (R) सही है लेकिन कथन (A) सही है।

Q.16. नीचे अभिकथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इस कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए–

अभिकथन (A): भारत में संघीय शासन व्यवस्था है।

कारण (R): भारत में शासन के तीन स्तर हैं।

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

(d) कारण (R) सही है लेकिन कथन (A) सही है।

Q.17. कार्टून को अपने शब्दों में समझाइए–



3/5 अंक वाले प्रश्न

Q.1 भारतीय संविधान में शक्तियों का बँटवारा किस प्रकार किया गया है?

Q.2. स्थानीय सरकार के महत्व का वर्णन करें।

Q.3. 'संघवाद' से आप क्या समझते हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Q.4. "संविधान में संघ शब्द का उपयोग नहीं किया गया था लेकिन भारतीय संघ, संघों के सिद्धांतों पर आधारित है।" कथन स्पष्ट करें।

Q.5. 1990 से पहले और बाद में केंद्र-राज्य संबंधों का विश्लेषण कीजिए।

Q.6. 1992 के संवैधानिक संशोधन की व्याख्या कीजिए जिसके द्वारा भारत में स्थानीय सरकारों की स्थापना हुई।

Q.7. भाषा नीति की चुनौती का सामना भारतीय संघ द्वारा किस प्रकार किया गया?

Q.8. भाषाई राज्य क्यों बनाए गए?

Q.9. भारत एक संघीय राज्य के रूप में कैसे उभरा?

Q.10. गठबंधन सरकार में शक्तियों की साझेदारी किस प्रकार की जाती है?

Q.11. 'पंचायती राज प्रणाली' की किसी भी दो उपलब्धियों और किसी भी दो चुनौतियों के बारे में बताइए।

Q.12. "हिंदी को बढ़ावा देना भारत सरकार की आधिकारिक नीति है।" स्पष्ट कीजिए।

Q.13. 'साथ आकर संघ बनाने' और 'संघीय व्यवस्था में साथ रहना' के बीच उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। भारत किस प्रकार के संघ के अंतर्गत आता है ?

Q.14. 'भाषाई राज्यों का निर्माण हमारे देश में लोकतांत्रिक राजनीति का पहला और प्रमुख परीक्षण था।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

Q.15. ग्राम सभा क्या है ? ग्राम सभा के किसी भी चार कार्यों का वर्णन कीजिए।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

संघीय शासन व्यवस्था में सर्वोच्च सत्ता केंद्रीय प्राधिकार और उसकी विभिन्न आनुषंगिक इकाइयों के बीच बँट जाती है आम तौर पर संघीय व्यवस्था में दो स्तर पर सरकारें होती हैं। इसमें एक सरकार पूरे देश के लिए होती है जिसके जिम्म राष्ट्रीय महत्व के विषय होते हैं। फिर, राज्य या प्रांतों के स्तर की सरकारें होती हैं जो शासन के दैनंदिन कामकाज को देखती हैं। सत्ता के इन दोनों स्तर की सरकारें अपने-अपने स्तर पर स्वतंत्र होकर अपना काम करती है। इस अर्थ में संघीय शासन व्यवस्था एकात्मक शासन व्यवस्था से ठीक उलट है। एकात्मक व्यवस्था में शासन का एक ही स्तर होता है और बाकी इकाइयाँ उसके अधीन होकर काम करती हैं। इसमें केंद्रीय सरकार प्रांतीय या स्थानीय सरकारों को आदेश दे सकती है। पर संघीय व्यवस्था में केंद्रीय सरकार राज्य सरकार को कुछ खास करने का आदेश नहीं दे सकती। राज्य सरकारों के पास अपनी शक्तियाँ होती हैं और इसके लिए वह केंद्रीय सरकार को जवाबदेह नही होती हैं। ये दोनों ही सरकारें अपने-अपने स्तर पर लोगों को जवाबदेह होती हैं।

(a) भारत में किस प्रकार की शासन व्यवस्था है ?

(1) संघात्मक

(2) एकात्मक

(3) तानाशाही

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(b) सरकार के एकात्मक रूप से आप क्या समझते हैं ?

(c) निम्नलिखित में से कौन से देश में एकात्मक शासन व्यवस्था है ?

(1) भारत (3) श्रीलंका

(3) बेल्जियम (4) संयुक्त राज्य अमेरिका

(d) ऊपर दिए गए अनुच्छेद का एक सक्षिप्त विवरण अपने शब्दों में लिखिए।

2. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

''संघीय शासन व्यवस्थाएँ आमतौर पर दो तरीकों से गठित होती हैं। पहला तरीका है दो या अधिक स्वतंत्र राष्ट्रों को साथ लाकर एक बड़ी इकाई गठित करने का। इसमें दोनों स्वतंत्र राष्ट्र अपनी संप्रभुता को साथ करते हैं, अपनी अलग-अलग पहचान को भी बनाए रखते है और अपनी सुरक्षा तथा खुशहाली बढ़ाने का रास्ता अख्तियार करते हैं। साथ आकर संघ बनाने के उदाहरण हैं-संयुक्त राज्य अमरीका, स्विटजरलैंड और ऑस्ट्रेलिया वगैरह। इस तरह की संघीय व्यवस्था वाले मुल्कों में आमतौर पर प्रांतों को समान अधिकार होता है और वे केंद्र के बरक्स ज्यादा ताकतवर होते हैं। संघीय शासन व्यवस्था के गठन का दूसरा तरीका है बड़े देश द्वारा अपनी आंतरिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राज्यों का गठन करना और फिर राज्य और राष्ट्रीय सरकार के बीच सत्ता का बँटवारा कर देना। भारत, बेल्जियम और स्पेन इसके उदाहरण हैं। इस दूसरी श्रेणी वाली व्यवस्था में राज्यों के बरक्स केंद्र सरकार ज्यादा ताकतवर हुआ करती है। अक्सर इस व्यवस्था में विभिन्न राज्यों को समान अधिकार दिए जाते हैं पर विशेष स्थिति में किसी-किसी प्रांत को विशेष अधिकार भी दिए जाते हैं।

(a) संघों के साथ आने का एक उदाहरण दीजिए ?

(b) संघों को एक साथ रखने का एक उदाहरण दीजिए ?

(c) 'साथ आकार संघ बनाने' से आप क्या समझते हैं ?

(d) ऊपर दिए गए अनुच्छेद का एक संक्षिप्त विवरण लिखें।

उत्तरमाला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. केन्द्र एवं राज्य से शक्तियाँ लेकर स्थानीय सरकारों को देना।
2. सर्वोच्च न्यायालय
3. केन्द्र सरकार
4. नगरपालिका एवं नगर निगम
5. कई ग्राम पंचायतों को मिलाकर
6. सर्वोच्च न्यायालय
7. जिला प्रधान
8. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
9. केन्द्र व राज्य सरकार दोनों
10. एक बड़े देश पर शासन चलाना
11. किसी जिले की सभी पंचायत समितियों को मिलाकर जिला परिषद् का गठन होता है।
12. विधायिका
13. 21
14. स्पेन
15. (c) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
16. (a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

17. विद्यार्थी अपने विचार स्वयं प्रस्तुत करेगें।

3/5 अंकों वाले प्रश्न

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
11. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
12. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
13. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
14. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
15. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

स्रोत आधारित प्रश्न

1.

(a) संघात्मक

(b) शासन का एक ही स्तर होता है बाकि इकाइयाँ उसके अधीन होकर कार्य करती है।

(c) श्रीलंका

(d) विद्यार्थी स्वयं हल करेंगें।

2. इस अनुच्छेद को पढ़कर विद्यार्थी स्वयं हल करें।

लोकतंत्र एवं विविधता

लोकतंत्र :– किसी भी राज्य में सभी लोगों या सभी योग्य सदस्यों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सरकार की प्रणाली।

वैध सरकार :– आमतौर पर माना जाता है हि सरकार के नियंत्रण में राष्ट्र होगा और उसे औपचारिक मान्यता प्राप्त होगी और इस बात का प्रतीक उस सरकार एवं अन्य देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक आदान प्रदान है।

तानाशाहः– एक ऐसा शासक जिसके पास पूर्ण सत्ता हो और खासकर ऐसा शासक जिसने बल से नियंत्रण हासिल कर लिया हो।

विषमताः– बहुत ज्यादा असमानता।

चर्चाः– दीर्धकालिक और सूझ-बूझ के साथ विचार निर्माण या बातचीत।

सामाजिक विविधताः– विभिन्न विचारों, पृष्ठभूमियों (डिग्री और सामाजिक अनुभव) धार्मिक मान्यताओं, राजनीतिक मान्यताओं, धरोहरों और जीवन अनुभव वाले लोग।

उत्पीडनः– बिल्कुल दुष्ट या क्रूर बर्ताव खासकर किसी के साथ शारीरिक हिंसा या उसे जख्म पहुँचाना।

लोकतांत्रिक पारदर्शिताः– लोकतंत्र में फैसले नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत किए जाते है। नागरिक को फैसले की प्रक्रिया का परीक्षण करने का अधिकार और तरीके प्राप्त है। उसे पारदर्शिता के रूप में जाना जाता है।

अश्वेत शक्ति आन्दोलनः– यह आंदोलन 1966 में उभरा और 1975 तक चलता रहा। नस्लवाद को लेकर इस आंदोलन का रवैया ज्यादा उग्र था। इसका मानना था कि अमरीका से नस्लवाद मिटाने के लिए हिस्सा का सहारा लेने में भी हर्ज नहीं है।

एफ्रो-अमरीकीः– एफ्रो-अमरीकन, अश्वेत अमरीकी या अश्वेत शब्द उन अफ्रीकी लोगों के वंशजो के लिए प्रयुक्त होता है जिन्हें 17वीं सदी से लेकर 19वीं सदी की शुरूआत तक अमरीका में गुलाम बनाकर लाया गया था।

अमरीका में नागरिक अधिकार आंदोलन (1954 –1968):– इसका उद्देश्य एफ्रो अमरीकी लोगों के विरूद्ध होने वाले नस्ल आधारित भेदभाव को मिटाना था। मार्टिन लूथर किंग जूनियर की अगुवाई में लड़े गए इस आंदोलन का स्वरूप पूरी तरह हिंसक था। इसने नस्ल के आध ाार पर भेद-भाव करने वाले कानूनों और व्यवहार को समाप्त करने की माँग उठाई जो अंततः सफल हुई।

समरूप समाजः– एक ऐसा समाज जिसमें सामुदायिक, सांस्कृतिक या जातीय विभिन्नताएँ ज्यादा गहरी नहीं होती।

सामाजिक विभाजनों की राजनीति :–

- लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीच प्रतिद्वंदिता का माहौल होता है।
- प्रतिद्वंदिता समाज को विभाजित करती है और उन्हें राजनीतिक विभाजनों में बदल देती है जो अंततः संघर्ष, हिंसा या किसी देश के विघटन की ओर ले जाती है।

सामाजिक विभाजनों की राजनीति का परिणाम तीन चीजों पर निर्भर करता है।

- लोगों में अपनी पहचान के प्रति आग्रह की भावना।
- किसी समुदाय की माँगों को राजनीतिक दल कैसे उठा रहे है।
- सरकार का रूख (अगर शासन सत्ता में साझेदारी करने को तैयार है।)

लोकतंत्र के पहलू

राजनीतिक पहलू	सामाजिक पहलू	आर्थिक पहलू
लोकतांत्रिक- लोकतंत्र के लिए सहमति और राजनीतिक समानता सरकार की जरूरत होती है।	इसके लिए देश में सामाजिक समानता की आवश्यकता होती है।	कोई विषमता नहीं होनी चाहिए। इसके अंन्तर्गत ऐसा नहीं होना चाहिए कि कुछ लोग समृद्ध हो और अधिसंख्या लोग गरीबी देखा के नीचे गुजर बसर करते है।

लोकतंत्र	लोकतंत्र के विपक्ष में
• लोकतंत्र के निर्णय लेने की प्रक्रिया नियमों के अंन्तर्गत।	• निर्णय लेंने की प्रक्रिया का परीक्षण करने के लिए पादरर्शी अधिकार एवं साधन नहीं होते हैं।
• सरकार लोगो के प्रति जवाब देह होती है।	• सरकार की कोई जवाबदेही नही होती
• लोकतंत्र में निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों के हिस्सा लेने की प्रणाली होती है।	• निर्णय लेने की प्रक्रिया नियमों और प्रक्रियाओं पर आधारित नहीं होती है।

सामाजिक विभाजनः– यह सामाजिक विषमताओं जैसे धर्म जाति आदि पर आधरित संघर्ष की स्थिति है।

हर सामाजिक विभिन्नता सामाजिक विभाजन का रूप नहीं लेती। सामाजिक विभिन्नताएँ लोगों के बीच बंटवारे का एक बड़ा कारण होती जरूर है, लेकिन यही विभिन्नताएँ कई बार अलग-अलग तरह के बीच पुल का काम भी करती है।

लोकतंत्र, तानाशाही से बेहतर है।

प्रमुख कारण :–

1. लोकतांत्रिक सरकार वैधानिक होती है।
2. लोकतंत्र नागरिकों का समान अवसर प्रदान करता है।
3. लोकतंत्र निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाता है।
4. लोकतंत्र मतभेदों को सुलझाने का तरीका प्रदान करता है।
5. लोकतंत्र महिलाओं और गरीबो को समानता प्रदान करता है।
6. लोकतंत्र में गलतियों को सुधारने की गुंजाइश रहती है।
7. लोकतंत्र एक ऐसी सरकार का निर्माण करता है जो लोगों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदायी हो।
8. लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपने लक्ष्य की और आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होती है।

बहुविकल्पीय प्रश्न :–

1. विषमता से हम समझते हैः–

   (क) अधिक संख्या (ख) कम संख्या

   (ग) बहुत ज्यादा समानता (घ) बहुत ज्यादा असमानता।

2. राजनीतिक दल और लोकतांत्रिक सरकार के प्रति जवाबदेही हैः–

   (क) लागों के प्रति (ख) समाज के प्रति

   (ग) दुनिया के प्रति (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

3. हम लोकतंत्र का निर्णय किसके द्वारा कर सकते है ?

   (क) लोगों (ख) परिणामों

   (ग) राजनीतिक दलों (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. लोकतंत्र की बुराइयाँ है–

   (क) भ्रष्टाचार (ख) पक्षपात

   (ग) दोनों (क) एवं (ख) (घ) उपरोक्त में से कोई

5. लोकतंत्र निर्णय निर्धारण का कौन सा आधार सुनिश्चित करता है ?

   (क) मानदंड (ख) प्रक्रियाएँ

   (ग) दोनों (क) एवं (ख) (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. सफल लोकतंत्र की जरूरत है :

   (क) मतदान (ख) स्वतंत्रता

   (ग) आवधिक चुनाव (घ) उपरोक्त सभी

7. लोगों को सतर्क रहना चाहिए और किस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए ?

   (क) प्रतिनिधित्व (ख) प्रशासन

   (ग) दल–चयन (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर :– 1(घ) 2(क) 3(ख) 4(ग) 5(घ)
6(घ) 7(घ)

रिक्त स्थान भरोः–

1. लोकतंत्र विचार विमर्श और ..... के विचार पर आधरित है।

उत्तर :–

1. बातचीत

सही अथवा गलत है बताइए।

1. सरकार के सैन्य शासन के रूप का समाज में समर्थन है।
2. लोकतंत्र राजनीतिक असमानता पर आधारित है।
3. व्यावहारिक रूप से लोकतांत्रिक देश आर्थिक असमानताओं को कम करने में बहुत सफल नहीं दिखते है।
4. लोकतंत्र कुछ आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्रदान करता है।
5. सरकार का उत्तरदायी और जवाबदेह स्वरूप लोकतंत्र के परिणाम है।
6. लोकतांत्रिक सरकारे इसके विकल्पों से बेहतर है।

उत्तर –

1. गलत	2. गलत	3. सही
4. सही	5. सही	6. सही

सही मिलान करो :–

(क)	**(ख)**
1. चर्चा	(क) उचित सम्मान का हकदार
2. वार्ता	(ख) दीर्धकालिक और सूझ बूझ के साथ बातचीत
3. मर्यादा	(ग) बहुत ज्यादा असमानता
4. विषमता	(घ) किसी सहमति पर पहुँचने के लक्ष्य के साथ
5. बहुसंख्यक	(ड़) किसी कार्यवाही को सही या जिम्मेदार ठहराने की आवश्यकता।
6. जवाबदेही	(च) अधिक संख्या वाले।

उत्तर :–

1. (ख)	2. (घ)	3. (क)
4. (ग)	5. (च)	6. (ड़)

सही करे और पुनः लिखें:–

निम्नलिखित कथनों को सही करें और पुनः लिखें:–

1. लोकतंत्र विचार-विमर्श और तानाशाही के विचार पर आधारित है।
2. लोकतंत्र के परिणामों के बारे में सावधानीपूर्वक विचार करने की दिशा में पहला कदम यही मानना है कि लोकतंत्र सरकार का अनिवार्य रूप है।
3. बहुमत को हमेशा बहुसंख्यकों के साथ काम करने की जरूरत है ताकि सरकारें प्रतिनिधित्व के लिए कार्य करें।
4. लोकतंत्र कुछ आर्थिक सामाजिक प्रदान करता है।

उत्तर : (1) लोकतंत्र विचार-विमर्श और बातचीत के विचार पर आधारित है।

(2) लोकतंत्र के परिणामों के बारे में सावधानीपूर्वक विचार करने की दिशा में पहला कदम यह मानना है कि लोकतंत्र सरकार का एक रूप भर है।

(3) बहुमत को हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ काम करने की जरूरत है ताकि सरकारें प्रतिनिधित्व के लिए कार्य करें।

(4) लोकतंत्र कुछ आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को भी प्रदान करता है।

लघु उत्तरात्मक प्रश्नः–

1. लोकतंत्र क्या है ? इसकी विशेषताएँ बताएँ।
2. देश का आर्थिक विकास किन कारकों पर निर्भर है ?
3. लोकतंत्र तानाशाही से कैसे बेहतर है ?
4. लोकतंत्र में पारदर्शिता का क्या महत्त्व है ?
5. लोकतंत्र की सरकार वैध सरकार है कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

6. सामाजिक विविधता को समायोजित करने के लिए लोकतंत्र सबसे अच्छा कैसे माना जाता है?

7. सामाजिक अंतर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेते हैं?

8. समरूप समाज को उदाहरण सहित परिभाषित करें?

9. लोकतांत्रिक सरकार की कमी बताइए।

10. विभिन्न पहलुओं और योग्यताओं को सूची बद्ध करे जो लोकतंत्र की अधिक सटीक परिभाषा देने में सहायता करती है।

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नः-

1. स्पष्ट कीजिए, कहाँ तक लोकतंत्र विभिन्न जातीय समूहों में सामंजस्य स्थापित करने में सफल रहा है?

2. लोकतंत्र में किन परिणामें की अपेक्षा है?

3. लोकतांत्रिक सरकारों की कोई पाँच विशेषताएँ बताइए।

4. लोकतंत्र के लिए भ्रष्टाचार कैसे एक गंभीर समस्या बन गया? (भारत के संदर्भ में व्याख्या करो।)

5. 'संपूर्ण विश्व में लोकतंत्र को अपार समर्थन मिला है।' कथन के पक्ष में तर्क दे।

6. तानाशाही सरकार की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

7. क्या लोकतंत्र में नागरिकों के बीच शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध है? स्पष्ट कीजिए

स्त्रोत आधारित प्रश्न :-

नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़े और प्रश्नों के उत्तर दें:-

स्त्रियों की गरिमा का ही उदाहरण लें। दुनिया के अधिकांश समाज पुरूष प्रधान समाज रहे है। महिलाओं के लंबे संघर्ष के बाद अब जरूर यह माना जाने लगा है कि महिलाओं के साथ गरिमा और सफलता का व्यवहार लोकतंत्र की जरूरी शर्त है और आज अगर कही ऐसी हालत है तो उसका मतलब नहीं कि औरतों के साथ सदा से सम्मान का व्यवहार हुआ है। बहरहाल, एक बार जब सिद्धांत रूप में

इस बात को स्वीकार कर लिया गया है तो अब औरतों के लिए वैधानिक और नैतिक रूप से अपने प्रति गलत मान्यताओं और व्यवहारों के खिलाफ संघर्ष करना आसान हो गया है। अलोकतांत्रिक व्यवस्था के यह बात संभव न थी। क्योंकि वहाँ व्यक्तिगत आजादी और गरिमा न तो वैधानिक रूप से मान्य है, न नैतिक रूप से। यही बात जातिगत असमानता पर भी लागू होती है। भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था ने कमजोर और भेदभाव का शिकार हुई जातियों के लोगों के सम्मान दर्जे और समान अवसर के दावे को बल दिया है। आज भी जातिगत भेदभाव और दमन के उदाहरण देखने को मिलते है पर इनके पक्ष में कानूनी या नैतिक बल नहीं होता। संभवतः उसी अहसास के चलते आम लोक अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति ज्यादा चौकस हुए है।

प्र. महिलाओं ने खुद के लिए सम्मान एवं समान अधिकार कैसे सुनिश्चित किया है?

प्र. भारत में लोकतंत्र ने समान अधिकार व अवसर के लिए समाज के किस वर्ग का दावा मजबूत किया है?

प्र. किन देशों में महिलाओं को समान अधिकार नहीं है?

उत्तरः 1. लम्बे संघर्ष के बाद।

2. अलाभकारी व विभेदकारी वर्गों के लिए।

3. अलौकतांत्रिक देशों में।

स्त्रोत आधारित प्रश्न

2. नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दे।

अगर हम 1950 और 2000 के बीच 50 वर्षों के लिए सभी लोकतंत्रों और सभी तानाशाही पर विचार करते है तो तानाशाही में आर्थिक विकास की दर थोड़ी अधिक होती है। आर्थिक विकास कई कारको पर निर्भर करता है। देश की जनसंख्या का आकार, वैश्विक स्थिति, अन्य देशों से सहयोग, देश द्वारा अपनाई गई आर्थिक प्राथमिकताएँ आदि।

हालांकि तानाशाही और लोकतंत्र के साथ कम विकसित देशों के बीच आर्थिक विकास की दरों में अंतर नगण्य है। कुल मिलकर यह नहीं कहा जा सकता है कि लोकतंत्र आर्थिक विकास की गारंटी है। लेकिन हम उम्मीद कर सकते है कि

लोकतंत्र इस मामले में तानाशाही सरकार से पीछे नहीं रहेगा।

जब तानाशाही और लोकतंत्र के तहत देशों के आर्थिक वृद्धि की दर में इतना महत्त्वपूर्ण अंतर होता है, तो लोकतंत्र को प्राथमिकता देना बेहतर होता है। क्योंकि इसके कई अन्य सकारात्मक परिणाम होते है।

प्र.1. तानाशाही में आर्थिक विकास के तेज होने के कारणों की विवेचना कीजिए?

प्र.2. आर्थिक विकास के कारकों के विषय में बताइए।

प्र.3. लोकतंत्र को प्राथमिकता देना क्यों बेहतर है। उपरोक्त में से समझे और बताएँ।

उ.1. स्मरणीय तथ्यों पर आधारित।

उ.2. आर्थिक विकास के कारणः–

(i) देश की जनसंख्या का आधार

(ii) वैश्विक विपति

(iii) अन्य देशों से सहयोग

(iv) अपनाई गई आर्थिक प्राथमिकताएँ आदि।

उ.3. आर्थिक वृद्धि की दर के कारण।

स्त्रोत आधरित प्रश्नः–

3. नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।

विकीपीडिया और फोटो फ्लिकर डॉट कॉम केविन

2005 में सैन होज़ स्टेट यूनिवर्सिटी ने टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस के विरोध प्रदर्शन के प्रतीक के रूप में एक 20 फीट ऊँची मूर्ति लगवाई। 1968 के पदक वितरण समारोह की असल तस्वीर भी ऊपर

उपरोक्त तस्वीर ने अमरीका में चले नागरिक अध्किार आंदोलन की एक प्रमुख घटना से संबंधित है। यह 1968 में मैक्सिको सिटी में हुए औलोकिक मुकाबले की 200 मीटर दौड के पदक समारोह की तस्वीर है। अमरीका का राष्ट्रीय गान बजाया जा रहा है और सिर झुकाए तथा मुट्टी तानों दो खिलाड़ी खड़े है वे हैं अमरीकी घावक टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस। ये अफ्रीकी अमरीकी है। इन्होंने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीता था। इन्होंने जूते नहीं पहने थे। सिर्फ मोजे चढ़ाए ही पुरस्कार लेकर दोनों ने यह जताने की कोशिश की कि अमरीकी अश्वेत लोग गरीब है। स्मिथ ने अपने गले में काला मफलर जैसा परिधन भी पहना था। जो अश्वेत लोगों के आत्मगौरव का प्रतीक है। कार्लोस ने मारे गए अश्वेत लोगों की याद में काले मनकों की एक माला पहनी थी। अपने इन प्रतीकों और तौर तरीकों से उन्होंने अमरीका में होने वाले रंगभेद के प्रति अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान खींचने की कोशिश की। काले दस्ताने और बंद मुठ्ियाँ अश्वेत शक्ति की प्रतीक थी। रजत पदक जीतने वाले आस्ट्रेलियाई धातक पीटर नॉर्मन ने पुरस्कार समारोह में अपनी जर्सी पर मानवधिकार का बिल्ला लगाकर इन का समर्थन किया था।

प्र.1. अफ्रीकी अमरीकी शब्द को स्पष्ट करें।

प्र.2. अमरीका में नागरिक अधिकार आन्दोलन को चलाने के पीछे क्या उद्देश्य थे ?

प्र.3. अश्वेत शक्ति से आप क्या समझते है ?

पाठ - 4

जाति, धर्म और लैंगिक मसले

अनुसूचित जातियाँ :- ये जातियाँ जो हिंदु साजिक व्यवस्था में उच्च जातियों से अलग और अछूत मानी जाती है, तथा जिनका अपेक्षता विकास नहीं हुआ है।

वर्ण व्यवस्था :- विभिन्न जातीय समूहों का समाज में पदानुक्रम।

साम्प्रदायिकता :- जब किसी धर्म को मानने वाले लोग अपने धर्म को दूसरों के धर्मो से श्रेष्ठ समझने लगते है।

लिंग :-

- श्रम का लैंगिक विभाज महिलाएँ घर के अंदर सारे काम करती है
- पितृसत्तात्मक समाज सभी शक्ति पुरूषों द्वारा धारण की जाती है।
- विधायिका (भारत) में कम प्रतिनिधित्व 2019 में लोकसभा में लगभग 14 प्रतिशत।
- स्थानीय सरकार में आरक्षण
- नारीवादी और अन्य लोग और कई संगठनप विधापिका में महिलाओं के आरक्षण की माँग कर रहे है।

नारीवादीः- नारी और नर (महिला एवं पुरूषों) के लिए एक समान अधिकारों की मांग करना या नारी सशक्तिकरण की माँग।

पितृ प्रधान समाजः- ऐसा समाज जिसमें परिवार का मुखिया पिता होता है और उन्हें औरतों की तुलना में अधिक अधिकार होता है।

सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकारः- किसी राज्य में एक निश्चित आयु के बाद सभी लोगों को एक समान मत देने का अधिकार।

राजनीति, लिंग, जाति, और धर्म का एक दूसरे पर प्रभाव :-



1. सूची I और सूची II का मेल कराएँ और नीचे दिए गए कोड के आधार पर सही चयन खोजें।

सूची I	सूची II
(1) अधिकारों और अवसरों के मामले में स्त्री और पुरूषों की बराबरी मानने वाला व्यक्ति	(क) सांप्रदायिक
(2) धर्म को समुदाय का मुख्य आधार मानने वाला व्यक्ति	(ख) नारीवादी
(3) जाति को समुदाय का मुख्य आधार मानने वाला व्यक्ति	(ग) धर्मनिरपेक्ष
(4) व्यक्तियों के बीच धार्मिक आस्था के आधार पर भेदभाव न करने वाला व्यक्ति	(घ) जातिवादी

उत्तरः– (ख), ख , क, घ, ग

2. सही को चुनें:–

1. जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते है, तो हमारा अभिप्राय होता है :–

(क) स्त्री और पुरूष के बीच जैविक अंतर।

(ख) समाज द्वारा स्त्री पुरूष को दी गई असमान भूमिकाएँ।

(ग) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात।

(घ) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना।

2. भारत में यहाँ महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है :-

(क) लोकसभा (ख) विधानसभा

(ग) मंत्रीमंडल (घ) पंचायती राज की संख्या।

3. भारतीय संविधान के बारे में निम्न में से कौन सा कथन गलत हैः-

(क) यह धर्म के आधार पर भेदभाव की मनाही करता है।

(ख) यह एक धर्म को राजकीय धर्म बताता है।

(ग) एक धर्म के अनुयायी एक समुदाय बनाते है।

(घ) किसी धार्मिक समुदाय के सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है।

4. ..... पर आधारित सामाजिक विभाजन सिर्फ भारत में ही है।

(क) ऐसे (ख) धर्म

(ग) जाते (घ) लिंग

उत्तर :- 1. ख 2. घ 3. ख 4. ग

I **अंक वाले प्रश्न** :-

1. पितृ प्रधान समाज किसे कहते है ?
2. शहरीकरण को परिभाषित करें ?
3. भारतीय समाज को जाति रहित करने के लिए प्रयासत किन्हीं दो समाज सुधारकों के नाम बताओ ?
4. भारत में किसी व्यक्ति की जाति कैसे निर्धारित होती है ?
5. लिंगानुपात किसे कहते है ?
6. 'धर्म को राजनीति से कभी भी अलग नहीं किया जा सकता' ये शब्द किसने कहे है।
7. ऐसे समुदाय के लोग जो साधारणतः पहाड़ी और जंगलों क्षेत्रों में रहते है और जिनका बाकी समाज से अधिक मेंल जोल नहीं है, उन्हें क्या कहते है ?
8. गाँधी जी धर्म को कैसे परिभाषित करते थे ?

9. नारीवादी आंदोलन से आप क्या समझते है ?

10. समाज द्वारा स्त्री और पुरूष को दी गई असमान भूमिकाएँ क्या कहलाती है ?

उत्तर :–

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. वह प्रक्रिया जिसमें लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन करते है।
3. गाँधी जी, आंबेडकर जी
4. जन्म से
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. गाँधी जी ने
7. अनुसूचित जनजाति
8. धर्म से गाँधी जी का तात्पर्य हिंदु, मुस्लिम, सिख, ईसाई न होकर नैतिक था, जो सभी धर्मो से जुड़े है।
9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
10. लैंगिक विभाजन

3/5 अंक वाले प्रश्न :–

1. भारत को एक धर्म निरपेक्ष राज्य बनाने वाले विभिन्न प्रावधान कौन-कौन से है ?
2. सांप्रदायिकता पर संक्षेप में सार लिखें।
3. भारत में जाति का राजनीति में क्या प्रभाव है तर्क सहित व्याख्या दे।
4. भारत में जाति और व्यवस्था के बदलाव के पीछे का कारण बताएँ।
5. धर्म राजनीति पर कैसे प्रभाव डालता है। व्याख्या करे।
6. भारत सरकार ने लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए क्या उपाय किए है।
7. धर्म को राजनीति से कभी अलग नहीं किया जा सकता। इस कथन को स्पष्ट करें।

8. भारतीय विधायिका में महिलाओं का अनुपात क्या है ? विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए क्या किया जा सकता है ?

9. ''लैंगिक विभाजन की राजनीतिक अभिव्यक्ति'' और इस सवाल पर राजनीतिक गोलबंदी ने सार्वजनिक जीवन में किस प्रकार महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने में मदद की है ?

उत्तरमाला

1. (क) भारत का कोई राजकीय धर्म नहीं है।

   (ख) भारत में सभी धर्मों को एक समान महत्त्व है।

   (ग) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार किसी भी धर्म को अपनाने की स्वतंत्रता है।

   (घ) भारतीय संविधान धार्मिक भेदभाव को अंसवैधानिक घोषित करता है।

2. नोट्स की मदद उत्तर तैयार करें।

3. नोट्स की मदद उत्तर तैयार करें।

4. भारत में जाति और जाति व्याख्या के बदलाव के कारण परिवर्तन :-

   (1) आर्थिक विकास

   (2) शहरीकरण

   (3) व्यावसायिक गतिशीलता

   (4) जमींदारों को स्थिापित का कमजोर होना।

5. नोट्स की मदद उत्तर तैयार करें।

6. (1) दहेज को अवैध घोषित करना।

   (2) पारिवारिक सम्पत्ति में नारी को नर के बराबर।

   (3) कन्या भ्रूण हत्या को कानून अपराध घोषित करना।

   (4) नारी शिक्षा के लिए जोर देना।

   (5) समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक।

7. गाँधी जी के अनुसार-धर्म, हिंदू धर्म या इस्लाम जैसे किसी भी धर्म विशेष से

संबंधित वही था, लेकिन नैतिक मूल्य जो सभी धर्मों को सूचित करते है।

8. लोकसभा 2019 में महिलाएँ 14% है।

(1) राज्य विधानसभाओं में महिलाएँ 5% है।

(2) पंचायतों की तरह विधायिका में भी आरक्षण बाध्यकारी हो।

(3) पंचायत में 1/3 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित है।

(4) कुछ राज्य कैसे बिहार, उत्तराखंछ, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश यहाँ 50% आरक्षण है।

9. (1) उन विभिन्न देशों में महिलाओं की भूमिका पहले से अधिक देखने को मिलती है।

(2) दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों में महिलाओं की भागीदारी का ऊँचा स्तर।

(3) भारत में आजादी के बाद महिलाओं का प्रतिनिधित्व ..... एवं अन्य क्षेत्रों में बढ़ा है।

जाति धर्म

स्त्रोत आधारित प्रश्न

1. निजी और सार्वजनिक का विभाजन

लड़के और लड़कियों के पालन-पोषण के क्रम में यह मान्यता उनके मन में बैठा दी जाती है कि औरतों की मुख्य जिम्मेदारी गृहस्थी चलाने और बच्चों का पालन-पोषण करने की है। यह चीज अधिकतर परिवारों के श्रम के लैंगिक विभाजन से झलकती है। औरते घर के अंदर का सारा काम काज, जैसे- खाना बनाना, सफाई करना, कपड़े धोना और बच्चों की देखरेख करना आदि करती है जबकि मर्द घर के बाहर का काम करते है। ऐसा नहीं है कि मर्द ये सारे काम नहीं कर सकते। दरअसल वे सोचते हैं कि ऐसे कामों को करना औरतों के जिम्मे है। पर जब सिलाई-कटाई से लेकर इन्हीं सारे कामों के लिए पैसे मिलते हैं तो मर्द खुशी-खुशी यही काम घर के बाहर करते हैं। अधिकांश दर्जी या होटल के रसोइए पुरूष होते हैं। इसी प्रकार औरतें घर के बाहर का काम न करती हों- ऐसा भी नहीं है। गाँवों में स्त्रियाँ पानी और जलवान जुटाने से लेकर खेत में खटने तक का काम करती है। शहरों में भी हम देखते हैं कि कोई गरीब स्त्री किसी मध्यमवर्गीय परिवार में

नौकारानी का काम कर रही है और मध्यमवर्गीय स्त्री काम करने के लिए दफतर जा रही है। सच्चाई यह है कि अधिकतर महिलाएँ अपने घरेलू काम में अतिरिक्त अपनी आमदनी के लिए कुछ न कुछ काम करती हैं लेकिन उनके काम को ज्यादा मूल्यवान नहीं माना जाता और उन्हें दिन रात काम करके भी उसका श्रेय नहीं मिलता।

प्रश्न :–

1. लैंगिक विभाजन किसे कहते है ?
2. लैंगिक विभाजन का एक उदाहरण दीजिए।
3. उन कार्यों को बताए जो प्रायः आदमी घर में नहीं करना किंतु पारिश्रमिक मिले तो वे सहर्ष करने को तैयार हो जाते है।

उत्तरः

1. काम के बंटवारे का वह तरीका जिसमें घर के अंदर के सारे काम परिवार की औरतें करती हैं या अपनी देख रेख में घरेलू नौकर/नौकरानियों से कराती है।
2. स्मरणीय तथ्यों के आधार पर।
3. विद्यार्थी स्वयं हल करेंगे।

<u>स्त्रोत आधारित प्रश्न</u> :–

2. इस समस्या को सुलझाने का एक तरीका तो निर्वाचित संस्थाओं में महिलाओं के लिए कानूनी रूप से एक उचित हिस्सा तय कर देना है। भारत में पंचायती राज के अंतर्गत कुछ ऐसी ही व्यवस्था की गई है। स्थानीय सरकारों यानी पंचायतों और नगरपालिकाओं में एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। आज भारत के ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में निर्वाचित महिलाओं की संख्या 10 लाख से ज्यादा है।

महिला संगठनों और कार्यकर्त्ताओं की माँग है कि लोक सभा और राज्य विधान सभाओं की भी एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर देनी चाहिए। संसद में इस आशय का एक विधेयक पेश भी किया गया था पर दस वर्षों से ज्यादा अवधि से वह लटका पड़ा है। सभी राजनीतिक पार्टियाँ इस विधेयक को लेकर एकमत नहीं है और यह पास नहीं हो सका है।

प्रश्नः–

1. भारत में पंचायतों में महिलाओं के लिए कितने पद आरक्षित हैं?

2. भारत की संसद में कौन सा महिलाओं से संबधित विधेयक लंबित है?

3. भारत महिलाओं के विधायिका में प्रतिनिधित्व में किन विकासशील देशो से पीछे है?

उत्तरः–

1. एक तिहाई पद।

2. लोकसभा और राज्यसभाओं के एक तिहाई हिस्सेदारी का विधेयक।

3. अफ्रीका और लातिन अमरीका देशों से।

<u>स्त्रोत आधारित प्रश्न</u> :–

3. सांप्रदायिक राजनीति इस सोच पर आधारित होती है कि धर्म ही सामाजिक समुदाय का निर्माण करता है। इस मान्यता के अनुकूल सोचना सांप्रदायिकता है। इस सोच के अनुसार एक खास धर्म में आस्था रखने वाले लोग एक ही समुदाय के होते हैं। उनके मौलिक हित एक जैसे होते हैं तथा समुदाय के लोगों के आपसी मतभेद सामुदायिक जीवन में कोई अहमियत नहीं रखते। इस सोच में यह बात भी शामिल है कि किसी अलग धर्म को मानने वाले लोग दूसरे सामाजिक समुदाय का हिस्सा नहीं हो सकते; अगर विभिन्न धर्मों के लोगों की सोच में कोई समानता दिखती है तो यह ऊपरी और बेमानी होती है। अलग-अलग धर्मों के लोगों के हित तो अलग-अलग होंगे ही और उनमें टकराव भी होगा। सांप्रदायिाक सोच जब ज्यादा आगे बढ़ती है तो उसमें यह विचार जुड़ने लगता है कि दूसरे धर्मों के अनुयायी एक ही राष्ट्र में समान नागरिक के तौर पर नहीं रह सकते। इस मानसिकता के अनुसार या तो एक समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय के वर्चस्व में रहना होगा या फिर उनके लिए अलग राष्ट्र बनाना होगा।

प्र.1. सांप्रदायिक राजनीतिक सोच का क्या आधार है?

2. अलग-अलग संप्रदाय के लोगों में टकराव कैसे/क्यों होता है?

3. सांप्रदायिकता की परिभाषा लिखो।

उत्तर : अपने अध्ययन के अनुसार उत्तर दें।

स्मरणीय तथ्य :

नेपाल की कहानी

- नेपाल में 1990 के दशक में लोकतंत्र स्थापित हुआ।
- नेपाल के राजा औपचारिक रूप से नेपाल के प्रधान बने रहें परंतु वास्तविक सत्ता जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के हाथ में आ गई शाही खानदान की रहस्यमयी मृत्यु के बाद राजा बने ज्ञानेंद्र इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। फरवरी 2005 में उन्होंने जनता द्वारा चुनी सरकार को अपदस्थ कर दिया।



नेपाल और बोलिवया का जन-संघर्ष का उद्देश्य अलग-अलग था जहाँ नेपाल का आंदोलन लोकतंत्र की स्थापना के लिए था वहीं बोलिवया के जन संघर्ष में एक निर्वाचित और लोकतांत्रिक सरकार को जनता की मांग मानने के लिए बाध्य किया बोलिविया का जन-संघर्ष सरकार की एक विशेष नीति के खिलाफ था जबकि नेपाल में चले आंदोलन ने यह तय किया कि देश की राजनीति की नींव क्या होगी। हालांकि दोनों में कुछ समानताएँ भी हैं। जैसे - दोनों घटनाएँ राजनीतिक संघर्ष का उदाहरण है, दोनों में जनता बड़े पैमाने पर लामबंद हुई और दोनों ही घटनाओं में राजनीतिक संगठनों की भूमिका निर्णायक रही। इस तरह हम इन दो उदाहरणों से कुछ सामान्य निष्कर्ष निकाल सकते हैं।

- **लोकतंत्र का जनसंघर्ष के जरिए विकास होता है।** यह भी संभव है कि कुछ महत्वपूर्ण फैसले आम सहमति से हो जाएँ और ऐसे फैसलों के पीछे किसी तरह का संघर्ष न हो। फिर भी, इसे अपवाद कहा जाएगा लोकतंत्र की निर्णायक घड़ी अमूमन वही होती है जब सत्ताधारियों और सत्ता में हिस्सेदारी चाहने वालों के बीच संघर्ष होता है।
- **लोकतांत्रिक संघर्ष का समाधान जनता की व्यापक लामबंदी के जरिए होता है।** संभव है कभी-कभी इस संघर्ष का समाधान मौजूदा संस्थाओं मसलन संसद अथवा न्यायपालिका के जरिए हो जाए। लेकिन, जब विवाद ज्यादा गहन होता है तो ये संस्थाएँ स्वयं उस विवाद का हिस्सा बन जाती है। ऐसे में समाधान

इन संस्थाओं के जरिए नहीं बल्कि उनके बाहर यानी जनता के माध्यम से होता है।

- **ऐसे संघर्ष और लामबंदियों का आधार राजनीतिक संगठन होते है।** यह बात सच है कि ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं में स्वतः स्फूर्त होने का भाव कहीं न कहीं जरूर मौजूद होता है लेकिन जनता की स्वतः स्फूर्त होने का भाव कहीं न कहीं जरूर मौजूद होता है लेकिन जनता की स्वतः स्फूर्त सार्वजनिक भागीदारी संगठित राजनीति के जरिए कारगर हो पाती है।

- **एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी संघर्ष के पीछे बहुत से संगठन होते है।** ये संगठन दो तरह से अपनी भूमिका निभाने है। राजनीतिक दलों का निर्माण एवं दबाव समूह।

1. दबाव समूहः लोगों का ऐसा समूह जो सरकार की नीतियों को प्रभावित करके उद्देश्यों की प्रभावित करते है। जैसेः अखिल भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय व्यापार मण्डल, आदि।

1. फेडकोर– बोलिबिया के जल युद्ध का नेतृत्व करने वाला संगठन इंजीनियर और पर्यावरणवादी समेत स्थानीय कामाकजी लोग शामिल थे। इस संगठन को किसानों के संघ, कारखाना मजदूरों के संगठन के परिसंघ विश्रवविद्यालय के छात्र तथा शहर में बढ़ती बेघर-बार बच्चों की आबादी का समर्थन था।

राजनीतिक दल	दबाव समूह
(a) ये सरकार में प्रत्यक्ष भागीदार होते है	(a) ये सरकार में प्रत्यक्ष भागरीदर नहीं होते
(b) ये पूरी तरह संगठित होते है	(b) इनका संगठन ढीला-ढ़ाला होता है
(c) इनका विस्तार क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर होता है	(c) इनका प्रभाव सीमित होता है
(d) इनका लक्ष्य लंम्बी अवधी वाला होता है	(d) इनका लक्ष्य छोटी अवधी वाला होता है

दबाव समूह की कार्यप्रणाली

- **दबाव** – समूह और आंदोलन अपने लक्ष्य तथा गतिविधियों के लिए जनता का समर्थन और सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए सूचना अभियान चलाना, बैठक आदि आयोजित करना आदि।
- ऐसी युक्तियों का सहारा लेते है जिससे सरकार का ध्यान उनकी तरफ जाएँ। उदाहरण के लिए हड़ताल, चक्का जाम, भारत बंद, जूलूस आदि निकालना।
- सरकार को सलाह देने वाली समितियों और आधिकारिक निकायों की बैठकों में शिरकत करते है।
- कुछ मामलों में राजनीतिक दलों की एक शाखा के रूप में कार्य करते है।
- कभी-कभी आंदोलन राजनीतिक दल का रूप भी ले लेते है।
- अधिकांशतया दबाव - समूह और आंदोलनों का राजनीतिक दलों से प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता।

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

1. बोलविया के जल युद्ध का क्या कारण था ?
2. सन् 2006 के अप्रैल महीने में नेपाल में एक विलक्षण जन-आंदोलन हुआ। इस आंदोलन का क्या उद्देश्य था।
3. नेपाल में कब लोकतंत्र स्थापित हुआ ?

   (a) 1890 (b) 1990

   (c) 1990 (d) 2000
4. उन समूहों को क्या कहते है जो सरकार की नीतियों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं ?
5. उन संगठनों को क्या कहते है जो अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए बने हों ?
6. जन आंदोलन की एक विशेषता लिखिए।
7. जन-हितकारी समूहों को एक उदाहरण दीजिए।
8. फेडेकोर क्या है ?

9. नेपाल में लोकतांत्रिक आंदोलन एवं बोलिविया जल-युद्ध के बीच कोई एक समानता लिखिए।

10. जन संघर्ष प्रजातंत्र के कामकाज का अभिन्न अंग है। किसी एक जन संघर्ष का उदाहरण दीजिए।

11. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए है। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

कथन (A): अप्रैल 2006 में नेपाल में जन संघर्ष आरंभ हो गया।

कारण (R): राजा ज्ञानेंद्र ने संसद को भंग कर दिया था।

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

(d) कारण (R) सही है लेकिन कथन (A) गलत है।

3/5 अंक वाले प्रश्न

1. दबाव समूह और राजनीतिक दल में क्या अंतर है?

2. दबाव - समूह क्या है? उदाहरण देकर बताइए।

3. हित समूह के तीन कार्यो का वर्णन कीजिए।

4. नेपाल और बोलिविया के जनसंघर्षो की दो समानताओं और दो असमानताओं वर्णन कीजिए।

5. दबाव समूह राजनीति पर किस प्रकार प्रभाव डालता है?

6. लोकतंत्र के निर्माण में दबाव समूहों और आंदोलनों की भूमिका के आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

7. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए।

(a) फेडकोर

(b) निर्वाचन

(c) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार

(d) चुनाव घोषणा पत्र

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. अनुच्छेद को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हित समूह समाज में अमूमन किसी खास हिस्से अथवा समूह के हितों को बढ़ावा देना चाहते हैं। मजदूर संगठन व्यवसायिक संघ आदि इस तरह के दबाव समूह के उदाहरण है। यह दबाव समूह वर्ग विशेष ही होते हैं क्योंकि यह समाज के किसी खास तबके मसलन मजदूर, कमचारी, व्यवसायी, उद्योगपति का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे दबाव समूह का मुख्य सरोकार पूरे समाज का नहीं बल्कि अपने सदस्यों की बेहतरी और कल्याण करना होता है। कुछ संगठन समाज के सर्व सामान्य हितों की नुमाइंदगी करते हैं जिनकी रक्षा जरूरी होती है। संभव है ऐसा संगठन जिस उद्देश्य को पाना चाहता हो उससे इसके सदस्यों को कोई लाभ ना हो। फेडकोर नाम का संगठन ऐसे ही संगठन का उदाहरण है। इन दूसरे किस्म के संगठनों को जन सामान्य के हित समूह अथवा लोक कल्याणकारी समूह कहते हैं। ऐसे संगठन किसी खास हित के बजाय सामूहिक हित का प्रतिनिधित्व करते हैं इनका लक्ष्य अपने सदस्यों की नहीं बल्कि किसी और की मदद करना होता है। दबाव समूह के समान किसी आंदोलन में कई तरह के समूह शामिल रहते हैं अधिकतर आंदोलन किसी खास मुद्दे पर केंद्रित होते है। ऐसे आंदोलन एक सीमित समय सीमा के भीतर किसी एक लक्ष्य को पाना चाहते हैं या लंबे समय अंतराल में एक बड़े उद्देश्यों की प्राप्ति का लक्ष्य रखते है। भारत में नर्मदा बचाओं आंदोलन इस का एक अच्छा उदाहरण है।

1. इनमें से कौन वर्ग विशेष हित समूह का उदाहरण है?

   (a) फेडकोर (b) व्यापारिक संघ

   (c) वामसेफ (d) नर्मदा बचाओ आंदोलन

2. जन सामान्य हित समूह क्या होते है?

3. चिपको आंदोलन किस प्रकार का हित समूह है?

4. ऊपर दिये गए अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर माला

(1 अंक वाले प्रश्न)

1. बोलिविया में पानी के निजीकरण के खिलाफ
2. लोकतंत्र कायम करना
3. 1990 ई.
4. दबाव समूह
5. हित समूह
6. इसका एक कमजोर संगठन होता है।
7. पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी संगठन
8. इन संगठन में इंजीनियर और पर्यावरणवादी समेत स्थानीय कामकाजी लोग शामिल थे।
9. जनता की लामबंदी
10. बोलिविया में जल के निजीकरण के विरूद्ध जन-संघर्ष
11. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. (a) स्मरणीय तथ्यों को देखें।

   (b) प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया।

(c) 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को चोट डालने का अधिकार चाहे वो किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग या लिंग के हों।

(d) यह किसी भी राजनीतिक दल की नीतियों, उद्देश्यों और कार्यक्रम के बारे में बताता है।

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. (a) व्यापार संघ

(b) वैसे समूह जो अपने किसी दूसरे समूहों की सहता का लक्ष्य करते है।

(c) मुद्दा आधारित

(d) विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

राजनीतिक दल

स्मरणीय तथ्य

1. **राजनीतिक दलः**– लोगों का ऐसा संगठित समूह जो चुनाव लड़ने और सरकार में राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से काम करता है।
2. **सत्तारूढ़ दलः**– वह दल जो सरकार चलाता है।
3. **दल बदलः**– किसी दल विशेष से विधायिका के लिए निर्वाति होने के बाद प्रतिनिधि का इस दल को छोड़कर किसी अन्य दल में चले जाना।
4. **शपथपत्रः**– किसी अधिकारी को सौंपा गया ऐसा दस्तावेज जिसमें कोई व्यक्ति अपने बारे में निजी सूचनाएँ देता है तथा उसके साथ होने की शपथ खाता है।
5. **राजनीतिक पक्षपातः**– पार्टी समाज के किसी एक हिस्से से संबंधित होता है इसलिए उसका नजरिया समाज के उस हिस्से या वर्ग की तरफ झुका होता है।
6. **एक दलीय प्रणालीः**– कई देशों में सिर्फ एक ही दल को सरकार बनाने और चलाने की अनुमति है। उदाहरणः– चीन
7. **गठबंधन या मोर्चाः**– किसी बहुदलीय व्यवस्था में जब कई दल चुनाव लड़ने तथा जीतने के उद्देशय से साथ आते है तो इस संगठन को गठबंधन या मोर्चा कहते है।
8. **सरकार प्रायोजित चुनावः**– चुनाव लड़ने के लिए सरकार द्वारा दलों को पैसा दिया जाए। यह मदद पेट्रोल, कागज, फोन वगेरह के रूप में भी हो सकती है।
9. **राजनीतिक दल के घटकः**– नेता, सक्रिय सदस्य और अनुयायी या समर्थक।
10. **विपक्षी पार्टीः**– सबसे बड़ा गैर सताधारी दल या दलों का गठबंधन।

राजनीतिक दल का अर्थ

लोगों का ऐसा संगठित समूह जो चुनाव लड़ने और सरकार में राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से काम करता है।

राजनीतिक दल के घटक

- नेता
- सक्रिय सदस्य
- अनुयायी या समर्थक

राजनीतिक दल के कार्य

- चुनाव लड़ना
- नीतियों और कार्यक्रमों को मतदाता के सामने रखना
- कानून निर्माण
- सरकार बनाना और सरकार चलाना
- विरोधी पक्ष की भूमिका निभाना
- मुद्दों को उठाना तथा आंदोलन की शुरूआत
- कल्याण कार्यक्रमों को लोगों तक पहुँचाना
- जनमत का निर्माण

कितने राजनीतिक दल ?

- कोई देश यह तय नहीं कर सकता।
- यह एक लंबे अंतराल में विकसित होता है।
- निर्भर करता है इस देश के समाज की प्रकृति तथा अन्य सामाजिक और धार्मिक विभाजन।
- निर्भर करता है उस देश का राजनीतिक इतिहास तथा चुनाव प्रणाली पर
- इसे आसानी से बदला नहीं जा सकता।

विभिन्न प्रकार की दलीय व्यवस्था

दलीय व्यवस्था	द्विदलीय व्यवस्था	बहुदलीय व्यवस्था
सिर्फ एक ही दल को सरकार बनाने और चलाने की अनुमति होती है उदाहरणः चीन	सत्ता आमतौर पर दो मुख्य दलों के बीच बदलती रहती है। उदाहरणः यू.एस.ए., यू. के	जब कई दलों में राजनीतिक सत्ता पाने के लिए होड़ लगी रहती है तथा दो से अधिक पार्टी के सत्ता हासिल करने की संभावना रहती है उदाहरणः भारत

राजनीतिक दल की जरूरत क्यों ?

- आधुनिक लोकतंत्र राजनीतिक दल के बिना नहीं चल सकता।
- अगर दल न हो तो सारे उम्मीदवार स्वतंत्र या निर्दलीय होंगे तब इनमें से कोई बड़े नीतिगत बदलाव के बारे में लोगों से चुनावी वायदे नहीं पर पाएगा।
- सरकार तो बन जाएगी पर उसकी उपयोगिता संदिग्ध होगी।
- चुने हुए प्रतिनिधि सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र में किए गए कामों के लिए जवाबदेह होंगे।
- देश कैसे चले ? इसके लिए कोई भी उत्तरदायी नहीं होगा।

राष्ट्रीय दल तथा क्षेत्रीय दल में अंतर

राष्ट्रीय राजनीतिक दल	क्षेत्रीय राजनीतिक दल
• देश की सभी संघीय ईकाईयों या अधिकांश ईकाईयों में मौजूद रहती है।	• ये दल किसी क्षेत्र विशेष में तथा संघ की कुछ इकाईयों मे ही विद्यमान रहते है।
• लोकसभा चुनाव में पड़े कुल वोट का अथवा चार राज्यों के विधान सभा में पड़े कुल वोट का कम से कम 6 प्रतिशत हांसिल करें।	• राज्य विद्यान सभा में पड़े कुल मतों का 6 प्रतिशत या उससे अधिक मत हासिल करे।
• लोकसभा में कम से कम चार सीटों पर जीत दर्ज करें।	• किसी राज्य की विधानसभा में कम से कम 2 सीटों पर जीत दर्ज करें।

दल :- 2017 में देश में सात दल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त थे।

नवीनतम जानकारी के अनुसार 2019 लोकसभा चुनाव के पश्चात 8 दल राष्ट्रीय दल का दर्जा रखते है।

पार्टी का नाम	चिन्ह	मुख्य सिद्धान्त/ विचारधारायें
1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	1885 में स्थापित	• सबसे पुरानी पार्टी/ कई दशकों तक भारतीय राजनीति में प्रमुख भूतिका। • मध्यवर्ती इल जो धर्मनिरपेक्षता तथा पिछड़े वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की पक्षधर है। • यू.पी.ए की प्रमुख पार्टी • वर्तमान में लोकसभा की मुख्य विपक्षी दल।
2. भारतीय जनता पार्टी	1880 में स्थापित	• भारतीय के प्राचीन इतिहास व मूल्यों से प्रेरित। • सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (हिंदुत्व) में विश्वास • सभी के लिए समान आचारसहिंता • वर्तमान में शासन कर रही एन.डी.ए. गठबंधन की नेता।

3. बहुजन समाज पार्टी	1984 में स्थापित	• बहुजन समाज अर्थात दलित, आदिवासी, ओ.बी.सी तथा धार्मिक अल्पसंख्यको के हितों की पक्षधर। • साहू महाराज महात्म्मा फूले पेरियार रामास्वामी नायकर तथा बी.बार अम्बेडकर के विचारों से प्रेरित। • दलित तथा पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर
4. भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी		• मार्क्सवादी, लेनिनवादी धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतांत्रिक विचार धारा में विश्वास • सांप्रदायिक व अलगाववादी ताकतों की विरोधी। • कामकाजी वर्ग किसान तथा गरीबों के हितों की रक्षा के लिए संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में पूर्ण विश्वास।
5. भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी)	1925 में स्थापित	• समाजवाद, धर्मनिपेक्षता तथा लोकतंत्र की पक्षधर • सामाजिक आर्थिक न्याय के लिए लोकतांत्रिक चुनाव को एक उपयोगी और करगर तरीका मानती है। • नई आर्थिक नीति तथा घोर विरोध करती है।

6. अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस	1988 में स्थापित	• 2016 में राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता • धर्मनिरपेक्षता तथा संघवाद के लिए समर्पित। • 2011 से बंगाल में शासन • अरूणाचल प्रदेश मणिपुर तथा त्रिपुरा में भी उपस्थित।
7. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	1999 में स्थापित	• 1999 में कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद बनी। • विभाजन का मुद्दा था सरकार के प्रमुख पदों पर सिर्फ भारत में जन्में नागरिकों का अधिकार। • लोकतंत्र, गांधीवादी धर्मनिरपेक्ष समता, सामाजिक न्याय और संघवाद में आस्था।
8. नेशनल पीपल्स पार्टी	जुलाई 2012 में स्थापित	• 7 जून 2019 को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता • उत्तर पूर्वी भारत से राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने वाला पहला दल। • प्रभाव मुख्यतः मेघालय में।

भारत के प्रमुख प्रांतीय दल (तालिका 6.2)

राज्य	प्रांतीय दल
जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कांग्रेस, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी
उत्तराखंड	उत्तराखंड क्रांति दल
पंजाब	शिरोमणि अकाली दल
हरियाणा	इंडियन नेशनल लोक दल
महाराष्ट्र	शिवसेना
गोवा	महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, यूनाटेड गोंअस पार्टी
कर्नाटक	जनता इल (सेक्यूलर)
केरल	केरल कांग्रेस (मणि), इंडियन फेडरल डेमोक्रेटिक पार्टी
तमिलनाडु	डीएमके, एआईएडीएमके
आंध्र प्रदेश	तेलगुदेशम
तेलंगाना	तेलंगाना राष्ट्र समिति
उड़ीसा	बीजू जनता दल
झारखंड	झारखंड मुक्ति मोर्चा
पश्चिम बंगाल	फॉरवर्ड ब्लॉक, तृणमुल कांग्रेस
त्रिपुरा	डंडीजिन्स नेशनल फ्रंट, मिजोरम नेशनलिस्ट पार्टी
मणिपुर	मणिपुर पीपल्स पार्टी
अरूणाचल प्रदेश	अरूणाचल प्रदेश
असम	असम गण परिषद, असम यूनाईटेड डेमाक्रटिक, फ्रंट
सिक्किम	सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट
बिहार	लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल (यू.) राष्ट्रीय जनता दल
उत्तर प्रदेश	समाजवादी पर्टी, राष्ट्रीय लोकदल
दिल्ली	आम आदमी पार्टी

कुछ रोचक तथ्य

स्वतंत्रता के उपरांत भारत में प्रथम आम चुनाव 1951-52 में हुए।

पंडित जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने।

व्योमेश चंद्र बनर्जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष थे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी।

कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी की नींव रखी।

1985 में संसद ने दल-बदल कानून पारित किया उस समय राजीव गाँधी प्रधानमंत्री थे।



राजनीतिक दलों में सुधार हेतु कुछ सुझावः-

- दल बदल कानून को सख्त किया जाए।
- आपराधिक प्रवृतियों के लोगों पर रोक लगे।
- राजनीतिक दलों में समय-समय पर सांगठनिक चुनाव हो।
- राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज को पारदर्शी बनाए जाये।

भारत के कुछ क्षेत्रीय दल

राजनीतिक दलों के समक्ष चुनौतियाँ

- आंतरिक लोकतंत्र का चुनाव
- वरावाद की चुनौती
- पैसा और अपराधी तत्वों की बढ़ती घुसपैठ
- सार्थक विकल्प का अभाव

दलों को कैसे सुधारा जा सकता है।

हाल में उठाए गए कदम

- दल बदल विरोधी कानून।
- शपथपत्र के माध्यम से अपनी संपति तथा अपने खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों की जानकारी अनिवार्य
- सांगठनिक चुनाव कराना तथा आयकर रिटर्न भरता जरूरी।

भविष्य के लिए सुझाव

- सदस्यों का रिकार्ड रखना अनिवार्य
- महिलाओं के लिए रिजर्व सीट
- चुनाव का खर्च सरकार उठाए।
- लोगों की भागीदारी बढाकर

1 अंक वाले प्रश्न :–

1. निम्न में से कौन सा लोकतांत्रिक राज्य के लिए एक अच्छा विकल्प नहीं है ?

   (a) एक दलीय व्यवस्था (b) द्वि दलीय व्यवस्था

   (c) बहुदलीय व्यवस्था (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. निम्न में से किस राज्य में शिव सेना एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में कार्यरत है ?

   (a) गुजरात (b) कर्नाटक

   (c) महाराष्ट्र (d) मध्यप्रदेश

3. निम्न में से कौन राजनीतिक दलो को मान्यता प्रदान करता है ?

   (a) चुनाव आयोग (b) भारत का राष्ट्रपति

   (c) लोकसभा का समापति (d) सुप्रीम कोर्ट

4. वह राजनीतिक दल जो मार्क्सवाद व लेनिगवाद में विश्वास रखती है ?

   (a) नेशनलिस्ट कांग्रेस (b) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी

   (c) डी. एम के (d) बहुजन समाज पार्टी

5. निम्न में से कौन सा राजनीतिक दल का घटक नहीं है ?

   (a) नेता (b) अनुयायी

   (c) सक्रिय सदस्य (d) मंत्री

रिक्त स्थान भरें:–

6. भारतीय जनता पार्टी की उत्पत्ति ..... से हुई है।
7. बहुजन समाज पार्टी की स्थापना ..... के नेतृत्व में हुई थी।
8. ..... और ..... द्वि-दलीय व्यवस्था के उदाहरण है।
9. एकदलीय व्यवस्था को कभी भी एक अच्छे विकल्प के तौर पर नहीं लिया जा सकता क्योंकि यह एक ..... विकल्प नहीं है।
10. राज्य राजनीतिक दल को ..... के नाम से भी जाना जाता है।

सत्य/असत्य

11. कुछ मामलों में दल अपराधियों का समर्थन करते हैं जो चुनाव जीत सके।

12. राष्ट्रीय दलों की उपस्थिति चार से कम राज्यों में होती है।

13. तृणमूल काग्रेंस की स्थापना कांशीराम द्वारा की गई।

14. समाजवादी पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल जैसी पार्टियाँ राष्ट्रीय स्तर पर काम करती है तथा इनकी शाखाएँ कई राज्यों में है।

15. कुछ देशों में चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन पार्टी के सदस्य तथा समर्थक करते है।

कथन और कारण आधारित प्रश्न

(क) यदि कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख) यदि कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य है परंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) यदि कथन (A) सही है वस्तु कारण (R) गलत है।

(घ) यदि कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

16. कथन :- हाल के वर्षो में भारतीय संसद विविध होता जा रहा है।

कारक :- क्षेत्रीय पार्टियों की संख्या तथा ताकत बढ़ती जा रही है।

17. कथन :- किसी दल के आम सदस्य ऊँचें पदों पर जाने की आशा भी नहीं कर सकते क्योंकि आंतरिक चुनाव नहीं होते।

कारक :- पार्टी के शीर्ष नेता अक्सर जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं से कटे रहते है।

18. कथन :- दल बदल विरोधी कानून से दल बदल पर रोक लगी है।

कारक :- यह कानून कहता है कि यदि कोई विधायक या सांसद पार्टी छोड़ता है तो वह अपनी सीट गंवा सकता है।

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द दे:-

19. साथ आए व्यक्तियों का ऐसा समूह जो चुनाव लड़कर सता हासिल करता है।

निम्नलिखित वाक्य को सही करके लिखें।

बहुदलीय व्यवस्था बहुत घालमेल वाली लगती है परंतु यह राजनीतिक स्थिरता की ओर ले जाती है।

उत्तर :–

1. एक दलीय व्यवस्था
2. महाराष्ट्र
3. चुनाव आयोग
4. भातीय कम्युनिस्ट पार्टी
5. मंत्री
6. भारतीय जन संघ
7. कांशीराम
8. यू.एस.ए और यू.के
9. लोकतांत्रिक
10. क्षेत्रीय दल
11. सत्य
12. असत्य
13. असत्य
14. सत्य
15. सत्य
16. (क)
17. (ख)
18. (क)
19. राजनीतिक दल

20. बहुदलीय व्यवस्था बहुत घालमेल वाली लगी है और यह देश को राजनीतिक अस्थिरता की ओर ले जाती है।

4 अंक वाले प्रश्न (स्त्रोत आधारित)

विधायकों और सांसदों को दल-बदल करने से रोकने के लिए संविधान में संशोधन किया गया। निर्वाचित प्रतिनिधियों के मंत्रीपद या पैसे के लोभ में दल-बदल करने में आई तेजी को देखते हुए ऐसा किया गया। नए कानून के अनुसार अपना दल-बदलने वाले सांसद या विधायक को अपनी सीट भी गँवानी होगी। इस सनए कानून से दल-बदल में कमी आई है पर इससे पार्टी में विरोध का कोई स्वर उठाना और भी मुश्किल हो गया है पार्टी नेतृत्व जो कोई फैसला करता है, सांसद और विधायक को उसे मानना ही होता है।

उच्चतम न्यायालय ने पैसे और अपराधियों का प्रभाव कम करने के लिए एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के द्वारा चुनाव लड़ने वाले हर उम्मीदवार को अपनी संपत्ति का और अपने खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों का ब्यौरा एक शपथपत्र के माध्यम से देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नयी व्यवस्था से लोगों को अपने उम्मीदवारों के बारे में बहुत सी पक्की सूचनाएँ उपलब्ध होने लययगी है, पर उम्मीदवार द्वारा दी गई सूचनाएँ सही हैं या नहीं, यह जाँच करने की कोई व्यवस्था नहीं है। अभी तक हम यह बात भरोसे से नहीं कह सकते कि इस व्यवस्था के बन जाने के बाद से राजनीति पर अमीरों और अपराधियों का प्रभाव घटा है या नहीं।

चुनाव आयोग ने एक आदेश के जरिए सभी दलों के लिए सांगठनिक चुनाव कराना और आयकर का रिटर्न भना जरूरी बना दिया है। दलों ने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है, पर कई बार ऐसा सिर्फ खानापूर्ती करने के लिए होता है। यह बात अभी नहीं कही जा सकती कि इससे राजनीतिक दलों में अंदरूनी लोकतंत्र मजबूत हुआ है। इनके अलावा राजनीतिक दलों में सुधार के लिए अक्सर कई कदम सुझाए जाते हैः-

राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज को व्यवस्थित करने के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। सभी दल अपने सदस्यों को सूची रखें, अपने संविधान का पालन करें, पार्टी में विवाद की स्थिति में एक स्वतंत्र प्राधिकारी को पंच बनाएँ और

सबसे बड़े पदों के लिए खुला चुनाव कराएँ–यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए।

राजनीतिक दल महिलाओं को एक खास न्यूनतम अनुपात में (करीब एक तिहाई) जरूर टिकट दें। इसी प्रकार दल के प्रमुख पदों पर भी औरतों के लिए आरक्षण होना चाहिए।

चुनाव का खर्च सरकार उठाए। सरकार दलों को चुनाव लड़ने के लिए धन दे। यह मदद पेट्रोल, कागज, फोन वगैरह के रूप में भी हो सकती है या फिर पिछले चुनाव में मिले मतों के अनुपात में नकद पैसा दिया जा सकता है।

उपरोक्त स्त्रोत को पढ़कर प्रश्नों के जवाब दें।

प्र1. जिस पार्टी से चुने गए उस पार्टी को छोड़कर किसी अन्य पार्टी के प्रति वफादारी दिखाना निम्न में से आमतौर पर किनके द्वारा किया जाता है।

(a) सिर्फ (b) सांसद व विधायक दोनों

(c) सिर्फ विधायक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र2. सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश द्वारा चुनाव लड़ने वाले हरेक व्यक्ति को अपनी संपत्ति व आपराधिक मामलों का ब्यौरा एक ..... के माध्यम से देना अनिवार्य है।

(a) रिट (b) केस

(c) शपथपत्र (d) पार्ज

प्र3. सभी राजनीतिक दलों के लिए यह अनिवार्य कर देना चाहिए कि वे कम से कम एक तिहाई सीट ..... को दें।

(a) महिलाएँ (b) अनुसूचित जाति

(c) अनुसूचित जनजाति (d) उपरोक्त सभी।

प्र4. सरकार को चुनाव में विभिन्न दलों को निम्न रूप में आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

(a) डीजल, पेट्रोल, केरोसिन तेल इत्यादि

(b) कागज, स्टेशनरी, छपे पर्चे इत्यादि

(c) मोबाईल फोन, टेलिफोन, कम्पयूटर

(d) पेट्रोल, कागज, टेलिफोन।

स्त्रोत-2

विश्व के संघीय व्यवस्था वाले लोकतंत्रों में दो तरह के राजनीतिक दल हैंः संघीय इकाइयों में से सिर्फ एक इकाई में अस्तित्व रखने वाले दल और अनेक या संघ की सभी इकाइयों में अस्तित्व रखने वाले दल। भारत में भी यही स्थिति है। कई पार्टियों पूरे देश में फैली हुई है। और उन्हें राष्ट्रीय पार्टी कहा जाता है। इन दलों की विभिन्न राज्यों में इकाइयाँ है। पर कुल मिलाकर देखें तो ये सारी इकाइयाँ राष्ट्रीय स्तर पर तय होने वाली नीतियों, कार्यक्रमों और रणनीतियों को ही मानती है।

देश की हर पार्टी को निर्वाचन आयोग में अपना पंजीकरण कराना पड़ता है। आयोग सभी दलों को समान मानता है पर यह बड़े और स्थापित दलों को कुछ विशेष सुविधाएँ देता है। इन्हें अलग चुनाव चिह्न दिया जाता है जिसका प्रयोग पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार ही कर सकता है। इस विशेषाधिकार और कुछ अन्य लाभ पाने वाली पार्टियों को 'मान्यता प्राप्त' दल कहते है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट नियम बनाए हैं कि कोई दल कितने प्रतिशन वोट और सीट जीतकर 'मान्यता प्राप्त' दल बन सकता है। जब कोई पार्टी राज्य विधानसभा के चुनाव में पड़े कुल मतों का 6 फीसदी या उससे अधिक हासिल करती है और कम से कम दो सीटों पर जीत दर्ज करती है तो उसे अपने राज्य के राजनीतिक दल के रूप में मान्यता मिल जाती है। अगर कोई दल लोकसभा-चुनाव में पड़े कुल वोट का अथवा चार राज्यों के विधान सभाई चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6 प्रतिशत हासिल करता है और लोकसभा के चुनाव में कम से कम चार सीटों पर जीत दर्ज करता है तो उसे राष्ट्रीय दल की मान्यता मिलती है।

1. चुनाव आयोग मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निम्न में से क्या आबंटित करता है ?

   (a) प्रतीक (b) नमूना

   (c) चिन्ह (d) झंडा

2. एक पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी तभी घोषित किया जाता है जब वह कम से कम

_____% कुल वोट का, कम से कम ..... राज्यों में हांसिल करती है तथा लोकसभा में कम से कम ..... सीटें।

(a) 2% चार,चार (b) 6% चार,चार

(c) 4% चार,चार (d) 2% चार,तीन

3. नीचे दी गई जानकारी का विश्लेषण करें तथा उचित विकल्प चुनें।

''विश्व की प्राचीनतम दलों में से एक 1885 में स्थापित तथा अब तक कई विभाजन देख चुकी''।

(a) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी

(b) अखिल भरतीय तृणमूल कांग्रेस

(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(d) नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी

4. बिहार के दो क्षेत्रीय दल निम्न में से हैः-

(a) राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाईटेड)

(b) शिव सेना, समाजवादी पाटी

(c) समाजवादी पाटी, राष्ट्रीय जनता दल

(d) आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल

स्त्रोत-3

प्र.1 चित्र में राजनीतिक दलों द्वारा सामना की जाने वाली किस समस्या का जिक्र है ?

प्र.2 चुनावों में पैसा तथा आपराधिक तत्वों का प्रभाव कैसे कम किया जा सकता है ? (कोई एक सुझाव)

प्र.3 अमीर व्यक्ति व कंपनियाँ जो राजनीतिक दलों को पैसा देते है कैसे उनपर असर डालते है ?

प्र.4 सत्य/असत्य बताएँ।

3 अथवा 5 अंक वाले प्रश्न :-

1. राजनीतिक दलों के कार्य लिखिए।
2. किसी दल को राष्ट्रीय या प्रांतीय मानने का आधार क्या है ?
3. विभिन्न प्रकार की दलीय व्यवस्था का वर्णन कीजिए।
4. वर्तमान में राजनीतिक दलों क समक्ष चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।
5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख विचाराधारात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।
6. भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख विचाराधात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।
7. बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख विचाराधारात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।
8. 'राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।' कथन की व्याख्या कीजिए।
9. लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का वर्णन कीजिए।
10. गठबंधन की सरकार से आप क्या समझते हैं ? भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन की सरकारों की भूमिका का वर्णन कीजिए।
11. सामान्य जन किस प्रकार राजनीतिक दलों में सुधार ला सकते हैं ?

उत्तरमाला :–

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
9. लोकतंत्र में विपक्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है।
   1) सरकार की नीतियों पर नज़र रखना।
   2) सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना।
   3) सराकर चलाने में सकरात्मक भूमिका निभाना।
10. जब चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता तो या दो से अधिक राजनीतिक दल विकास के साझा कार्यक्रम के साथ मिलकर सरकार चलाते हैं। इसे गठबंधन की सरकार कहते हैं। भारत में 1989 से लेकर 2014 तक केन्द्र में गठबंधन की सरकार रही है।
    1) गठबंधन की सरकारों के कारण राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय दलों की अनदेखी नहीं कर सकते हैं।
    2) केन्द्रीय सरकारों को सभी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देना होगा।
11. कुछ उपाय
    1) जनभागीदारी को बढ़ावा देकर।
    2) राजनीतिक दलों पर दबाव बनाकर।
    3) अपराधिक छवि वालें उम्मीदवारों को हराकर।
    4) ईमानदार एवं स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को जिताकर।

अभ्यास प्रश्न :-

1. भारत में बहु-दलीय व्यवस्था क्यों है ?
2. प्रांतीय दल से आप क्या समझते हैं ? किसी दल को प्रांतीय दल का दर्जा कब दिया जाता है ?
3. भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है। आप इस कथन से कहां तक सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।
4. तमिलनाडु के किन्हीं दो प्रांतीय दलों का नाम उनके चुनाव चिन्ह के साथ लिखिए।
5. बिहार के किन्ही दो प्रांतीय दलों के नाम लिखिए।

7. लोकतंत्र के परिणाम

स्मरणीय तथ्यः–



1. जवाबदेही – एक जवाबदेह सरकार अपने नागरिकों के लिए जवाबदेह है। यह अपने नागरिकों की ओर से किए गए सभी निर्णयों के लिए जिम्मेदार है।
2. राजनीतिक समानता – जाति, पंथ, धर्म, आर्थिक स्थिति में अंतर के बावजूद मतदान और चुनाव में लड़ने का समान अधिकार।
3. लोकतंत्र .....
   1. नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है।
   2. व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
   3. निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है।
   4. संघर्षों को हल करने के लिए एक विधि प्रदान करता है।
   5. गलतियों को सुधारने की अनुमति देता है।

4. निर्वाचक मंडल – चुनाव में वोट देने का अधिकार रखने वाले लोगों का समूह।

5. संप्रभुता – आंतरिक और साथ ही बाहरी मामलों में निर्णय लेने के लिए राज्य की सर्वोच्च शक्ति।

6. वैध सरकार – वैध सरकार ऐसी सरकार है जिसके तहत सरकार के कानून और कार्रवाई लोगों और सरकार के कामकाज को पारदर्शी तरीके से प्रकट करते हैं।

7. उप-चुनाव – दो आम चुनावों के बीच रिक्त सीट को भरने के लिए चुनाव।

8. तानाशाही – सरकार का रूप जिसमें एक व्यक्ति या एक छोटा समूह प्रभावी संवैधानिक सीमाओं के बिना पूर्ण शक्ति रखता है।

9. वास्तविक जीवन में, लोकतंत्रा आर्थिक असमानताओं को कम करने में बहुत सफल नहीं होता है।

10. व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में लोकतंत्र सरकार के किसी अन्य रूप से बहुत बेहतर है।

11. पारदर्शिता – एक नागरिक जो यह जानना चाहता है कि क्या सही प्रक्रियाओं के माध्यम से निर्णय लिया गया था, यह पता लगा सकता है। उसके पास निर्णय लेने की प्रक्रिया की जांच करने का अधिकार और साध्न है। इसे पारदर्शिता के रूप में जाना जाता है।

लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न (1 अंक)

1. पारदर्शिता से क्या अभिप्राय है?

2. आप कैसे कह सकते हैं कि लोकतंत्र, राजनीतिक समानता पर आधारित है?

3. अन्य विकल्पों की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार क्यों बेहतर है?

4. सरकार के किस रूप को सबसे अच्छा माना जाता है?

5. किस तरह से लोकतंत्र एक जवाबदेह, उत्तरदायी और वैध सरकार का निर्माण करता है?

6. निम्नलिखित में से कौन एक लोकतंत्र के परिणामों का एक उदाहरण है जो एक जवाबदेह सरकार का निर्माण करता है?

(a) प्रमुख नीतियों और कानून पर सार्वजनिक बहस के लिए मुक्त

(b) आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मुक्त

(c) आर्थिक विषमताओं को कम करने में मुक्त

(d) जनता द्वारा चुने गए शासकों के लिए मुक्त

7. निम्नलिखित में से कौन समकालीन दुनिया में सरकार का सबसे लोकप्रिय रूप है ?

(a) तानाशाही (b) राजतंत्र

(c) सैन्य शासन (d) लोक-तंत्र

8. अपेक्षित परिणामों के आधार पर लोकतंत्रों को मापने के लिए, निम्नलिखित प्रथाओं और संस्थानों में से कौन सा एक देखना होगा ?

(a) नियमित, स्वतंत्र और निष्पेक्ष चुनाव

(b) प्रमुख नीतियों पर सार्वजनिक बहस

(c) सरकार के बारे में जानकारी के लिए नागरिकों का अधिकार

(d) उपरोक्त सभी

निम्नलिखित कथन सही है या गलतः-

9. गैर-लोकतांत्रिक सरकारों द्वारा लिए गए निर्णय लोगों के लिए अधिक स्वीकार्य और अधिक प्रभावी होने की संभावना है।

10. कोई भी शासन पूरी तरह से और स्थायी रूप से विभिन्न समूहों के बीच संघर्ष को हल नहीं कर सकता है।

11. लोकतंत्र अपनी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के मामले में एक दूसरे से बहुत अलग है।

रिक्त स्थान भरें:-

12. व्यक्ति को बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ प्रदान कराना देश की वृद्धि एवं विकास के में संदर्भ ..... का प्रतीक है।

13. लोगों को शामिल करके सही प्रक्रिया के माध्यम से लिए गए निर्णयों को ...

..... कहा जाता है।

14. राजा द्वारा शासिल सरकार को ..... कहा जाता है।

15. सही मिलान चुनें

(अ) जवाबदेह औ उत्तरदायी सरकार ..... राजशाही।

(ब) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ..... लोकतंत्र।

16. नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण (R) के रूप में दो कथन दिए गए हैं। नीचे दिए गए कोड के अनुसार अपना उत्तर दें:-

(A): दुनिया का कम से कम एक चौथाई हिस्सा अभी भी लोकतांत्रिक सरकार के अधीन नहीं है।

(R): क्योंकि दुनिया के इन हिस्सों में लोकतंत्र के लिए चुनौती बहुत ही कठिन है।

विकल्पः

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सत्य है।

17. (A) लोकतांत्रिक सुधारों को मुख्य रूप से राजनीतिक अभ्यास के माध्यम से लाया जाना है।

(R) राजनीतिक सुधारों के किसी भी प्रस्ताव के बारे में केवल यह सोचना चाहिए कि एक अच्छा समाधान क्या है, लेकिन इस बात की परवाह नहीं है कि इसे कौन और कैसे लागू करेगा।

विकल्पः

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सत्य है लेकिन R, A सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सत्य है।

उत्तर कुंजी .....

1. कोई भी नागरिक लोकतंत्र में निर्णय लेने की प्रक्रिया की जांच कर सकता है।
2. प्रतिनिधियों के चुनाव में व्यक्तियों का वजन (महत्त्व) समान होता है।
3. यह वैध, जवाबदेह, उत्तरदायी है, नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है, व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
4. सरकार का लोकतांत्रिक रूप सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
5. नागरिकों को उस प्रक्रिया की जाँच करने का अधिकार प्रदान करके जिसके माध्यम से निर्णय किए जाते है।
6. (a) प्रमुख नीतियों और कानून पर सार्वजनिक बहस के लिए खुला।
7. (d) लोकतंत्र
8. (d) उपरोक्त सभी
9. गलत
10. सच
11. सच
12. आर्थिक विकास
13. पारदर्शिता
14. राजतंत्र
15. (c) वैध सरकार ..... लोकतंत्र
16. (a) अभिकथन और कारण दोनों ही सत्य हैं और कारण अभिकथन की सही व्याख्या है।
17. (c) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

लघु/दीर्घ उत्तर प्रकार प्रश्न (3/5 अंक)

1. ''एक लोकतांत्रिक सरकार एक वैध सरकार है।'' तर्क के साथ कथन का समर्थन करें।
2. लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं को समायोजित करता है। उदाहरणों के साथ कथन का समर्थन करें।
3. लोकतंत्र सरकारें, व्यवहार में जवाबदेह सरकारों के रूप में जानी जाती है। कथन का समर्थन करें।
4. लोकतांत्रिक सरकारें सरकारों के अन्य रूपों की तुलना में कैसे बेहतर हैं? तुलना कीजिए।
5. पूरी दुनिया में लोकतंत्र के विचार के लिए एक भारी समर्थन है। कथन का समर्थन करं।
6. कुछ लोग सोचते हैं कि लोकतंत्र एक कम प्रभावी सरकार का निर्माण करता है। कथन का विश्लेषण करें
7. एक लोकतांत्रिक सरकार कुशल और प्रभावी सरकार है। कथन का विश्लेषण करें।
8. विभिन्न देशों के लोकतंत्र की कोई तीन सामान्य विशेषताएँ बताइए।
9. लोकतंत्र असमानता और गरीबी को कम करने में सक्षम है, व्याख्या करें।
10. लोकतांत्रिक सरकारें पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित करती है? किंहीं तीन बिंदुओं की व्याख्या कीजिए।
11. लोकतंत्र से किस प्रकार के परिणाम अपेक्षित है?
12. लोकतंत्र के प्रति असंतोष की एक सार्वजनिक अभिव्यक्ति, लोकतंत्र की सफलता को दर्शाती है। कथन का औचित्य सिद्ध करें।
13. कुछ कारकों का उल्लेख करें जो किसी देश की आर्थिक वृद्धि को निर्धारित करते हैं?

उत्तर कुंजी .....

उ.1.

(1) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव।

(2) नियमित सार्वजनिक बहस।

(3) नागरिकों को सूचना का अधिकार ।

(4) नियोजित विधान।

(5) लोकतंत्र में, फैसले बहुत पारदर्शी तरीके से लिए जाते हैं।

उ.2.

(1) लोकतंत्र प्रतिस्पर्धात्मक रवैया विकसिल करता है। यह संघर्ष और सामाजिक तनाव की संभावना को कम करता है।

(2) लोकतंत्र बातचीत करने के लिए तंत्र विकसित करता है।

(3) लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि सरकार केवलबहुमत से नहीं बनाई जानी चाहिए लेकिन इसमें अल्पसंख्यक का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

उ.3

(1) लोगों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है और शासकों पर उनका नियंत्रण है।

(2) लोगों के पास अगले चुनाव में उन्हें नहीं चुनने का मौका है।

(3) लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रिया की जाँच करने का अधिकार है।

उ.4.

(1) लोकतंत्र नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है।

(2) लोकतंत्र व्यक्तियों की गरिमा को बढ़ाता है।

(3) लोकतंत्र निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है।

(4) लोकतंत्र प्रतिस्पर्धात्मक रवैया विकसित करता है।

(5) लोकतंत्र संघर्षों को हल करने के लिए तंत्र विकसित करता है।

उ.5.

(1) एक लोकतांत्रिक सरकार लोगों की अपनी सरकार है।

(2) यह नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है।

(3) यह निर्णय लेने की गुणवत्त में सुधार करता है।

(4) यह गलतियों के सुधार के लिए अवसर प्रदान करता है। (कोई तीन)

उ. 6.

(1) लोकतंत्र में, निर्णय लेने की प्रक्रिया लंबी होने के कारण निर्णय लेने में देरी होती है।

(2) नागरिकों के साथ जानकारी साझा करने की बात आती है, तो लोकतांत्रिक सराकारों का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है।

(3) लोकतंत्र अक्सर लोगों की आकांक्षाओं को कुंठित करते हैं और अक्सर अधिकांश आबादी की मांगों को अनदेखा करते हैं।

उ. 7.

(1) एक लोकतांत्रिक सरकार मुख्य रूप से लोगों की सरकार होती है।

(2) एक लोकतांत्रिक सरकार लोगों की भलाई और कल्याण के लिए काम करती है।

(3) एक लोकतांत्रिक सरकार स्थिति और अवसर की समानता को बढ़ासा देती है।

(4) एक लोकतांत्रिक सरकार विचार अभिव्यक्ति और विश्वास की स्वतंत्रता देती है।

उ. 8.

(1) एक लोकतांत्रिक सरकार में, नई सकरा का चुनाव करने के लिए आम चुनाव होते हैं।

(2) देश के सभी नागरिकों को, एक निश्चित आयु के ऊपर और ऊपर, वोट देने का अधिकार है।

(3) राजनीतिक दल लोकतंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है।

(4) कानून का शासनः कानून सर्वोच्च है और कानून की नजर में सभी नागरिक समान है। कानून से ऊपर कोई नहीं है।

उ. 9.

(1) यह प्रत्येक नागरिक को समान मतदान अधिकार देकर राजनीतिक समानता सुसनिश्चित करता है।

(2) यह समूह सक्रियता के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है जो गरीब लोगों की चिंताओं को उठाने के लिए समान अवसर की ओर जाता है।

(3) यह समाज के किसी भी वर्ग की आवश्यकता के आधार पर आर्थिक लाभ के हस्तांतरण के लिए पेुनर्वितरण तंत्र का समर्थन करता है।

(4) यह सामाजिक समानता सुनिश्चित करने वाली आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव के बिना हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

उ. 10.

(1) लोकतांत्रिाक सरकार यह सुनिश्चित करती है कि निर्णय-प्रक्रिया मानदंडों और प्रक्रियाओं पर आधारित होगी।

(2) लोकतांत्रिाक सरकार प्रत्येक नागरिक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्णय लेने में भाग लेने की अनुमति देती है।

(3) निर्णय लेने की प्रक्रिया की शुद्धता के बारे में नागरिक जाँच कर सकते हैं और पला लगा सकते हैं।

(4) वे लोगों के प्रति जवाबदेह है। उन्हें अगले आम चुनावों में सरकार बदलने का अधिकार है।

(5) वे लोगों को अपने प्रतिनिधियों से जवाब माँगने और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करने की शक्ति प्रदान करते हैं।

उ. 11.

(1) जवाबदेह और वैध सरकार

(2) आर्थिक असमानताओं को कम से कम

(3) उत्पीड़ित वर्गों और महिलाओं को समान सुरक्षा

उ. 12.

(1) जब नागरिक अपना असंतोष दिखाते हैं, यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि वे सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक गतिविधिओं में भाग ले रहे है।

(2) यह दर्शाता है कि लोगों को जो कुछ भी कहा जा रहा है, उसका केवल जबरदस्ती अनुगमन नहीं कर रहे हैं या सहमत नहीं है।

(3) यह दर्शाता है कि वे अपनी स्वतंत्रता का आनंद ले रहे है और इसलिए वे कोई और प्रजा (Subject) नहीं है बल्कि जिम्मेदार नागरिक है।

(4) लोकतंत्र का मुख्य उद्देश्य, स्वतंत्रता और लोगों के प्रति (Subject) से नागरिक के रूप में परिवर्तन है।

(5) जब लोगों को लाभ मिलता है, वे अधिक माँगते हैं। इससे लोकतंत्र बेहतर होता है।

उ. 13.

(1) जनसंख्या (2) आकार

(3) प्राकृतिक संसाधन (4) अन्य देशों के साथ संबंध

(5) वैश्विक स्थिति (6) भौगोलिक स्थिति

स्त्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें लोकतंत्र को पूरा करना ही चाहिए। लोकतंत्र में सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि लोगों को अपना शासक चुनने का अधिकार और शासकों पर नियंत्रण बरकरार रहे। वक्त जरूरत और यथासंभव इन चीजों के लिए लोगों को निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी करने में सक्षम होना चाहिए ताकि लोगों के प्रति जिम्मेवार सकरकार बन सके और सरकार लोगों की जरूरतों और उम्मीदों पर ध्यान दें।

(क) लोकतंत्र को क्या प्रदान करना चाहिए ?

(ख) लोगों को निर्णय लेने में क्यों हिस्सा लेना चाहिए ?

(ग) लोकतंत्र के मूल परिणाम क्या है ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और अंत में प्रश्नों के उत्तर दें।

लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनैतिक समानता पर आधारित होती है। प्रतिनिधियों के चुनाव में हर व्यक्ति का वजन बराबर होता है। व्यक्तियों को राजनैतिक क्षेत्र में परस्पर बराबरी का दर्जा तो मिल जाता है लेकिन इसके साथ साथ हम आर्थिक असमानता को भी बढ़ता हुआ पाते है। मुट्ठीभर धनकुबेर आय और संपत्ति में अपने अनुपात से बहुत ज्यादा हिस्सा पाते है। इतना ही नहीं, देश की कुल आय में उनका हिस्सा भी बढ़ता गया है। समाज के सबसे निचले हिस्से के लोगों को जीवन बसर करने के लिए काफी कम साधन मिलते हैं। उनकी आमदनी गिरती गयी है। कई बार उन्हें भोजन, कपड़ा, मकान, शिक्षा और इलाज जैसी बुनियादी जरूरते पूरी करने में मुश्किल आती है।

(क) लोकतंत्र किस पर आधारित है ?

(ख) धन और आय के संदर्भ में अति अमीर और गरीब के बीच तुलना करें।

(ग) वे कौन सी चीजें हैं जिन्हें गरीब लोग प्राप्त करना मुश्किल समझते हैं ?

स्रोत आधारित प्रश्नों की उत्तर कुंजी .....

उ. 1.

(क) अपना शासक चुनने का अधिकार और शासकों पर नियंत्रण

(ख) सरकार लोगों के प्रति जिम्मेवार बन सके और लोगों की जरूरतों और उम्मीदों पर ध्यान दें।

(ग) उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन

उ. 2.

(क) नोटों का संदर्भ लें।

(ख) नोटों का संदर्भ लें।

(ग) नोटों का संदर्भ लें।


लोकतंत्रा की चुनौतियाँ
बुनियादी चुनौती
जहाँ लोकतंत्रा नहीं है वहाँ इसे स्थापित करना।
विस्तार की चुनौती
सभी क्षेत्रों में लोकतांत्रिाक मूल्यों को लागू करना।
लोकतंत्रा को मजबूत करने की चुनौती
लोकतंत्र में जनता तथा संस्थाओं को सशक्त करना।
लोकतंत्रत्रा की पुनर्परिभाषा
लोगों द्वारा चुने गए शासक ही सारे प्रमुख फैसले लें
चुनाव में लोगों को वर्तमान शासकों को बदलने और अपनी पंसद जाहिर करने का पर्याप्त अवसर मिले।
सभी को समानता के आधार पर चुनाव करने के समान अवसर मिलें।
नागरिको को इस प्रकार अधिकार प्रदान किए जाए की वह सरकार को संविधान के अनुसार चलने पर बाध्य कर सके।
लोकतंत्रा सिर्फ चुनावों तक सीमित न हो बल्कि वह सामाजिक व आर्थिक अधिकारों को भी सुनिश्चत करें।
सरकार व समाजिक समूहों के मध्य सत्ता की साझेदारी होनी चाहिए।
अल्पसंख्यक कों के अधिकारों की भी रक्षा होनी चाहिए जिससे लोकतंत्रा भीड़तंत्रा में परिवर्तित न हो जाए।
जाति, लिंग रंगभेद आदि किसी भी आधार पर भेदभाव को रोका जाना चाहिए।

भारत में राजनीतिक सुधारों पर विचार

- कानून बनाकर राजनीति को सुधारने की बात सोचना बहुत लुभावना लग सकता है। विधिक- संवैधानिक बदलावों को ला देने भर से लोकतंत्र की चुनौतियों को हल नहीं किया जा सकता। राजनीतिक सुधारों का काम भी मुख्यतः राजनीतिक कार्यकर्त्ता, दल, आंदोलन और राजनीतिक रूप में सचेत नागरिकों को द्वारा ही हो सकता है।
- कानूनी बदलाव कई बार लोकतांत्रिक सुधार करने की ताकत प्रदान करते हैं।
- लोकतांत्रिक सुधार तो मुख्यतः राजनीतिक दल ही करते हैं। इसलिए, राजनीतिक सुधारों का जोर मुख्यतः लोकतांत्रिक कामकाज को ज्यादा मजबूत बनाने होना चाहिए।
- राजनीतिक सुधार के किसी भी प्रस्ताव में अच्छे समाधान की चिंता होने के साथ-साथ यह सोच भी होनी चाहिए कि इन्हें कौन और क्यों लागू करेगा। यह मान लेना समझदारी नहीं है कि संसद कोई भी ऐसा कानून बना देगी जो हर राजनीतिक दल और सांसद के खिलापफ हो। पर लोकतांत्रिक आंदोलन, नागरिक संगठनों और मीडिया पर भरोसा करने वाले उपायों के सफल होने की संभावना होती है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. किसी एक लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा की जाने वाली समस्याओं को क्या कहते है?
2. प्रत्येक लोकतंत्र के समक्ष किसकी मुख्य चुनौती होती है?
3. लोगों को राजनीतिक सुधार लागू करने में सशक्त बनाने वाले कौन सा कानून श्रेष्ठतम है?
4. राजनीतिक सुधार किसे कहते हैं?

लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. लोकतंत्र की चुनौतियों पर हम कैसे विजय प्राप्त कर सकते हैं? समझाइए।
2. लोकतंत्र की चुनौतिया कौन-कौन सी हैं?
3. लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है?

4. अच्छे लोकतंत्र की विशेषताए बताइए।

5. भारत में लोकतंत्र के सम्मुख कौन-कौन सी चुनौतियां हैं? वर्णन कीजिए।

6. भारत में आवश्यक राजनीतिक सुधारों के लिए कुछ सुझाव दीजिए।

7. कानूनी प्रावधान किस प्रकार लोकतंत्र को सुदृढ़ कर सकते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. **नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

कानून बनाकर राजनीति को सुधारने की बात सोचना बहुत लुभावना लग सकता है। नए कानून सारी अवंछित चीजें खत्म कर देंगे यह सोच लेना भले ही सुखद हो लेकिन इस लालच पर लगााम लगाना ही बेहतर है। निश्चित रूप से सुधारों के मामले में कानून की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। सावधानी से बनाए गए कानून गलत राजनीतिक आचरणों को हतोत्साहित और अच्छे कामकाज को प्रोत्साहित करेंगे। पर विधिक-संवैधानिक बदलावों को ला देने भर से लोकतंत्र की चुनौतियों को हल नहीं किया जा सकता। यह तो क्रिकेट के नियमों की तरह है। एल.बी.डब्ल्यू के नियम में बदलाव से बल्लेबाजों द्वारा अपनाए जाने वाले बल्लेबाजी के नकारात्मक दांवपेच को कम किया जा सकता है पर यह कोई भी नहीं सोच सकता कि सिर्फ नियमों में बदलाव कर देने भर से क्रिकेट का खेल सुधर जाएगा। यह काम तो मुख्यतः खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और क्रिकेट प्रशासकों के करने से ही होगा। इसी प्रकार राजनीतिक सुधारों का काम भी मुख्यतः राजनीतिक कार्यकर्ता, दल, आंदोलन और राजनीतिक रूप से सचेत नागरिकों के द्वारा ही हो सकता है।

(i) कानून किस प्रकार राजनीतिक सुधारों को प्राप्त कर सकता है?

(ii) राजनीतिक सुधार का कार्य कौन कर सकता है?

(iii) गलत राजनीतिक पार्टियों को हतोत्साहित करने के लिए किसी एक उपाय को लिखिए।

(iv) अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तरमाला

1. लोकतंत्र की चुनौतियाँ
2. विस्तार की चुनौती
3. सूचना का अधिकार, 2005
4. लोकतंत्र की विभिन्न चुनौतियों के बारे में सभी सुझाव या प्रस्ताव लोकतांत्रिक सुधार या राजनीतिक सुधार कहे जाते हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

1. ''विकास''



विश्व बैंक के अनुसार देशों का वर्गीकरण

उच्च आय वर्ग के देश प्रति व्यक्ति आय 12,736 डॉलर प्रति वर्ष	विकसित अर्थव्यवस्थाएँ जैसे मध्य पूर्व के देश (1570) $ प्रति वर्ष	निम्न आय वर्ग के देश प्रति वर्ष 1045 $ या कम

- **शिशु मृत्युदर** : किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष की आयु से पूर्व मरने वाले शिशुओं का अनुपात।
- साक्षरता दर 7 वर्ष या उससे अधिक वर्ष की आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात।

- **निवल उपस्थिति अनुपात** -6-10 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले कुल बच्चों का उस आयु वर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत/अनुपात
- **प्रति व्यक्ति आय या औसत आय** = $\frac{\text{कुल राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$
- **बी. एम. आई.** - शरीर का द्रव्यमान सूचकांक पोषण वैज्ञानिक, किसी व्यस्क के अल्पपोषित होने की जाँच कर सकते हैं। यदि यह 18.5 से कम है तो व्यक्ति कुपोषित है अगर 25 से ऊपर है तो वह मोटापे से ग्रस्त है।
- मानव विकास सूचकांक की गणना में भारत का 131 वाँ स्थान है। (2020)

याद रखने योग्य बातें :-

1. अर्थव्यवस्था - एक ढ़ाँचा जिसके अन्तर्गत लोगों की आर्थिक क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।
2. आर्थिक विकासः- एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक अर्थव्यवस्था की वास्तविक 'प्रति व्यक्ति आय' दीर्घ अवधि में बढ़ती है।
3. लोगों या समूहों का प्राथमिक लक्ष्य - अधिक आय पाना। इसके अतिरिक्त बराबरी, स्वतंत्रता, सुरक्षा व आदर भाव अन्य लक्ष्य हैं।
4. आर्थिक नियोजन - देश के साधनों का लाभ उठाकर देश के विकास को योजनाबद्ध रूप से बढ़ाना।
5. देशों के मध्य तुलना करने के लिए उनकी आय सबसे महत्त्वपूर्ण विशिष्टता समझी जाती है।
6. देशों के मध्य विकास को नापने के लिए औसत आय के साथ सार्वजनिक सुविधाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएँ, जन्म व मृत्यु दर, जीवन प्रत्याशा, प्रदूषण मुक्त वातावरण आदि मानकों का भी प्रयोग किया जाता है।
7. प्रत्येक देश के लिए औसत आय की गणना, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा डॉलर में की जाती है।

8. मानव विकास सूचकांक - आय व अन्य कारकों की समाकेतिक सूची इसके आधार पर किसी देश को उसकी गुणवत्ता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। यह विभिन्न देशों में विकास के स्तर का मूल्यांकन करने का मापदंड है। इसमें देशों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, स्वास्थ्य स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर होती है।

आधार	विकसित देश	विकासशील देश
परिभाषा	वह देश जिसकी औद्योगिकीकरण की गति व प्रति व्यक्ति आय अधिक हो।	वह देश जिसकी औद्योगिकीकरण की गति व प्रति व्यक्ति आय अधिक न हो।
स्थिति	आत्मनिर्भर व समृद्ध	गरीब व अन्य पर निर्भर
संसाधनों का उपयोग	पूर्व प्रयोग	अल्प उपयोग
साक्षरता दर	उच्च	निम्न
विकास एवं संवृद्धि	उच्च प्रौद्योगिक विकास	प्रौद्योगिकी के लिए दूसरों पर निर्भर
गरीबी व बेरोजगारी	निम्न	उच्च
अर्थव्यवस्था में मुख्य योगदान	तृतीयक क्षेत्र	प्राथमिक क्षेत्र
आय का वितरण	समान	असमान
मानव विकास सूचकांक	उच्च	निम्न
सकल घरेलू उत्पाद	उच्च	निम्न

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

1. औसत आय को ..... के नाम से भी जाना जाता हैं।

2. बी. एम. आई का अर्थ हैं.....

3. विश्व बैंक द्वारा प्रकशित विश्व विकास रिपोर्ट में देशों का वर्गीकरण करने के लिए ..... का प्रयोग किया जाता है।

4. वह अधिकतम आयु जब तक एक व्यस्क व्यक्ति जीवित रहने की आशा कर सकता है। वह..... कहलाती हैं।

5. ऐसा विकास जो वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों का ख्याल रखते हुए भविष्य की पीढ़ी को भी अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्ष्म बनाता है..... कहलाता है।

बहुवैकल्पिक प्रश्नः–

6. किसी आयु वर्ग में कुल स्कूल जाने वाले बच्चों का उस आयुवर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत कहलाता हैंः–

   (अ) निवल उपस्थिति अनुपात

   (ब) साक्षरता दर

   (स) कुल उपस्थिति अनुपात

   (ड) शिक्षा का स्तर

7. प्रति व्यक्ति आय निम्न में से क्या नहीं दर्शाता है।

   (अ) आर्थिक असमानताएं

   (ब) औसत आय

   (स) कुल जनसंख्या

   (ड) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. प्रति व्यक्ति आय की गणना करने के लिए निम्न में से किस देश की मुद्रा का प्रयोग किया जाता हैं ?

(अ) भारत (ब) पाकिस्तान

(स) अमेरिका (ड) कनाडा

9. विभिन्न देशों के बीच जीवन के स्तर की तुलना करने के लिए एक उचित तरीका है निम्न में से ..... का तुलनात्मक अध्ययनः–

(अ) प्रतिव्यक्ति आय

(ब) मानव विकास सूचकांक

(स) निवल राष्ट्रीय आय

(ड) सतत् पोषणीय विकास

10. ..... निर्धन व्यक्तियों में पोषण के स्तर को निम्न मूल्यों में बनाए रखने में मदद करता है।

(अ) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

(ब) वी. एम. आई

(स) निवल राष्ट्रीय आय

(ड) मानव विकास सूचकांक

सत्य/ असत्य

11. मृत्यु के समय जो उम्र होती है उसे जीवन प्रत्याशा कहते हैं।

12. मानव विकास सूचकांक की तुलना सिर्फ शिक्षा के आधार पर होती है।

13. औसत आय और प्रति व्यक्ति आय की अवधारणा समान है।

14. विकास के मायने विभिन्न व्यक्तियों के लिए भिन्न है।

15. यदि किसी व्यक्ति का बी. एम. आई 18.5 से कम है तो उसे अल्पपोषित माना जाता है।

कथन और कारण आधारित प्रश्न

नीचे दिए गए प्रश्न में, कथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं इनको पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही चुनिए।

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

16. (कथन):- भिन्न व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य भी भिन्न होते है।

(कारण):- भिन्न व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य हमेशा परस्पर विरोधी होते हैं।

17. (कारण):- उच्च औसत आय किसी देश के मानव विकास या सर्वांगीण विकास का सूचक नहीं होता है।

(कारण):- प्रतिव्यक्ति आय कई सूचकों जैसे शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा जन सुविधा का समावेश नहीं करता।

18. (कथन) :- सतत पोषणीय विकास किसी भी राष्ट्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है।

(कारण):- सतत पोषणीय विकास यह सुनिश्चित करता है कि उत्पादन प्रक्रियाओं के लिए पर्यावरण अनुकूल तरीके अपनाए जाएँगे।

19. (कथन) :- एक देश जो मुख्यत तेल रोधन पर निर्भर करता था अपनी आय के लिए वह बहुत ही अमीर है कई दशकों से परन्तु वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भविष्य में यदि आय के अन्य स्त्रोत नहीं खोजे गए तो यह देश निर्धन हो जाएगा।

(कारण):- तेल एक अनीवीकरणीय संसाधन है यदि न्यायसंगत तरीके से इसका प्रयोग नहीं किया गया तो। यह भविष्य में समाप्त हो

सकता है।

20. (कथन):- किसी देश की औसत आय लगभग 12,056 यू. एस डॉलर है परन्तु वह देश विकसित नहीं हैं।

(कारण):- इस देश की आय का स्तर अत्यधिक असमान हैं।

स्त्रोत आधारित प्रश्नः- (4 अंक)

प्र.1 हम विकास को जिस तरह भी पारिभाषित करें, अभी के लिए मान लें कि एक विशेष देश काफी विकसित है। हम निश्चित रूप से यह चाहेंगे कि विकास का यह स्तर और ऊँचा हो या कम से कम भावी पीढ़ी के लिए यह स्तर बना रहे। यह स्पष्ट रूप से वांछनीय है। लेकिन बीसबी सदी के उत्तरार्द्ध से बहुत से वैज्ञानिक यह चेतावनी देते आ रहे हैं कि विकास का वर्तमान प्रकार और स्तर धारणीय नहीं है।

भूमिगत जल नवीकरणीय साधन का उदाहरण है। फसल और पौधों की तरह इन साधनों की पुनः पूर्ति प्रकृति करती है, लेकिन यहाँ भी हम इन साधनों का अति-उपयोग कर सकते है। उदाहरण के लिए, भूमिगत जल का यदि बरसात द्वारा हो रही ही पुनः पूर्ति से अधिक प्रयोग करते हैं, तो हम इस साधन का अति-उपयोग कर रहे होंगे।

गैर नवीकरणीय साधन वो हैं, जो वर्षों से प्रयोग के पश्चात् समाप्त हो जाते हैं। इन संसाधनों का धरती पर एक निश्चित भण्डार है और इनकी पुनः पूर्ति नहीं हो सकती। कभी-कभी हमें ऐसे नए साधन मिल जाते हैं, जिनके बारे में हमें पहले कोई जानकारी नहीं थी। नये स्त्रोत भण्डार में वृद्धि करते हैं, लेकिन समय के साथ यह भी समाप्त हो जाएँगे।

(क) नवीकरणीय संसाधनों की भरपाई प्रकृति समय समय पर करती रहती है। निम्न में से नवीकरणीय संसाधन का उदाहरण नहीं हैं:-

(i) महासागरीय जल (ii) कोयला

(iii) झील का पानी (iv) भौम जल

(ख) किसने कहा था 'पृथ्वी पर हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त संसाधन है लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं'

(i) जवाहर लाल नेहरू

(ii) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(iii) महात्मा गांधी

(iv) लाल बहादुर शास्त्री

(ग) अनवीकरणीय संसाधन कुछ वर्षों के पश्चात समाप्त हो जाएंगे क्योंकि

(i) क्योंकि ये भंडार पहले ही समाप्त हो चुके हैं।

(ii) क्योंकि इनकी संख्या कम है।

(iii) क्योंकि ये सीमित है तथा समाप्त हो गए हैं।

(iv) क्योंकि धरती पर इनका सीमित भंडार है तथा इनकी भरपाई दुबारा नहीं की जा सकती।

(घ) बिना पर्यावरण निम्नीकरण के, संसाधनों का संरक्षण करते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए जो विकास किया जाता है उसे कहते हैंः–

(i) संसाधन की धारणीयता

(ii) विकास की धारणीयता

(iii) नवीकरणीय संसाधनों की धारणीयता

(iv) अनवीनीकरणीय संसाधनों की धारणीयता

प्र.2 निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वर्ष 2013 के लिए भारत और उसके पड़ोसी देशों के कुछ आँकड़े

यह ज्ञात करने के लिए कि क्या वयस्क अल्प पोषित हैं, एक तरीका है, जिसे गणित वैज्ञानिक, शरीर द्रव्यमान सूचकांक (बी.एम.आई.) कहते हैं। इसकी गणना करना सरल है। किसी व्यक्ति का भार किलोग्राम में लीजिए। फिर उसकी लंबाई मीटर में लीजिए। फिर भार को लंबाई के वर्ग से भाग दीजिए। अगर यह संख्या 18.5 से कम है तो उस व्यक्ति को अल्पपोषित कहा जाएगा। लेकिन अगर यह 25 से अधिक है, तो वह व्यक्ति अतिभारित है। लेकिन याद रखिए कि यह मापदण्ड बढ़ते बच्चों पर लागू नहीं होता। कक्षा में दस विद्यार्थी और 3 वयस्कों का वजन और ऊँचाई मापें। इसके लिए अलग-अलग आर्थिक पृष्ठभूमि के वयस्कों को चुनें, जैसे कि निर्माण कार्य में लगे मजदूर, घर में काम करने वाले नौकर और दफ्तरों में काम करने वाले लोग, व्यापारी, इत्यादि। सभी विद्यार्थियों से इन आँकड़ों को इकट्ठा करके एक संयुक्त तालिका बनाइए। फिर उनकी बी.एम.आई. की गणना कीजिए। क्या आप व्यक्ति की आर्थिक पृष्ठभूमि और उसके पोषण के स्तर में कोई संबंध पाते हैं?

देश	सकल राष्ट्रीय आय प्रति व्यक्ति अमेरिका डॉलर में (2011 क्रय शक्ति क्षमता)	जन्म के समय संभावित आयु	साक्षारता दर 15+ वर्ष की जनसंख्या के लिए 2005-2012	विश्व में मानव विकास सूचकांक (HDI) का क्रमांक
श्रीलंका	9.250	74.3	9.12	73
भारत	5,150	66.4	52.8	135
म्यांमार	3,998	65.2	92.7	150
पाकिस्तान	4,652	66.6	54.9	146
नेपाल	2,194	68.4	57.4	145
बंगलादेश	2,713	70.7	57.7	142

(क) निम्न में से कौन विभिन्न देशों की तुलना करने के लिए उनका स्वास्थ्य स्तर और प्रतिव्यक्ति आय को सूचक की भाँति प्रयोग करता है तथा मानव विकास रिपोर्ट तैयार करता है।

(i) यूनिसेफ (ii) यू. एन. ओ

(iii) यू. एन. डी. पी (iv) यू. एन. ई. पी

(ख) तालिका के अनुसार किस देश मानव विकास सूचकॉक का (एच. डी. आई) विश्व में सर्वोत्तम है।

(i) पाकिस्तान (ii) भारत

(iii) नेपाल (iv) श्रीलंका

(ग) पोषण के स्तर को मापने का उचित तरीका क्या है?

(i) शरीर का वजन नापना

(ii) शरीर की बनावट

(iii) बी. एम. आई की गणना

(iv) लम्बाई नापना

(घ) बी. एम. आई की गणना के लिए निम्नलिखित को क्रम से लगाएं।

(i) सेमी में नापी गई लम्बाई को मीटर में बदलना

(ii) व्यक्ति का वजन (कि.ग्रा) में नापना

(iii) व्यक्ति की लम्बाई लेने के लिए दीवार पर चिन्ह लगाना तथा सिर सीधा करके नापना

(iv) कि.ग्रा में लिए गए वजन को मीटर में ली गई लम्बाई से भाग देना।

(a) i, ii, iv, iii (b) iv, ii, i, iii

(c) ii, iii, i , iv (d) iii, iv, i, ii

प्र.4 ''हाल के प्रमाणों से पता चलता है कि देश के कई भागों में भूमिगत जल के अति-उपयोग होने का गंभीर संकट है। 300 जिलों से सूचना मिली है कि वहाँ

पिछले 20 सालों में पानी के स्तर में 4 मीटर से अधिक की गिरावट आयी है। देश का लगभग एक तिहाई भाग, भूमिगत जल भण्डारों का अति-उपयोग कर रहा है। यदि इस साधन के प्रयोग करने का वर्तमान तरीका जारी रहा तो अगले 25 वर्षो में देश का 60 प्रतिशत भाग इस साधन का अति -उपयोग कर रहा होगा। भूमिगत जल का अति-उपयोग विशेष रूप से पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषि की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्रों मध्य और दक्षिण भारत के चट्टानी पठारी क्षेत्रों , कुछ तटवर्ती क्षेत्रों और तेजी से विकसित होती शहरी बस्तियों में पाया जाता हैं।''

(अ) भूमिगत जल का अति उपयोग क्यों हो रहा हैं ?

(ब) क्या संसाधनों के अति उपयोग के बिना विकास संभव हैं ?

(स) किन क्षेत्रों में भूमिगत जल का अति उपयोग हो रहा है ?

(ड) पंजाब तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भूमिगत जल के अति उपयोग का कारण क्या है ?

उत्तरः-

1. प्रति व्यक्ति आय
2. बी. एम. आई
3. औसत आय
4. जीवन प्रत्याशा
5. सतत पोषणीय विकास
6. कुल उपस्थिति दर
7. आर्थिक असमानता
8. अमेरिका
9. मानव विकास सूचकांक
10. सार्वजनिक वितरण प्रणाली

11. असत्य

12. असत्य

13. सत्य

14. सत्य

15. सत्य

16. (b)

17. (a)

18. (a)

19. (a)

20. (a)

स्त्रोत आधारित प्रश्न (हल)

2. (क) यू. एन. डी. पी

   (ख) श्री लंका

   (ग) बी. एम. आई की गणना

   (घ) C

3/5 अंक वाले प्रश्न–

1. ''विकास के लक्ष्य भिन्न-भिन्न होते हैं और कभी-कभी ये परम्परा विरोधी भी हो सकते है'' इस कथन को स्पष्ट करो।

2. एक विकासशील और विकसित देश की मुख्य विशेषताएँ क्या होती हैं ?

3. आय के अतिरिक्त और कौन से कारक है जो हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

4. अर्थिक विकास के लिए साक्षरता क्यों अनिवार्य है ? स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए–

   (क) शिशु मृत्यु दर

   (ख) निवल उपस्थिति अनुपात

   (ग) साक्षरता दर

   (घ) बी.एम. आई.

6. विकास की धारणीयता से क्या अभिप्राय है ? विकास को धारणीयता की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ?

7. ''जो महिलाएँ वेतन भोगी कार्य करती है, वह एक ऐसे लोगों का उदाहरण है जो मिले जुले लक्ष्यों को पूरा करतें हैं ?'' इस कथन का विश्लेषण करें।

8. ''जेब में रखा रुपया ये सब वस्तुएँ और सेवाएँ नहीं खरीद सकता है, जिसकी आवश्यकता आपको एक बेहतर जीवन के लिए हो सकती है।''

   क्या आप इस कथन से सहमत है ? विवेचना करें।

उत्तर माला

1. प्रत्येक व्यक्ति या समूह के विकास के लक्ष्य भिन्न भिन्न हो सकते है और कई बार इनकी प्रकृति परस्पर विपरीत भी हो सकती है। एक के लिए विकास का लक्ष्य दूसरे के लिए विनाश का कारण भी बन सकता है। उदाहरण– नदी पर बाँध बनाना, यहाँ के किसानों के विस्थापन का कारण बन सकता है।

2. **विकसित देशः–**

   (a) नई तकनीक व विकसित उद्योग

   (b) उच्च स्तरीय रहन–सहन

   (c) उच्च प्रति व्यक्ति आय

   (d) साक्षरता दर उच्च

   (e) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति बेहतर (जन्मदर मृत्यु दर पर नियंत्रण)

विकासशील देशः–

(a) औद्योगिक रूप से पिछड़े हुए।

(b) निम्न प्रति व्यक्ति आय।

(c) साक्षरता दर नियम।

(d) सामान्य रहन-सहन।

(e) बेहतर स्वास्थ्य का अभाव (अधिक मृत्यु दर)

3. आय के अतिरिक्त बेहतर जीवन के लिए परिवार, रोजगार, मित्रता, सुरक्षा व समानता की भावना, शांतिपूर्ण माहौल आदि भी महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि मुद्रा से केवल भौतिक वस्तुएँ ही खरीदी जा सकती हैं।

4. इससे ज्ञान व दक्षता प्राप्त होती है।

रोजगार का स्तर बढ़ता है।

नई तकनीकों का प्रयोग व स्तर बढ़ता है।

लोगों में स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि के प्रति जागरूकता बढ़ती हैं।

नए-नए उद्योगों को स्थापित करने की क्षमता बढ़ती हैं।

5. (क) शिशु मृत्यु दर किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष की आयु में पूर्व मरने वाले शिशुओं का अनुपात।

(ख) निवल उपस्थिति अनुपात 6-10 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले कुल बच्चों का उस आयु वर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत/ अनुपात।

(ग) साक्षरता दर 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात।

(घ) बी.एम.आई. शरीर द्रव्यांक सूचकांक। पोषण वैज्ञानिक, किसी व्यस्क के अल्पपोषित होने की जाँच कर सकते हैं।

6. विकास की धारणीयता से अभिप्राय है कि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना विकास करना तथा वर्तमान पीढ़ियों की जरूरतों के साथ-साथ भावी पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखना। विशेषताएँ-

(a) संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग।

(b) नवीकरणीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग।

(c) वैकल्पिक संसाधनों को ढूँढने में मदद।

(d) संसाधनों को पुनः उपयोग व चक्रीय प्रक्रिया को बढ़ावा।

7. (क) वेतन भोगी महिलाओं का घर और समाज

(ख) उनके काम-काज में हाथ बँटाया जाएगा।

(ग) वेतनभोगी महिलाओं को अधिक स्वीकार किया जाएगा।

(घ) यदि वातावरण सुरक्षित है जो ज्यादा महिलाएँ नौकरी कर सकती है।

(ड़) अपने परिवार का जीवन स्तर सुधार सकती है।

8. सहमत

(क) जेब में रखा रुपया सब कुछ नहीं खरीद सकता।

(ख) प्रदूषण मुक्त वातावरण नहीं खरीद सकता।

(ग) संक्रमक बीमारियाँ से नहीं बचा जा सकता जब तक समाज कदम नहीं उठाता।

(घ) अभौतिक वस्तुएँ-आदर, सम्मान, सुरक्षा, स्वतंत्रता आदि भी नहीं पा सकते

(ड़) जीवन की खुशियाँ मुद्रा नहीं खरीद सकती।

भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक

स्मरणीय तथ्यः–

ऐसे क्रियाकलाप जिनको करके जीवनयापन के लिए आय की प्राप्ति की जाती है।



घरेलू उत्पादः

किसी विशेष वर्ष में प्रत्येक क्षेत्रक द्वारा उत्पाद अंतिम वस्तुओं व सेवाओं का मूल्य उस वर्ष में देश के कुल उत्पादन की जानकारी प्रदान करता है। तीनों क्षेत्रकों के उत्पादनों के योगफल को देश का **सकल घरेलू उत्पादक** कहते हैं।

दोहरी गणना की समस्या तब उत्पन्न होती है जब राष्ट्रीय आय की गणना के लिए सभी उत्पादों के उत्पादन मूल्य को जोड़ा जाता है, क्योंकि इसमें कच्चे माल का मूल्य भी जुड़ जाता है। अतः समाधान के लिए केवल अंतिम उत्पाद के मूल्य

की गणना की जानी चाहिए।

सकल घरेलू उत्पाद में क्षेत्रको का हिस्सा

	1971–72	2011–12
प्राथमिक क्षेत्रक	लगभग 40%	लगभग 15%
द्वितीयक क्षेत्रक	लगभग 25%	लगभग 25%
तृतीयक क्षेत्रक	लगभग 35%	लगभग 60%

रोजगार में विभिन्न क्षेत्रको का हिस्सा

	1972–73	2011–12
प्राथमिक क्षेत्रक	लगभग 74%	लगभग 49%
द्वितीयक क्षेत्रक	लगभग 11%	लगभग 24%
तृतीयक क्षेत्रक	लगभग 15%	लगभग 27%

- उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट है कि द्वितीयक क्षेत्रक एवं तृतीयक क्षेत्रक का घरेलू उत्पाद में योगदान तीन चौथाई है जबकि वह कार्यशील जनसंख्या की लगभग पचास प्रतिशत आबादी को ही रोजगार प्रदान करते हैं।
- पिछले कुछ सालों में अर्थव्यवस्था की प्राथमिक क्षेत्रक पर निर्भरता कम हुई है परंतु यह अभी भी कुल कार्यरत जनसंख्या के लगभग पचास प्रतिशत आबादी को रोजगार प्रदान करता है। इससे अभिप्राय यह है कि कृषि में आवश्यकता से अधिक लोग कार्यशील है। दूसरे शब्दों मे यह कह सकते है कि कृषि क्षेत्रक में लगे लोग अल्प बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे है। यह बेरोजगारी छिपी हुई होती है। इस प्रकार की बेरोजगारी को हम छिपी हुई बेरोजगारी कहते हैं।
- देश में आधे से अधिक श्रमिक प्राथमिक क्षेत्रक में काम करते है जिसका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान काफी कम (लगभग 15%) है। द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रक का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 85% है परंतु ये क्षेत्रक आधे

लोगों को ही रोजगार प्रदान करते हैं। कृषि क्षेत्र में अल्प-बेरोजगारी की गंभीर स्थिति बनी हुई हैं। कुछ लोग ऐसे है जिन्हें बिल्कुल रोजगार नहीं मिला है। ऐसी स्थिति को देखते हुए हमें देश में अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता हैं।

अतिरिक्त रोजगार का सृजन कैसे हो ?

छोटी अवधि के लिए

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना 2005 जैसी योजनाएँः
- यह योजना 2005 में लागू की गई।
- इस योजना के अंतर्गत 100 दिनों के रोजगार की गारन्टी दी गई है।
- रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाना।
- अपने गाँव या आस-पास के क्षेत्र में ही कार्य स्थन होना।
- एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए सुरक्षित।
- गरीबों में भी अति गरीब लोगों को रोजगार प्रदान करना।

दीर्घकालीन उपाय

- कृषि सुविधाओं में सुधार
- सस्ती दर पर कृषि ऋण
- अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना
- विद्यालय एवं कॉलेजों की स्थापना
- स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना

आर्थिक गतिविधियों को क्षेत्रकों में वर्गीकृत करने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं। यह सार्वजनिक क्षेत्रक एवं निजी क्षेत्रक तथा संगठित क्षेत्रक एवं असंगठित क्षेत्रकों के रूप में भी हो सकता है।

सार्वजनिक क्षेत्रक	निजी क्षेत्रक
परिसम्पत्तियों पर सरकार का नियंत्रण	परिसम्पत्तियों पर निजी स्वामित्व
इसका उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं होता है।	इसका उद्देश्य अधिकतम लाभ कमाना हैं।
रोजगार की सुरक्षा होती है।	रोजगार की सुरक्षा नहीं होती।
सभी सेवाएँ सरकार उपलब्ध करवाती है।	सारी चीजें एक व्यक्ति या कम्पनी उपलब्ध करवाती है।
सवैतनिक छुट्टी व अन्य सेवाएँ दी जाती है।	सवैतनिक छुट्टी व अन्य सेवाएँ सामान्यतः प्रदान नहीं की जाती।
उदहारणः भारतीय रेलवे कोई अन्य।	उदाहरणः टिस्कों, कोई अन्य।

संगठित क्षेत्रक	असंगठित क्षेत्रक
रोजगार की सुरक्षा होती है।	कम वेतन
उचित वेतन	कार्य का समय निश्चित नहीं
कार्य के निश्चित घण्टे	नौकरी की अनिश्चितता
नौकरी की निश्चितता	कर्मचारी योजनाओं का अभाव
कर्मचारी योजनाओं का लाभ	निम्न स्तरीय कार्य परिस्थितियाँ
कार्य की बेहतर परिस्थितियाँ उदाहरणः बैकिंग	उदाहरणः रेहड़ी - पटरी वाले।

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

1. नीरजा एक संस्था में शोधकर्ता के रूप में काम करती है। आंकड़े एकत्र करते समय वह निम्नलिखित लोगों के कार्य क्षेत्र को वर्गीकृत नहीं कर पा रही थी। कारण सहित वर्गीकरण करने में कारण सहित उसकी मदद कीजिए।

(a) योगेश वकील के रूप में काम करता है।

(b) श्याम लाल वर्मा एक डेयरी चलाते हैं।

(c) प्रमोद एक इंजीनियर है और औद्योगिक क्षेत्र में काम करते हैं।

2. इकबाल ने अपने परिवार के पांच अन्य सदस्यों के साथ एक किसान के रूप में काम किया और 50 लाख टन गेहूं का उत्पादन किया। परिवार में कुछ विवाद के कारण दो सदस्यों ने पारिवारिक व्यवसाय को छोड़ दिया, लेकिन फिर भी वे 50 लाख टन गेहूं का उत्पादन करने में सक्षम हैं। क्या आप इस तरह की बेरोजगारी का नाम बता सकते हैं?

3. तृतीयक क्षेत्र को 'सेवा क्षेत्र' भी क्यों कहा जाता हैं?

4. सार्वजनिक क्षेत्र के मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

5. निजी क्षेत्र के मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

6. अल्प बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं?

7. सरकार किसानों और उपभोक्ताओं दोनों का समर्थन कैसे करती हैं?

8. रमेश को काम के निश्चित घंटों के साथ सवैतनिक अवकाश मिल रहा हैं। वह किस क्षेत्र में काम कर रहा है- संगठित क्षेत्रक या अंसगठित क्षेत्रक?

9. मनरेगा क्या है? इसे कब लागू किया गया था?

10. प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र का विकास सेवाओं की मांग कैसे करता है?

11. 1973 से 2013 के बीच कौन सी गतिविधि सबसे बड़ा नियोक्ता साबित होती रही?

12. नीचे दिए गए कथन के लिए सही विकल्प चयन कीजिए।

जीडीपी (GDP) में सबसे बड़ा योगदान किस क्षेत्र का हैं?

(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र

(c) तृतीयक क्षेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

13. रिक्त स्थान भरें–

..... क्षेत्र अन्य सभी उत्पादों के लिए आधार बनाते हैं।

14. नीचे दिए गए कथन के लिए सही या गलत लिखिए–

चीनी मिल उद्योग प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

15. रेखांकित शब्द को सही करने के बाद कथन को फिर से लिखिए–

मोची के काम को **<u>प्राथमिक क्षेत्र</u>** के अंतर्गत माना जाता हैं।

16. नीचे दी गई चित्र को देखिए और बताइए कि यह गतिविधि अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र के अंतर्गत आता है–

17. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं इन कथनों को पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

कथन (A):– मछली पकड़ने की गतिविधियाँ प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं।

कारक (R):– मत्स्य पालन सीधे प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करता है।

विकल्प

(1) कथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

18. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं इन कथनों को पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

कथन (A):- महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार अधिनियम 2005 का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करना है।

कारक (R):- इसके तहत प्रतिवर्ष न्यूनतम 100 का दिन का रोजगार प्रदान करना अनिवार्य है।

विकल्प

(1) कथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R,A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सत्य है लेकिन R गलत है।

(4) A गलत है लेकिन R सत्य है।

3/5 अंक प्रश्न

1. आर्थिक और गैर-आर्थिक गतिविधियों में अंतर कीजिए।
2. अपने आसपास के उदाहरणों की सहायता से निजी क्षेत्रक और सार्वजनिक क्षेत्रक की गतिविधियों और कार्यों की तुलना कीजिए।
3. संगठित क्षेत्रक और असंगठित क्षेत्र के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. मनरेगा- 2005 को लागू करने के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।
5. भारत में बेराजगारी के विभिन्न प्रकार कौन-कौन से है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

6. हम विभिन्न वस्तुओं और सेवाओ की गणना कैसे करते हैं। और प्रत्येक ''क्षेत्र'' में कुल उत्पादन के बारे में जान सकते है ?

7. ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के विभिन्न तरीके क्या हैं ?

8. भारत में आर्थिक गतिविधियों के तीनों क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आया है लेकिन रोजगार के हिस्से में समान बदलाव नहीं हुआ है। उपर्युक्त कथन की व्याख्या कीजिए।

9. बताइए कि सार्वजानिक क्षेत्र किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान देता है ?

10. भारत में तृतीयक क्षेत्र किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान देता है ?

11. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को निम्नलिखित मुद्दों पर सुरक्षा की आवश्यकता हैः मजदूरी, सुरक्षा और स्वास्थ्य। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

12. कृषि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

13. हम कृषि क्षेत्र में अधिक रोजगार कैसे पैदा कर सकते हैं ?

14. तीनों आर्थिक क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक बदलावों पर चर्चा कीजिए।

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

1. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आर्थिक गतिविधियों को क्षेत्रकों में वर्गीकृत करने का एक अन्य तरीका यह हो सकता है कि – परिसंपत्तियों का स्वामी और सेवाओं की उपलब्धता के लिए जिम्मेदार कौन है ? सार्वजनिक क्षेत्रक में, अधिकांश परिसंपत्तियों पर सरकार का स्वामित्व होता है और सरकार ही सभी सेवाएं उपलब्ध कराती है। निजी क्षेत्रक में, परिसंपत्तियों का स्वामित्व और सेवाओं का वितरण की जिम्मेदारी एकल व्यक्ति या कंपनी के हाथों में होता है। रेलवे या डाकघर सार्वजनिक क्षेत्रक के उदाहरण हैं, जबकि टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड

(TISCO) या रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) जैसी कम्पनियां निजी स्वामित्व में है। निजी क्षेत्रक की गतिविधियों का उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है। ऐसी सेवाओं को प्राप्त करने के लिए हमे इन व्यक्तियों या कंपनियों को भुगतान करना पड़ता है। सार्वजनिक क्षेत्रक का उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं है। सरकार सेवाओं पर किए गए व्यय की भरपाई करों और अन्य तरीकों से कराती हैं।

(a) सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की इकाई में कंपनियों को वर्गीकृत करने का आधार क्या हैं ?

(b) स्वामित्व के आधर पर रेलवे किस प्रकार की इकाई हैं ?

(c) किसी भी एक निजी क्षेत्र की इकाई का नाम बताइए ?

(d) निजी क्षेत्रक कंपनियों का प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

2. अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

नीचे दी गई तालिका में संगठित और असंगठित क्षेत्रों में भारत में श्रमिकों की अनुमानित संख्या बताई गई है। तालिका को ध्यान से पढ़िए। छूटे हुए आंकड़ों (?) को भरिए और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

विभिन्न क्षेत्रकों में श्रमिकों की संख्या (दस लाख में)			
क्षेत्रक	**संगठित**	**असंगठित**	**कुल**
प्राथिमिक क्षेत्र	1	?	232
द्वितीयक क्षेत्र	41	74	115
तृतीयक क्षेत्र	?	88	172
कुल	82	?	?
कुल प्रतिशत में	?	?	100%

(a) कृषि में असंगठित क्षेत्रत्र के लोगों का प्रतिशत कितना है ?

(b) क्या आप सहमत है कि कृषि एक असंगठित क्षेत्र की गतिविधि है ? क्यों ?

उत्तरमाला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1.

(a) सेवा क्षेत्रक

(b) प्राथमिक क्षेत्रक

(c) द्वितीयक क्षेत्रक

2. अदृश्य बेरोजगारी

3. इसमें सेवा प्रदान की जाती हैं।

4. जनकल्याण

5. लाभ कमाना

6. जब आवश्यकता से अधिक लोग उस कार्य में लगे हुए हो जितने की आवश्यकता है।

7. सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज खरीदकर उससे कम कीमत पर सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत बाँटती है।

8. संगठित

9. महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005

10. कृषि एवं उद्योगों का विकास परिवहन, भंडारण एवं व्यापार के विकास की मांग करता है। जितना विकास प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक का होता है उतनी मांग इन क्षेत्रकों की होती है।

11. कृषि

12. प्राथमिक क्षेत्रक

13. प्राथमिक क्षेत्रक

14. गलत

15. द्वितीयक क्षेत्रक

16. तृतीयक क्षेत्रक

17. कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

18. कारण (R) सही है लेकिन कथन (A) गलत है।

3/5 अंकों वाले प्रश्न

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

11. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

12. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

13. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

14. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

स्त्रोत आधारित प्रश्न

1.

a) परिसंम्पतियों के आधार पर

b) सार्वजनिक

c) रिलांयस

d) लाभ कमाना

2. इस अनुच्छेद को पढ़कर विद्यार्थी स्वयं हल करें।

मुद्रा व साख

1. मुद्रा

मुद्रा विनिमय प्रक्रिया में एक मध्यवर्ती के रूप में कार्य करती है। इसे विनिमय का माध्यम कहा जाता है।

2. वस्तु विनियम प्रणाली

वस्तुओं के बदले वस्तुओं का लेन देने वस्तु विनिमय प्रणाली कहलाता है।

3. आवश्यकताओं का दोहरा संयोग

जब एक व्यक्ति किसी चीज को बेचने की इच्छा रखता हो, वही वस्तु दुसरा व्यक्ति खरीदने की इच्छा रखता हो अर्थात् मुद्रा का उपयोग किये बिना तो उसे आवश्यकताओं का दोहरा सहयोग कहा जाता है।

4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

भारत का मुख्य बैंक है इसके प्रमुख कार्यः-

(i) सरकार की ओर से मुद्रा जारी करता है।

(ii) बैंको व समितियों की कार्य प्रणाली पर नज़र रखता है।

(iii) ब्याज की दरो एवं ऋण की शर्तो पर निगरानी रखता है।

(iv) बैंक कितना नकद शेष अपने पास रखे हुए है। उसकी सूचना रखता है।

(v) ऋण किस प्रकार वितरित करना है, इसकी नजर रखता है।

5. साख

साख एक ऐसा समझौता है जिसके तहत ऋणदाता उधारकर्त्ता को धनराशि, वस्तु एवं सेवाएँ इस आश्वासन पर उधार देता है कि वह भविष्य में उसका भुगतान कर देगा।

6. समर्थक ऋणाधार

उधारदाता, उधार प्राप्तकर्ता से समर्थक ऋणाधार के रूप में ऐसी परिसम्पतियों

की मांग करता है, जिन्हें बेचकर वह अपनी ऋण राशि की वसूली कर सके। ये परिस्थितियाँ ही समर्थक ऋणाधार कहलाती है।

उदाहरणः- कृषि, भूमि, जेबर, मकान पशु धन व बैंक जमा।

स्वंय सहायता समूहः-

स्वयं सहायता समूह का मूल विचार कि ग्रामीण गरीबों खासकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया जाए और उनकी बचत को एकत्र किया जाए।

मुद्रा के आधुनिक रूपः-



रिजर्व बैंक के कार्यः-

- मुद्रा जारी करना।
- बैंक एवं स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली पर नजर रखना।
- ब्याज की दरों को निर्धारित करना।

- मौद्रिक नीति की समीक्षा करना।
- बैंकों की कुछ राशि का नकद संचमन करना



1. 1 अंक वाले प्रश्नः–

1. भारत में केन्द्र सरकार की ओर से कौन करेंसी नोट जारी करता हैं ?

   (क) नावार्ड (ख) भारतीय रिजर्व बैंक

   (ग) विश्व बैंक (घ) भारतीय स्टेट बैंक

2. मुद्रा के आधुनिक रूपों में कौन शामिल है ?

   (क) कागज के नोट (ख) सोने के सिक्के

   (ग) चाँदी के सिक्के (घ) ताँबे के सिक्के

3. जमा का बड़ा हिस्सा बैंक किस पर इस्तेमाल करते हैं ?

(क) नयी शाखा खोलने पर

(ख) कर का भुगतान करने के लिए

(ग) ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए

(घ) ऋण देने के लिए

4. साख के औपचारिक स्त्रोत में शामिल नहीं है।

(क) बैंक (ख) सहकारी बैंक

(ग) कंपनी का मालिक (घ) इनमें से कोई नहीं

5. ऋण जाल से आप क्या समझते हो ?

(क) ऋण चुकाने में असमर्थता

(ख) ऋण चुकाने में समर्थता

(ग) दोनों सही है

(घ) दोनों ही गलत है।

6. बैंक अपने पास कितना नकद कोष रखते है ?

(क) 10% (ख) 20%

(ग) 15% (घ) 30%

7. बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक स्थापना का श्रेय किसे जाता है ?

(क) अभिजीत बैनर्जी (ख) डा. मनमोहन सिंह

(ग) मोहम्मद यूनुस (घ) अमर्त्य सेन

8. निम्नलिखित मे से कौन सा समर्थक ऋणाधार का उदाहरण नहीं है ?

(क) जेवर (ख) घर

(ग) कृषि भूमि (घ) इनमें से कोई नहीं

9. स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण संबंधित अधिकतर निर्णय किए जाते हैं।

(क) बैंक द्वारा (ख) सरकार द्वारा

(ग) सदस्यों द्वारा (घ) एम. एल. ए. द्वारा

10. नकदी और चेक विकल्प हैंः

(क) समर्थक ऋणाधार (ख) सिक्के का

(ग) मुद्रा का (घ) माँग जमा का

11. ऋण चुकाने की विधि को कहा जाता हैः

(क) भुगतान का तरीका

(ख) भुगतान की विधि

(ग) पुनर्भुगतान की विधि

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः–

1. भारतीय रिजर्व बैंक
2. कागज के नोट
3. ऋण देने के लिए
4. कंपनी का मालिक
5. ऋण चुकाने में असमर्थता
6. 15 प्रतिशत
7. मोहम्मद युबूस
8. इनमें से कोई नहीं
9. सदस्यों द्वारा
10. मुद्रा
11. पुनर्भुगतान

प्र.2. रिक्त स्थान भरें:-

1. भारत में बैंक इन दिनों नकदी के रूप में अपनी जमा राशि का .....% रखते हैं।
2. मुद्रा के आधुनिक रूपों में ..... शामिल है।
3. चूंकि मुद्रा विनिमय प्रक्रिया में मध्यवर्ती के रूप में कार्य करती है, इसलिए इसे ..... कहा जाता है।
4. माँग पर वापस लिए गए बैंक खातों में जमा को ..... कहा जाता है।
5. जमा का बड़ा हिस्सा बैंकों द्वारा ..... के लिए उपयोग किया जाता है।
6. ऋण चुकाने की विधि को ..... कहा जाता है।
7. ..... बांग्लादेश में उचित दर पर गरीबों की ऋण जरूरतों को पूरा करने वाली सफलता की कहानी है।
8. बैंक जमा का उपयोग लोगो की ..... को पूरा करने के लिए करते हैं।
9. लेन-देन में ..... लाभदायक हैं।
10. जहाँ वस्तु के बदले वस्तु दी जाती है और मुद्रा का उपयोग नहीं होता हैं।.. ..... प्रणाली कहलाती है।

उत्तर:-

1. 15
2. कागज़ी नोट
3. विनिमय का माध्यम
4. माँग जमा
5. विस्तारित ऋण
6. पुनर्भगतान की विधि
7. ग्रामीण बैंक

8. ऋण आवश्यकताओं

9. मुद्रा

10. वस्तु विनिमय प्रणाली

प्र.3.निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही गलत बताइए।

1. जमा का बड़ा हिस्सा बैंको द्वारा करेंसी की छपाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ☐
2. बैंको की आय का मुख्य स्त्रोत ब्याज से होता हैं। ☐
3. भारत में करेंसी नोट रिजर्व बैंक जारी करता है। ☐
4. स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण गतिविधियों के बारे में अधिकांश निर्णय सरकार के द्वारा लिए जाते हैं। ☐
5. लेन देन में मुद्रा हानिकारक है। ☐

उत्तरः–

1. गलत
2. गलत
3. सही
4. गलत
5. गलत

4. लघु उत्तरात्मक प्रश्नः– (3 अंक)

1. उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि वस्तु विनिमय प्रणाली में आवश्यकओं का दोहरा संयोग जरूरी है।
2. समर्थक ऋणाधार के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
3. ऋण जमा को पारिभाषित कीजिए।
4. किसान कर्ज के जाल में कैसे फंसते है ?
5. ''स्व सहायता समूहों के समर्थन से ग्रामीण क्षेत्र में क्रान्तिकारी बदलाव आया हैं''

कथन को स्पष्ट कीजिए।

6. 'विकास के लिए ऋण की अपनी विशिष्ट भूमिका है।' इस कथन को न्यायोचित ठहराने के लिए तर्क दीजिए।

उत्तरः–

1. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
6. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

प्र.5. दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नः– (5 अंक)

1. स्वयं सहायता समूह किसे कहते है ? स्वयं सहायता समूह के क्या लाभ है ?
2. ऋण के औपचारिक एवं अनौपचारिक स्त्रोतो मे अन्तर स्पष्ट करे।
3. ऋण क्या है ? कैसे ऋण, संपत्ति और जाल दोनों हैं ?
4. साल क्या है ? साल की शर्ते क्या हैं ?
5. आर्थिक विकास में ऋण एक महत्वपूर्ण तल क्यों हैं ?
6. ऋण में औपचारिक और अनौपचारिक स्त्रोत एक दुसरे से कैसे भिन्न हैं ?
7. रिजर्व बैंक बैंकों की देखरेख किस प्रकार करता हैं ?

उत्तरः–

1. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

3. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

4. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

5. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

6. स्मरणीय तथ्यों को देखिए।

स्त्रोत आधारित प्रश्न -उत्तर

नीचे दिए गए स्त्रोत पढ़े और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-

1. भारतीय रिजर्व बैंक ऋणों के औपाचारिक स्त्रोतों की कार्यप्रणाली पर नजर रखता है। उदाहरण के लिए हमने देखा कि बैंक अपनी जमा का एक न्यूनतम नकद हिस्सा अपने पास रखते है। आर. बी. आई. नजर रखता है कि बैंक वास्तव में नकद शेष बनाए हुए हैं। आर. बी. आई. इस पर भी नजर रखता है कि बैंक केवल लाभ अर्जित करने वाले व्यवसादियों और व्यापारियों को ही ऋण मुहैया नहीं करा रहे, बल्कि छोटे किसानों छोटे कर्जदारों इत्यादि को भी ऋण दे रहे हैं। अनौपचारिक क्षेत्रों में ऋणदाताओं की गतिविधियों की देखरेख करने वाली कोई संस्था नहीं हैं।

प्रश्न

(क) RBI..... को ऋण देता है।

(ख) कौन-सा संगठन भारत में ऋण के औपचारिक स्त्रोतों की कार्यप्रणाली का पर्यवेक्षण करता है ?

(ग) अनौपचारिक क्षेत्र में ऋणदाताओं की ऋण गतिविधियाँ का पर्यवेक्षण कौन करता है ?

उत्तर:-

(क) छोटे किसानों,लघु उद्योगों, छोटे उधरकर्ताओं आदि के लिए।

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक ऋणों के औपचारिक स्त्रोतों के कार्यप्रणाली का पर्यवेक्षण करता है।

(ग) ऐसा कोई संगठन नहीं है जो अनौपचारिक क्षेत्र में ऋण गतिविधियाँ का पर्यवेक्षण करता है।

2. ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को विशेषकर महिलाओं को छोटे-छोटे स्वयं सहायता समूहों में संगठित करने और उनकी बचत को इकठ्ठा करना है। सदस्य अपनी जरूरतों के हिसाब से छोटे ऋण ले सकते हैं। समूह इन कर्जो पर ब्याज लेता है लेकिन यह साहूकार द्वारा लिए जाने वाले ब्याज से कम होता है। यदि समूह नियमित रूप से बचत करता है तो समूह बैंक से ऋण लेने के योग्य हो जाता है। ऋण समूह के नाम से लिया जाता है। इसका उद्देश्य सदस्यों के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजन करता है। स्वयं सहायता समूह ऋण के पुनर्भुगतान क लिए जिम्मेदार होते है। इसलिए बैंक समर्थक ऋणाधार के बिना ऋण देने के लिए तैयार हो जाते है। स्वयं सहायता समूह की नियमित बैठकों में स्वास्थ्य, पोषण, घरेलू हिंसा जैसे सामाजिक मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उन्हें मंच मिल जाता हैं।

1. स्वयं सहायता समूह के विषय में लिखिए।
2. समूह बैंक से ऋण लेने के योग्य कम होता है।
3. समूह ऋण लेकर क्या करता है। ऋण लेने का उद्देश्य क्या हैं?
4. ऋण के पुनर्भुगतान के लिए कौन उत्तरदायी होता है।

उत्तरः–

1. इस अनुच्छेद को पढ़कर विद्यार्थी स्वयं हल कीजिए।

अध्याय - 4

(वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था)

वैश्वीकरण	विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया को ही वैश्वीकरण के नाम से जाना जाता है।
उदारीकरण	सरकार द्वारा अवरोधों और प्रतिबंधो को हटाने की प्रक्रिया को उदारीकरण कहा जाता है।
निजीकरण	सार्वजनिक क्षेत्रों की कंपनियों को चरणाबद्ध तरीके से निजी क्षेत्र में बेचना निजीकरण कहलाता है।
बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ	वह कंपनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण रखती है।
निवेश	परिसंपत्तियों जैसे- भूमि, भवन, मशीन और अन्य उपकरणों की खरीद में व्यय की गई मुद्रा को निवेश कहते है।
विदेशी निवेश	बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को विदेशी निवेश कहते है।
विश्व व्यापार संगठन	एक ऐसा संगठन है जिसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना और मुक्त व्यापार की सुविधा देना है।
मुक्त व्यापारः-	जब दो देशों के बीच व्यापार बिना किसी प्रतिबंध के होता है तो उसे मुक्त व्यापार कहते हैं
सेज (SEZ):-	किसी विशेष क्षेत्रक में अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान कर विदेशी कम्पनियों को निवेश के लिए आकर्षित करना।



पहले	अब
• उत्पादन मुख्यतः देश की सीमा के भीतर	• बहुराष्ट्रीय कंपनियों का उभरना
• देश की सीमा को लांघकर सिर्फ कच्चा माल, खाद्य पदार्थ और तैयार उत्पादन व्यापार दूरस्थ देशो को आपस में जोड़ने का मुख्य जरिया	• इनका एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण व स्वामित्व उत्पाद • उन प्रदेशों मे कार्यालय तथा उत्पादन के लिए कारखाने स्थापित करती है। जहाँ उन्हें सस्ता एवं अच्छा संसाधन मिलते है

प्रश्न

1. बहुराष्ट्रीय कंपनी किस कहते है ?
2. निजीकरण को परिभाषित कीजिए।
3. सेज (SEZ) किसे कहते है ?
4. वैश्वीकरण क्या है ?
5. अर्थव्यवस्था का कौन सा भाग वैश्वीकरण के आने के बाद की अभी पिछड़ा है ?
6. भारत में नई आर्थिक नीति कब लागू की गई ?
7. डब्लू. टी. ओ. का प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?
8. निवेश को परिभाषित कीजिए।
9. उदारीकरण किसे कहते हैं ?
10. विदेशी निवेश की परिभाषा दीजिए ?

उत्तरः–

1. **बहुराष्ट्रीय कंपनीः**– एक कंपनी जो एक या एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण या स्वामित्व रखती है, बहुराष्ट्रीय कम्पनी कहलाती है।
2. **निजीकरणः**– सार्वजानिक क्षेत्रा की कम्पनियों को चरणबद्ध तरीके से निजी क्षेत्र में बेचना निजीकरण कहलाता है।
3. **सेज (SEZ)**:– किसी विशेष क्षेत्र में अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान कर विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करता।
4. **वैश्वीकरणः**– अपने देश की अर्थव्यवस्था का संसार के अन्य देशो की अर्थव्यवस्था के साथ सामंजस्य स्थापित करना। वैश्वीकरण कहलाता हैं ?
5. कृषि
6. 1991 में

7. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O) का प्रमुख उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है।

8. निवेशः परिसंपत्तियों जैसे-भूमि, भवन, मशीन और अन्य उपकरणों की खरीद में व्यय की गई मुद्रा में निवेश कहते हैं।

9. सरकार द्वारा अवरोधों और प्रतिबंधों को हराने की प्रक्रिया को उदारीकरण कहा जाता है।

10. विदेशी निवेशः- बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को विदेशी निवेश कहते हैं।

खाली स्थान भरोः-

1. सरकार द्वारा अवरोधों और प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया को ..... कहा जाता है।

2. ..... ने फोर्ड मोटर्ल के साथ भारतीय मोटर गाड़ी उद्योग में साझेदारी की है।

3. ..... को 'कारगिल फूडस' ने खरीदा है।

4. 'फोर्ड मोटर्स' भारत में सन् ..... में स्थापित की गई हैं।

5. भारत ने नई आर्थिक नीति को सन् .....में अपनाया था।

6. सेज़ (SEZ) की फुल फार्म .....।

7. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O) का फुल फार्म.....।

8. वह कंपनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण रखती है वह ..... कहलाती है।

सही को चुनेंः-

9. वैश्वीकरण ने निम्नलिखित में से किस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है?

(क) बड़े उत्पादक (ख) छोटे उत्पादक

(ग) ग्रामीण निर्धन (घ) इनमें से कोई नहीं।

10. निम्न में से कौन सा व्यापार अवरोधक का उदाहरण हैं?

(क) विदेशी निवेश (ख) सामान में देरी या क्षति

(ग) आयात पर शुल्क (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः–

1. उदारीकरण
2. महिन्द्रा एंड महिन्द्रा
3. पारेख फूड्स
4. 1995
5. 1992
6. Special Economic Zone
7. विश्व व्यापार संगठन
8. बहुराष्ट्रीय कम्पनी
9. छोटे उत्पादक
10. आयात पर शुल्क

दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. वैश्वीकरण की परिभाषा दीजिए एवं वैश्वीकरण के प्रभावों के विषय में भारत के संदर्भ में तर्क सहित समझाइए।
2. डब्लू. टी. ओ. की परिभाषा दीजिए एवं डब्लू. टी. ओ. के उद्देश्यों की व्याख्या करे।
3. वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने मे प्रौद्योगिकी की भूमिका समझाएँ।
4. निवेश क्या हैं? विदेशी निवेश इससे अलग कैसे हैं?
5. उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीति अपनाने के फलस्वरूप भारत में कौन कौन से मुख्य परिवर्तन आए हैं?
6. वैश्वीकरण से भारतीय कंपनियों को क्या फायदे हुए है। विस्तार से चर्चा करें।
7. वैश्वीकरण के द्वारा भारत के हर राज्य को फायदा नहीं पहुँचा है ''इस कथन को समझाएँ''।
8. वैश्वीकरण का आप लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है। चर्चा करें।
9. बहुराष्ट्रीय कंपनी किस प्रकार अपने उत्पादन पर नियन्त्रण रखती है?

10. किन कारणों से भारत में आर्थिक सुधार की आवश्यकता पड़ी ? विस्तार से चर्चा कर समझाएँ।

उत्तरः–

1. स्मरणीय तथ्यों की मदद से स्वयं करें
2. स्मरणीय तथ्यों की मदद से स्वयं करें
3. स्मरणीय तथ्यों की मदद से स्वयं करें
4. स्मरणीय तथ्यों की मदद से स्वयं करें
5. उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीति से निम्न परिवर्तन आए हैं।
   - निजी निवेश बढ़ने का अधिक अवसर
   - विदेशी विनियम कोष बढ़ जाए।
   - आई.टी. उद्योग का विस्तार।
   - सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी
6. स्मरणीय तथ्यों की मदद से करें।
7. स्मरणीय तथ्यों की मदद से स्वयं करें
8. उपभोक्ता के पास पहले से अधिक विकल्प।
   - उपभोक्ता को कम कीमत पर अधिक गुणवत्ता
   - लोग पहले की तुलना में आज उच्चतर जीवन स्तर का मजा ले रहे हैं।
   - उद्योगों और सेवाओं में नये रोजगार उत्पन्न हुए है।
9. उत्पादन पर नियंत्रण करने की विधियाँः
   1. संयुक्त उपक्रम विधि
   2. स्थानीय कंपनियों को खरीदना।
   3. छोटे उत्पादकों से माल खरीदना।

4. अपने ब्रांड का इस्तेमाल।

10. (क) राजकोषीय घाटे में वृद्धि।

(ख) प्रतिकूल भुगतान संतुलन में वृद्धि।

(ग) विदेशी मुद्रा भंडार में कमी।

(घ) कीमतों में वृद्धि।

(ड.) भारतीय कंपनियों को तैयार करना।

अभ्यास प्रश्न पत्र-1 (कक्षा 10)

सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा **पूर्णांक 80**

1. यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित हैं- खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ, खण्ड ड.।
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।
4. प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।
5. प्रश्न संख्या 1 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
6. प्रश्न संख्या 17 से 22, प्रत्येक 3 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नही होने चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 23 से 26 स्रोत आधारित प्रश्न प्रत्येक 4 अंकों के हैं।
8. प्रश्न संख्या 27 से 31,प्रत्येक 5 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
9. प्रश्न संख्या 32 एक मानचित्र आधारित प्रश्न (5 अंको का) है, जिसके दो भाग - 32A इतिहास (2 अंक) और 32B भूगोल (3 अंक) हैं।
10. मानचित्र आधारित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 एवं कुछ चित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए है।

खण्ड क

1. सही मिलान की पहचान कीजिए।

   (a) मार्टिन लूथर किंग - जापान

   (b) मार्को पोलो - इटली

   (c) लुई सेबेस्तिएं मर्सिए - ब्रिटेन

   (d) राजा राममोहन राय - फ्रांस

2. नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए है एक संकल्पना (स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

   संकल्पना (स): महात्मा गांधी ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया।

   कारण (क): 1931 में गाँधी- इरविन समझौता हुआ।

विकल्पः

   (a) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या हैं।

   (b) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही है परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

   (c) संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।

   (d) संकल्पना (स) गलत है परन्तु कारण (क) सही है।

3. सूचना का अधिकार किस वर्ष लागू किया गया ?

   (a) 2000 (b) 2001

   (c) 2004 (d) 2005

4. रेखांकित वाक्यांश को सही करके पुनः लिखिए।

   एक देश जिसमें जीवनस्तर, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से बेहतर माहौल है, उसे <u>विकासशील देश</u> के रूप में जाना जाता हैं।

5. वनोन्मूलन क्या हैं ?

6. सत्य व असत्य बताइए।

कांडला भारत का सबसे बड़ा पत्तन है।

7. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

सरकार द्वारा व्यापार अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया को ..... कहते हैं।

8. निम्नलिखित में से कौन सा एक संघ सूची का विषय नहीं है ?

1. रक्षा 2. कृषि

3. संचार 4. व्यापार

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 2

9. 'सुनहरा रेशा' किस फसल को कहा जाता है ?

अथवा

किसी एक 'जायद' फसल का उदाहरण लिखिए।

10. लौह अयस्क की सर्वोत्तम किस्म कौन सी है ?

अथवा

चूना पत्थर किस उद्योग का आधारभूत कच्चा माल हैं ?

11. मान लीजिए आपको दिल्ली से चेन्नई आपातकालीन चिकित्सकीय सहायता हेतु जाना है। इस प्रकार की आपातकालीन चिकित्सकीय परिस्थितियों में परिवहन का कौन-सा साधन आपके लिए अधिक सहायक साबित होगा ?

अथवा

मान लीजिए आपको दिल्ली में अपने घर से उसी शहर में अपने किसी मित्र के घर जाना है। परिवहन का कौन-से साधन का प्रकार आपके लिए अधिक सहायक साबित होगा ?

12. इकबाल एवं उसके परिवारिक के पाँच सदस्य मिलकर कृषि कार्य करते है एवं 50 टन गेहूँ का उत्पादन करते है। किसी पारिवारिक झगड़े के कारण परिवार के दो सदस्य पारिवारिक व्यवस्था को छोड़ देते हैं। फिर भी परिवार के शेष सदस्य 50 टन गेहूँ का उत्पादन कर लेते है। बताइए परिवार के दो सदस्य किस प्रकार की बेरोजगारी के शिकार थे?

13. कौन सी दलीय व्यवस्था को लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं माना जाता है?

14. बोलिविया के जल युद्ध के क्या कारण थे?

15. हमारे संविधान के अनुसार, अवशिष्ट विषयों पर कानून बनाने की शक्ति किसके पास हैं?

16. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था?

खण्ड ख

17. ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के क्या प्रभाव पड़े।

अथवा

जॉबर कौन थे? नई कारखाना प्रणाली में उनकी क्या स्थिति थी?

18. लोकतंत्र शासन करने के अन्य विकल्पों से बेहतर किस प्रकार है?

19. आपकी जेब में मौजूद धन उन सभी वस्तुओं और सेवाओं को नहीं खरीद सकता है जिनकी आपको बेहतर जीवन जीने के लिए आवश्यकता हो सकती है। क्या यह सच हैं? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'पर्यावरणीय क्षरण के परिणाम राष्ट्रीय या राज्य की सीमाओं का सम्मान नहीं करते है। कथन की न्यायसंगत व्याख्या कीजिये।

20. उदाहरण देते हुए समझाइए कि भारत में किस प्रकार लैंगिक असमानता अभी भी जारी है?

21. सत्ता में साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है कथन की पुष्टि कीजिए।

22. सड़क परिवहन, रेल परिवहन से अधिक महत्वपूर्ण क्यों हैं ?

खण्ड ग

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

23. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरूआती दशकों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित उदारवाद से करीब से जुड़े थे। उदारवाद यानी Liberalism शब्द लातिन भाषा के मूल Liber पर आधरित है जिसका अर्थ है आजाद। नए मध्य वर्गों के लिए उदारवाद का मतलब था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी। राजनीतिक रूप से उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो सहमति से बनी हो। फ्रांसीसी क्रांति के बाद से उदारवाद निरंकुश शासक और पादरीवर्ग के विशेषधिकारों की समाप्ति, संविधान तथा संसदीय प्रतिनिधि सरकार का पक्षधर था। उन्नीसवीं सदी के उदारवादी निजी संपत्ति के स्वामित्व की अनिवार्यता पर भी बल देते थे। लेकिन यह जरूरी नहीं था कि कानून के समक्ष बराबरी का विचार सबके लिए मताधिकार (Suffrage) के पक्ष में था। आप याद करें कि क्रांतिकारी फ्रांस उदारवादी प्रजातंत्र का पहला राजनीतिक प्रयोग था और वहाँ मद देने और चुने जाने का अधिकार केवल संपत्तिवान पुरूषों को ही हासिल था। संपत्ति-विहीन पुरूष और सभी महिलाओं को राजनीतिक अधिकारों से वंचित रखा गया था। मगर नेपोलियन की संहिता पुनः सीमित मताधिकार वापस आई और उसने महिलओं को अवस्यक दर्जा देते हुए पिताओं और पतियों के अधीन कर दिया। संपूर्ण उन्नीसवीं सदी तथा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षो में महिलाओं और संपत्ति-विहीन पुरूषों ने समान राजनीतिक अधिकारों की माँग करते हुए विरोधी-आंदोलन चलाए।

(i) राजनीतिक रूप से उदारवादी किस प्रकार की सरकार पर जोर देते थे ?

(a) निरंकुश (b) सहमति के आधार पर

(c) उपरोक्त दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) उदारवाद से आप क्या समझते है ?

(iii) .....संहिता के माध्यम से सीमित मताधिकार की वापसी हुई।

(iv) उदारवादी प्रजातंत्र का पहला प्रयोग कौन-सा देश था ?

24. मुद्रण की सबसे पहली तकनीकी चीन जापान और कोरिया में विकसीत हुई। यह छपाई हाथ से होती थी। तकरीबन 594 ई. से चीन में स्याही लगे काठ के ब्लॉक या तख्ती पर कागज़ को रगड़कर किताबें छापी जाने लगी थीं। चूँकि पतले, छिद्रित कागज़ के दोनों तरफ छपाई संभव नहीं थी, इसलिए पारंपरिक चीनी किताब एकॉडियन शैली में, किनारों को मोड़ने के बाद सिल कर बनाई जाती थी। किताबों का लेखन या खुशनवीसी करनेवाले लोग दक्ष सुलेखक या खुशखत होते थे जो हाथ से बड़े सुन्दर -सुडौल अक्षरों में सही-सही कलात्मक लिखाई करते थे। एक लम्बे अरसे तक मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक चीनी राजतंत्र था। सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त चीन की नौकरशाही भी विशालकाय थी, तो चीनी राजतंत्र इन परीक्षाओं के लिए बड़ी तादाद में किताबें छपवाता था। सोलहवीं सदी में परीक्षा देने वालों की तादाद बढ़ी, लिहाजा, छपी किताबों की मात्रा भी उसी अनुपात में बढ़ गई।

(i). निम्नलिखित में से किस देश में मुद्रण की तकनीक आरम्भ में विकसित नहीं हुई थी।

(a) भारत (b) चीन

(c) जापान (d) कोरिया

(ii). एकॉर्डियन शैली से आप क्या समझते हैं ?

(iii) चीन बड़ी मात्रा में मुद्रित सामग्री का उत्पादन क्यों करता था ?

(iv) खुशनवीस क्या कार्य करते थे ?

25. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है। इसलिए भारत जैसे देश में जहाँ संसाधनों की उपलब्धता में बहुत अधिक विविधता है, यह और भी महत्वपूर्ण है। यहाँ ऐसे प्रदेश भी है जहाँ एक तरह के संसाधनों की प्रचुरता है, परंतु दूसरे तरह के संसाधनों की कमी हैं कुछ ऐसे प्रदेश भी है जो संसाधनों की उपलब्धता के संदर्भ में आत्मनिर्भर हैं और कुछ ऐसे भी प्रदेश है जहाँ महत्वपूर्ण संसाधनों की अत्यधिक कमी है। उदाहरणार्थ, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों में खनिजों और कोयले के प्रचुर भंडार हैं। अरूणाचल प्रदेश में जल संसाधन प्रचुर मात्रा में पाए जाते है,परंतु मूल विकास की कमी है। राजस्थान में पवन और सौर ऊर्जा संसाधनों की बहुतायत है, लेकिन जल संसाधनों की कमी है। लद्दाख का शीत मरूस्थल देश के अन्य भागों से अलग-थलग पड़ता हैं। यह प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का धनी हैं परंतु यहाँ जल, आधारभूत अवसंरचना तथा कुछ महत्वपूर्ण खनिजों की कमी है। इसलिए राष्ट्रीय, प्रांतीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन की आवश्यकता हैं।

(i) भारत में निम्नलिखित में से कौन से प्रदेश में कोयले के प्रचुर भंडार नहीं है ?

(a) मध्य प्रदेश (b) छत्तीसगढ़

(c) झारखंड (d) राजस्थान

(ii) भारत के निम्नलिखित में से कौन से प्रदेश में जल के प्रचुर भंडार हैं ?

(a) राजस्थान (b) लद्दाख

(c) अरूणाचल प्रदेश (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii) संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है ?

(iv) लद्दाख की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

26. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है। यह

अधिकाधिक विदेशी निवेश और विदेश व्यापार के द्वारा संभव हो रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ वैश्वीकरण की प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभा रही है। अधिक से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विश्व के उन स्थानों की खोज कर रही है, जो उनके उत्पादन के लिए ज्यादा सस्ते हों। परिणामतः उत्पादन कार्य जटिल ढंग से संगठित किया जा रहा है। देशों के बीच उत्पादन को संगठित करने में प्रौद्योगिकी, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी ने एक बड़ी भूमिका निभायी है। साथ ही, व्यापार और निवेश के उदारीकरण ने व्यापार और निवेश अवरोधकों को हटाकर वैश्वीकरण को सुगम बनाया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, विश्व व्यापार संगठन ने व्यापार और निवेश के उदारीकरण के लिए विकासशील देशों पर दबाव डाला है। जबकि वैश्वीकरण से धनी उपभोक्ता और कुशल, शिक्षित एवं धनी उत्पादक ही लाभान्वित हुए हैं परन्तु बढ़ती प्रतिस्पर्धा से अनेक छोटे उत्पादक और श्रमिक प्रभावित हुए हैं। न्यायसंगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसरों का सृजन करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि वैश्वीकरण के लाभों में सभी की बेहतर हिस्सेदारी हो।

(I) वैश्वीकरण को अपने शब्दों में परिभाषित कीजिए।

(II) वैश्वीकरण की प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

(III) प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण में किस प्रकार सहायता प्रदान की हैं ?

(IV) न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए कुछ उपाय सुझाइए।

खण्ड घ

27. साख से आप क्या समझते है ? साख किस प्रकार संपत्ति एवं ऋणजाल दोनों की भूमिका निभा सकता है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

स्वयं सहायता समूहों के महत्व की व्याख्या कीजिए।

28. भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है।

क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।

अथवा

संघीय व्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताओं को लिखिए।

29. उन्नीसवीं शताब्दी में महिलाओं के चित्र किस प्रकार राष्ट्रवाद के रूपक में परिवर्तित हो गए। उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

30. अपने दैनिक क्षेत्र से उदाहरण लेते हुए, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रक की गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

31. किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योग के विकास से क्यो मापी जाती है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

खण्ड–ड

मानचित्र कार्य

32. A भारत के राजनीतिक मानचित्र में A और B दो बिन्दु अंकित किए गए है। इन बिन्दुओ को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गयी रेखाओं पर लिखिए।

(a) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नील कृषि के विरूद्ध आंदोलन आरम्भ किया।

(b) वह स्थान जहाँ सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

32. B भारत के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए–

(a) नरौरा नाभिकीय संयंत्र

(b) सरदार सरोवर बाँध

(c) काकरापारा नाभिकीय संयंत्र

(d) सिंगरौली तापीय केन्द्र

(e) कांडला पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है। (कोई पाँच करे।)

(a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गांधी ने नील कृषि के विरूद्ध आंदोलन आरम्भ किया ?

(b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस ने दिसम्बर 1920 में अधिवेशन आयोजित किया ?

(c) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ हुई घटना के बाद महात्मा गाँधी ने बीच में ही असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया ?

(d) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरौरा परमाणु संयंत्र स्थापित है।

(e) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सरदार सरोवर बाँध स्थापित है।

(f) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ काकरापारा नाभिकीय संयंत्र स्थापित है।

(g) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांडला पत्तन स्थापित हैं।


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
A
B
Tropic of Cancer
© Government of India Copyright, 2018.
Publisher
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

अंक योजना

अभ्यास प्रश्न पत्र-1

कक्षा-10 **सामाजिक विज्ञान** **पूर्णांक 80**

खंड - क

1. मार्कोपोला - इटली
2. (A) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एव कारण संकल्पना की सही व्याख्या है।
3. (D) 2005
4. एक देश जिसमें जीवन स्तर, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से बेहतर माहौल है, उसे विकसित देश के रूप में जाना जाता हैं।
5. वृक्षों को काटना
6. असत्य
7. उदारीकरण
8. (B) केवल 2 और 4
9. जूट

   अथवा

   खीरा (कोई अन्य)
10. मैगनेटाइट

    अथवा

    सीमेंट
11. वायु परिवहन

    अथवा

सड़क परिवहन

12. प्रच्छन्न बेरोजगारी

13. एक दलीय व्यवस्था

14. जल वितरण की व्यवस्था के निजीकरण के खिलाफ।

15. केन्द्र सरकार के पास

16. नस्लीय भेदभाव खत्म करना

खंड - ख

17. (i) युद्ध के बाद भारतीय बाजार में अपनी वर्चस्व वाली स्थिति को प्राप्त करना ब्रिटेन के लिए कठिन हो गया।

(ii) ब्रिटेन को विश्व स्तर पर अब जापान से भी मुकाबला करना था।

(iii) अमेरिका से लिए गए कर्ज की वजह से ब्रिटेन युद्ध के बाद भारी विदेशी कर्ज में डूब गया।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु)

अथवा

(i) उद्योगपतियों ने मजदूरों की भर्ती के लिए जाबर रखा था।

(ii) ये उद्योगपतियों का कोई पुराना विश्वासी कर्मचारी होता था।

(iii) वह गाँव के लोगों को काम का भरोसा देता तथा शहर में बसने के लिए मदद देता था।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु)

18. (i) लोकतन्त्र नागरिकों की गरिमा और आजादी को बढ़ावा देता है।

(ii) लोकतन्त्र उत्तरदायी , जिम्मेदार और वैध शासन व्यवस्था है।

(iii) लोकतंत्र में सामाजिक विविधताओं का सामंजस्य बेहतर तरीके से होता है।

19. हाँ क्योंकि,

(i) धन से केवल जीवन की आवश्यकताएं ही पूरी की जा सकती है।

(ii) जीवन जीने के लिए और भी महत्वपूर्ण चीजों की जरूरत होती है जैसे- स्वच्छ वातावरण नहीं खरीदा जा सकता।

(iii) धन से व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से भी नहीं बच सकता जबतक कि पूरा समुदाय इनसे बचने के लिए कदम नहीं उठा ले। COVID -19 से यह बात पूरी तरह से सत्य जान पड़ती हैं।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु)

अथवा

पर्यावरणीय क्षरण के परिणाम राष्ट्रीय या राज्य की सीमाओं का सम्मान नहीं करते क्योंकि

(i) पर्यावरणीय क्षरण राष्ट्रीय या क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दा है।

(ii) पर्यावरणीय क्षरण का प्रभाव सभी देशों पर पड़ता है। जैसे भूमंडलीय तापन, अम्ल वर्षा आदि।

(iii) पर्यावरणीय क्षरण से जुड़ी समस्याओं को मिलजुलकर सुलझाने की जरूरत है।

(कोई और महत्वपूर्ण बिन्दु)

20. (i) महिलाओं की साक्षरता दर अभी भी पुरूषों से कम।

(ii) पुरूषों की तुलना में महिलाओं की मजदूरी कम है।

(iii) लिंग अनुपात में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की कम संख्या।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु)

21. (i) प्रस्तुत कथन सत्ता में साझेदारी की आवश्यकता को दर्शाता है।

(ii) लोकतंत्र का अर्थ ही होता हैं की जो लोग इस शासन-व्यवस्था के अंतर्गत

है। उनके बीच सत्ता को बाँटा जाए।

(iii) सता की साझेदारी से शासन की वैधता बढ़ जाती है।

(iv) सत्ता की साझेदारी सामाजिक टकरावों को रोक पाती हैं।

(कोई और महत्वपूर्ण बिन्दु)

22. (i) रेलवे की अपेक्षा निर्माण लगात बहुत ही कम है।

(ii) अपेक्षाकृत उबड़ - खाबड़ स्थानों पर भी सड़के बनाई जा सकती हैं।

(iii) अपेक्षाकृत कम लोगों, कम दूरी व कम वस्तुओं के परिवहन में सड़क मार्ग से खर्च कम होता है।

(iv) सड़क परिवहन लोगों को घर घर तक सेवाएँ उपलब्ध करवाता है।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु)

अथवा

(i) पर्यटन बहुत बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

(ii) यह स्थानीय हस्तकला व सांस्कृतिक उद्यमों को प्रश्रय देता है।

(iii) पर्यटन से देश को विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

(कोई और महत्वपूर्ण बिन्दु)

खंड-ग

23. (i) (B) सहमति के आधार पर

(ii) उदारवाद लातिन भाषा के liber शब्द पर आधारित है जिसका अर्थ होता है आजाद। नए उभरते मध्य वर्ग के लिए उदारवाद का अर्थ था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष बराबरी। राजनीतिक रूप से उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो सहमति से बनी हो।

(iii) नेपोलियन

(iv) फ्रांस

24. (i) a भारत

(ii) पारंपरिक चीनी किताब की शैली जिसमे किनारों को मोड़ने के बाद सिल कर बनाई जाती थी।

(iii) प्रशासनिक व्यवस्था परीक्षा के लिए।

(iv) सुलेखन कार्य करने वाले।

25. (i) (D) राजस्थान

(ii) (C) अरूणाचल प्रदेश

(iii) भारत में संसाधनों की उपलब्धता में बहुत विविधता है। कुछ क्षेत्र संसाधनों से संपन्न हैं जबकि कुछ क्षेत्रों में संसाधनों की कमी हैं। इसलिए राष्ट्रीय, प्रांतीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन की आवश्यकता हैं।

(iv) लद्दाख एक शीत मरूस्थल है। और सांस्कृति विरासत का धनी है परंतु यहाँ जल, आधारभूत अवसंरचना तथा महत्वपूर्ण खनिजों का अभाव हैं।

26. (i) वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच एकीकरण की प्रक्रिया है जो विदेशी निवेश और विदेशी व्यापार के द्वारा संभव हो रहा है।

(ii) बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ उत्पादन के लिए सस्ते क्षेत्रों की खोज करती हैं और अलग - अलग स्थानों पर उत्पादन करती है। जिससे उत्पादन कार्य जटिल हो गया है।

(iii) प्रौद्योगिकी ने उत्पादन को सुगम बनाया है और सूचना प्रौद्योगिकी ने उत्पादन प्रक्रिया को आपस में जोड़ दिया है।

(iv) सभी के लिए समान अवसरों का सृजन हो और यह सुनिश्चित किया जाए की वैश्वीकरण के लाभों में सभी की बेहतर हिस्सेदारी हो।

खंड (घ)

27. साख -साख (ऋण/उधार) का तात्पर्य एक सहमति से है जहाँ साहूकार कर्जदार

को धन, वस्तुएँ या सेवाएँ मुहैया करता है और बदले में भविष्य में कर्जदार से भुगतान करने का वादा लेता है।

संपति के रूप में साख- कोई भी व्यापार या उत्पादन कार्य करने के लिए कार्यशील पूँजी की जरूरत होती है जो की ऋण के द्वारा पूरी की जाती है। ऋण उत्पादन के कार्यशील खर्चों तथा उत्पादन को समय पर पूरा करने में मदद करता है और व्यापारी/उत्पादक अपनी कमाई बढ़ा पाता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति की स्थिति बेहतर होती है। इस प्रकार ऋण एक महत्वपूर्ण तथा सकारात्मक भूमिका अदा करता हैं।

ऋणजाल के रूप में साखः- कभी कभी अपनी कार्यशील पूँजी की जरूरत को पूरा करने के लिए ऋण तो लिया जाता है लेकिन अपेक्षित आय नहीं होने की स्थिति में नुकसान सहना पड़ता है। जैसे- फसल उगाने के लिए ऋण लिया जाए और फसल खराब हो जाए और कर्ज चुकाने में व्यक्ति की स्थिति पहले से और खराब हो जाए। ऐसी स्थिति में ऋण कर्जदार को ऐसी परिस्थिति में धकेल देता हैं, जहाँ से बाहर निकलना काफी कष्टदायक होता है।

अथवा

स्वयं सहायता समूहों का महत्व-

(i) स्वयं सहायता समूहों का विचार गरीबों खासकर महिलाओं को छोटे-छोटे स्वयं सहायता समूहों में संगठित करने और उनकी बचत पूँजी को एकत्रित करने पर आधारित है।

(ii) नियमित बचत के बाद समूह को बैंक से ऋण भी मिल जाती है जिसका उपयोग समूह स्वरोजगार के अवसरों का सृजन करना होता है।

(iii) स्वयं सहायता समूह कर्जदारों को ऋणाधार के कमी की समस्या से उबरने मे मदद करते हैं और समयानुसार और आवश्यकतानुसार ऋण उपलब्ध करवाते हैं।

(iv) इन समूहों की ब्याज की दर कम होती है जिससे ग्रामीणों के ऋण के जाल में फंसने का खतरा दूर हो जाता है।

(v) ये समूहों ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को संगठित करने में मदद करते हैं।

(vi) इन समूहों से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो जाती है बल्कि समूह की नियमित बैठकों में लोगों को एक मंच मिलता है जहाँ वे तरह -तरह के सामाजिक विषयों जैसे- स्वास्थ्य, पोषण और घरेलू हिंसा इत्यादि पर आपस में चर्चा कर पाती हैं। हाँ, क्योंकि,

(i) क्षेत्रीय दलों के उभार से केंद्र-राज्य संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव आए।

(ii) पहले केंद्र और राज्यों में एक ही दल की सरकार थी और इस कारण राज्य सरकारों ने स्वायत संघीय इकाइ के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं किया। जब केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें रही तो अक्सर राज्यों के अधिकारों की अनदेखी करने की कोशिश की गई।

(iii) 1990 के बाद क्षेत्रीय दलों का उभार हुआ और केंद्र में गठबंधन सरकार की शुरूआत हुई।

(v) गठबंधन सरकारों के युग में सत्ता में साझेदारी और राज्य सरकारी की स्वयतता का आदर करने की संस्कृति का उदय हुआ।

(vi) राज्य सरकारों को मनमाने ढंग से भंग करना केंद्र सरकार के लिए मुश्किल हो गया।

(vii) इस प्रकार इस दौर में सत्ता में साझेदारी जो की लोकतंत्र की आत्मा है, ज्यादा प्रभावी तरीके से लागू ही पाया।

अथवा

संघीय व्यवस्था के प्रमुख विशेषताएँः-

(i) यहाँ सरकार दो या अधिक स्तरों वाली होती है।

(ii) अलग-अलग स्तर की सरकारों की कानून बनाने, कर वसूलने और अन्य विषयों पर उनके अधिकार-क्षेत्र बंटे होते है।

(iii) विभिन्न स्तर की सरकारों के अधिकार-क्षेत्र संविधान में स्पष्ट रूप से

वर्णित होते है।

(iv) संविधान के मौलिक प्रावधानों को किसी एक स्तर की सरकार नहीं बदल सकती है।

(v) विभिन्न स्तर की सरकारों के बीच अधिकारों के विवाद की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय निर्णायक की भूमिका निभाता है।

(vi) अलग-अलग स्तर की सरकारों के राजस्व के अलग-अलग स्रोत निर्धारित होते है।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु)

29. (i) 19वीं सदी में यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय के बाद राष्ट्र को अभिव्यक्त करने की चुनौती आई।

(ii) कलाकारों ने राष्ट्र का मानवीकरण करके इस प्रश्न को हल किया।

(iii) उन्होंने एक देश को कुछ ऐसा चित्रित किया जैसे वह कोई व्यक्ति हो।

(iv) उस समय राष्ट्रों को नारी वेष में प्रस्तुत किया जाता था लेकिन वह असल जीवन में कोई वास्तविक महिला नहीं थी। यह केवल राष्ट्र के अमूर्त विचार को ठोस रूप देने का प्रयास था। इस प्रकार, नारी की छवि राष्ट्र का रूपक बन गई।

(v) फ्रांस में उसे लोकप्रिय इसाई नाम मारियन दिया गया जिसने जन-राष्ट्र के विचार को रेखांकित किया। उसके चिन्ह भी स्वतंत्रता और गणतंत्र के थे- लाल टोपी, तिरंगा और कलगी।

(vi) इसी तरह जर्मेनिया, जर्मन राष्ट्र की रूपक बन गई। जेर्मेनिया बलूत वृक्ष के पत्तों का मुकुट पहनती है क्योंकि बलूत वीरता का प्रतीक है।

30. (i) निजी क्षेत्रक में परिसम्पतियाँ पर स्वामित्व और सेवाओं के वितरण की जिम्मेदारी एक व्यक्ति या कंपनी के हाथों में होता है जबकि सार्वजनिक क्षेत्रक में, अधिकांश परिसम्पतियों पर सरकार का स्वामित्व होता है।

(ii) निजी क्षेत्रक के उदाहरण हैं- टाटा, रिलायंस जैसी कंपनियां, वहीं सार्वजनिक क्षेत्रक के उदाहरण हैं- रेलवे, डाकघर आदि।

(iii) निजी क्षेत्रक की गतिविधियों का ध्येय लाभ कमाना होता है जबकि सार्वजनिक क्षेत्रक का ध्येय केवल लाभ कमाना नहीं होता है।

(iv) कुछ चीजें निजी क्षेत्रक उचित कीमत पर उपलब्ध नहीं करवा सकता इसलिए सार्वजनिक क्षेत्रक इन चीजों/सुविधाओं को उपलब्ध कराती है जैसे-सड़कों, पूलों, रेलवे आदि का निर्माण।

(v) कुछ गतिविधियों सरकार सामाजिक कल्याण के लिए चलाती हैं जैसे-विद्यालयों तथा अस्पतालों का निर्माण तथा चलाना। जब निजी क्षेत्र विद्यालय या अस्पताल चलाते हैं तो उसके लिए शुल्क लेते हैं।

31. विनिर्माण उद्योग से किसी देश के आर्थिक विकास को मापा जाता है क्योंकि-

(i) विनिर्माण उद्योग कृषि के आधुनिकीकरण में सहायक है इससे कृषि उत्पादन बढ़ता है।

(ii) यह द्वितीयक व तृतीयक सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराकर कृषि पर हमारी निर्भरता को कम करते है।

(iii) देश में औद्योगिक विकास बेरोजगारी तथा गरीबी के उन्मूलन के एक आवश्यक शर्त है।

(vi) विनिर्माण उद्योगों से बनी वस्तुओं के निर्यात से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

(v) वे देश ही विकसित हैं जो कच्चे माल को विभिन्न तथा अधिक मूल्यवान तैयार माल में विनिर्मित करते हैं। भारत के विकास विविध व शीघ्र औद्योगिक विकास से निहित है।

खंड-ड़

32. केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए

(a) चंपारण (b) गुजरात

(c) नागपुर (d) गुजरात

(c) चौरी चौरा (g) गुजरात

(d) उत्तर प्रदेश

INDIA
POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
राजनैतिक और पड़ोसी देश
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)
Class
Roll No.
Teacher Signature

अभ्यास प्रश्न पत्र 2

कक्षा 10

सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा **पूर्णंक 80**

1. यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है- खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ, खण्ड ड़,
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।
4. प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखें हुए हैं।
5. प्रश्न संख्या 1 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
6. प्रश्न संख्या 17 से 22, प्रत्येक 3 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 23 से 26, स्रोत आधारित प्रश्न प्रत्येक 4 अंकों के हैं।
8. प्रश्न संख्या 27 से 31, प्रत्येक 5 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
9. प्रश्न संख्या 32 एक मानचित्र आधारित प्रश्न (5 अंकों का)हैं, जिसके दो भाग–32-A इतिहास (2 अंक) और 32 B भूगोल (3 अंक) हैं।

खण्ड क

प्र.1 श्रीमान जय एक काल्पनिक देश पालमपुर के निवासी हैं। वह एक विकसित

देश है। निम्नलिखित में से कौन-सी एक उनके देश की विशेषता है?

1. औद्योगिकीकरण की तीव्र रफ्तार व उच्च प्रति व्यक्ति आय

2. उच्च शिशु मृत्यु दर

3. उच्च मानव विकास सूचकांक

4. उच्च सकल घरेलू उत्पाद

(a) सिर्फ 1 सही है।

(b) सिर्फ 2 सही है।

(c) सिर्फ 1, 3 व 4 सही है।

(d) सभी कथन सत्य है।

प्र.2 पाठको की संख्या बढ़ाने के लिए पुस्तकों के किस प्रकार के संस्करण पर विशेष बल दिया गया?

प्र.3 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

एक वस्तु का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन ..... क्षेत्रक की गतिविधि है। (प्राथमिक/द्वितीयक/तृतीयक)

प्र.4 सत्य व असत्य बताइए।

मैक्सिकों ओलंपिक में टॉमी स्मिथ द्वारा पहना गया काला मफलर अश्वेत शक्ति का प्रतीक था।

प्र.5 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

संकल्पना (स): जातिवाद लोकतंत्र के लिए एक चुनौती है।

कारण (क): चुनावों में लोग जाति के आधार पर वोट करते हैं।

विकल्प

(a) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

(b) संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

(c) संकल्पना (स) है एवं कारण (क) गलत है।

(d) संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

प्र.6 सही मिलान का चयन कीजिए।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	कमल
भारतीय जनता पार्टी	हाथ
बहुजन समाज पार्टी	हाथी
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	साइकिल

प्र.7 निम्नलिखित संकेतों के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए।

रंग–काला	कपास की कृषि के लिए उपयुक्त	आयरन, चूना, एल्युमीनियम व मैग्निशियम की बहुलता

प्र.8 उदारीकरण शब्द से आप क्या समझते हैं?

अथवा

वैश्वीकरण में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका को लिखिए।

प्र.9 साख के औपचारिक स्रोतों का निरीक्षण क्यों आवश्यक है?

अथवा

गरीबों को बैंको से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई किन कारणों से होता है?

प्र.10 हरित क्रांति को परिभाषित कीजिए।

अथवा

श्वेत क्रांति को परिभाषित कीजिए।

प्र.11 नीचे दी गई परिस्थिति का अध्ययन कीजिए और बताइए कि नरेश किस क्षेत्रक में कार्यरत है ?

विशेषताएँ	**सुविधाएँ**
नौकरी की सुरक्षा	नहीं
स्वास्थ्य सुविधा	नहीं
काम के निश्चित घण्टे	नहीं

प्र.12 राजेश के देश में निम्नलिखित विशेषताएँ हैं। बताइए राजेश लोकतांत्रिक देश में है अथवा अलोकतांत्रिक।

नागरिकों में समानता को देता है।	व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा देता है।	त्रुटि-सुधार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं।

प्र.13 बताइए नीचे दिए गए विषयों पर कानून बनाने का अधिकार किस सरकार के पास है ?

विवाह, शिक्षा, जंगल

प्र.14 दल-बदल से आप क्या समझते हैं ?

प्र.15 क्या आप को लगता है कि यदि श्रीलंका में सिंहली की जगह तमिल को राजभाषा बनाया गया होता तो वहाँ जातीय तनाव नहीं होता ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

प्र.16 मान लीजिए आप भारत में पटसन का व्यापार करना चाहतें हैं। व्यवसाय के लिए आप भारत के किस राज्य का चयन करना चाहेंगें ? क्यों ?

खण्ड ख

प्र.17 ब्रेटन – वुड्स समझौते से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए गुमाश्तों को नियुक्त क्यों किया था ?

प्र.18 'मुंबई हाई क्यों प्रसिद्ध है ? देश की अर्थव्यवस्था में उसका क्या स्थान है ?'

अथवा

'प्राकृतिक गैस प्रदूषण रहित ऊर्जा का स्रोत हैं।' उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

प्र.19 भारत जैसे देश में संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग करने के लिए नियोजन एक व्यापक रूप से स्वीकृत रणनीति है। कथन का सत्यापन उचित उदाहरणों के माध्यम से कीजिए।

प्र.20 'कृषि और उद्योग एक दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक है।' स्पष्ट कीजिए।

प्र.21 भारत में विगत कुछ वर्षों में तीनों क्षेत्रकों के क्रियाकलाप में बदलाव आया है परन्तु यह बदलाव समान रूप से रोजगार के क्षेत्र में दृष्टिगोचर नहीं होता है। कथन की व्याख्या कीजिए।

प्र.22 'विकास के लक्ष्य भिन्न – भिन्न होते हैं और कभी-कभी ये परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं।' उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

खण्ड ग

स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

प्र.23 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जब अनेक दल सत्ता के लिए होड़ में हों और दो दलों से ज्यादा के लिए अपने

दम पर या दूसरों से गठबंधन करके सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो इसे बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं। भारत में भी ऐसी ही बहुदलीय व्यवस्था है। इस व्यवस्था में कई दल गठबंधन बनाकर भी सरकार बना सकते हैं। जब किसी बहुदलीय व्यवस्था में अनेक पार्टियाँ चुनाव लड़ने और सत्ता में आने के लिए आपस में हाथ मिला लेती हैं तो इसे गठबंधन या मोर्चा कहा जाता है। जैसे, 2004 के संसदीय चुनाव में भारत में ऐसे तीन प्रमुख गठबंधन थेः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन और वाम मोर्चा। अक्सर बहुदलीय व्यवस्था बहुत घालमेल वाली लगती है और देश को राजनीतिक अस्थिरता की तरफ ले जाती है पर इसके साथ ही इस प्रणाली में विभिन्न हितों और विचारों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल जाता है।

प्र.24 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक अमेरिकी कंपनी फोर्ड मोटर्स विश्व के 26 देशों में प्रसार के साथ विश्व की सबसे बड़ी मोटरगाड़ी निर्माता कंपनी है। फोर्ड मोटर्स 1995 में भारत आयी और चेन्नई के निकट 1,700 करोड़ रुपए का निवेश करके एक विशाल संयंत्र की स्थापना की। यह संयंत्र भारत में जीपों एवं ट्रकों के प्रमुख निर्माता महिन्द्रा एवं महिन्द्रा के सहयोग से स्थापित किया गया। वर्ष 2004 तक फोर्ड मोटर्स भारतीय बाजारों में 27,000 कारें बेच रही थी, जबकि 24,000 कारों का निर्यात भारत से दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको और ब्राजील किया गया। कंपनी विश्व के दूसरे देशों में अपने संयंत्रों के लिए फोर्ड इंडिया का विकास पुर्जा आपूर्ति केन्द्र के रूप में करना चाहती है।

(a) क्या आप मानते हैं कि फोर्ड मोटर्स एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है ? क्यों ?

(b) विदेशी निवेश क्या है ? फोर्ड मोटर्स ने भारत में कितना निवेश किया था ?

(c) फोर्ड मोटर्स भारत कब आई ?

(i) 1990

(ii) 1991

(iii) 1993

(iv) 1995

(d) भारत में फोर्ड मोटर्स द्वारा कारों के निर्माण से उत्पादन किस प्रकार परस्पर संबंधित होगा ?

प्र.25 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अर्थशास्त्री राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की शब्दावली में सोचने लगे। वे चर्चा करने लगे कि राष्ट्र कैसे विकास कर सकता है और कौन से आर्थिक कदम राष्ट्र को निर्मित करने में मदद दे सकते हैं। जर्मनी के टूवबिंजन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर फ्रेडरिक लिस्ट **(Friedrich List)** ने 1834 में लिखाः

जॉल्वेराइन का लक्ष्य जर्मन लोगों को आर्थिक रूप में एक राष्ट्र में बाँध देना है। वह राष्ट्र की आर्थिक हालत जितना बाहरी तरह से उसके हितों की रक्षा करके मजबूत बनाएगा, उतना ही आंतरिक उत्पादकता को बढ़ा कर भी। उसे प्रांतीय हितों को आपस में जोड़ कर राष्ट्रीय भावना को जगाना और उठाना चाहिए। जर्मन लोग यह समझ गए हैं कि एक मुक्त आर्थिक व्यवस्था ही राष्ट्रीय भावनाओं के उत्पन्न होने का एकमात्र जरिया है।

(a) जॉल्वेराइन का क्या उद्देश्य था ?

(b) फ्रेडरिक लिस्ट कौन थे ?

(i) अर्थशास्त्र के प्रोफेसर

(ii) राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर

(iii) समाजशास्त्री

(iv) वैज्ञानिक

(c) मुक्त आर्थिक व्यवस्था के महत्व का वर्णन कीजिए।

(d) राष्ट्र के एकीकरण में अर्थव्यवस्था की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्र.26 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

समूह समाज में अमूमन किसी खास हिस्से अथवा समूह के हितों को बढ़ावा देना चाहते हैं। मजदूर संगठन व्यावसायिक संघ आदि इस तरह के दबाव समूह के उदाहरण हैं। यह दबाव समूह वर्ग विशेष ही होते हैं क्योंकि यह समाज के किसी खास तबके मसलन मजदूर, कर्मचारी, व्यवसायी, उद्योगपति का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे दबाव समूह का मुख्य सरोकार पूरे समाज का नहीं बल्कि अपने सदस्यों की बेहतरी और कल्याण करना होता है। कुछ संगठन समाज के सर्व सामान्य हितों की नुमाइंदगी करते हैं जिनकी रक्षा जरूरी होती है। संभव है ऐसा संगठन जिस उद्देश्य को पाना चाहता हो उससे इसके सदस्यों को कोई लाभ ना हो। फेडकोर नाम का संगठन ऐसे ही संगठन का उदाहरण है। इन दूसरे किस्म के संगठनों को जन सामान्य के हित समूह अथवा लोक कल्याणकारी समूह कहते हैं। ऐसे संगठन किसी खास हित के बजाय सामूहिक हित का प्रतिनिधित्व करते हैं इनका लक्ष्य अपने सदस्यों की नहीं बल्कि किसी और की मदद करना होता है। दबाव समूह के समान किसी आंदोलन में कई तरह के समूह शामिल रहते हैं अधिकतर आंदोलन किसी खास मुद्दे पर केंद्रित होते हैं। ऐसे आंदोलन एक सीमित समय सीमा के भीतर किसी एक लक्ष्य को पाना चाहते हैं या लंबे समय अंतराल में एक बड़े उद्देश्यों की प्राप्ति का लक्ष्य रखते है। भारत में नर्मदा बचाओं आंदोलन इसका एक अच्छा उदाहरण है।

(i) इनमें से कौन वर्ग विशेष हित समूह का उदाहरण है ?

(a) फेडकोर (b) व्यापारिक संघ

(c) बामसेफ (d) नर्मदा बचाओ आंदोलन

(ii) जन समान्य हित समूह क्या होते है ?

(iii) चिपको आंदोलन किस प्रकार का हित समूह है ?

(iv) ऊपर दिये गए अनुच्छेद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

खण्ड घ

प्र.27 'ब्रिटेन में राष्ट्र राज्य का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था ? चर्चा कीजिए।

अथवा

1815 की वियना संधि के प्रमुख उद्देश्यों को बताइए। इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्र.28 'देश के विकास के लिए सस्ता एवं सामर्थ्य के अनूकूल ऋण (कर्ज) आवश्यक है।' कथन के समर्थन में उचित तर्क दीजिए।

अथवा

''बैंकों में जमा की गई धनराशियाँ जमाकर्त्ता के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी हितकर हैं।'' कथन की जाँच कीजिए।

प्र.29 स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किस प्रकार इतिहास व साहित्य, लोक-कथाओं व गीतों, चित्रों और प्रतीकों के माध्यम से सामूहिक अपनेपन की भावना विकसित हुई ?

प्र.30 'समकालीन विश्व में जाति एवं लैंगिक विभेद आज भी जारी है।' कथन की व्याख्या कीजिए।

प्र.31 "सघन एवं सक्षम परिवहन का जाल स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास हेतू पूर्व अपेक्षित है।" कथन का विश्लेषण कीजिए।

खण्ड ड

मानचित्र कार्य

प्र.32A भारत के राजनीतिक मानचित्र में A और B दो बिन्दु अंकित किए गए हैं। इन बिन्दुओं को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए।

a. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने सूती मिल मजदूरों के लिए सत्याग्रह किया।

b. वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

प्र.32B. भारत के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए

(a) तारापुर नाभिकीय संयंत्र

(b) टिहरी बाँध

(c) हैदराबाद सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(d) सेलम लौह एवं इस्पात संयंत्र

(e) इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है। (कोई पाँच करें)

(a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने सूती मिल मजदूरों के लिए सत्याग्रह किया ?

(b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस ने 1927 में अधिवेशन आयोजित किया ?

(c) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ हुई घटना के बाद महात्मा गाँधी ने बीच में ही असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया ?

(d) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित है।

(e) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थापित है।

(f) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हैदराबाद सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित है।

(g) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थापित है।


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
A
B
© Government of India Copyright, 2018.
Publisher
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)

सैम्पल पेपर-3

समयः-3 घंटे **पूर्णंक 80**

प्र.1 नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दे।

निम्न में से क्या इस चित्र की सटीक व्याख्या करता है।

(a) हताश मरियेन (b) हताश अल्बानिया

(c) हताश भारत माता (d) हताश जर्मेनिया

प्र.2 1830 का दशक आर्थिक संकट से भरा था-

(a) यू. एस. ए में (b) भारत में

(c) जर्मनी में (d) यूरोप में

प्र.3 किसने कहे कि "छुआछूत को खत्म किए बिना अगले 100 वर्षों तक स्वराज नहीं आ सकता"

(a) मोतीलाल नेहरू (b) सुभाष चंद्र बोस

(c) महात्मा गांधी (d) वी. आर अम्बेड़कर

प्र.4 निम्न में से क्या तृतीयक क्षेत्रक की गतिविध है ?

(a) वानिकी (b) चीनी बनाना

(c) दुग्ध उत्पादन (d) बेकिंग

अथवा

..... एक परिसंपति है जिसका मालिक उधार लेने वाला है तथा इसे उधार चुकाने तक गारंटी की तरह रखा जाता है।

प्र.5 सही मिलान करें।

स्थान	वायुपत्तन
(a) अमृतसर	(i) इंदिरा गांधी
(b) दिल्ली	(ii) नेताजी सुभाष चंद्र बोस
(c) मुंबई	(iii) राजा सांसी
(d) हैदराबाद	(iv) राजीव गांधी

प्र.6 जौः रवी की फसल, कपास, खरीफ ..... जैद फसल

(a) गेहूँ (b) सरसो

(c) सोयाबीन (d) खीरा

प्र.7 निम्नलिखित कथनों के आधार पर ऊर्जा संसाधन की पहचान करें।

(a) खेती के अवशिष्ट, मानव अवशिष्ट, जानवरों के अवशिष्ट तथा झाड़ियों से प्राप्त

(b) किरोसिन, उपले तथा कोयले से अधिक प्रभावशाली

(c) इससे खाद भी मिलता है।

प्र.8 निम्नलिखित को पूरा करें

गन्ना	आवश्यक वार्षिक वर्षा	जलवायु आवश्यक तापमान	वृद्धि के लिए
	A-?	गर्म और उष्ण	B-7

प्र.9 निम्न में से किस क्षेत्र में महिलाओं की संसद में भागीदारी न्यूनतम है ?

(a) भारत (b) यूरोप

(c) सब-सहारा अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका

प्र.10 नीचे लिखे गए कथन को सही करके दुबारा लिखें।

* नियंत्रण और संतुलन की व्यवस्था सता के उर्ध्वाधर बंटवारे का भाग है।

अथवा

* बेल्जियम की सामुदायिक सरकार राजनीतिक और हित समूहों के बीच सत्ता के बंटवारे का उदाहरण है।

प्र.11

केंद्र सरकार

–

राज्य सरकार

–

स्थानीय सरकार

उपरोक्त में सत्ता के बंटवारे का कौन सा रूप है ?

(a) सत्ता के बंटवारे का क्षैतिज रूप

(b) अवशिष्ट सत्ता का बंटवारा

(c) सता के बंटवारे का समवर्ती रूप

(d) सता के बंटवारे का उर्ध्वाधर रूप

अथवा

निम्न में से कौन राजनीतिक दलों को मान्यता देता है ?

(a) चुनाव आयोग (b) भारत के राष्ट्रपति

(c) लोकसभा के सभापति (d) सुप्रीम कोर्ट

प्र.12 निम्नलिखित वार्तालाप को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

<u>जूता बनाने वाला किसानों से</u>:– मैं तुम्हें गेहूँ के बदले जूता दूंगा।

किसान जूता बनाने वाले से:– मुझे जूते नहीं चाहिए, मुझे कपड़े की जरूरत है।

दुकानदार:– मुझे जूते चाहिए लेकिन मेरे पास गेंहू नहीं है।

इस वार्तालाप में एक किसान, जूता बनाने वाला तथा दुकानदार किस समस्या का सामना कर रहे हैं।

(a) ऋण की शर्तो का अभाव

(b) बैंकिंग सुविधा का अभाव

(c) आवश्यकताओं के दोहरे संयोग का अभाव

(d) ऋणाधार की कमी।

प्र.13 निम्नलिखित में से वैश्वीकरण से संबंधित सही कथन को चुनें।

(i) यातायात की तकनीक में सुधार

(ii) विश्व व्यापार व विदेशी निवेश का उदारीकरण

(iii) WTO का अन्य विकसित देशों की अपेक्षा भारत के पक्ष में कानून।

सही विकल्प चुनें।

(a) सिर्फ (i) और (ii) (b) सिर्फ (i) और (iii)

(c) सिर्फ (ii) और (iii) (d) सिर्फ (iii)

प्र.14 सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधकों को हटाने को कहा जाता है–

(a) वैश्वीकरण (b) निजीकरण

(c) राष्ट्रवाद (d) उदारीकरण

अथवा

बैंक क्यों नकदी का एक छोटा भाग अपने पास रिर्जव के तौर पर रखते हैं।

(a) निर्धनों को ऋण देना

(b) सभी को ऋण सुविधाएं देना

(c) अपने स्टाफ को वेतन देना

(d) जमाकर्ताओं को पैसे देने के लिए यदि वो अपना पैसा निकालने आते हैं।

प्र.15 अल्पबेराजगारी का निम्न में से सबसे सटीक अर्थ क्या है ?

(a) कामगारों को काम के बदले पैसे न मिलना।

(b) कामगार अपनी क्षमता से काम कर रहे हैं।

(c) कामगार आधे दिन काम कर रहे हैं।

(d) कामगार की काम में रूचि नही है।

प्र.16 कथनः- संगठित क्षेत्र में मजदूरों का शोषण होता है।

कारणः- संगठित क्षेत्र सरकारी नियम कानून का बड़ी सख्ती से पालन करते हैं।

(a) यदि कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) यदि कथन तथा कारण दोनों सही हैं लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) यदि कथन सही है पर कारण गलत है।

(d) यदि कथन गलत है पर कारण सही है।

(भाग-ख) (3 अंक वाले प्रश्न)

प्र.17 महात्मा गांधी ने भारत आते ही बड़ी सफलतापूर्वक सत्याग्रह आन्दोलन का आयोजन कर लिया था। तीन उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

प्र.18 1920 के शुरूआती वर्षों में यू. एस. ए की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत थी। क्या आप इस बात से सहमत हैं कि आर्थिक महामंदी की जड़े इसी 'उछाल' से जुड़ी हुई थी। अपने उत्तर के लिए कारण दें।

अथवा

'ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा भारत में सत्ता के सुदृढ़ीकरण की वजह से भारतीय बुनकर बर्बाद हो गए' इस कथन के समर्थन में उचित तर्क दें।

प्र.19 सौर ऊर्जा किस तरह भारत में भविष्य में आने वाली ऊर्जा संकट को काफी हद तक हल कर सकता है? अपने विचार प्रकट करें।

प्र.20 1990 में किए गए संवैधानिक संशोधन के माध्यम से भारत में तीसरे स्तर की सरकार को अधिक प्रभावशाली व शक्तिशाली बनाया गया। वे कौन से प्रावधान थे?

अथवा

सत्ता के विकेंद्रीकरण के पीछे क्या तर्क है? भारत में ग्रामीण स्थानीय सरकार के ढांचे का वर्णन करें।

प्र.21 ऋण के औपचारिक स्रोतों पर निगरानी रखना क्यों आवश्यक है?

प्र.22 यह कैसे संभव है कि हरियाणा के एक आम इंसान के पास केरल के एक आम इंसान अपेक्षा अधिक आय है लेकिन कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वह काफी पिछड़ा हुआ है।

(भाग-ग) (4 अंक वाले प्रश्न)

प्र.23 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अर्थशास्त्री राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की शब्दावली में सोचने लगे। ये चर्चा करने लगे कि राष्ट्र कैसे विकास कर सकता है और कौन से आर्थिक कदम राष्ट्र को निर्मित करने में मदद दे सकते हैं? जर्मनी के ट्रविजन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर फ्रइडरीख लिस्ट ने 1834 में लिखा जॉल्बेराइन का लक्ष्य

जर्मन लोगों को आर्थिक रूप में एक राष्ट्र में बांध देना है। वह राष्ट्र की आर्थिक हालत जितना बाहरी तरह से उसके हितों की रक्षा करके मजबूत बनाएगा, उतना ही आतंरिक उत्पादकता को बढ़ा कर भी। उसे प्रातीय हितो को आपस में जोड़ कर राष्ट्रीय भावना को जगाना और उठाना चाहिए। जर्मन लोग यह समझ गए है कि एक मुक्त आर्थिक व्यवस्था ही राष्ट्रीय भावनाओं के उत्पन्न होने का एकमात्र जरिया है।

(a) जॉल्वेराइन का क्या उद्देश्य था ?

(b) फ्रइडरीख लिस्ट कौन थे ?

(c) मुक्त आर्थिक व्यवस्था के महत्व को बताइए।

(d) राष्ट्र के एकीकरण में अर्थव्यवस्था का महत्व बताइए।

प्र.24 चाय-की खेती रोपण कृषि का एक उदाहरण है। यह एक महत्वपूर्ण पेय पदार्थ की फसल है जिसे शुरुआत में अंग्रेज भारत में लाए थे। आज अधिकतर चाय बागानों के मालिक भारतीय हैं। चाय का पौधा उष्ण और उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु, ह्यूमस और जीवांश युक्त गहरी मिट्टी तथा सुगम जल निकास वाले ढलवाँ क्षेत्रों में भलीभाँति उगाया जाता है। चाय को झाड़ियों को उगाने के लिए वर्ष भर कोष्ण, नम और पालारहित जलवायु की आवश्यकता होती है। वर्ष भर समान रूप से होने वाली वर्षा की बौछारें इसकी कोमल पत्तियों के विकास में सहायक होती हैं। चाय एक श्रम-सघन उद्योग है। इसके लिए प्रचुर मात्रा में सस्ता और कुशल श्रम चाहिए। इसकी ताजगी बनाए रखने के लिए चाय की पत्तियाँ बागान में ही संसाधित की जाती हैं। चाय के मुख्य उत्पादक क्षेत्रों में असम, पश्चिमी बंगाल में दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी जिलों की पहाड़ियाँ, तमिलनाडू और केरल हैं। इनके अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, मेघालय, आंध्र प्रदेश और त्रिपुरा आदि, राज्यों में भी चाय उगाई जाती है। सन् 2015 में भारत विश्व में चीन के बाद दूसरा बड़ा उत्पादक देश था।

(23.4) भारत में चाय की खेती की शुरूआत किसने की ?

(a) जर्मन (b) ब्रिटेन

(c) फ्रेंच (d) डच

प्र.(24.2)निम्न में से कौन सा राज्य चाय का सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(a) असम (b) पश्चिम बंगाल

(c) उत्तराखण्ड (d) केरल

प्र.(24.3)चाय की झाड़ियों को ..... और नमी रहित जलवायु चाहिए वर्ष भर।

प्र.(24.4)2015 में निम्न में से कौन सा देश चाय का सबसे बड़ा उत्पादक था।

(a) चीन (b) भारत

(c) यू. एस. ए (d) श्री लंका

प्र.25 भारत के संघीय ढाँचे की दूसरी परीक्षा भाषा-नीति को लेकर हुई। हमारे संविधान में किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा का दज्र नहीं दिया गया। हिंदी को राजभाषा माना गया पर हिंदी सिर्फ 40 फीसदी (लगभग) भारतीयों की मातृभाषा है इसलिए अन्य भाषाओं के संरक्षण के अनेक दूसरे उपाय किए गए। संविधान में हिंदी के अलावा अन्य 21 भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है। केंद्र सरकार के किसी पद का उम्मीदवार इनमें से किसी भी भाषा में परीक्षा दे सकता है बशर्ते उम्मीदवार इसको विकल्प के रूप में चुने। राज्यों की भी अपनी राजभाषाएँ हैं। राज्यों का अपना अधिकांश काम अपनी राजभाषा में ही होता है।

श्रीलंका के ठीक उलट हमारे देश के नेताओं ने हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के मामले में बहुत सावधानी भरा व्यवहार किया। संविधान के अनुसार सरकारी कामकाज की भाषा के तौर पर अंग्रेजी का प्रयोग 1965 में बंद हो जाना चाहिए था पर अनेक गैर-हिंदी भाषा प्रदेशों ने मांग की कि अँगरेजी का

प्रयोग जारी रखा जाए। तमिलनाडू में तो इस माँग ने उग्र रूप भी ले लिया था। केंद्र सरकार ने हिंदी के साथ-साथ अँग्रेजी को राजकीय कामों में कामकाज की भाषा के तौर पर अंग्रेजी का प्रयोग 1965 में बंद हो जाना चाहिए था पर अनेक गैर-हिंदी भाषी प्रदेशें ने मांग की कि अँग्रेजी का प्रयोग जारी रखा जाए। तमिलनाडू में तो इस माँग ने उग्र रूप भी ले लिया था। केंद्र सरकार ने हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी को राजकीय कामों में प्रयोग की अनुमति देकर इस विवाद को सुलझाया। अनेक लोगों का मानना था कि इस समाधान से अंग्रेजी-भाषी अभिजन को लाभ पहुँचेगा। राजभाषा के रूप में हिंदी को बढ़ावा देने की भारत सरकार की नीती बनी हुई है पर बढ़ावा देने का मतलब यह नहीं कि केंद्र सरकार उन राज्यों पर भी हिंदी को थोप सकती है जहाँ लोग कोई और भाषा बोलते हैं। भारतीय राजनेताओं ने इस मामले में जो लचीला रुख अपनाया उसी से हम श्रीलंका जैसी स्थिति में पहुँचने से बच गए।

प्र.25.1 भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए पहली और सबसे बड़ी कसौटी क्या था ?

(a) भाषायी राज्यों का गठन (b) भाषा नीति को बनाना

(c) नये संघीय प्रदेश बनाना (d) राज्य बोर्ड का गठन

प्र.25.2 केंद्रीय सेवाओं के लिए होने वाली परीक्षा में किसी उम्मीदवार को निम्न में से किस भाषा का चयन करना होता है ?

(a) हिंदी

(b) अंग्रेजी

(c) हिंदी व अंग्रेजी दोनों

(d) 22 राजकीय भाषाओं में से कोई भी।

प्र.(25.3)किस गैर हिंदी भाषी राज्य ने माँग की थी कि अंग्रेजी का प्रयोग 1965 तक जारी रहे।

प्र.(25.4)हमारी राष्ट्रीय भाषा कौन सी है?

प्र.26 कांता एक कार्यालय में काम करती है। वह सुबह 9.30 से शाम 5.30 तक कार्यालय में रहती है। वह नियमित रूप से प्रत्येक माह के अन्त में अपना वेतन पाती है। वेतन के अतिरिक्त वह सरकारी नियमों के तहत भविष्य निधि भी प्राप्त करती है। उसे चिकित्सीय और अन्य भत्ते भी मिलते हैं। कान्ता रविवार को कार्यालय नहीं जाती है। इस दिन सवेतन अवकाश होता है। उसने जब नौकरी आरम्भ की थी, तब उसे एक नियुक्ति-पत्र दिया गया था जिसमें नौकरी संबंधी निबंधन और शर्तों का उल्लेख किया गया था।

प्र.(26.1)उपर दिए गए गद्यांश का संबंध निम्न में से किस से है?

(a) प्राथमिक क्षेत्रक (b) संगठित क्षेत्रक

(c) द्वितियक क्षेत्रक (d) असंगठित क्षेत्रक

प्र.(26.2)कांता किस दिन अपने ऑफिस नहीं जाती है?

(a) शनिवार को (b) सोमवार को

(c) रविवार को (d) शुक्रवार को

प्र.(26.3)वेतन के अलावा कांता को सरकार द्वारा जारी नौकरी की शर्तो के अनुसार ..... मिलता है।

प्र.(26.4)जब कांता ने नौकरी ज्वाइन की उसे निम्न में से क्या मिला?

(a) नियुक्ति पत्र (b) एडवांस वेतन

(c) छुट्टियाँ (d) उपहार

(भाग-घ) (5 अंक वाले प्रश्न)

प्र.27 "सभी सामाजिक समूह 'स्वराज' की अमूर्त अवधारणा से समान रूप से प्रभावित नहीं थे" इस कथन को ध्यान में रखते हुए सविनय अवज्ञा आंदोलन की कमियाँ बताएँ।

अथवा

विभिन्न सामाजिक समूहों ने 'असहयोग आंदोलन' को भिन्न मायने में लिया। उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

प्र.28 उत्पादकों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

प्र.29 लोकतंत्र का एक प्रभावी यंत्र बनने में राजनीतिक दलों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ?

इस कथन का उदाहरण सहित वर्णन करें।

प्र.29 लोकतंत्र कैसे लोगों की जरूरतों व आकांक्षाओं का ध्यान रखते हुए एक उत्तरदायी व जिम्मेदार सरकार होती है ? विवेचना करें।

प्र.31 बताएँ कि सेवा क्षेत्र कैसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता जा रहा है ?

अथवा

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के हितों की रंक्षा कैसे की जा सकती है।

(भाग ड़)

प्र.32.1 मानचित्र में (A) तथा (B) दो स्थान चिंह्नित हैं। उनकी पहचान करके सही नाम लिखें।

(a) वह स्थान जो सूती वस्त्र उद्योग मजदूरों के सत्याग्रह से संबंधित है।

(b) सितंबर 1920 में जहाँ कांग्रेस अधिवेशन हुआ था।

(ii) उसी मानचित्र में दिए गए स्थानों में से किन्ही 3 को अंकित करें।

(a) सूरतः सूती वस्त्र उद्योग

(b) नरोराः नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र

(c) न्यू मंगलौरः बड़ा समुद्री पतन

(d) नागार्जुन सागर बांध

(e) सलेमः लोहा एवं इस्पात संयंत्र